RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 36
लखनऊ, बुधवार, 25 नवंबर, 2020
पृष्ठ 20 मूल्य ₹ 3
लखनऊ

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



उच्च न्यायालय से कंगना को मिली राहत
विविध-12

# मानकों पर सुरक्षित टीका ही नागरिकों को देंगे: प्रधानमंत्री

- मोदी ने राज्यों से थोड़ी भी ढिलाई ना बरतने और पहले से ज्यादा सतर्क रहने को कहा
- मृत्यु दर एक फीसदी नीचे लाने और आरटी-पीसीआर की जांच का अनुपात बढ़ाने का आग्रह
- किस टीके पर कितना खर्च अभी तय नहीं, दो भारतीय वैक्सीन दौड़ में सबसे आगे

**कोविड-19 पर मोदी ने मुख्यमंत्रियों से की चर्चा**



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को राज्यों को आगाह किया कि वे कोविड-19 के खिलाफ लड़ाई में थोड़ी भी ढिलाई ना बरतें और उनसे आग्रह किया कि वे पहले से भी ज्यादा सतर्क हों और इससे होने वाली मृत्यु की दर को एक प्रतिशत के नीचे लाने का प्रयास करें। पीएम ने कहा, 'आपदा के गहरे समंदर से निकले हैं हम और किनारे की तरफ बढ़ रहे हैं। कहीं ऐसा न हो जाए कि हमारी कश्ती वहां डूबे जहां पानी कम था। ये स्थिति हमें नहीं आने देना है।' प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि नागरिकों को दिया जाने वाला टीका सभी वैज्ञानिक मानकों पर सुरक्षित होगा और प्रत्येक नागरिक का टीकाकरण राष्ट्रीय प्रतिबद्धता की तरह है। उन्होंने कहा कि राज्यों के साथ सामूहिक समन्वय में टीका वितरण रणनीति तैयार की जाएगी।

राज्यों के मुख्यमंत्रियों से चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री ने आरटी-पीसीआर जांच का अनुपात बढ़ाने पर जोर दिया और कहा कि घरों में पृथकवास में रह रहे मरीजों की निगरानी भी बेहतरीन करनी होगी। बैठक के बाद मोदी ने ट्वीट किया, 'कोविड-19 की स्थिति से जुड़े विभिन्न आयामों पर मुख्यमंत्रियों से चर्चा की और इस दौरान स्वास्थ्य संबंधी अवसंरचना तेज गति से विकसित करने और नागरिकों का टीकाकरण सुनिश्चित करने को लेकर बात की।' इस बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन के अलावा राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और गुजरात के मुख्यमंत्री विजय रूपाणी ने हिस्सा लिया।

राज्यों की बात सुनने के बाद मोदी ने अपने संबोधन में कहा, 'आपदा के गहरे समंदर से निकले हैं हम और किनारे की तरफ बढ़ रहे हैं। कहीं ऐसा न हो जाए कि हमारी कश्ती वहां डूबे जहां पानी कम था। ये स्थिति हमें नहीं आने देना है।' उन्होंने कहा कि जिन देशों में कोरोना कम हो रहा था, वहां तेजी से बढ़ रहा है और देश में भी कुछ राज्यों में यह स्थिति चिंताजनक है। उन्होंने कहा, 'हम सभी को और शासन व प्रशासन को पहले से अधिक सतर्क और जागरूक होने की जरूरत है। संक्रमण को कम करने के लिए अपने प्रयासों को हमें और गति देनी होगी। पॉजिटीविटी दर को पांच ( शेष पेज 9 )

## टीकाकरण के लिए मजबूत कोल्ड चेन पर काम शुरू: योगी

**लखनऊ।** कोरोना संक्रमण को लेकर राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की वीडियो कान्फ्रेंसिंग में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश पूरी सक्रियता से कोविड 19 के विरुद्ध लड़ाई लड़ रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री को अवगत कराया कि कोविड19 के टीकाकरण के लिए प्रदेश में एक सुदृढ़ कोल्ड चेन की व्यवस्था तैयार की जा रही है। योगी ने कहा कि राज्य की विशाल आबादी को ध्यान में रखते हुए वैक्सीनेशन के लिए पर्याप्त संख्या में वैक्सीनेटर्स की उपलब्धता के व्यापक प्रबन्ध किये जा रहे हैं। वैक्सीनेटर्स के लिए स्वास्थ्य विभाग ने प्रशिक्षण की व्यवस्था भी की है। सीएम योगी ने कोरोना को लेकर केन्द्र से मिले मार्ग दर्शन तथा सहयोग के लिये प्रधानमंत्री का धन्यावाद किया।

# 'लव जिहाद' पर योगी सरकार का कड़ा प्रहार



- छल-प्रपंच कर धर्म परिवर्तन कराना गैर जमानती अपराध, 10 साल तक की हो सकती है जेल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**झूठ** बोलकर, छल-प्रपंच करके धर्म परिवर्तन करने-कराने वालों से उत्तर प्रदेश की योगी सरकार पूरी सख्ती से निपटेगी। महज शादी के लिए अगर लड़की का धर्म बदला गया तो न केवल ऐसी शादी अमान्य घोषित कर दी जाएगी बल्कि धर्म परिवर्तन कराने वालों को दस साल तक जेल की सजा भी भुगतनी पड़ सकती है। लव-जिहाद को लेकर जारी देशव्यापी बहस के बीच योगी सरकार ने मंगलवार को विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन परिवर्तन प्रतिषेध अध्यादेश 2020 पास कर दिया। इस नए कानून के मुताबिक उत्तर प्रदेश में बलपूर्वक, झूठ बोलकर, लालच देकर या अन्य किसी कपटपूर्ण तरीके से अथवा विवाह के लिए धर्म परिवर्तन गैर ( शेष पेज 9 )

## धर्म बदलना है तो दो माह पहले डीएम को दें जानकारी

**मंगलवार** को कैबिनेट से पास इस महत्वपूर्ण अध्यादेश में धर्म परिवर्तन के सभी पहलुओं पर प्राविधान तय किए गए हैं। अध्यादेश के प्राविधानों के अनुसार धर्म परिवर्तन का इच्छुक होने पर संबंधित पक्षों को तय प्रारूप पर जिला मजिस्ट्रेट को 2 माह पहले सूचना देनी होगी। इसका उल्लंघन करने पर 6 माह से 3 वर्ष तक की सजा हो सकती है जबकि इस अपराध में न्यूनतम जुर्माना 10000 रुपए तय किया गया है। यही नहीं योगी सरकार ने सामूहिक धर्म परिवर्तन की घटनाओं पर लगाम लगाने के भी पुख्ता इंतजाम किए हैं। नए कानून के मुताबिक सामूहिक धर्म परिवर्तन के मामले में 3 से 10 वर्ष तक जेल हो सकती है और कम से कम 50000 रुपये का जुर्माना भरना होगा। प्रदेश में लव जिहाद को रोकने के लिए प्रदेश के गृह विभाग ने न्याय व विधि विभाग को प्रस्ताव बनाकर भेज दिया था। कानून बनने के बाद गैर जमानती धाराओं में केस दर्ज किया जाएगा और 5 साल की कठोरतम सजा होगी। कानपुर, बागपत, मेरठ समेत यूपी के कई शहरों से लगातार लव जिहाद की घटनाएं सामने आई है जिसके बाद मुख्यमंत्री ने गृह विभाग से समीक्षा रिपोर्ट मांगी थी।

## मंडी शुल्क को 2 से घटाकर 1 प्रतिशत तक किया गया

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मंत्रिपरिषद** ने मंडी परिषदों एवं अधिसूचित मंडी स्थलों में आरोपित होने वाले मंडी शुल्क की वर्तमान दर को 2 प्रतिशत से घटाकर 1 प्रतिशत तक एवं विकास शुल्क 0.50 प्रतिशत को यथावत रखने के प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया है।

यह निर्णय किसान उत्पाद, व्यापार और वाणिज्य (संवर्धन और सुविधा) अधिनियम 2020 के अनुक्रम में मंडी शुल्क की दरों में संशोधन कर कमी किए जाने के तहत लिया गया है। यह निर्णय मंडी अधिनियम-1964 की धारा 17 के प्राविधान के अनुसार अधिसूचना निर्गत करने के उपरान्त लागू हो जाएगा। भारत सरकार की नयी व्यवस्था के क्रम में मंडी परिसरों के अन्दर के व्यापार को प्रासंगिक और आकर्षित बनाये रखने के लिए मंडी शुल्क दरों में कमी किया जाना आवश्यक है।

मण्डियों का व्यापार कम होने व उनका कमजोर पड़ना कृषक हित में नहीं होगा। इस आशंका को दृष्टिगत रखते हुए ही कृषक संगठनों द्वारा मांग की गयी है। मंडी को प्रतिस्पर्धात्मक बनाए जाने से कृषकों को लाभ होगा। साथ ही इससे प्रदेश में कृषि कार्य में लगी इकाइयों एवं मजदूरों को रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे।

# तमिलनाडु-पुडुचेरी के तटों को आज शाम पार करेगा चक्रवात निवार

- भीषण तूफान से निपटने के लिए दोनों राज्यों ने किए एहतियाती इंतजाम, मोदी ने की मुख्यमंत्रियों से बात

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



चेन्नई में समुद्रतट के पास तूफान की आशंका के बीच गुजरता एक व्यक्ति

**भयंकर** चक्रवाती तूफान निवार के बुधवार देर शाम तमिलनाडु-पुडुचेरी के तटों कराइकल और मैमल्लापुरम से टकराने की संभावना है। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार चक्रवात के रात आठ बजे से 12 बजे तक तटों को पार कर सकता है।

इस दौरान 120 से 130 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से हवाएं चलेंगीं। हालात की भयावता को देखते हुए तमिलनाडु में बुधवार को सार्वजनिक अवकाश घोषित कर दिया गया है जबकि पुडुचेरी में गुरुवार को सुबह छह बजे तक धारा 144 लागू की गई है। पुडुचेरी में केवल दूध और मेडिकल की दुकानें तथा पेट्रोल पंप खुलने की अनुमति दी जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को तमिलनाडु और पुडुचेरी के मुख्यमंत्रियों से बात कर हालात का जायजा लिया और उन्हें केंद्र की ओर से हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया है।

चक्रवाती तूफान का केंद्र पुडुचेरी के पूर्व-दक्षिण पूर्व में 380 किमी और चेन्नई से 430 किमी दक्षिण-पूर्व में स्थित है। चेन्नई और पुडुचेरी सहित तमिलनाडु के कई तटीय जिलों में रात भर भारी बारिश हुई। तूफान की स्थिति के कारण आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में कई ट्रेनें रद्द कर दी गई हैं। सात जिलों में निजी बसों समेत अंतरराज्यीय बस सेवा बंद कर दी गई है। निचले इलाकों और बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर चले जाने को कहा गया है।

जिला प्रषासन प्रभावित लोगों को भोजन और आवश्यक चिकित्सा सहायता के साथ राहत शिविरों में भेज रहे हैं। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री पलानीस्वामी ने लोगों से अगले तीन दिनों तक बाहर नहीं जाने का आग्रह किया है। अधिकारियों ने भयंकर चक्रवात के कारण खपरैल की छतें, कच्ची सड़कें, ( शेष पेज 9 )

# ब्रह्मोस के उन्नत संस्करण का सफल परीक्षण

- एलएसी पर मौजूदा हालात के मद्देनजर भारत की तैयारी चाक-चौबंद

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**वास्तविक** नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर वर्तमान सुरक्षा स्थिति की पृष्ठभूमि में भारत अपनी तैयारी में जुटा है। मंगलवार को ब्रह्मोस मिसाइल के बेहद उन्नत संस्करण का सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया। आने वाले दिनों में इस तरह के और भी अभ्यास किए जाएंगे। यह परीक्षण वैज्ञानिकों द्वारा पिछले कुछ हफ्तों में किए गए आकाश और निर्भया सहित स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित ब्रह्मोस जैसी मिसाइलों की एक पूरी शृंखला का हिस्सा है।

सूत्रों ने कहा कि अंडमान और निकोबार द्वीप समूह क्षेत्र में 450 किलोमीटर से अधिक की रेंज के साथ उन्नत की गई ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रू ज मिसाइल का यह परीक्षण धरातल पर मंगलवार को किया गया। परीक्षण सुबह दस बजे किया गया और इसने दूसरे द्वीप पर स्थित अपने लक्ष्य पर सफ्लतापूर्वक प्रहार किया। ब्रह्मोस का यह संस्करण पहले से ही सेना में शामिल है। रूस के साथ मिलकर देश में बनी सुपरसोनिक मिसाइल को जब कुछ साल पहले सेना में षामिल किया गया था, उस समय इसकी मारक रेंज 290 किमी थी। इस इस मिसाइल की रेंज 450 किमी से अधिक हो गई है जिससे सेना को अतिरिक्त ताकत मिल गई है।

संयोग से, अपने वर्ग में दुनिया में सबसे तेज प्रणाली की पहचान रखने वाली अत्यधिक घातक मिसाइल पहले ही लद्दाख और अरुणाचल प्रदेश सहित चीन सीमा पर एलएसी के कुछ महत्वपूर्ण क्षेत्रों में तैनात हैं। रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने पिछले तीन महीनों के दौरान शौर्य मिसाइल प्रणाली के अलावा नई ब्रह्मोस मिसाइल का परीक्षण किया है। इसमें 700 किलोमीटर से अधिक दूरी पर स्थित लक्ष्य को नष्ट करने की क्षमता है। साथ ही इसमें हाइपरसोनिक मिसाइल प्रौद्योगिकी के लिए टेक्नोलॉजी डेमोंस्ट्रेशन व्हीकल भी है।

अत्यधिक परिष्कृत मिसाइल के जल, थल और वायु में मार करने वाले संस्करण पहले ही सेना, नौसेना और वायुसेना के बेड़े में शामिल कर लिए गए हैं। नौसेना ने पिछले महीने समुद्र में आईएनएस चेन्नई से लगभग 400 किमी रेंज वाली मिसाइल का परीक्षण किया था। अपनी सटीक मारक क्षमताओं के लिए जानी जाने वाली इस प्रक्षेपास्त्र मिसाइल की गति 2.8 मैक या ध्वनि की गति से लगभग तीन गुना अधिक है। अगले कुछ दिनों में वायुसेना और नौसेना भी सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल के क्रमश: हवा और समुद्र से छोड़े जाने वाले संस्करणों के परीक्षण करेंगी। पिछले ढाई महीनों में भारत ने एंटी रेडिएशन मिसाइल रुद्रम-1 समेत कई परीक्षण किए हैं। रुद्रम को 2022 तक सेना में शामिल किए जाने की योजना है।

# चीन को एक और झटका 43 मोबाइल ऐप पर बैन

- इनमें अलीबाबा, वर्कबेंच अलीएक्सप्रेस, अलीपे कैशियर और वीडेट जैसे ऐप हैं शामिल



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सरकार** ने मंगलवार का अलीबाबा समूह के ई-वाणिज्य ऐप अली एक्सप्रेस समेत 43 और चीनी मोबाइल ऐप पर पाबंदी लगा दी। चीन के साथ सीमा पर जारी गतिरोध के बीच यह कदम उठाया गया है। आधिकारिक बयान के अनुसार ए ऐप देश की संप्रभुता और अखंडता के लिए खतरा थे। इसको देखते हुए पाबंदी लगाई गई है।

जिन ऐप पर प्रतिबंध लगाया गया है, उसमें कुछ डेटिंग ऐप (मनपसंद लोगों से मिलने और जुड़ने को आसान बनाने वाले मंच) शामिल हैं। बयान के अनुसार इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय ने भारत में उपयोगकर्ताओं तक इन ऐप की पहुंच पर पाबंदी लगाने का आदेश जारी किया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के भारतीय साइबर अपराध (रोधी) समन्वय केंद्र से इस संदर्भ में मिली विस्तृत रिपोर्ट के बाद यह आदेश जारी किया गया है। इससे पहले, सरकार ने सूचना प्रौद्योगिकी कानून 69ए के तहत 29 जून को 59 मोबाइल ऐप और 2 सितंबर, 2020 को 118 ऐप पर प्रतिबंध लगा दिया था।

इनमें पबजी, टिकटॉक, यूसी ब्राउजर, फेसयू, वीचैट रीडिंग जैसे ऐप शामिल थे। ये प्रतिबंध लद्दाख क्षेत्र में चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा पर तनाव के बीच लगाए गए हैं। आईटी मंत्रालय ने बयान में कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी कानून की धारा 69ए के तहत आदेश जारी कर 43 मोबाइल ऐप तक पहुंच को लेकर पाबंदी लगाई गई है। विज्ञप्ति के अनुसार, इन ( शेष पेज 9 )

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 44,523 | ↑ | 445 |
| निफ्टी | 13,055 | ↑ | 128 |
| सोना | 48,569 | ↓ | 1049/10g |
| चांदी | 59,889 | ↓ | 1588 /kg |

## क्विक न्यूज

### अधिकारी 30 नवंबर तक दें संपत्ति का ब्यौरा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) ने केंद्र सरकार के सभी अधिकारियो को इस महीने के अंत तक अपनी चल और अचल संपत्तियो का ब्यौरा पेश करने को कहा है। ऐसा न करने वाले अधिकारियो पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है। निकाय ने सरकारी अधिकारियो द्वारा ब्यौरा देने मे काफी देरी करने पर गहरी चिंता व्यक्त की और 30 नवंबर तक 100 प्रतिशत अनुपालन करने को कहा। सीवीसी ने कहा कि संपत्ति का रिटर्न दाखिल नही करने पर दोषी अधिकारियो के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की जा सकती है। मंत्रालयो, विभागो या संगठनों के अधिकारियो द्वारा संपत्ति का समय पर रिटर्न दाखिल करना आचरण नियमों के तहत अनिवार्य आवश्यकताओ मे से एक है।

# मौलाना कल्बे सादिक का निधन

- मुख्यमंत्री ने व्यक्त किया शोक

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**ऑल** इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के उपाध्यक्ष एवं जाने-माने शिया धर्मगुरु मौलाना कल्बे सादिक का मंगलवार देर रात निधन हो गया। वह 83 वर्ष के थे। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मौलाना के निधन पर दुख व्यक्त किया है।


मौलाना सादिक के बेटे कल्बे सिब्तैन नूरी ने बताया कि उनके पिता ने लखनऊ स्थित एरा अस्पताल में रात करीब 10 बजे अंतिम सांस ली। कैंसर, गंभीर निमोनिया और संक्रमण से पीड़ित मौलाना सादिक पिछले करीब डेढ़ महीने से अस्पताल में भर्ती थे। उन्हें पिछले मंगलवार को तबीयत बिगड़ने पर अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया था, लेकिन उनकी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। अस्पताल द्वारा जारी मेडिकल बुलेटिन के मुताबिक मंगलवार को उनकी हालत और भी बिगड़ गई थी और देर रात उनका निधन हो गया।

मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने मौलाना सादिक के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। मौलाना कल्बे सादिक दुनिया भर में अपनी उदारवादी छवि के लिए जाने जाते थे।

# सरकारी भूमि पर कब्जा करने वालों में फारूक और उमर का भी नाम

- रोशनी एक्ट के तहत 7.7 कनाल भूमि पर आलीशान निवास बनाने का आरोप

**मोहित कंधारी।** जम्मू





**जम्मू** और कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. फारूक अब्दुल्ला और उनके बेटे उमर अब्दुल्ला पर सरकारी जमीन पर कब्जा कर आलीशान घर बनाने का आरोप लगा है। जम्मू जिले के बहू तहसील के सुनजवां गांव के घने जंगलों में 7.7 कनाल (लगभग 1 एकड़) भूमि पर यह घर फारूक अब्दुल्ला ने करीब दो दशक पहले बनवाया था।

केंद्र शासित प्रदेश के प्रशासन ने मंगलवार को चौंकाने वाला खुलासा करते हुए इसे अवैध बताया है। यह खुलासा संभागीय आयुक्त जम्मू कार्यालय द्वारा अपनी वेबसाइट पर राज्य भूमि पर अतिक्रमण करने वालों की सूची सार्वजनिक करने पर हुआ। डॉ. फारूक अब्दुल्ला और उमर अब्दुल्ला के नाम सूची में शीर्ष पर हैं। सूची से पता चला है कि डॉ. फारूक अब्दुल्ला और उनके बेटे उमर अब्दुल्ला ने जम्मू जिले में बहू तहसील के ग्राम सुंजवान में खसरा नंबर 4,5,6 के तहत 7 कनाल और 7 मरला जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर रखा है। इस भूमि पर एक षानदार घर बनाया गया है।

इस सूची में सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति अली मोहम्मद मीर के बेटे होटल मालिक मुश्ताक चाया और अशफाक मीर के नाम भी शामिल हैं। डॉ. अब्दुल्ला का नाम उन लोगों के साथ सूची में है जिन्होंने सरकारी जमीन पर कब्जा किया है लेकिन उसे रोशनी एक्ट के कागजात के अलावा कहीं दूसरी जगह यानी राजस्व रिकार्ड में दर्ज नहीं कराया है। जम्मू और कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस ने आरोपों को पूरी तरह गलत बताया है। पार्टी ने कहा है कि डॉ. फारूक अब्दुल्ला को रोशनी अधिनियम के तहत लाभार्थी बताया जाना पूरी तरह झूठ है, जो दुर्भावनापूर्ण इरादे से फैलाया जा रहा है। डॉ. अब्दुल्ला ने श्रीनगर या जम्मू में अपने निवास के लिए रोशनी योजना का लाभ नहीं उठाया है।

जो कोई भी ऐसा कहता है, पूरी तरह झूठ बोल रहा है। सूत्रों के हवाले से लिखवाई गई खबर ही इस बात का सबूत है कि इसका कोई आधार नहीं है।

सोमवार की देर शाम आई इसी सूची में कई पूर्व मंत्रियों, सेवानिवृत्त नौकरशाहों के नाम भी रोशनी योजना के लाभार्थियों की सूची में सामने आए थे। पूर्व वित्त मंत्री हसीब द्राबू और उनके तीन रिश्तेदारों शहजादा बानो, एजाज द्राबू, इफ्तिखार द्राबू, प्रमुख व्यवसायी और कांग्रेस नेता केके अमला, रचना अमला, वीना अमला, मुश्ताक अहमद, पूर्व नौकरशाह मोहम्मद शफी पंडित और उनकी पत्नी निगहत पंडित, सैयद मुजफ्फर आगा आदि रोशनी अधिनियम के लाभार्थियों में शामिल हैं। उच्च न्यायालय के 9 अक्टूबर के निर्देश के बाद कश्मीर और जम्मू दोनों क्षेत्रों में संभागीय प्रशासन द्वारा 35 लाभार्थियों की पहली सूची जारी की गई है।

इसमें रोशनी अधिनियम को अवैध और असंवैधानिक घोषित किया गया है और इसके आवंटन की सीबीआई जांच का आदेश दिया गया है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंगलवार को रोशनी भूमि योजना को भारत का सबसे बड़ा भूमि घोटाला कहा और नेषनल कांफ्रेंस के नेता फारूक अब्दुल्ला और अन्य लोगों से सवाल किया कि जम्मू और कश्मीर पर तीन पीढ़ियों तक राज करने के बाद भी उन्हें सरकारी जमीनों को हड़पने के लिए क्या चाहिए।

# कोरोना की रफ्तार थामने को सरकार उठा सकती है कड़े कदम

● यूपी में कोरोना के लगातार बढ़ रहे मामलों को देखते हुए चल रहा है रात्रि कर्फ्यू लगाने पर विचार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**दिल्ली** सहित अन्य राज्यों में कोरोना के बिगड़ते हालात और यूपी में लगातार बढ़ते मामलों को देखते हुये योगी सरकार रात्रि कर्फ्यू लगाने पर विचार कर रही है। दिल्ली से आने वालों की जांच और शादी तथा अन्य समारोह में उपस्थिति होने वालों की संख्या सीमित किये जाने के बाद अगर कोई सुधार नहीं होता तो सरकार अगले हफ्ते से कुछ जिलों में रात्रि कर्फ्यू की व्यवस्था को लागू कर सकती है ताकि कोरोना संक्रमण पर नियंत्रण किया जा सके। अपर मुख्य सचिव स्वस्थय अमित मोहन इस बारे में पूछने पर रात्रि कर्फ्यू लागू किये जाने की संभावना से इंकार नहीं करते हैं। उनका कहना है कि दिल्ली महाराष्ट्र तथा गुजरात सहित अन्य दूसरे राज्यों में कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुये यूपी में कुछ कदम उठाये गये है। अगर इन कदमों से कोरोना मामलों की बढ़ती रफ्तार यहां नहीं रुकी तो आगे अन्य कड़े कदम उठाये जा सकते है। लाकडाउन में तमाम सारी छूट मिलने और त्योहारों का दौर शुरू होने के बाद यूपी में भी कोरोना संक्रमण का ग्राफ बढ़ा है। जिसे देखते हुये राज्य की योगी सरकार काफी चिन्तित है और सतर्क है। लखनऊ कानपुर मेरठ तथा गाजियाबाद में हालात ज्यादा खराब हैं। सरकार ने कल नयी गाइड लाइन जारी करके शादी तथा अन्य समारोह में शामिल होने की संख्या को 200 से घटाकर 100 कर दिया है। इसके साथ ही दिल्ली से यूपी में प्रवेश करने वालों की कोरोना जांच अनिवार्य कर दी है।

आधिकारिक सूत्रों का कहना है कि उक्त उपायों के नतीजों का सरकार इस हफ्ते इंतजार करेगी तथा कोरोना संक्रमण की रफ्तार न रुकने पर रात्रि कर्फ्यू सहित कुछ अन्य कड़े कदम उठाये जा सकते है। फिलहाल अभी सरकार के स्तर पर नये प्रतिबंधों पर विचार चल रहा है। जिसमे बाजारों के खुलने तथा औद्योगिक इकाइयों के खुलने की व्यवस्था में बदलाव करने के अलावा कुछ अन्य बिन्दु हैं। सूत्रों का कहना है कि टीम-11 के अधिकारियों की टीम जिलों से रिपोर्ट के बाद आगे उठाये जाने वालों कदमों पर निर्णय लेगी।

## जहरीली शराब कांड में दोषियों पर कार्रवाई जरूरी: मायावती

**लखनऊ।** प्रदेश के कई जिलों में लगातार सामने आ रहे जहरीली शराब कांड से हड़कंप मचा हुआ है। इसी कड़ी में बसपा सुप्रीमो मायावती ने जहरीली शराब से होने वाली घटनाओं में सरकार की कार्रवाई पर संतोष जताया लेकिन दोषी अफसरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई को जरूरी बताया। मंगलवार को मायावती ने ट्वीट कर अपनी प्रतिक्रिया जाहिर की है। मायावती ने लिखा कि यूपी में जहरीली शराब पीने से गरीबों की मौत व परिवारों के उजड़ने की घटनाएं लगातार हो रही हैं जो अति दुखद है। उन्होंने लिखा कि प्रयागराज की ताजा घटना में भी अनेक लोगों की मौत के बाद सरकारी कार्रवाई उचित है, किंतु इस समस्या के समाधान हेतु दोषी अफसरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी बहुत जरूरी है। बता दें कि पिछले हफ्ते प्रयागराज जिले के फूलपुर के अमिलिया गांव में जहरीली शराब पीने से छह लोगों की मौत हो गई थी।

## खत्म की जा चुकी धारा का भी मुकदमों में प्रयोग करने पर डीजीपी ने जताई कड़ी आपत्ति

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

● सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का पालन न करने वाले पुलिस जनों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई के दिए निर्देश

**सूचना** एवं प्रौद्योगिकी अधिनियम के मुकदमों में सुप्रीम कोर्ट की ओर से समाप्त कर दी गई धारा 66 ए का पुलिस द्वारा अभी भी इस्तेमाल किए जाने पर डीजीपी हितेश चंद्र अवस्थी ने कड़ी आपत्ति जताई है । डीजीपी ने कहा है कि पूर्व में न्यायालय भी इस पर कई बार आपत्ति जता चुके हैं । सभी पुलिस कप्तानों को डीजीपी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि यह सुनिश्चित कराएं असंवैधानिक करार दी जा चुकी धारा 66 ए का कतई प्रयोग न किया जाए।

मौजूदा समय में कम्प्यूटर के बढ़ते प्रयोग से सूचना एवं प्रोद्योगिकी अधिनियम के अभियोगों में उत्तरोत्तर वृद्धि हो रही है। पुलिस कप्तानों को जारी किए गए परिपत्र में डीजीपी ने कहा है कि ऐसे अभियोगों की तत्परता एवं विधि सम्मत विवेचना किए जाने के लिए इस मुख्यालय से समय.समय पर पार्वाकिंत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं । उल्लेखनीय है कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा रिट पिटीशन किमिनल संख्या 167/2012 श्रेया सिंघल बनाम यूनियन ऑफ इण्डिया में पारित निर्णय 24.03.15 के द्वारा सूचना प्रोद्योगिकी अधिनियम की धारा 66 ए को असंवैधानिक पाते हुए समाप्त कर दिया गया था। इस धारा के तहत पुलिस को यह अधिकार दिया गया था कि वह सोशल साइट्स पर कथित आपत्तिजनक टिंप्पणी करने वाले को गिरफ्तार कर सकती है। इस धारा के तहत अधिकतम तीन साल की सजा के प्रावधान थे। डीजीपी ने इस बात पर नाराजगी जताई है कि मुख्यालय स्तर से 28 फरवरी 2019 और 15 जून 2019 को इस संबंध में विस्तृत दिशानिर्देश जारी किए जाने के बावजूद थाना स्तर पर उनका अनुपालन नहीं किया जा रहा है। देखने में आया है कि अभी भी पंजीकृत किए जाने वाले अभियोगों में सूचना एवं प्रोद्योगिकी अधिनियम 2000 की धारा 66 ए का प्रयोग किया जा रहा है जो अत्यन्त आपत्तिजनक है। उन्होंने पुलिस कप्तानों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया है कि सूचना एवं प्रोद्योगिकी अधिनियम 2000 के प्राविधानों का भली .भाति अध्ययन कर लें एवं अपने अधीनस्थों को एक गोष्ठी कर अवगत करा दें तथा यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक दशा में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए निर्देशों का अक्षरशः पालन किया जाए । डीजीपी ने चेतावनी दी है कि इस सम्बन्ध में लापरवाही एवं उदासीनता बरतने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाए।

## पशुधन के सर्वांगीण विकास के लिए चलाई जा रहीं अनेक लाभकारी योजनाएं




● मत्स्य विभाग के मोबाइल एप यूपी फिश फार्मर का पशुधन, मत्स्य एवं दुग्ध विकास मंत्री ने किया लोकार्पण

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**पशुधन,** मत्स्य विकास एवं दुग्ध विकास कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने कहा कि पशुधन के सर्वांगीण विकास के लिए उत्तर प्रदेश में कृषकों के हित में अनेक लाभकारी योजनायें संचालित की जा रही है तथा उनमें गति प्रदान करने के लिए नये अभिनव प्रयोगों से प्रदेश में नयी योजनाओं के माध्यम से उन्हें लागू किया जा रहा है । उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार व प्रदेश सरकार की लाभकारी योजनाओं का ही नतीजा है कि मौजूदा समय में उत्तर प्रदेश हर मामले में देश में पहले स्थान पर आ रहा है। पशुधन मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री सहभागिता योजनान्तर्गत 34218 लाभार्थियों को 65353 गोवंश सुपुर्दगी में दिये गये है। गोपाष्टमी पर्व के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश में 300 गोवंशीय पशु सुपुर्दगी योजनान्तर्गत पशुपालको को सुपुर्द किये गये है। मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने यह बात मंगलवार को लोक भवन के मीडिया सेन्टर में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कही। इस अवसर पर उन्होंनें मछुओं, मत्स्य पालकोंए मत्स्य उद्यमियों एवं मत्स्य गतिविधियों से जुड़े व्यक्तियों के आधारभूत आंकड़ों के लिए उनका पंजीकरण एवं विभाग की गतिविधियों से उन्हें जोड़ने के उद्देश्य से मत्स्य विभाग द्वारा विकसित मोबाइल एप यूपी फिश फार्मर का लोकार्पण किया। यह एप गूगल के प्ले स्टोर पर नि:शुल्क उपलब्ध होगा। इस एप के माध्यम से उन्हें मुख्यत: मत्स्य कृषक क्रेडिट कार्ड, नि:शुल्क मछुआ दुर्घटना बीमा योजना और भारत सरकार द्वारा मछुआ समुदाय के व्यक्तियों को समय समय पर उपलब्ध कराये जाने वाली कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जायेगा।

इस अवसर पर श्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने बताया कि भारत सरकार द्वारा विगत 21 नवम्बर को विश्व मात्स्यिकी दिवस के अवसर पर बेस्ट स्टेट कैटेगरी के अन्तर्गत यूपी को देश का बेस्ट स्टेट फार इनलैण्ड फिशरीज घोषित करते हुए प्रथम पुरस्कार के रूप में दस लाख रुपए का चेक, प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। प्रदेश में मात्स्यिकी से जुड़े व्यक्तियों के लिए आत्मनिर्भर भारत अभियान के अन्तर्गत वर्ष 2020-21 से 2024-25 की अवधि हेतु प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना तथा मत्स्य पालकों के लिए किसान क्रेडिट कार्ड की सुविधा लागू की गई है। वर्ष 2019-20 में प्रदेश का मत्स्य उत्पादन 5.74 वार्षिक वृद्धि दर से 6.99 लाख टन हुआ है तथा प्रदेश की जीडीपी में मत्स्य उत्पादन का योगदान 0.37 प्रतिशत है। अर्न्तस्थलीय मत्स्य उत्पादन में मत्स्य विभाग देश में तृतीय स्थान पर है। वर्ष 2020-21 के लिये प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजनान्तर्गत कुल धनराशि 406.096 करोड़ के परियोजना प्रस्ताव भारत सरकार को केन्द्रांश धनराशि 124.28 करोड़ अवमुक्त करने हेतु प्रेषित किये गये।

## लखनऊ और नोएडा के पुलिस कमिश्नर के अधिकारों में हो सकती है कटौती

● सीआरपीसी की धारा 133 और 145 की पावर वापस जिला मजिस्ट्रेट को देने पर शासन कर रहा विचार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के लखनऊ और नोएडा में पुलिस कमिश्नर सिस्टम लागू होने के बाद नौकरशाही में उपजे विवाद को शांत करने की कवायद शासन ने तेज कर दी है। इसके तहत पुलिस कमिश्नर को दिए गए भूमि विवाद संबंधी अधिकार वापस लिए जा सकते हैं। सूत्रों का कहना है कि सीआरपीसी की धारा 133 और 145 के तहत कार्रवाई का अधिकार फिर से जिला मजिस्ट्रेट को देने पर विचार चल रहा है। दोनों धाराएं जमीन से जुड़े विवादों में कार्रवाई से संबंधित हैं। सूत्रों के अनुसार अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी की ओर से लखनऊ व नोएडा के जिलाधिकारियों को भेजे पत्र में कहा गया है कि लखनऊ नगर और गौतमबुद्धनगर में पुलिस कमिश्नर प्रणाली लागू करने के संबंध में 13 जनवरी 2020 को जारी अधिसूचना में पुलिस कमिश्नर को कार्यपालक मजिस्ट्रेट, अपर जिला मजिस्ट्रेट और जिला मजिस्ट्रेट की शक्तियां प्रदान की गई थीं। इससे उन्हें सीआरपीसी की धारा 133 और 145 के तहत कार्रवाई का अधिकार भी मिला हुआ है। सीआरपीसी की धारा 145 के तहत विवादित जमीन व मकान को पुलिस अटैच कर सकती है। अपर मुख्य सचिव गृह ने इस संबंध में लखनऊ व नोएडा के जिलाधिकारियों से दोनों धाराओं के तहत कार्रवाई का अधिकार फिर से जिला मजिस्ट्रेट को ही सौंप दिए जाने के संबंध में वस्तुपरक और औचित्यपूर्ण रिपोर्ट एक हफ्ते में उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

## उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार के नियंत्रण में कुछ भी नहीं: अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार के नियंत्रण में कुछ भी नहीं है। न कोरोना के संक्रमण पर रोक लग रही है, नहीं अपराध कम हो रहे हैं। विकास के काम ठप्प हैं और भ्रष्टाचार पर जीरो टालरेंस मजाक बनकर रह गया है। सरकारी खजाने की लूट मची है और झूठे आंकड़ों पर मुख्यमंत्री जी की प्रशंसा केन्द्र करता रहता है। जनता देख रही है कि भाजपा सरकार किस कदर विफल साबित हो गई है। अब जनता की उम्मीदें सन् 2022 में होने वाले आम चुनावों पर लगी है जब भाजपा की जगह समाजवादी सरकार बनेगी।

अखिलेश ने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपा सरकार का रिकार्ड दागदार होता जा रहा है। जौनपुर में भाजपा सरकार का खुले शौच से मुक्त अभियान भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है। एक सर्वेक्षण में पता चला कि वहां 1960 घरों में शौचालय बनवाए ही नहीं गए लेकिन शहर को ओडीएफ घोषित कर दिया गया है। यही हालत कई जनपदों में है। बहुत जगह बने शौचालयों का उपयोग जानवरों का चारा रखने या दूसरे कामों में हो रहा है। शौचालयों में पानी की व्यवस्था ठीक न होने से भी उनका उपयोग नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि सच तो यह है कि प्रदेश प्रदूषण की गिरफ्त में है। राज्य सरकार बेपरवाह है। न स्वच्छ वायु है नहीं स्वच्छ वातावरण है। सर्वोच्च न्यायालय ने भी बेकाबू होते जा रहे हालात पर चिंता जताई है और राज्य सरकारों से भी तत्काल जरूरी कदम उठाने की जरूरत पर बल दिया है।

## आयोग ने दी शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया को हरी झंडी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

● दो से चार दिसंबर तक जिलों में चयनित अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग होगी

**बेसिक** शिक्षा में 69000 सहायक शिक्षकों की भर्ती मामले में रिक्त पदों पर सुप्रीम कोर्ट के आदेश आने के बाद विभाग के प्रस्ताव पर मंगलवार को निर्वाचन आयोग ने भर्ती की अनुमति दे दी है। दरअसल, एक दिसंबर को होने वाले विधान परिषद चुनाव की वजह से आदर्श आचार संहिता लागू है।

इस दौरान बगैर आयोग की अनुमति के कोई नया कदम नहीं उठाया जा सकता है। आयोग की अनुमति मिलने के बाद बेसिक शिक्षा विभाग ने दिशा निर्देश जारी करते हुए कहा है कि भर्ती के लिए दो से चार दिसंबर तक जिलों में चयनित अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग होगी। चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र पांच दिसंबर के बाद वितरित किये जाएंगे। इसकी तारीख अलग से घोषित की जाएगी। सुप्रीम कोर्ट की ओर से रास्ता साफकिये जाने के बाद शेष 36,590 पदों पर भर्ती को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्वाचन आयोग से अनुमति लेकर शेष पदों पर भर्ती प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का निर्देश दिया था। जिस पर बेसिक शिक्षा विभाग ने शेष पदों पर भर्ती के लिए काउंसिलिंग कराने और चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र देने के लिए निर्वाचन आयोग से अनुमति मांगी थी। बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार डॉ. सतीश चंद्र द्विवेदी ने बताया कि भर्ती प्रक्रिया को पूरा करने के लिए आयोग की ओर से मंगलवार शाम अनुमति दे दी गई है। उन्होंने बताया कि बेसिक शिक्षा विभाग ने विधान परिषद चुनाव के बाद दो, तीन और चार दिसंबर को जिलों में काउंसिलिंग आयोजित करने का निर्णय किया है।

## उत्पीड़न के खिलाफ 4 दिसम्बर को राजधानी में होगी दलित महापंचायत

● आलोक प्रसाद व अनूप पटेल को राजनैतिक द्वेष के चलते फर्जी मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा गया: लल्लू

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ




**प्रदेश** कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने प्रदेश में बढ़ते दलित पिछड़े उत्पीड़न पर आर पार की लड़ाई का ऐलान करते हुए योगी सरकार पर राजनैतिक द्वेषवश अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमैन आलोक प्रसाद एवं प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता डॉ. अनूप पटेल को फर्जी मुकदमे में फंसाकर जेल भेजने का आरोप लगाया है। प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग प्रदेश में बढ़ते दलित, पिछड़ों के उत्पीड़न, हत्याएं, बलात्कार, सामूहिक बलात्कार के खिलाफ 26 नवम्बर संविधान दिवस पर पूरे प्रदेश में धरना प्रदर्शन का आयोजन करेगी, हस्ताक्षर अभियान चलायेगी और 4 दिसम्बर को राजधानी लखनऊ में विशाल दलित महापंचायत का आयोजन कर योगी सरकार के दलित,पिछड़ा विरोधी कार्यों के खिलाफ आर पार के संघर्ष का बिगुल फूंककर व्यापक आन्दोलन करेगी।

प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर मंगलवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में लल्लू ने कहा कि योगी सरकार असंवैधानिक और अलोकतांत्रिक तरीके से कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर फर्जी मुकदमें दर्ज कर जेल भेजने और उत्पीड़नात्मक कार्रवाई कर रही है। आलोक प्रसाद का जीवन और पारिवारिक पृष्ठिभूमि गौरवशाली रहा है। उनके पिता स्व. सुखदेव प्रसाद उप्र सरकार के मंत्री, चार बार सांसद, केन्द्रीय मंत्री, उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, महाराष्ट्र के राज्यपाल और साथ ही साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुसूचित जाति विभाग रहे हैं। आलोक प्रसाद महराजगंज जनपद के दो बार जिलाध्यक्ष रहे। उन्होंने कहा कि दलित, पिछड़ों के उत्पीड़न के खिलाफ कांग्रेस वृहद आन्दोलन चलायेगी।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता व पूर्व मंत्री आरके चौधरी ने कहा कि केन्द्र में मोदी और प्रदेश की योगी सरकार में दलित, पिछड़ों के उत्पीड़न की बाढ़ सी आ गई है। योगी सरकार के कार्यकाल में संविधान की मूल आत्मा को कुचला जा रहा है। दलितों को उनके मूल अधिकारों से वंचित कर उन्हें मिटाने पर तुली है। भाजपा दलितों, पिछड़ों के अधिकारों को छीनने में लगी है।

अखिल भारतीय कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश प्रभारी प्रदीप नरवाल ने कहा कि आगामी 26 नवम्बर को संविधान दिवस के दिन अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमैन आलोक प्रसाद और प्रवक्ता डा. अनूप पटेल की अलोकतांत्रिक एवं असंवैधानिक गिरफ्तारी के विरोध में एवं रिहाई की मांग को लेकर प्रदेश के प्रत्येक जिले में जिलाधिकारियों को संविधान की प्रति और आलोक प्रसाद एवं डॉ अनूप पटेल की एक फोटो भेंट की जायेगी।

## निरीक्षण में खराब सफाई व्यवस्था पर मंडलायुक्त ने जतायी नाराजगी

**लखनऊ।** मंगलवार को मण्डलायुक्त रंजन कुमार ने मंडलीय व जिलास्तरीय कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त ने शिक्षा भवन (नियर सिटी स्टेशन) में स्थापित विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण किया। मण्डलायुक्त ने प्रात: 10.10 मिनट पर संयुक्त शिक्षा निदेशक, जिला विद्यालय निरीक्षक, कार्यालय निरीक्षक आंग्ल भारतीय विद्यालय उप्र लखनऊ, कार्यालय उप शिक्षा निदेशक, कार्यालय उप निरीक्षक संस्कृत पाठशाला, कार्यालय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक), जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कोविड-19 से संबन्धित हेल्प-डेस्क की उचित व्यवस्था थी। कार्यालय आने वाले सभी व्यक्तियों को सेनिटाइजर, पल्स आक्सीमीटर की व्यवस्था पाई गयी। कार्यालय परिसर में साफ-सफाई का अभाव पाया गया जिसके लिए सफाई व्यवस्था को सुधारने के निर्देश दिये गये। इसके बांद मंडलायुक्त ने निर्यात भवन में स्थापित संयुक्त आयुक्त, सहायक आयुक्त उद्योग, संयुक्त आयुक्त ओडीओपी कार्यालय का निरीक्षण किया।

**दानिश अल्पसंख्यक शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान**
**गंजेहड़ी, सोहगौली कुड़वार, सुलतानपुर**

**बी0एड0 पाठ्यक्रम सत्र 2020-22 में अल्पसंख्यक कोटे में प्रवेश हेतु सूचना**

महाविद्यालय में बी0एड0 पाठ्यक्रम सत्र 2020-21 में अल्पसंख्यक कोटे के अन्तर्गत रिक्त 50 प्रतिशत सीटों पर प्रवेश होना है। ऐसे अभ्यर्थी जो लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा आयोजित राज्यस्तरीय संयुक्त बी0एड0प्रवेश परीक्षा 2020 की परीक्षा में सम्मिलित हुए हैं, आवेदन हेतु पात्र होंगे। इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन प्रकाशित होने के 10 दिनों के अन्दर बी0एड0सत्र 2020-22 में अल्पसंख्यक कोटे के अन्तर्गत प्रवेश हेतु महा विद्यालय से आवेदन पत्र प्राप्त कर आवेदन कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा।

प्रबन्धक
दानिश अल्पसंख्यक शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान
गंजेहड़ी, सोहगौली कुड़वार, सुलतानपुर। मोबाइल नंबर-9450712798, 8707248559

**अनुपस्थित कर्मियों को मिली चेतावनी:लखनऊ।** सहकारी चीनी मिल संघ कार्यालय का मंगलवार को संयुक्त प्रबन्ध निदेशक आरपी सिंह ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान 5 कर्मचारी अनुपस्थित पाये गये। सभी को कड़ी चेतावनी दी गई। साथ ही 3 दिन तक लगातार विलम्ब से कार्यालय पहुंचने वाले कर्मी का एक दिन का आकस्मिक अवकाश समाप्त कर दिया जायेगा।

पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

मेरे पुत्र की हाईस्कूल अंकतालिका में जन्मतिथि 02.01.1997 गलत दर्ज हो गई है सही जन्मतिथि 10.05.2001 है, सूरज सिंह परिहार पुत्र जगदत्त सिंह, निवासी - प्लाट नंबर - 12, गल्ला मंडी कालोनी, थाना नौबस्ता, कानपुर नगर।

## प्रदेश की 15 जेलों में संचालित की जा रहीं हैं गौशालाएं

● कुल 835 पशुओं से होता है दुग्ध उत्पादन व इनके गोबर द्वारा कृषि कार्य के लिए कंपोस्ट खाद निर्माण किया जाता है

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** की कारागारों में निरुद्ध बंदियों को स्वावलंबी व आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न प्रकार के उद्योग संचालित किए जा रहे हैं। उद्योगों के अतिरिक्त वर्तमान में प्रदेश की 15 जेलों में गौशाला भी संचालित हैं। इन गौशालाओं में कुल पशुओं की संख्या 835 है। जहां दुग्ध उत्पादन तथा इनके गोबर द्वारा कृषि कार्य के लिए कंपोस्ट खाद निर्माण किया जाता है।

जेल मुख्यालय के प्रवक्ता संतोष वर्मा ने बताया कि वर्तमान में केंद्रीय कारागार बरेली, केंद्रीय कारागार नैनी, जिला कारागार बाराबंकी, केंद्रीय कारागार फतेहगढ़, आदर्श कारागार लखनऊ, जिला कारागार बरेली, जिला कारागार उन्नाव, केंद्रीय कारागार आगरा, केंद्रीय कारागार वाराणसी, जिला कारागार सुल्तानपुर, जिला कारागार सीतापुर,जिला कारागार आगरा, जिला कारागार कासगंज, जिला कारागार चित्रकूट और जिला कारागार आजमगढ़ में गौशालाएं में संचालित की जा रही हैं। ये सभी गौशाला बंदियों की सेवा तथा उनके द्वारा संचालित सोसाइटी के अधीन कार्य कर रही हैं इन से उत्पादित दूध कारागार में बंदियों के उपयोग में लिया जा रहा है।

वर्तमान में शासन की मंशा के अनुरूप जेलों में निरुद्ध बंदियों को खुले बंदी शिविरों में कार्य करने तथा जीविकोपार्जन की सुविधा उपलब्ध कराने के संबंध में खुले बंदी शिविरों की स्थापना का एक प्रस्ताव भी शासन स्तर विचाराधीन है। जिसके अनुपालन में निदेशक प्रशासन एवं विकास पशुपालन विभागए उत्तर प्रदेशए लखनऊ के साथ विचार विमर्श के पश्चात राज्य पशुधन एवं कृषि प्रक्षेत्र निबलेट बाराबंकी, राजकीय पशुधन प्रक्षेप चक गंजरिया स्थित निबलेट बाराबंकी, पशुधन एवं कृषि प्रक्षेत्र खीरी, पशुधन एवं कृषि प्रक्षेत्र उरई, राजकीय गौ सदन फर्रुखाबाद, गोवंश आश्रय स्थल कल्याणपुरा ललितपुर, कृषि फार्म गौशाला आराजी लाइन वाराणसी, गौ सदन मधुबनिया महाराजगंज, गौ संरक्षण केंद्र व कृषि प्रक्षेत्र हस्तिनापुर मेरठ, गौ सदन शाहजहांपुर तथा पशुधन एवं कृषि क्षेत्र सीतापुर का निरीक्षण करा कर आख्या प्राप्त की गई है। जिसके आधार पर इन जिलों की जेलों से उपरोक्त स्थलों पर बंदियों के आने जाने में लगने वाला समय, दूरी एवं इन कार्य स्थलों पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की स्थिति का विश्लेषण किया जा रहा है। उपयुक्त परिस्थितियां व सुविधाएं होने पर शासन द्वारा इन स्थानों पर खुले बंदी शिविरों की स्थापना का प्रस्ताव स्वीकार किया जा सकता है।

## कांग्रेस को ब्लाक स्तर पर ईमानदारी से करनी होगी हार की समीक्षा: सिराज मेहंदी

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस से निष्कासित चल रह वरिष्ठ नेता व पूर्व एमएलसी सिराज मेंहदी ने कहा है कि आजकल कांग्रेस पार्टी के केन्द्रीय नेता चाहे बिहार का चुनाव हो या उत्तर प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की हार पर बहस या हारने के कारणों पर उंगली उठा रहे हैं और कह रहे हैं कि इस इस चुनाव पर कांग्रेस पार्टी को हार की समीक्षा पर मंथन होना चाहिए। मंथन तो समय की आवश्यकता है क्योंकि आगे भी लगातार कई राज्यों के चुनाव हैं । उससे पहले कांग्रेस पार्टी को अगर वाकई चुनाव लड़ना है तो ब्लाक स्तर पर ईमानदारी से समीक्षा करनी होगी। मेंहदी ने कहा कि हम कांग्रेस पार्टी के 10 एआईसीसी सदस्यों को कांग्रेस पार्टी के संविधान की धज्जियां उड़ाकर एक ही दिन में निष्कासित कर दिया गया जबकि संविधान क्या है, इसको मौजूदा प्रदेश अध्यक्ष जानते ही नहीं हैं । न ही प्रदेश प्रभारी प्रियंका गांधी को को इसका ज्ञान है । जबकि निकालने से पहले हम लोगों को बुलाकर प्रभारी को हमारा पक्ष सुनना चाहिए था लेकिन आज एक साल होने जा रहा है अभी तक हम लोगों को उनके द्वारा नहीं बुलाया गया। मेंहदी ने कहा कि सोनिया गांधी को पत्र लिखकर समय मांगा परन्तु समय नहीं मिला। जब भी सोनिया गांधी से समय मांगों तो उनके कार्यालय से कहा जाता है कि प्रभारी से बात करिए।

**कार्यालय प्रभागीय निदेशक**
**सा0वा0 वन एवं वन्यजीव प्रभाग फतेपुर**

पत्रांक-1650/15-1 फतेहपुर, दिनांक, नवम्बर, 24, 20201

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

फतेपुर वन प्रभाग में 6*X9* (200 गेज) साईज की काले ग्रेन्यूल से बने पालिथीन बैग पौध उगान हेतु निम्न प्रकार आवश्यकता है, जिसके लिये मुहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदायें अधोहस्ताक्षरी के स्टोर कीपर से रु0 500.00 मात्र जमा कर दिनांक 25.11.2020 से 01.12.2020 तक कार्यालय दिवस में प्राप्त की जा सकती हैं। निविदायें दिनांक 02.12.2020 को अपरान्ह 3.00 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा उनके द्वारा नामित किसी अधिकारी द्वारा खोली जायेगी। निविदा खोलते समय निविदादाता चाहे तो उपस्थित रह सकते हैं, बाद में किसी प्रकार की शिकायत मान्य नहीं होगी। निविदा निर्धारित प्रपत्र में ही मान्य होगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित संख्या | निविदा फार्म की राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | 6X9 (200 गेज) साईज की काले ग्रेन्यूल से बने पालिथीन बैग | 1700000 | 500.00 |

उपरोक्त मात्रा अनुमानित है जो अपरिहार्य कारणों से घटायी या बढ़ायी जा सकती है। नियम एवं शर्ते कार्यालय दिवस में कार्यालय से प्राप्त करें।

प्रभागीय निदेशक
सामाजिक वानिकी वन एवं वन्यजीव प्रभाग
फतेहपुर

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# अपनी प्रतिभा और तकनीक से देश का नाम रोशन करें: केशव

## लखनऊ विश्वविद्यालय का शताब्दी समारोह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**प्रदेश** के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि युवा भारत का भविष्य हैए युवाओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि वह अपनी प्रतिभा और तकनीकी के माध्यम से देश का नाम दुनिया में रोशन करें। मौर्य मंगलवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के शताब्दी समारोह में विज्ञान महोत्सव के समापन समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

अपने सम्बोधन में उपमुख्यमंत्री ने कहा कि लखनऊ विश्वविद्यालय शताब्दी समारोह के विज्ञान महोत्सव के समापन 2020 में सम्मिलित होकर इसका हिस्सा बनने का अवसर मिलाए यह उनके लिये बहुत ही गौरव का दिन है। मौर्य ने कहा कि इलाहाबाद विश्वविद्यालय और लखनऊ विश्वविद्यालय का रिश्ता बहुत ही पुराना है, पहले लखनऊ विश्वविद्यालय की डिग्री इलाहाबाद विश्वविद्यालय ही जारी करता था। इन दोनों विश्वविद्यालयों से भारतीय राजनीति में कई बड़े नेता आयेए जिन्होंने देश में अपनी अमिट छाप छोड़ी। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि इस देश के युवा ही, इसकी शक्ति हैं, देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज विश्व के सबसे शक्तिशाली व्यक्तियों में गिने जाते हैं, उसका एक मात्र कारण युवाओं का साथ है और इसी साथ के कारण वह तमाम चुनौतियों का सामना करने को तत्पर रहते हैं। विश्वविद्यालय के युवाओं को ज्यादा से ज्यादा नई तकनीक, नई शोध में बढ़ चढ़कर भाग लेने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि हमारे युवाओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, उन्हे नये नये शोध कर देशहित में कार्य करना चाहिए, जिससे हम विश्व में एक अलग पहचान बना सकें। मौर्य ने कहा कि लखनऊ विश्वविद्यालय ने अपना सर्वांगिण विकास निरन्तर कर रहा है। डॉ एपीजे अब्दुल कलाम का जिक्र करते हुये उपमुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ साहब कहते थे, सपने वह नहीं हैं जो हम बन्द आंखो से देखते हैं, बल्कि सपने वो हैं जो हमें सोने नहीं देते। इस अवसर पर विज्ञान समारोह में सम्मिलित छात्र-छात्राओं को श्री मौर्य ने सम्मानित भी किया। समारोह को जलशक्ति मंत्री डा. महेन्द्र सिंह सहित लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति सहित अन्य प्रोफेसरगणों ने भी सम्बोधित किया।

**विवि के पूर्व छात्र-छात्राओं ने की हेरिटेज वाक:** लखनऊ विश्वविद्यालय स्थापना शताब्दी वर्ष समारोह में हैरिटेज वॉक कार्यक्रम के अन्तिम कड़ी में यहीं के पूर्व छात्र.छात्राओं परिसर की ऐतिहासिकता से रूबरू हुए। उन्होंने बग्घी पर बैठ कर विश्वविद्यालय परिसर के अनछुए पहलुओं को नजदीक से जाना। वॉक के दौरान पूर्व छात्र.छात्राओं ने सुझाव दिया कि विवि को सबकी पहुंच वाले कुछ प्रतीक चिन्ह जारी करना चाहिए। साथ के लिए कुछ करने की भी अपनी मंशा व्यक्त की। हेरीटेज वॉक के आखिरी चरण का मुख्य आकर्षण रहे सेवा चिकन की स्थापना करने वाली लखनऊ विश्वविद्यालय की 1973 बैच की छात्रा रुना बनर्जी, रेडियो मिर्ची के मशहूर आरजे प्रतीक के अलावा संजय मान सिंह एवं 1976 बैच के पूर्व छात्र अजय शुक्ला रहे थे। उन्होंने भाऊराव देवरस द्वार से वॉक शुरू करते हुए विश्वविद्यालय की प्रचीनता के उन पक्षों को जाना, जिनके बारे में वह छात्र जीवन में नहीं जान पाए थे। वॉक दौरान ही उन्होंने भविष्य में विश्वविद्यालय के लिये विवि शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में कुछ ऐसे प्रतीक चिन्ह जारी करें। संजय मान सिंह ने सुझाव दिया कि कोई आसानी से खरीद सके। जिन्हें हर

**संस्कृत में हुआ काव्यपाठ:** लखनऊ विश्वविद्यालय के शताब्दी महोत्सव के अवसर पर अभिनव . संस्कृत कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यतिथि प्रो. अशोक कुमार कालिया पूर्व कुलपति संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय रहे। सरस्वती समर्चना के उपरांत मान्य विद्वान् कवियों का उत्तरीय अलंकरण से स्वागत किया गया। इसके बाद पद्मश्री प्रो बृजेश कुमार शुक्ल ने कवियों का वाचिक स्वागत करते हुए काव्यपाठ भी प्रस्तुत किया। उन्होंने प्राकृत भाषा में भी काव्यपाठ प्रस्तुत किया। तदनंतर प्रो आजाद मिश्र मधुकर ने अपना मंजुल काव्यपाठ प्रस्तुत किया। इसके बाद सांदीपनी वेद विद्या प्रतिष्ठान के पूर्व अध्यक्ष प्रो ओमप्रकाश पाण्डेय ने अपनी सुपौत्री के ऊपर लिखी कविता प्रस्तुत की। कवि सम्मेलन के मध्य में विभाग के ही प्रतिभाशाली छात्र आईएएस अधिकारी डॉ चन्द्र भूषण त्रिपाठी का वस्त्र अलंकरण से सम्मानित किया गया।

## मैं शायर तो नहीं से अनूप जलोटा ने बांधा समां



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**लखनऊ** विश्वविद्यालय शताब्दी समारोह को लेकर मंगलवार का दिन गायक अनूप जलोटा और दीजे नारायण की प्रस्तुति पर जमकर झूमा। वहीं दिन की शुरुआत योग के साथ होने के बाद विज्ञान मेले, पूर्व छात्रों की हेरिटेज वाक, संस्कृत काव्य सम्मेलन, एलुमिनाई समारोह जैसे कई कार्यक्रम हुए। लखनऊ विश्वविद्यालय शताब्दी समारोह के छठवें दिवस की संध्या में सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत कला संकाय के प्रांगण में सुप्रसिद्ध गायक दीजे नारायण और उनके साथियों के समूह आर्यन ने उच्चकोटि के संगीत का प्रस्तुतिकरण दिया। वी लव वी लव रॉकी गीत गाया तो तालियां और सीटियों की बौछार शुरू हो गई। इसके बाद इसके बाद आंखो में तेरा ही चेहरा, धड़कन में तेरी ही यादें जैसे गीतों से माहौल को खुशनुमा बनाया। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत मशहूर गजल गायक व विवि के पूर्व छात्र रहे अनूप जलोटा ने अपने कार्यक्रम का प्रारम्भ इस वाक्य से किया लखनऊ हमपे फिदा हम फिदाए लखनऊ। आज भी मेंं मेरे मन में ध्यान में रहता विश्वविद्यालय, ऐ शहरी लखनऊ तुझे मेरा सलाम है, तेरी विश्वविद्यालय की बड़ी निराली शान है। इसके बाद जलोटा ने ऐसी लागि लगन भजन का प्रस्तुतीकरण कर समस्त श्रोतागणों को भक्तिरस में सराबोर कर दिया। तत्पश्चात उन्होंने बॉबी फिल्म का सुप्रसिद्ध गाना मैं शायर तो नहीं गाया, जिसे वो अपने विश्वविद्यालय के दिनों में कैंटीन में गाया करते थे। अच्युतम केशवम रामनरायणं जानकी वल्लभं रचना सुना कर सबको भक्तिरस की ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया।

## पीएम के कार्यक्रम को लेकर प्रमुख सचिव ने किया दौरा

**लखनऊ।** बुधवार शाम को वर्चुअल मोड पर पीएम नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम को लेकर आज प्रमुख सचिव सूचना नवनीत सहगल और अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा मोनिका एस गर्ग ने विवि का दौरा कर आवश्यक निर्देश दिए। कल प्रधानमंत्री विश्वविद्यालय की स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने पर एक स्मारक सिक्का व विशेष स्मारक डाक टिकट जारी करेंगे। इस अवसर पर कार्यक्रम में रक्षा मंत्री, उत्तर प्रदेश के राज्यपाल और मुख्यमंत्री कार्यक्रम में भौतिक रूप से उपस्थित होंगे।



# असलहा तस्करों के अंतरराज्यीय गिरोह का एसटीएफ ने किया पर्दाफाश

## पॉलिटेक्निक चौराहे से 19 अवैध पिस्टलों के साथ तीन अपराधी गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**एसटीएफ** ने अन्तर्राज्यीय अवैध असलहा तस्करों के गिरोह का पर्दाफाश करते हुए हत्या के प्रयास की घटना में वांछित 25000 के पुरस्कार घोषित अपराधी जनार्दन वर्मा उर्फ जेडी को उसके दो साथियों सहित गिरफ्तार किया। अपराधियों के कब्जे से 19 अवैध पिस्टल व 38 मैगजीन बरामद हुई है।

एसटीएफ द्वारा आगामी पंचायत चुनाव के दृष्टिगत संगठित अपराध व अपराधियों एवं अवैध शस्त्रों के निर्माण व तस्करी करने वाले गिरोहों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। एसटीएफको छानबीन के दौरान सूचना मिली थी अन्तर्राज्यीय अवैध शस्त्रों के तस्कर भारी मात्रा में अवैध पिस्टलें लेकर उप्र के पूर्वान्चल के अपराधियों एवं आपराधिक गिरोहों को सप्लाई करने के लिए अयोध्या एवं अम्बेडकरनगर जा रहे हैं। इस सूचना पर एसटीएफ की टीम ने विभूति खंड थाना अंतर्गत पॉलिटेक्निक चौराहे से जनार्दन वर्मा उर्फ जेडी निवासी बनघुसरा सरैया, थाना गोसाईगंज जनपद अयोध्या, गौरी शंकर पाण्डेय निवासी बिलवानी खान थाना गोसाईगंज जनपद अयोध्या और प्रवीण कुमार सिंह निवासी सोनवा थाना अहिरौली जनपद अम्बेडकरनगर को गिरफ्तार किया। पूछताछ पर अभियुक्तों ने बताया कि वह बड़े पैमाने पर अवैध शस्त्रों की तस्करी करते हैं तथा बिहार व मध्य प्रदेश से अवैध पिस्टलों को तस्करी कर उप्र के पूर्वान्चल के जनपदों में अपराधियों एवं आपराधिक गिरोहों को सप्लाई करते हैं। आगामी पंचायत चुनाव में अवैध शस्त्रों की मांग अधिक होने के कारण अभियुक्तगण पकड़ी हुई अवैध पिस्टलों की एक बड़ी खेप लेकर खण्डवा मध्य प्रदेश से सप्लाई के लिए अयोध्या व अम्बेकरनगर जा रहे थे। पकड़ा गया अभियुक्त जनार्दन उर्फजेडी पूर्वान्चल का एक कुख्यात अपराधी है तथा जनपद मऊ के मधुबन थाने से वांछित व 25000 का पुरस्कार घोषित अपराधी है।

## चेकिंग में कार से मादक पदार्थ और अवैध असलहे बरामद, दो गिरफ्तार

**लखनऊ।** गोमतीनगर पुलिस को मंगलवार को उस वक्त बड़ी सफलता हाथ लगी जब चेकिंग के दौरान एक कार को रोक कर तलाशी ली तो कार से 5 किलो गांजा, 47 ग्राम चरस, 3 अवैध असलहा 49 कारतूस और एक गुप्ती बरामद हुई। पुलिस द्वारा कार में सवार अजगैन उन्नाव के रहने वाले कृपा नारायण कुशवाहा उर्फ अंबरनाथ व शाही खैरात खाना दुरियागंज बाजार खाला के रहने वाले शाहरुख हुसैन को गिरफ्तार कर लिया गया। आज सहारा ओवर ब्रिज के पास रूटीन चेकिंग की जा रही थी तभी पुलिस को एक जेन कार के शीशों पर काली फिल्म लगी नजर आई तो कार को रोकने का प्रयास किया। इस दौरान कार चला रहे व्यक्ति ने पुलिस से बचने के लिए भागने का प्रयास किया लेकिन मुस्तैद पुलिस कर्मियों ने कार को भागने का मौका नहीं दिया और चारों तरफसे घेर कर कार को रोक लिया। पुलिस ने जब कार रोक कर कार की तलाशी ली तो पुलिस के होश उड़ गए । कार के अंदर से भारी मात्रा में गांजा, अवैध असलहे बरामद होना अपने आप में एक बड़ा मामला माना जा रहा है। पुलिस अब ये पता लगाने का प्रयास कर रही है कि कृपा नारायण कुशवाहा और शाहरुख हुसैन के पास से बरामद गांजा इन लोगों को किसने दिया था और इनके पास से बरामद हुए असलहे इनके पास कहां से आए । पुलिस अब यह पता लगाने का प्रयास भी करेगी की गिरफ्तार किए गए कृपा नारायण कुशवाहा और शाहरुख हुसैन को इतनी बड़ी मात्रा में गांजा उपलब्ध कराने में इनके और कितने साथी इनके गिरोह में शामिल हैं।

# प्रसिद्ध अलीगंज मंदिर की प्रशासकीय योजना को परिसर में लगाने का आदेश

विधि संवाददाता। लखनऊ

**हाईकोर्ट** की लखनऊ खंडपीठ ने राजधानी के प्रसिद्ध अलीगंज मंदिर के ट्रस्ट की प्रस्तावित प्रशासकीय योजना को मंदिर परिसर में किसी विशिष्ट स्थान पर लगाने का आदेश दिया है। पीठ चाहती है कि दर्शन के लिए आए भक्तगण प्रस्तावित योजना को पढ़ सकें तथा वो भी मंदिर के प्रशासन के सम्बंध में अपनी राय दे सकें। पीठ ने योजना लगाए जाने वाले स्थान पर ही एक बॉक्स भी लगाने का आदेश मैनेजमेंट कमेटी को दिया है, जिसमें लोग अपनी राय लिख कर डाल सकेंगे। मामले की अगली सुनवाई जनवरी के पहले हफ्ते में होगी।

जस्टिस एआर मसूदी की एकल पीठ ने यह आदेश अलीगंज श्री महावीर जी ट्रस्ट की याचिका पर दिया है। पीठ के समक्ष सुनवाई के दौरान संज्ञान में लाया गया कि प्रस्तावित प्रशासकीय योजना मंदिर के वेबसाइट पर प्रकाशित कर दी गई है। साथ ही स्थानीय अखबारों में भी इसका प्रकाशन कराया गया है। लेकिन प्रस्तावित योजना के सम्बंध में किसी श्रद्धालु की राय नहीं आई है। पीठ ने इस पर कहा कि वह चाहती है कि इस पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट को इस तरह से विनियमित किया जाए कि किसी भी श्रद्धालु को इससे कोई शिकायत न रहे।

वर्ष 2011 में यह याचिका प्रसून जोशी की ओर से दाखिल की गई थी। इस याचिका में अनियमितताओं के आरोप में हटाए गए एक सदस्य को मैनेजमेंट कमेटी में दोबारा शामिल करने के जिला जज के आदेश को चुनौती दी गई थी। पीठ ने बाद में इस याचिका को श्री महावीर जी ट्रस्ट टाइटिल से दर्ज करने का आदेश दिया व प्रशासकीय योजना तैयार करने को कहा।

## आजम खान की बहन को आवंटित बंगले पर यथास्थिति का आदेश

**लखनऊ।** सपा नेता व पूर्व काबीना मंत्री आजम खान की बहन निखत अफलाक को रिवर बैंक कॉलोनी में आवंटित बंगले पर यथास्थिति बनाए रखने का आदेश हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने दिया है। पीठ ने इसके साथ ही इस मसले पर नगर निगम को दो हफ्ते में जरिए हलफनामा अपना जवाब दाखिल करने का भी आदेश दिया है। इसके बाद अगले एक हफ्ते में निखत को अपना प्रत्युत्तर दाखिल करना होगा। जस्टिस पंकज मित्तल एवं जस्टिस सौरभ लवानिया की पीठ ने यह आदेश निखत अफलाक की याचिका पर दिया है। पीठ के समक्ष मंगलवार को इस मामले की सुनवाई हुई। लेकिन पूर्व के आदेश के अनुपालन में नगर निगम से समुचित निर्देश नहीं प्रस्तुत किया जा सका। इस पर वरिष्ठ वकील एचजीएस परिहार ने अंतरिम राहत प्रदान करने की गुजारिश की। पीठ ने इस पर अगली सुनवाई तक प्रश्नगत बंगले पर यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया। दूसरी तरफ नगर निगम के वकील नामित शर्मा के मुताबिक दो नवंबर को नगर निगम उक्त बंगले को सील कर चुका है। वर्तमान में वहां कोई भी निवास नहीं कर रहा है।

## कांग्रेसी नेता की जमानत अर्जी मंजूर

**लखनऊ।** महाराजगंज की एक महिला को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में निरुद्ध कांग्रेसी नेता आलोक प्रसाद की जमानत अर्जी सत्र अदालत ने मंजूर कर ली है। एडीजे पीएम त्रिपाठी ने मुल्जिम को एक लाख की दो जमानतें व इतनी ही धनराशि का निजी बंधपत्र दाखिल करने का आदेश दिया है। बीते 15 अक्टूबर को मुल्जिम को इस मामले में गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया था। 13 अक्टूबर 2020 को लालबाग के चैकी इंचार्ज एसआई नरेंद्र प्रताप राय ने थाना हजरतगंज में इस मामले की एफआईआर दर्ज कराई थी। जिसके मुताबिक महाराजगंज की एक महिला ने कैपिटल तिराहे पर तेल डालकर खुद को आग लगा लिया था। एसआई नरेंद्र ने अन्य पुलिसवालों की मदद से तत्काल महिला को उपचार के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया।

# रेलवे स्टेशन, बस स्टॉप सहित एयरपोर्ट के यात्रियों की टेस्टिंग के निर्देश



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**जिलाधिकारी** द्वारा कोविड नियंत्रण से संबंधित अधिकारियों की बैठक की गई। बैठक में डीएम ने रेलवे स्टेशन, बस स्टॉप व एयरपोर्ट के आंगतुकों की एवं क्लिनिक, डायलेसिस सेंटर व हास्पिटलो के स्टाफ की टारगेट टेस्टिंग के निर्देश दिए। सभी निगरानी समितियों व सर्विलांस टीमो को शत प्रतिशत सक्रिय करने के निर्देश दिए। यही नहीं सर्विलांस टीमों की स्वीट शाप, बेकरी, घाटों पर रैंडम टेस्टिंग करानी होगी। मंगलवार को जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश ने स्मार्ट सिटी सभागार में कोविड-19 के नियंत्रण की बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने कांटैक्ट ट्रेसिंग और टेस्टिंग की समीक्षा की। जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि कोविड 19 की वेव टू के मद्देनजर रेलवे स्टेशन, बस स्टॉप व एयरपोर्ट के आंगतुकों की एवं क्लिनिक, डायलेसिस सेंटर व हास्पिटलों के स्टाफ की टारगेट टेस्टिंग कल से शुरू कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि आरआरटी टीमों के द्वारा किये जा रहे ट्रेसिंग और टेस्टिंग के कार्य में और तेज़ी लाई जाए। साथ ही हर सीएचसी शत प्रतिशत सर्विलांस टीमें सक्रिय करके डोर टू डोर सर्वे के माध्यम से आईएलआई व एसएआरआई के लक्षण वाले रोगियों को चिन्हित करके उनकी टेस्टिंग भी की जाए। समीक्षा में अलीगंज सीएचसी की स्थिति अच्छी नहीं पाई गई जिसके लिए, जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की और कड़े निर्देश दिए कि यदि 2 दिन के अंदर स्थिति नहीं सुधरी तो कड़ी नोडल व एमओआईसी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## राजधानी में 282, सूबे में मिले कोरोना के 2274 नए केस

**लखनऊ।** राजधानी में अब कोरोना मरीजों की संख्या बढ़ रही है। मंगलवार को राजधानी में कोरोना के 285 नए केस सामने आए हैं तो सूबे में 2274 नए मरीज पाए गए हैं। सूबे में 23928 केस एक्टिव हैं तो वहीं राजधानी में 3442 केस एक्टिव हैं। प्रदेश में अभी तक प्रदेश में 7615 मरीजों की और राजधानी में 970 की मौत हो चुकी है। विभाग के मुताबिक अभी तक प्रदेश में 523,435 केस कोरोना के मिल चुके हैं। आज 2032 मरीजों को डिस्चार्ज किया गया। अभी तक सूबे में 499,507 संक्रमित मरीज ठीक किया जा चुके हैं। राजधानी लखनऊ में आज कोरोना वायरस के सम्बन्ध में सर्विलान्स एवं कान्टेक्ट ट्रेसिंग के आधार पर टीमों द्वारा 10370 लोगो के सैम्पल लिये गये है। जिनमे। प्रमुख रूप से आज इंदिरा नगर 32, गोमती नगर 33, रायबरेली रोड 24, आशियाना 17, आलमबाग 12 , चौक 20, हजरतगंज 10, महानगर 16, तालकटोरा 15, एजानकीपुरम 10 इत्यादि स्थानों पर पाजिटिव रोगी पाये गये। आज कोविड प्रोटोकाल के दृष्टिगत कुल 142 रोगियों को हास्पिटल का आवंटन किया गया।

## गायत्री प्रसाद प्रजापति पर तीन दिसंबर को तय होंगे आरोप

विधि संवाददाता। लखनऊ



**अपहरण** व छेड़छाड़ के एक आपराधिक मामले में निरुद्ध मुल्जिम गायत्री प्रसाद प्रजापति व आशीष शुक्ला पर आरोप तय करने के लिए एमपी-एमएलए की विशेष अदालत ने तीन दिसंबर की तारीख मुकर्रर की है। विशेष जज पवन कुमार राय ने उस रोज मुल्जिमों को अदालत में पेश करने का आदेश दिया है। बताते चलें कि 26 अक्टूबर 2016 को चित्रकूट की एक महिला ने थाना गोमतीनगर में इस मामले की एफआईआर बबलू सिंह व आशीष शुक्ला के खिलाफ दर्ज कराई थी। विवेचना के दौरान गायत्री का भी नाम प्रकाश में आया। साथ ही इस मामले में मुल्जिमों के खिलाफ अपहरण व छेड़छाड़ का भी आरोप पाया गया। 27 जुलाई 2017 को पुलिस ने अपहरण व छेड़छाड़ के आरोपों की बढ़ोत्तरी करते हुए आशीष के साथ ही गायत्री प्रजापति के खिलाफ भी आईपीसी की धारा 354 (ए) ( ।।), 364, 511, 504 व 506 के तहत आरोप पत्र दाखिल किया था।

# खाली प्लाट में मिला कूड़ा व मलबा तो होगी नीलामी, लगेगा 50 हजार का जुर्माना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**नगर** निगम सीमा क्षेत्र में बहुत से प्लाट खाली पड़े हैं, जिसमें बाउंड्री भी नहीं हुई, उन प्लाटों में मलबा, गंदगी, कूड़े का ढेर इकट्ठा करने पर अधिकारियों ने सख्त ऐतराज किया है। खाली प्लाट में कूड़ा डालने पर मालिक पर 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाने का आदेश दिया है। यही नहीं कूड़ा, मलबा डंप होना नहीं रोका गया तो ऐसे प्लाटों की नीलामी की कारवाई नगर निगम द्वारा की जाएगी।

मंगलवार को नगर निगम द्वारा खाली प्लाट में कूड़ा डालने पर मालिक पर कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं। अधिकारी के अनुसार कूड़ा डालने पर बहुत सी बीमारियां फैलने का डर बना रहता है। नगर निगम द्वारा बार बार खाली प्लाटों की सफाई कराई जाती है, उसके बाद भी दोबारा प्लाट कूड़े, मलबे, गंदगी से भर जाते हैं । ऐसे में शहर के समस्त नागरिकों, प्लाट के मालिकों, भवन स्वामियों को अवगत कराया जाता है कि नगर निगम द्वारा ऐसी स्थिति में विभिन्न प्रकार की कार्रवाई शुरू की गई है । जिसमें अब तक 4168 खाली प्लाटों का कर निर्धारण किया जा चुका है शेष खाली प्लाटों का कर निर्धारण 15 दिन में पूर्ण करने के लिए नगर आयुक्त ने सभी जोनल अधिकारियों को निर्देशित कर दिया है। कर निर्धारण के अतिरिक्त जिन भी प्लाटों पर कूड़ा, मलवा गंदगी पाई गई, ऐसे प्लाट के स्वामियों को सॉलिड् वेस्ट मैनेजमेंट रूल 2016 के अंतर्गत रु 50,000 तक का जुर्माना किया जाएगा। संपत्ति कर एवं जुर्माने की धनराशि नहीं जमा करने पर उन खाली प्लाटों पर बाउंड्रीवाल करके कूड़ा मलवा डंप होना नहीं रोका गया तो ऐसे प्लाटों की नीलामी की कारवाई नगर निगम द्वारा की जाएगी।

# 27 हजार गायब फाइलें बनीं एलडीए की गले की फांस

### ब्लैक लिस्ट के बाद रायटर्स संस्था से होगी भुगतान धनराशि की रिकवरी

### फाइलें वापस एलडीए में लाने के लिए अफसरों ने बनायी योजना

> कंपनी को ब्लैक लिस्ट किया जा चुका है। लेट लतीफी पर एफआइआर दर्ज है। कंपनी को दी गयी धनराशि की भी रिकवरी होगी। लेकिन अभी कंपनी के पास मौजूद फाइलों को एलडीए में लाना पहली प्राथमिकता है।
> -पवन गंगवार, सचिव, एलडीए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**एलडीए** में बेशकीमती प्लाटों, भवनों की 27 हजार फाइलें गायब होने से अधिकारियों की परेशानी बढ़ गयी है। अफसर माथापच्ची करने में जुटे हैं, कि कैसे लिस्टेट कंपनी से फाइलें कैसे ली जाएं। अभी रायटर्स संस्था के पास 1.22 लाख फाइलें हैं, जिसकी रिकवरी की जानी है। वहीं रायटर्स को ब्लैक लिस्ट करने के बाद दी गयी 20 लाख की धनराशि की भी रिकवरी की तैयारी है। हालांकि अफसरों की प्राथमिकता एलडीए में फाइलें वापस लाने की है।

एलडीए रायटर्स कंपनी से 27 हजार फाइलों वापस लेने की तैयारी में जुटा हुआ है। अफसरों ने कंपनी से इन फाइलों की वापसी की योजना पर कार्य शुरू कर दिया है, जिसमें रजिस्टर्स में दर्ज फाइलों के हिसाब से वापसी लेगा। । एलडीए सचिव पवन गंगवार फाइलों को लेकर गंभीर हैं, जिसको लेकर जल्दीही बड़ा फैसला ले सकते हैं। दरअसल, शहर में एलडीए की विभिन्न योजनाओं के प्लाट, भवन की फाइलें चार वर्ष पूर्व रायटर्स नाम की संस्था को डिजिटल फीडिंग और कोडिंग के लिए दी गयीं थीं। पूर्व वीसी सत्येन्द्र सिंह के निर्देश पर 1.49 लाख फाइलें सुपुर्द की गयीं, लेकिन तय समयावधि के बाद भी कंपनी ने कार्य पूरा नहीं किया। फाइलों की दुर्दशा को देखकर पूर्व वीसी पीएन सिंह ने नाराजगी जताते हुए फाइलें वापस करने के निर्देश दिए थे। लेकिन कंपनी ने 1.22 लाख फाइलें जानकी सीडी दी, शेष फाइलों पर गोलमोल जवाब दिया। कंपनी की हीलाहवाली से नाराज एलडीए ने कंपनी के खिलाफ गोमतीनगर थाने में एफआईआर दर्ज करायी। साथ ही कंपनी को ब्लैक लिस्ट करने की कार्रवाई भी की। लेकिन इसका लाभ एलडीए को मिलता नहीं दिख रहा है। अभी भी कई आवंटियों के कार्य फाइलों के गायब होने से फंसे हुए हैं। सूत्रों की मानें तो वीसी सत्येन्द्र सिंह के कार्यकाल में लगभग 20 लाख रुपए का भुगतान कंपनी को किया गया था, जिसके बाद डिजिटल कोडिंग का कार्य शुरू किया गया था, लेकिन विवाद बढ़ने पर कंपनी ने फाइल देने से मना कर दिया। कंपनी का आरोप है कि पूरी धनराशि कार्य के बाद भी एलडीए ने नहीं दी है, जिसकी मांग कई बार की जा चुकी है। ऐसे में यह विवाद अधिकारियों के लिए गले की फांस बना हुआ है, वहीं आवंटियों को भी भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।

# दो दिन पहले मजदूरी करने निकले मजदूर का मिला शव

संवाददाता। निगोहां



**कमिश्नरेट** थाना नगराम अंतर्गत छतौनी गांव निवासी एक 40 वर्षीय मजदूर रविवार की सुबह साइकिल से मजदूरी करने निगोहां के लिए निकला था और दो दिन तक घर वापस नहीं लौटा, मंगलवार की सुबह उसका शव सन्दिग्ध परिस्थितियों में गांव के बाहर नाले में उतराता मिला। परिजनों से सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। नगराम इंस्पेक्टर वीरेंद्र सोनकर ने बताया कि पीएम रिपोर्ट आने पर मौत का कारण स्पष्ट होने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। नगराम के छतौनी गांव निवासी राममिलन ने बताया कि उनका मझला भाई राम सेवक 40 मजदूरी करता था। रोजमर्रा की तरह रविवार को भी वह साइकिल से निगोहां मजदूरी करने के लिये निकला था और दो दिनों तक घर वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने रिश्तेदारियों में पता किया लेकिन कोई पता नहीं चल सका। वहीं मंगलवार की सुबह गांव के बाहर नाले पर शौच करने गए युवकों को बन्धे में शव उतराता दिखाई पड़ा। सूचना पाकर पहुंचे परिजनों ने पुलिस को सूचित किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया। शव की बाईं आँख से खून रिस रहा था। पुलिस ने शव का पंचनामा कर शव को पीएम के लिए भेज दिया। नगराम इंस्पेक्टर वीरेंद्र सोनकर ने बताया कि मृतक की शौच के दौरान नाले में गिरने से मौत होने की आशंका है।

# जून में होगा गंगा एक्सप्रेस-वे का शिलान्यास

## निर्यात नीति को मंजूरी प्रतिस्पर्धा को मिलेगा बढ़ावा

**लखनऊ।** योगी सरकार ने प्रदेश की आर्थिक स्थिति को बेहतर करने के लिए, निर्यात नीति उप्र 2020–25 को मंजूरी प्रदान कर दी है। मंगलवार को कैबिनेट बैठक में इस प्रस्ताव को पास कर दिया गया। विभाग के अनुसार इस नीति से निर्यात के क्षेत्र में विकास एवं प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिलेगा, निर्यात सहायक संस्थाओं को निर्यात सम्बन्धी आवश्यक सहायता व सेवा प्रदान की जाएगी। इस नीति के मुख्य उद्देश्य में राज्य से निर्यात में वृद्धि के लिए तकनीकी एवं भौतिक अवसंरचनाओं की स्थापना एवं विकास, निर्यात को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से उद्योगों के निर्यात सामर्थ्य के विकास के लिए आवश्यक समर्थन प्रदान स्थानीय, देश में निर्मित उत्पादों के लिए वैश्विक बाजार में उपलब्ध अवसरों का चिन्हांकन करना, निर्यात सम्बन्धी सर्वश्रेष्ठ प्रक्रियाओं को अंगीकृत करते हुए क्षमता विकास को प्रोत्साहित करना है, प्रस्तावित नीति के अंतर्गत पात्र इकाइयों को वर्तमान व्यवस्था के अनुसार ही पुरस्कार प्रदान किया जायेगा। वर्तमान में संचालित निर्यात पुरस्कार योजना के लिए वित्तीय प्रोत्साहन को सम्मिलित नहीं किया जायेगा। निर्यात नीति का फोकस हस्तशिल्प, कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद, इंजीनियरिंग गुड्स, हैण्डलूम एण्ड टेक्सटाइल, चर्म उत्पाद, कालीन एवं दरियां, ग्लास एवं सिरेमिक उत्पाद, काष्ठ उत्पाद, स्पोर्ट्स गुड्स, रक्षा उत्पाद, सेवा क्षेत्र, शिक्षा, पर्यटन, आईटी एवं आईटीईएस, मेडिकल वेल्यू ट्रेवल्स पर है।


कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, त्रयोदश खण्ड, (वि0/यॉ0), उ0प्र0 जल निगम लखनऊ

पत्रांक 1351/एम–6/262

दिनांक 19.11.2020

अल्पकालीन निविदा सूचना

उत्तर प्रदेश जल निगम की ओर से SITC of Pumping Plant alongwith Switch Gear, Main Piping Valves complete with Operation and maintenance work at Suthna Barsola W/S scheme Tubewell No. 2 district Lakhimpur Kheri हेतु निविदाओं की बिक्री दिनांक 01.12.2020 से दिनांक 05.12.2020 अपरान्ह 5:00 बजे तक वि0/यॉ0 कार्यों का अनुभव रखने वाली फर्मों/कान्ट्रेक्टर को की जायेगी। निविदा दिनांक 07.12.2020 को टेन्डर बाक्स में जमा किया जायेगा तथा उसी दिन दिनांक 07.12.2020 को अपरान्ह 3:30 बजे अधिशासी अभियंता, त्रयोदश खण्ड (वि0/यॉ0), उ0 प्र0 जल निगम, लखनऊ के कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा की बिक्री कार्यालय समय में अधिशासी अभियंता, त्रयोदश खण्ड, उ0 प्र0 (वि0/यॉ0), जल निगम, लखनऊ, परियोजना प्रबन्धक (चतुर्थ), निर्माण इकाई (वि0/यॉ0), उ0 प्र0 जल निगम लखनऊ एवं अधीक्षण अभियन्ता निरीक्षण मण्डल 10 उ0 प्र0 जल निगम, लखनऊ से की जायेगी। निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 1000.00 + 18 % GST है। निविदा सूचना से सम्बन्धित विवरण जल निगम की वेबसाइट **www.jn.upsdc.gov.in** से अथवा इस कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।



उत्तर प्रदेश पावर ट्रॉसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड **निविदा सूचना**

इस कार्यालय के द्वारा निम्नलिखित कार्य सम्पादन हेतु अनुभवी, दक्ष एवं जी0एस0टी0 में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा आमन्त्रित की जाती है जिसका विस्तृत विवरण टेन्डर वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। **अल्पकालीन ईटी–105/2020–21** विद्युत प्रेषण खण्ड प्रथम के अन्तर्गत 400 उन्नाव आगरा लाइन के सस्पेन्शन टावरों के पालीमर स्ट्रिंग के करोना रिंग, कन्डक्टर एंव टावर पार्ट पर पेन्टिग आदि का कार्य। **ईटी–106/2020–21** विद्युत प्रेषण खण्ड प्रथम के अन्तर्गत 220 के0वी0 फूलबाग पर क्लैप जा एवं ब्लेड की आपूर्ति। **ईटी–107/2020–21** विद्युत प्रेषण खण्ड प्रथम के अन्तर्गत 132 के0वी0 रनिया–चौबेपुर टी0एस0एस0 लाईन पर पेड़ों की कटाई एवं छटाई का कार्य। **ईटी–108/2020–21** विद्युत 220 के0वी0 पनकी पर स्थापित कर ए0सी0 की सर्विसिंग एवं अनुरक्षण का कार्य। **ईटी–109/2020–21** विद्युत 220 के0वी0 पनकी पर 132 के0वी0 जवाहरपुरम–बिठूर लाइन पर 70 के0एन0 के पोर्सलीन इन्सुलेटर को पालीमर से बदलने का कार्य। **ईटी–110/2020–21** विद्युत प्रेषण खण्ड प्रथम कानपुर के अन्तर्गत 220 के0वी0 उपकेन्द्र आर0पी0एच0 पर स्वियार्ड में बोर अर्थिंग का कार्य। **ईटी–111/2020–21** विद्युत प्रेषण खण्ड प्रथम कानपुर के अन्तर्गत 132 के0वी0 जैनपुर पर न्यूमेरिकल इलेक्ट्रोस्टिक रिले के स्थान पर रेक्टोफिटिंग का कार्य। **अल्पकालीन निविदा संख्या–टी–105** दिनांक **10.12.2020** एवं **टी 106 से 108 तक दिनांक 23.12.2020 एवं 109 से 111 तक दिनांक 24.12.2020** को खोली जायेगी। **अधीक्षण अभियन्ता** विद्युत पारेषण मण्डल, प्रथम पनकी, कानपुर। पत्रांक–1325, दिनांक–24.11.2020, **"राष्ट्र हित में बिजली बचाये" उपभोक्ता सेवा हेतु सम्पर्क करें–www.uppcl.org**


## कैबिनेट के फैसले

### योगी सरकार ने दी गंगा एक्सप्रेस-वे परियोजना के क्रियान्वयन को मंजूरी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**देश** के सबसे बड़े गंगा एक्सप्रेस–वे परियोजना के क्रियान्वयन को योगी सरकार ने मंजूरी दे दी है। मंगलवार को इस परियोजना को मंजूरी मिल गई। हालांकि इस परियोजना के लिए सरकार ने आंशिक बजट की व्यवस्था पहल ही कर ली थी और डीपीआर भी मंजूर कर लिया था लेकिन मंत्रिमंडल की औपचारिक मंजूरी मंगलवार को मिली है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गंगा एक्सप्रेस–वे की समीक्षा करके भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही 6 माह के भीतर कर लेने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। मेरठ से प्रयागराज तक 594 किमी लंबे गंगा एक्सप्रेस–वे के निर्माण कार्यों पर 36410 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। प्रदेश कैबिनेट ने इस एक्सप्रेस वे के समयबद्ध क्रियान्वयन संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। परियोजना के लिए तैयार कराए गए डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट के अनुसार इस एक्सप्रेस पर 36410 करोड़ रुपये खर्च होगा। गंगा एक्सप्रेस–वे मेरठ–बुलंदशहर के बिजौली गांव के पास से शुरू होकर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–19 के प्रयागराज बाईपास पर जुडापुर दांदू गांव के पास मिलेगा। यह मेरठ, हापुड, बुलंदशहर, अमरोहा, संभल, बदायूं, शाहजहांपुर, हरदोई, उन्नाव, रायबरेली होते हुए प्रयागराज तक जाएगा। कार्ययोजना के अनुसार इस एक्सप्रेस–वे के निर्माण के लिए, लिए छह महीने में भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही पूरी की जाएगी। सरकार आगामी विधानसभा आम चुनाव की तैयारियों के बीच जून–2021 में इस एक्सप्रेस–वे का शिलान्यास कराने का लक्ष्य तय किया है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि गंगा एक्सप्रेस–वे प्रवेश नियंत्रित परियोजना का निर्माण प्रारम्भ करने के लिए मिशन मोड पर कार्य किया जाए। परियोजना के निर्माण को आवश्यक औपचारिकताओं को पूर्ण कर जून 2021 तक कार्य अवश्य प्रारम्भ कर दिया जाए। कार्य समयबद्ध ढंग से पूर्ण हो सके, इसे ध्यान में रखकर निर्णय लिए जाएं।

गंगा एक्सप्रेस–वे के संरेखण में पड़ने वाले सभी 12 जनपदों में औद्योगिक क्लस्टर विकसित करने की दिशा में भी एक्सप्रेस–वे के निर्माण के साथ ही कार्य प्रारम्भ कर दिया जाए। इसके लिए आवश्यक भूमि प्राप्त करने की प्रक्रिया भी साथ–साथ संचालित की जाए। परियोजना के निर्माण के लिए 12 भाग प्रस्तावित हैं जिसकी विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार की गयी है।

**लखनऊ–आगरा एक्सप्रेस–वे पर निर्माणाधीन पुलिस चौकियों का काम होगा पूरा:** मंत्रिपरिषद ने लखनऊ–आगरा एक्सप्रेस वे पर यातायात सुरक्षा की दृष्टि से 5 निर्माणाधीन पुलिस चौकियों तथा 10 पुलिस चौकियों की स्थापना के सम्बन्ध में प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी है। मंत्रिपरिषद ने जनपद प्रयागराज में उत्तर रेलवे के अन्तर्गत प्रयाग–लखनऊ रेल खण्ड पर प्रयाग स्टेशन से फाफामऊ रेलवे स्टेशन के मध्य रेलवे द्वारा रेल उपरिगामी सेतु के निर्माण की लागत 5280.12 लाख रुपए में सहभागिता न किए जाने के दृष्टिगत दो लेन रेल उपरिगामी सेतु निर्माण की सम्पूर्ण परियोजना का व्यय भार राज्य सरकार द्वारा वहन किए जाने के प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया है।

**हमीरपुर में जैविक खेती के विकास की दूसरे चरण की योजना मंजूर:** मंत्रिपरिषद ने हमीरपुर में जैविक खेती के विकास की योजनान्तर्गत द्वितीय चरण के क्रियान्वयन के प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया है। प्रदेश में जैविक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हमीरपुर में जैविक खेती की योजना के 3 वर्षीय कार्यक्रम के प्रथम चरण का कार्य वित्तीय वर्ष 2016–17, 2017–18 एवं 2018–19 में संचालित किया गया। योजना के द्वितीय चरण का 3 वर्षीय कार्यक्रम वर्ष 2020–21 से 2022–23 तक पुन: प्रस्तावित किया जा रहा है जिस पर 14.28 करोड़ रुपए की धनराशि व्यय की जाएगी। योजना से किसानों की आय में वृद्धि के साथ–साथ उत्पादित जैविक कृषि उत्पादों के विपणन की व्यवस्था में रोजगार सृजन भी बढ़ेगा तथा कृषि की लागत में कमी आएगी। द्वितीय चरण में हमीरपुर के सभी सात विकास खण्डों में 20 क्लस्टर प्रति विकास खण्ड कुल 140 क्लस्टर में जैविक खेती के विकास की योजना तथा समस्त 7वकास खण्डों में 700 हेक्टेअर प्रति विकास खण्ड, इस प्रकार कुल सभी 7 विकास खण्डों में 4900 हेक्टेअर क्षेत्रफ ल में जीरो बजट प्राकृतिक खेती की योजना प्रस्तावित है। मंत्रिपरिषद ने राज्य विवि सहारनपुर में राजकीय महाविद्यालय पुँवारका सहारनपुर को आमेलित किए जाने सम्बन्धी प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी है। मंत्रिपरिषद ने उप्र पंडित दीन दयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विवि एवं गो–अनुसंधान संस्थान मथुरा में कार्यरत कुलपति, शिक्षकों के सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग की संस्तुतियों के आधार पर वेतनमान का पुनरीक्षण किए जाने सम्बन्धी प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया है।

**उप्र प्रदेश शैक्षणिक संस्थान (शैक्षणिक संवर्ग में आरक्षण) अध्यादेश–2020 प्रख्यापित**

लखनऊ। मंत्रिपरिषद ने उत्तर प्रदेश शैक्षणिक संस्थान (शैक्षणिक संवर्ग में आरक्षण) अध्यादेश 2020 को प्रख्यापित कराए जाने एवं उसका प्रतिस्थानी विधेयक राज्य विधान मण्डल में पुर:स्थापित–पारित कराए जाने के प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया है। यह निर्णय केन्द्रीय शैक्षिक संस्थाओं अध्यापक संवर्ग में आरक्षण अधिनियम–2019 के अनुक्रम में लिया गया है।

## पीजीआई, आरएमएल व केजीएमयू में संविदा पर नियुक्त होंगे रिटायर प्रोफेसर

**लखनऊ।** शहर के तीन प्रमुख चिकित्सा संस्थानों पीजीआई, केजीएमयू और डॉ राम मनोहर लोहिया संस्थान में प्रोफेसरों की कमी को दूर करने के लिए इन संस्थानों में रिक्त पदों पर सरकार ने रिटायर प्रोफेसरों को संविदा के आधार पर भर्ती करने का फैसला किया है। चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रस्ताव को मंगलवार को कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। प्रदेश में स्थापित एम्स की तर्ज पर संविदा पर नियुक्त होने वाले प्रोफेसरों को 2.20 लाख रुपये प्रतिमाह की दर से पारिश्रमिक दिए जाने का भी फैसला किया गया है। सुपर स्पेशियलिटी वाले इन तीनों संस्थानों में प्रोफेसर के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए हाल में ही सरकार ने विज्ञापन जारी किया था लेकिन उपयुक्त अभ्यर्थी नहीं मिल पाने की वजह से इन पदों पर स्थाई भर्ती नहीं हो पा रही है। इस वजह से भर्ती की प्रक्रिया लटकी हुई है। इसके मद्देनजर सरकार ने फिलहाल राजकीय मेडिकल कॉलेजों और आर्म्ड फोर्सेज मेडिकल सर्विसेज से रिटायर चिकित्सा शिक्षकों को संविदा के आधार पर नियुक्त करने का फैसला किया है।

## गोरखपुर व वाराणसी मंडल में एकीकृत कार्यालय का होगा निर्माण

**मंत्रिपरिषद** ने गोरखपुर एवं वाराणसी मण्डल में मण्डल स्तर पर एकीकृत कार्यालय परिसर के निर्माण के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी है। साथ ही योजना के क्रियान्वयन में किसी संशोधन की आवश्यकता का अनुभव होता है तो उसके लिए मुख्यमंत्री को अधिकृत किया गया है। एकीकृत मण्डलीय कार्यालय निर्माण से मण्डल स्तर पर स्थित विभिन्न सरकारी कार्यालय एक ही परिसर में स्थानान्तरित होकर कार्य कर सकेंगे, जिससे न केवल आना–जाना आसान होगा अपितु तकनीकी सुविधाओं से युक्त होने के कारण कार्यालय वातावरण भी कार्य के सुचारु रूप से संचालन के लिए उपयुक्त हो सकेगा।

## अयोध्या में एयरपोर्ट का नाम मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम हवाई अड्डा होगा

**लखनऊ।** राज्य सरकार ने अयोध्या स्थित एयरपोर्ट का नामकरण मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम हवाई अड्डा अयोध्या किए जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी है। साथ ही इस सम्बन्ध में राज्य विधानसभा में पारण के लिए प्रस्तावित संकल्प के आलेख को भी अनुमोदित कर दिया है। मंत्रिपरिषद द्वारा अनुमोदित इस संकल्प को राज्य विधानसभा से पारित कराकर अयोध्या स्थित एयरपोर्ट का नामकरण मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम हवाई अड्डा अयोध्या किए जाने का प्रस्ताव नागर विमानन मंत्रालय भारत सरकार को प्रेषित किए जाने का निर्णय भी लिया गया है। भगवान श्रीराम जी की जन्मभूमि को देखते हुए सरकार ने अयोध्या में हवाई अडडे का नाम बदले का निर्णय लिया है।

## उप्र राज्य न्यायालय वीडियो कांफ्रेंसिंग नियमावली 2020 का प्रख्यापन

**लखनऊ।** मंत्रिपरिषद ने उत्तर प्रदेश राज्य न्यायालय वीडियो कांफ्रेंसिंग नियमावली 2020 के प्रख्यापन के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी है। प्रदेश में कोरोना महामारी फैलने एवं अभी तक इसका समुचित इलाज न होने के कारण इससे बचाव के लिए लॉकडाउन, सामाजिक दूरी बनाए रखने आदि सम्बन्धी दिशा निर्देश समय–समय पर जारी किए गए हैं जिसका प्रभाव न्यायालयों की कार्यवाही पर पड़ा है। कोरोना महामारी के दौरान न्यायालयों में समुचित रूप से सुनवाई हो पाने एवं वादी, प्रतिवादी को न्याय दिलाने के लिए वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम सुनवाई की आवश्यकता महसूस की गयी। इसके दृष्टिगत उच्च न्यायालय द्वारा अनुच्छेद 225 व 227 के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश राज्य न्यायालय वीडियो कांफ्रेंसिंग नियमावली 2020 बनाये जाने का प्रस्ताव उपलब्ध कराया गया है। इसमें न्यायालयों में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से कार्य संचालन के सम्बन्ध में व्यवस्था विहित की गई है। वहीं मंत्रिपरिषद ने सरयू नहर परियोजना फेज–3 एवं अर्जुन सहायक परियोजना के अन्तर्गत प्रक्षेत्र विकास कार्य कराए जाने की कार्ययोजना को स्वीकृति प्रदान कर दी है।


मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि0, लेसा, लखनऊ **अल्पकालीन ई–निविदा सूचना**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित निविदाओं के समक्ष उनके सम्मुख अंकित कार्यों को सम्पादित करने हेतु प्रतिष्ठित एवं अनुभवी ठेकेदारों/आपूर्तिकर्ताओं से दो भागो में अलग–अलग निविदाएं ई–टेण्डरिंग के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा सम्बन्धी समस्त जानकारी/निविदा प्रपत्र तथा नियम व शर्ते ई–टेण्डरिंग की वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर अवलोकित की जा सकती है। निविदाओं में आर०टी०जी०एस०/एन०ई०एफ०टी० के माध्यम से जमा की गई निविदा मूल्य व धरोहर धनराशि की रसीद/साक्ष्य की प्रति अपलोड, वाणिज्यिक, तकनीकी, अनुभव आदि पठनीय प्रपत्र निविदा के प्रथम भाग में तथा द्वितीय भाग में केवल मूल्य/दरें ई–पोर्टल https://etender.up.nic.in पर दिनांक 07–12–2020 को 17:00 बजे तक अपलोड की जानी है। ई–निविदा का प्रथम भाग दिनांक 08–12–2020 को 02:00 बजे अथवा उसके उपरान्त खोला जाएगा। निविदा की अवधि विस्तारण, पुर्नप्रकाशन, शुद्धि पत्र, संशोधन अथवा निरस्तीकरण की सूचना www.mvvnl.in एवं https://etender.up.nic.in पर ही अपलोड की जाएगी। अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये एक या सभी निविदाओं को निरस्त करने/विभिन्न फर्मो के मध्य विभक्त करने/संशोधन/मात्रा को ±10% घटाने/बढ़ाने करने का अधिकार सुरक्षित होगा, निविदा का विवरण निम्नवत् है– 1. निविदा सं0–26/वि.न.वि.म.–III/2020–21– – विद्युत नगरीय वितरण खण्ड–अपट्रान के अधीन उपखण्ड अपट्रान एवं नूरबाड़ी के अर्न्तगत जर्जर पोलों की मरम्मत सम्बन्धित समस्त कार्य। धरोहर धनराशि– रू0 2000.00 निविदा शुल्क–रू0 1000+180 = 1180/– जी.एस.टी. सहित (अप्रतिदेय) 2. निविदा सं0–27/वि.न.वि.म.–III/2020–21– विद्युत नगरीय वितरण खण्ड–अपट्रान के अधीन उपखण्ड अपट्रान के अर्न्तगत वितरण परिवर्तकों की अर्थिंग का कार्य। धरोहर धनराशि– रू0 2000.00 निविदा शुल्क– रू0 1000+180 = 1180/ जी.एस.टी. सहित (अप्रतिदेय) **(अधीक्षण अभियंता) विद्युत नगरीय वितरण मण्डल–तृतीय लेसा, लखनऊ** पत्रांक–2792 दिनांक– 24.11.2020 राष्ट्रहित मे ऊर्जा बचाएं। बल्ब की जगह एल.ई.डी. लगाए।


## एनसीसी ने मनाई 72 वीं वर्षगांठ,कैडेट्स का हुआ सम्मान

### देश की प्रगति में एनसीसी कैडेट्स का अहम योगदानः आराधना शुक्ला

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**बाबासाहेब** भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय में मंगलवार को एनसीसी की 72 वीं वर्षगांठ पर भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी प्रेक्षागृह में यूपी एनसीसी डायरेक्टरेट द्वारा समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर आराधना शुक्ला एडीशनल चीफ सेक्रेट्री, यूपी सेकेंडरी एजुकेशन, विशिष्ट अतिथि के रूप में कुलपति प्रो संजय सिंह और मेजर जनरल राकेश राणा व उत्तर प्रदेश एनसीसी के कैडेट्स व अधिकारी समारोह में उपस्थित रहे। इस अवसर पर 18 कैडेट्स और कर्मचारियों को डीजी एनसीसी कमेंडेशन कार्ड 2020 से सम्मानित किया गया

कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का संदेश पढ़ा गया। अपने संदेश के माध्यम से उन्होंने आज इस समारोह के आयोजन पर प्रशंसा व्यक्त करते हुए कहा कि देश के निर्माण में एनसीसी की अहम भूमिका रही है। एनसीसी कैडेट्स बेहतर प्रशिक्षण प्राप्त कर देश की सेवा में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं, कोविड.19 के दौरान ऑनलाइन माध्यम से एनसीसी कैडेट्स ने जागरूकता फैलाने का सराहनीय कार्य किया है। विषम परिस्थितियों में सदैव एनसीसी का सहयोग देश को प्राप्त होता रहता है। देश के प्रति समर्पित एनसीसी कैडेट्स की सराहना करते हुए उन्होंने कैडेट्स के उज्जवल भविष्य की कामना की और सभी को इस कार्यक्रम के आयोजन पर बधाई भी दिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि आराधना शुक्ला ने कहा कि एनसीसी देश प्रेम से ओत प्रोत है और देश में विभिन्न क्षेत्रों में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए कटिबद्ध है। देश को अनुशासन, राष्ट्रीय एकता और देश प्रेम का उदाहरण प्रस्तुत करने के लिए जिस समर्पण से एनसीसी लगा हुआ है, उसके लिए मैं एनसीसी को नमन करती हूं। कर्नल नीलम गुरुंग डायरेक्टर उत्तर प्रदेश डायरेक्टरेट ने एनसीसी 2020 की रिपोर्ट प्रस्तुत की और बताया कि पूरे देश मे सबसे ज्यादा कैडेट्स उत्तर प्रदेश से हैं जो देश के विभिन्न क्षेत्रों और विभिन्न सरकारी योजनाओं को जन जन तक पहुचाने व जागरूकता लाने की दिशा में अपना योगदान दे रहे हैं। कुलपति प्रो संजय सिंह व मुख्य अतिथि आराधना शुक्ला द्वारा सीएम सिल्वर व गोल्ड मैडल पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एनसीसी कैडेट ईजर्नल भी रिलीज की गई।

**इन्हें मिला गोल्ड मेडल:** सीएम गोल्ड मेडल विजेता में सीनियर अंडर ऑफिसर सैयद जीशान हाशमी कानपुर, सीनियर अंडर ऑफिसर दिव्या पाल कानपुर, कैडेट शाश्वत शर्मा अलीगढ़, कैडेट शिवदीन यादव गोरखपुर, सीनियर अंडर ऑफिसर कंचन मिश्रा गोरखपुर व कैडेट दीक्षा दुबे को सम्मानित किया गया।

**इन्हें मिला सिल्वर मेडल:** कुलपति द्वारा सीएम सिल्वर मेडल से सीनियर अंडर ऑफिसर गीतिका यादव कानपुर ग्रुप, अंडर ऑफिसर कंचन श्रीवास्तव गोरखपुर, अंडर ऑफिसर साहिबा खान गोरखपुर, कैडेट शिवम पाल लखनऊ, कैडेट कुलदीप अलीगढ़, कैडेट निशांत सिंह तोमर अलीगढ़ को सम्मानित किया गया।

## लगाओ सीट बेल्ट, पहनो हेल्मेट और रोड सेफ्टी की दुआएं ले लो

### ● राजधानी के विभिन्न चौराहों पर किन्नरों ने सड़क सुरक्षा का पढ़ाया पाठ

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**पीली** साड़ियों में शहर की सड़कों पर उतरीं किन्नरों के समूह ने जब चौराहों के सिग्नल पर यातायात को तालियां बजाकर रोका तो लोग कुछ देर के लिए वाहन सवार चौंक उठे। गाड़ियों के आगे पहुंची किन्नरों ने कहा, बाबू पायलट बन रहे हो तो पायलट सी सेफ्टी का भी ख्याल रखो। लगाओ सीट बेल्ट, पहनो हेल्मेट और रोड सेफ्टी की दुआएं ले लो। मंगलवार को सात किन्नरों का समूह रोड सेफ्टी के नियमों का अनुपालन कराता दिखा। इसकी शुरुआत बंगला बाजार से हुई जब चल रहे एक वाहन सवार को बिना सीट बेल्ट लगा तालियां बजाकर दल ने रोका। पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से यातायात का संचालन किन्नरों ने किया।

कृषिका की अगुवाई में सबा, प्रिया, बेबो, डिंपी, कजरी, रौशन ने वाहन स्वामी को सुरक्षा संबंधी नियमों का पाठ पढ़ाया। करीब एक मिनट के प्ले में दल के सदस्यों ने बाइक सवारों को हेलमेट न पहनने पर सचेत किया। इसके बाद अवध चौराहे की ओर का रुख किया। इसके बाद राशिका भूटानी के नेतृत्व में टीम बस स्टेशन पहुंची। यहां चालकों के साथ साथ यात्रियों को भी आगाह किया। कोविड.19 के खतरे को देखते हुए किन्नरों ने कहा मास्क लगाओ संक्रमण से करो बचाओ। यात्रियों को सड़क सुरक्षा नियमों का पाठ पढ़ाते हुए सदस्य हजरतगंज, पॉलीटेक्निक, लोहिया चौराहा और 1090 चौराहे पर वाहन सवारों का सड़क सुरक्षा की जानकारी देतीं नजर आईं। कार्यक्रम का आयोजन परिवहन विभाग की ओर से एक निजी संस्था द्वारा कराया गया। इस अवसर पर संभागीय परिवहन अधिकारी रामफेर द्विवेदी, विदिशा सिंह, एआरटीओ सतेंद्र यादव समेत परिवहन विभाग के कई अधिकारी मौजूद रहे।

## स्टाइपेंड को लेकर इंटर्न डाक्टरों ने दिया धरना, सौंपा ज्ञापन

**लखनऊ।** किंग जार्ज मेडिकल विश्वविद्यालय के एमबीबीएस इंटर्न डाक्टरों ने मंगलवार को समान कार्य, समान वेतन की मांग को लेकर धरना दिया। इसके बाद उन्होंने कुलपति, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, कुलानुशासक एवं महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण को ज्ञापन सौंपा। एमबीबीएस एवं बीडीएस इंटर्न के स्टाइपेंड में पिछले 10 सालों से कोई वृद्धि नहीं हुई है। रेजिडेंट्स डॉक्टर्स एसोसिएशन की अध्यक्ष डॉ कावेरी ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि कोविड महामारी के समय दूसरे राज्यों में इंटर्न का स्टाइपेंड बढ़ाया जा चुका है। वहीं उत्तर प्रदेश में किसी भी मेडिकल संस्थान में इंटर्न का स्टाइपेंड अब तक नहीं बढ़ाया गया है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में मिल रहा स्टाइपेंड बहुत कम है। दूसरे प्रदेशों में यहां के मुकाबले तीन से चार गुना ज्यादा स्टाइपेंड मिल रहा है।

## जस्ट डायल कम्पनी के मैनेजर पर धोखाधड़ी का केस

**लखनऊ।** जस्ट डायल प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजर पर एक महिला ने 50 हजार की धोखाधड़ी का मुकदमा जानकीपुरम थाने में दर्ज कराया है। पुलिस के अनुसार जानकीपुरम विस्तारए सेक्टर पांच निवासी दामिनी शुक्ला का पीएनबी बैंक में बचत खाता है। दामिनी का आरोप है कि उनकी बिना जानकारी के जस्ट डायल प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी ने जनवरी 2018 से सितम्बर 2020 तक उनके खाते से धोखाधड़ी कर पहली बार तीन हजार और इसके बाद प्रति माह 1180 रुपये करके करीब 50 हजार रुपये निकाल लिया। एक माह पूर्व उन्हें धोखाधड़ी की जानकारी हुई। इसके बाद उन्होंने कम्पनी के मैनेजर तहजीब से फोन व ईमेल से शिकायत करते हुए जानकारी मांगी। लेकिन मैनेजर तहजीब धोखाधड़ी मामले में कोई ठोस जवाब नही दे सके। पीड़िता ने जानकीपुरम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## जालसाज ने बैंक खाते से 62 हजार निकाले

**लखनऊ।** जानकीपुरम के अभिषेकपुरम निवासी ज्ञानती देवी ने बताया कि उनका स्टेट बैंक ऑफ इंडिया जानकीपुरम में बचत खाता है। 27 अक्टूबर को उनके खाते से करीब 62000 रुपये जालसाजों ने निकाल लिया। 15 नवम्बर को बैंक स्टेटमेंट निकलवाने के बाद पीड़िता को ठगी का पता चला। पीड़िता ने जानकीपुरम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। एसओ जानकीपुरम अभिषेक तिवारी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले में छानबीन की जा रही है।

## 48 घंटे बाद भी किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी पुलिस

**लखनऊ।** विभूतिखण्ड पुलिस 48 घंटो बाद भी पूर्व विधायक के नौकर की खुदकुशी के कारणों का पता नहीं लगा सकी। पुलिस का कहना है कि मृतक युवक का शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। परिजनों से पूछताछ करने की बात कही जा रही है। पुलिस के अनुसार लखीमपुर खीरी जिले के धौरहरा विधानसभा से पूर्व विधायक यशपाल चौधरी का विभवखंड चार में मकान है। उन्होंने रविवार करीब पांच बजे अपने कर्मचारी लखीमपुर खीरी ईसानगर महरिया निवासी मनोज यादव के खुदकुशी करने की जानकारी दी थी। इस दौरान पुलिस को मृतक युवक मनोज का शव मकान के बेसमेंट में लटका मिला था। इसके बाद डीसीपी पूर्वी चारुनिगम के नेतृत्व में पुलिस टीम ने जांच पड़ताल शुरु की। साथ ही शव को कब्जे में लेकर मर्चरी हाउस में रखवा दिया था। इसके बाद मृतक के परिजनों को घटना की जानकारी दी। इंस्पेक्टर संजय शुक्ला ने बताया कि सोमवार को मृतक युवक मनोज यादव का शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। साथ ही मामले की गहनता से जांच पड़ताल की जा रही है। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है। हालांकि मौत का स्पष्ट कारण परिजनो से पूछताछ व पीएम रिपोर्ट की जांच के बाद हो सकेगी।

## ब्रेनोब्रेन वन्डरकिड प्रतियोगिता में सीएमएस छात्र को गोल्ड मेडल

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम (प्रथम कैम्पस) के कक्षा-6 के मेधावी छात्र पार्थ सारथी ने शैक्षिक संस्था ब्रेनोब्रेन के तत्वावधान में आयोजित नेशनल लेविल इण्टर-स्कूल ऑनलाइन कम्पटीशन ब्रेनोब्रेन वन्डरकिड-2020 में गोल्ड मैडल अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। इस प्रतियोगिता में देश के कई प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग किया जिसमें सीएमएस के इस मेधावी छात्र ने मेंटल मैथ्स, लॉजिकल एबिलिटी, जनरल नॉलेज एवं स्पीड टाइपिंग में अपनी दक्षता का प्रदर्शन कर गोल्ड मैडल अर्जित किया। सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि आयोजकों ने इस प्रतिभाशाली छात्र की बहुमुखी प्रतिभा की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए गोल्ड मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। श्री शर्मा ने बताया कि यह प्रतियागिता छात्रों को बौद्धिक क्षमता पर ध्यान केन्द्रित करने तथा त्वरित गति से समाधान ढूढ़ने एवं सीखने की क्षमता का विकास करने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी।

## नोडल अधिकारी ने किया पशु आश्रय केंद्र का निरीक्षण

**निगोहां।** मंगलवार को उतरावा के पशु आश्रय केंद्र का पशु पालन विभाग के नोडल अधिकारी डॉ. हरदेव सिंह ने निरीक्षण किया। जहां पर उन्होंने मवेशियों की गणना, साफ-सफाई, भूसा स्टॉक और आश्रय केंद्र के देखरेख के प्रबंध को देखा। उन्होंने ग्राम प्रधान को सुझाव देते हुए कहा कि आश्रय केंद्र का जो गोबर एकत्र होता है उसकी बिक्री न करके एक टैंक बना कर इससे खाद तैयार कराई जाए ताकि इससे तैयार खाद का उचित मूल्य भी मिले और खेती पर भी कोई दुष्प्रभाव न पड़े और अच्छी फसल भी तैयार हो। इससे पूर्व उन्होंने आश्रय केंद्र के नर और मादा मवेशियो की गणना कराई तथा साफ-सफाई का भी निरीक्षण किया। आश्रय केंद्र में चारा कैसे पहुंचाया जाता है, इसका भी उन्होंने पूरा ब्यौरा देखा। केंद्र की सफाई व्यवस्था देखकर वह संतुष्ट दिखे। निरीक्षण के इस कार्यक्रम में पशु चिकित्सालय नगराम की टीम भी उपस्थित रही।

## अवैध शराब के खिलाफ चला अभियान, तीन गिरफ्तार

**लखनऊ।** बख्शी का तालाब पुलिस ने अवैध शराब की बिक्री के खिलाफचलाए जा रहे अभियान के तहत दो अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र सिंह के नेतृत्व में बख्शी का तालाब पुलिस ने अभियुक्त सुरेंद्र रावत पुत्र राम कुमार रावत निवासी ग्राम खंतारी बीकेटी और सोनू पुत्र मोहन लाल निवासी शाहपुर का बीकेटी को 10-10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। वहीं, नगराम थाना क्षेत्र से उप निरीक्षक महेंद्र सिंह ने अभियुक्त शीलू पुत्र सरपंच निवासी बलसिंह खेड़ा को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए तीनों अभियुक्तों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की है।

## छेड़खानी का आरोपी दबोचा गया

**लखनऊ।** महानगर पुलिस ने छेड़छाड़ के आरोप में एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है। थाना प्रभारी यशवंत सिंह ने बताया कि थाने पर एक पीड़िता ने छेड़छाड़ गाली गलौज और धमकी देने का मुकदमा सलमान पहाड़ी के खिलाफदर्ज कराया था। जिसकी जांच उपनिरीक्षक रामगोपाल कर रहे थे। जांच के दौरान मुकदमे के नामजद अभियुक्त सलमान पहाड़ी पुत्र लल्लन निवासी तकिया निशातगंज को मुखबिर की सूचना के आधार पर उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

## दुकान का शटर काटकर सामान व नकदी चोरी

**लखनऊ।** गोमती नगर विस्तार थाना क्षेत्र में पुलिस की गश्त ना करने की वजह से अपराध चरम सीमा पर है। यहां बेखौफचोरों ने बीती रात एक दुकान का शटर तोड़कर उसमें से सरिया सीमेंट और बिक्री के रुपए चोरी कर लिए। सुबह शटर टूटा देख दुकानदार के होश उड़ गए। उसने पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन के बाद पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक थाना पर राहुल कुमार गर्ग पुत्र उपेंद्र कुमार गर्ग निवासी विवेक खंड ने सूचना दी कि उनकी लखनऊ लोहा भंडार की दुकान मलेसे मऊ में है। सोमवार कि बीती रात को बेखौफचोरों ने दुकान का शटर तोड़कर दुकान के अंदर से अलमारी का लॉकर तोड़कर बिक्री के रुपए, सरिया व सीमेंट चोरी कर लिया। सूचना पर पुलिस ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज पूरे मामले की तहकीकात शुरू कर दी है।

## एचआईवी संक्रमण से बचाव पर जागरूकता के लिए क्विज सम्पन्न

लखनऊ। उत्तर प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी द्वारा एचआईवी संक्रमण तथा रक्तदान के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से मंगलवार को अंतर विश्वविद्यालय स्तर पर वर्चुअल क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। परियोजना निदेशक राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी पंकज कुमार ने बताया कि इसमें अलग अलग जिलों से छह विश्व विद्यालय के बच्चों ने प्रतिभाग किया। जिसमें बीएचयू वाराणसी, डॉक्टर भीमराव अंबेडकर यूनिवर्सिटी आगरा, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय, बुंदेलखंड विश्वविद्यालय तथा केके पीजी कॉलेज इटावा के बच्चे शामिल थे। देर शाम तक चली क्विज के कई राउंड से संपन्न हुए जिसमें अंतिम रूप से प्रथम द्वितीय तथा तृतीय विजेता चयनित किए गए।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**लखनऊ।** विभूतिखंड थाना इलाके के अयोध्या हाईवे पर मंगलवार देर शाम सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। जबकि बाइक पर सवार उसके चाचा की हालत गंभीर बनी हुई है। इंस्पेक्टर संजय शुक्ला के मुताबिक मंगलवार शाम करीब 7.30 बजे महानगर के रहीमनगर निवासी शुभम सिंह राजपूत बाइक से अपने चाचा धर्मेंद्र राजपूत के साथ चिनहट से पॉलिटेक्निक चौराहे की ओर वापस घर लौट रहा था। इस दौरान स्थानीय थाना इलाके के अयोध्या हाईवे के कमता फ्लाईओवर पर अज्ञात वाहन ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। ऐसे में बाइक चला रहा शुभम उछलकर बीच हाईवे पर जा गिरा। हालांकि राहगीर जब तक कुछ समझ पाते उससे पहले आरोपी वाहन चालक रौंदता हुआ मौके से भाग निकला। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए राम मनोहर लोहिया अस्पताल अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने 28 वर्षीय शुभम सिंह राजपूत को देखते ही मृत घोषित कर दिया।

## पुलिस विभाग के 11 कार्मिकों को दी गई अनिवार्य सेवानिवृति

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में शासन की मंशा के अनुरूप जारी आदेशों के आधार पर मंगलवार को पुलिस विभाग में तैनात 11 कार्मिकों को अनिवार्य सेवानिवृत्ति दे दी गई है। पुलिस आयुक्त डीके ठाकुर ने बताया कि ऐसे कार्मिकों को जो 30 मार्च 2020 को 50 वर्ष अथवा 50 वर्ष से अधिक की आयु पूर्ण कर चुके हैं तथा उनकी दक्षता पुलिस भर्ती संस्कृति के अनुरूप नहीं है को शासनादेश के आधार पर हटाया गया है। 26 अक्टूबर एडीजी स्थापना उत्तर प्रदेश के पत्र के आधार पर 5 सितंबर 2020 में निहित प्रावधानों एवं प्रक्रिया का पालन करते हुए स्क्रीनिंग के लिए सक्षम स्तर पर कमेटी का गठन किया गया था। कमेटी ने 31 मार्च 2020 को 50 वर्ष पूर्ण कर रहे कर्मियों की दक्षता का गहनता से अध्ययन किया कमेटी की संस्कृति के आधार पर मंगलवार को 3 उप निरीक्षक सात आरक्षी व एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को अनिवार्य सेवानिवृत्ति दे दी गई है।

# डीएम के निरीक्षण में 194 अधिकारी व कर्मचारी पाए गए अनुपस्थित

संवाददाता। अयोध्या



**शासन** एवं जिला प्रशासन के निर्देश पर कार्यालया में अधिकारियो एवं कर्मचारियो की समय से उपस्थिति सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान 194 अधिकारी एवं कर्मचारी अनुपस्थित पाये गये। जिलाधिकारी अनुज कुमार झा के निर्देशन में एक दर्जन से अधिक कार्यालय का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने स्वंय कलेक्ट्रेट एवं सिचाई विभाग का निरीक्षण कियाए कलेक्ट्रेट में 21 तो सिचाई विभाग में 16 अधिकारी कर्मचारी अनुपस्थित पाये गये। अपर जिलाधिकारी नगर श्री वैभव शर्मा द्वारा जिला पूर्ति कार्यालय का निरीक्षण किया जिसमें शत.प्रतिशत उपस्थिति मिली। अपर जिलाधिकारी प्रशासन द्वारा कार्यालय जिला पंचायत का निरीक्षण किया गये जिसमें 13 कर्मचारी अनुपस्थित पाये गये। मुख्य राजस्व अधिकारी पीडी गुप्ता द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षण कार्यालय में 04 तथा विद्युत खण्ड प्रथम में 05 कर्मचारी अनुपस्थित, उपजिलाधिकारी सदर ज्योति सिंह द्वारा लोक निर्माण विभाग के प्रान्तीय खण्ड का निरीक्षण किया गया जिसमें 09 कर्मचारी अनुपस्थित मिले, उपजिलाधिकारी द्वारा ब्लाक कार्यालय का निरीक्षण किया गया जिसमें 08, उपजिलाधिकारी बीकापुर द्वारा सामुदायिक केन्द्र का निरीक्षण किया गया जिसमें 24, उपजिलाधिकारी सोहावल द्वारा नगर पंचायत भरदसा का निरीक्षण किया गया जिसमें 04 कर्मचारी अनुपस्थित मिले, उपजिलाधिकरी मिल्कीपुर द्वारा किये गये निरीक्षण में 05 कर्मचारी, मुख्य विकास अधिकारी प्रथमेश कुमार द्वारा उपनिदेशक कृषि, संयुक्त निदेशक कृषि, जिला कृषि अधिकारी, सहायक निदेशक मृदा परीक्षण, अधिशाषी अभियन्ता जल निगम, अधिशाषी अभियन्ता नलकूप खण्ड, जिला विद्यालय निरीक्षक, खण्डीय कार्यालय विद्युत प्रेषण खण्ड कार्यालय सहित उपशिक्षा निदेशक माध्यमिक व विकास भवन स्थित सभी कार्यालयो का निरीक्षण किया गया इन कार्यालयो में 73 अधिकारी एवं कर्मचारी अनुपस्थित मिले। जिला विकास अधिकारी हवलदार सिंह द्वारा वेसिक शिक्षा विभाग का निरीक्षण किया गया जिसमें 07 कर्मचारी अनुपस्थित पाये गये। परियोजना निदेशक कमलेश सोनी द्वारा किये गये पीडब्लूडी निर्माण.02 में 05 कर्मचारी अनुपस्थित मिले जबकि कार्यालय जिला लेखा परीक्षा अधिकारी सहकारी समिति एवं पंचायत तथा उप मुख्य लेखा परीक्षा अधिकारी सहकारी समिति एवं पंचायत 10:25 तक बन्द मिला। जिलाधिकारीअनुज कुमार झा ने निरीक्षण के दौरान कहा कि कोविड.19 महामारी के दौरान हम सब का यह पुनीत कर्तव्य है कि कार्यालयो में अपनी समस्याओ को लेकर आ रहे जनता को अनावश्यक रूप से इन्तिजार न करना पड़े इसके लिए हमसभी को समय से कार्यालयो में उपस्थित होकर उनके द्वारा दिये गये शिकायती पत्रो का निराकरण करना है साथ ही विकास को गति भी प्रदान करनी है सभी अधिकारी एवं कर्मचारी समय से कार्यालय में उपस्थित हो। उन्होंने बताया कि जो अधिकारी एवं कर्मचारी अनुपस्थित मिले है उनके आधे दिन का वेतन काटने व चेतावनी देने के निर्देश दिये गये है तथा स्पष्टीकरण भी मांगा गया है।

## एसडीएम ने कार्यालयों का किया औचक निरीक्षण अनुपस्थित कर्मचारियों का रोका गया वेतन

**मिल्कीपुर, अयोध्या।** जिलाधिकारी के निर्देश पर उपजिलाधिकारी मिल्कीपुर दिग्विजय प्रताप सिंह ने मिल्कीपुर क्षेत्र में स्थित सीडीपीओ कार्यालय समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिल्कीपुर व तहसील परिसर का किया औचक निरीक्षण। निरीक्षण के दौरान में सीडीपीओ कार्यालय में सुपरवाइजर मुख्य सेविका राम लली अवस्थी व विभा सिंह अनुपस्थित रही। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिल्कीपुर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक मिल्कीपुर हसन



किदवई व सफाई कर्मी मौजूद मिले जिसमें अवधेश शर्मा एसटीएस अनुपस्थित रहे। तहसील परिसर में निरीक्षण के दौरान सप्लाई स्पेक्टर लालमणि भी अनुपस्थित मिले सभी अनुपस्थित कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस व एक दिन का वेतन रोकने का उपजिलाधिकारी मिल्कीपुर विजय प्रताप सिंह ने दिया निर्देश।

## कमिश्नर ने कई कार्यालयों का किया स्थलीय निरीक्षण

**अयोध्या।** मण्डलायुक्त एमपी अग्रवाल द्वारा आज कार्यालय मुख्य अभियन्ता जल निगम, मुख्य अभियन्त सरयू खण्ड प्रथम, मुख्य अभियन्ता लोक निर्माण अयोध्या क्षेत्र, अधीक्षण अभियन्ता लोक निर्माणए अधिशाषी अभियन्ता गुण क्वालिटी नियंत्रण कार्यालयो का निरीक्षण किया गया। मण्डलायुक्त ने कहा कि सभी अधिकारी कर्मचारी समय से कार्यालय आये तथा अपने पटल से संबंधित कार्यो को कोविड.19 के प्रोटोकाल के पालन के साथ निस्तारण करे। आयुक्त द्वारा कार्यालय के उपस्थित पंजीका का अवलोकन किया गया। अनुपस्थित अधिकारियो एवं कर्मचारियो के वेतन काटने का निर्देश देते हुए चेतावनी देने को कहा। जिससे अधिकारी एवं कर्मचारी समय से अपने कार्यस्थ्ल पर उपस्थित हो ताकि जनता को कोई समस्या न हो। निरीक्षण के दौरान अधीक्षण अभियन्ता पीडब्लूडी में 12, मुख्य अभियन्ता पीडब्लूडी में 08, मुख्य अभियन्ता सरयू प्रथम में 02, मुख्य अभियन्ता जल निगम में 06 तथा मुख्य अभियन्ता गुण नियंत्रण में 10 कुल 38 अधिकारी एवं कर्मचारी अनुपस्थित पाये गये। निरीक्षण के दौरान आयुक्त के विशेष सहायक कार्यालय प्रभारी संच्चिदानंद उपस्थित थें।

# डीएम ने किया धान क्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण

**अम्बेडकरनगर।** खरीफ विपणन वर्ष 2020– 21 में मूल्य समर्थन योजना अंतर्गत जनपद में किसानों के धान ऋय करने हेतु संचालित ऋय केंद्रों पर आज जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र द्वारा औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी नवीन मंडी परिसर सिझौली पहुंचकर धान तौल की व्यवस्थाओं से रूबरू हुए इस दौरान जिलाधिकारी ने ऋय केंद्र मंडी समिति का जायजा लिये। मौके पर मंडी सचिव कुलभूषण वर्मा, केंद्र प्रभारी भूपेंद्र यत्री उपस्थित थे। इस केंद्र पर अब तक कुल 31 सौ कुंतल लगभग धान ऋय किया जा चुका है मौके पर 7 ट्राली धान तौल की जा चुकी थी आगे की प्रक्रिया चल रही थी। जिलाधिकारी ने केंद्र प्रभारी को धान ऋय में तेजी लाने के निर्देश दिये । निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मंडी सचिव कुल भूषण वर्मा को निर्देश देते हुए कहा कि धान सफाई करने वाली चारो मशीन विनोइंग पावर फैन आज शाम तक ठीक करवा ले जिससे किसानों के धान ऋय करने में तेजी लाया जा सके। ऋय केंद्र पर उपस्थित किसान खेलई से जिलाधिकारी द्वारा पूछताछ किया गया तो किसान खेलई ने बताया कि मेरा 60 बोरी धान अर्थात 24 कुंतल है किसान ने बताया कि मुझे कोई समस्या नहीं हो रही है ऋय केंद्र पर मेरा नंबर आ जाने पर धान तौला जाएगा। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने किसानों के विश्राम कक्ष का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने मंडी सचिव को निर्देश देते हुए कहा कि विश्राम कक्ष में 8 तख्त, पर्याप्त मात्रा में विस्तर ,माक्स, सैनिटाइजर उपलब्ध होना चाहिए।

# श्रीराम नगरी में भोजपुरी फिल्म 'आन बान शान' की शूटिंग प्रारंभ

- सिद्ध पीठ हनुमानगढ़ी के महंत संकट मोचन सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत संजय दास ने पूजन करके फिल्म के शूटिंग का किया शुभारंभ

संवाददाता। अयोध्या



**मां सरयू** के पावन तट पर स्थित भगवान श्रीराम की जन्म स्थली अयोध्या के पावन धरती पर एबी फाइव मल्टीमीडिया के बैनर तले निर्माता विनोद कुमार गुप्ता अध्यक्ष भोजपुरी फिल्म अवार्ड कमेटी और अजय कुमार गुप्ता द्वारा भोजपुरी फिल्म श् आन बान शान का शुभ मुहूर्त सिद्ध पीठ हनुमान गढ़ी के महंत ज्ञान दास जी महाराज के शिष्य संकट मोचन सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत संजय दास जी महाराज द्वारा पूजन करके किया गया। इस अवसर पर विनोद कुमार गुप्ता ने बताया कि यह फिल्म एक ऐसे नौजवान की कहानी है जिसके दिल में देश भक्ति माता पिता की सेवा और उनके दिए हैं संस्कारों का अनुकरण करने और जीवन में कुछ कर दिखाने की प्रबल इच्छा है। वह रोजगार की तलाश में कई जगह प्रयास करता है लेकिन सफलता नहीं मिलती इसके बावजूद भी वह हिम्मत नहीं हारता और कला गायकी को अपने जीवन यापन का जरिया बनाता है जिससे उसे पैसा और शोहरत दोनों मिलती है। फिल्म के निर्देशक प्रमोद शास्त्री ने बताया कि यह एक पारिवारिक फिल्म है जिसमें रिश्तो, समाज व माता पिता के प्रति सम्मान और आदर्श दिखाया गया है। उन्होंने बताया कि इस फिल्म की लागत लगभग एक करोड़ रूपया होगी और अयोध्या में ही लगभग हंड्रेड परसेंट शूंटिंग होगी। उन्होंने बताया कि कोविड.19 और अयोध्या में मेला के दौरान हमें कोविड.19 का पालन करते हुए जिला प्रशासन ने शूटिंग करने का परमिशन दिया है। कुल 50 लोग हमारी यूनिट में है जो बारी.बारी से शूटिंग स्थल पर जाएंगे 25 दिन तक अयोध्या में शूटिंग चलेगी और जितने भी कलाकार है सबका कोविड.19 टेस्ट कराया गया है। उन्होंने बताया की फिल्में अभिनेता का रोल अरविंद अकेला कल्लू अभिनेत्री काजल यादव और मुख्य विलेन का रोल अवधेश मिश्रा मनोज टाइगर ने किया है। फिल्म की पटकथा एसके चौहान और फिल्म में संगीत मधुकर आनंद ने दिया है। इस अवसर पर दंतधावन कुंड मंदिर के महंत नारायण आचारी, महंत हेमंत दास, अंबिका बानी, सोनल त्रिवेदी, चंचल कश्यप, शिवेश, रमेश नौटियाल, अनीता रावत उपस्थित रही।

## क्विक न्यूज

### नाबालिग ट्रैक्टर चालक ने कोटेदार को रौंदा, मौत

**गोरखपुर।** खजनी सर्किल क्षेत्र हरपुर बुदहट थाना के सुगवना में नाबालिग टैऊक्टर चालक के गैर जिम्मेदाराना हरकत से कोटेदार राजेन्द्र सिंह निवासी सुधौली की तत्काल मौके पर ही मौत हो गयी। घटना होते ही नाबालिग टैऊक्टर चालक के पिता कोमल यादव भीड़ बढ़ते देख टैऊक्टर को लापरवाही पूर्ण तरीके से भागने लगा। ग्रामीण चालक के पिता की हरकत देख टूट पड़े। नाबालिग चालक सहित उसके पिता ग्रामीणों ने दबोच लिया। सुगहना और सिधौली दो गांव के जनता के बीच माहौल गर्म हो गया। मौके पर तत्काल क्षेत्राधिकारी योगेंद्र कृष्ण नारायण पहुंचे। नाबालिग चालक के पिता कोमल यादव के गैर जिम्मेदाराना हरकत पर हिरासत में ले लिया । मामला शांत कराते हुए लाश को पोस्टमार्डम भेजवाया और नाबालिग चालक सरवन यादव ,उसके पिता कोमल यादव को पकड़ कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

### बारात में हुए विवाद पर मुकदमा दर्ज, छह गिरफ्तार

**अम्बेडकरनगर।** बारात जाने के बाद घर के सामने नृत्य कर रही युवतियों का वीडियो बनाने से रोकने को लेकर हुए विवाद व युवतियों की पिटाई के मामले में बसखारी पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर नामजद 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर सक्षम न्यायालय में पेश किया जबकि इसी मामले में वांछित 10 अज्ञात आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी हुई है। बता दें कि बीते रविवार को बसखारी थाना क्षेत्र के मकोईयां निवासी राम सिंगार के पुत्र की बारात गांव से गई थी। बारात जाने के उपरांत घर, पड़ोसी व रिश्तेदार की युवतियां अपने घर के सामने नृत्य कर रही थी। आरोप है कि गांव के विजयसेन पुत्र बोधीराम, शिवानंद पुत्र राम नरेश, फूलचंद पुत्र राम किशोर, अनिल यादव पुत्र रामदेव, सेवाराम पुत्र रामराज व चन्दन यादव पुत्र राजाराम ने वीडियो बनाना शुरू कर दिया। जिस पर गांव की महिलाओं ने मना किया तो सभी भड़क उठे तथा लाठी डंडा व लात घूसों से महिलाओं की पिटाई कर दी थी। जिससे मौके पर सविता पुत्री रामदुलार, शिवानी पुत्री मदनलाल, प्रमिला पुत्री राम सुरेश, सपना पुत्री सुखीराम, मालती पुत्री सूरत घायल हो गई। मौके पर सूचना पाई पुलिस के पहुंचने पर उक्त आरोपी फरार हो गए।

# मंडलायुक्त के निरीक्षण में 8 अधिकारी, 127 कर्मचारी अनुपस्थित

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**मण्डलायुक्त** जयन्त नार्लिकर ने संयुक्त निदेशक शिक्षा सप्तम मण्डल, सहायक शिक्षा निदेशक सप्तम मण्डल, उप शिक्षा निदेशक(मा.) सप्तम मण्डल, मण्डलीय आडिट ईकाई संयुक्त शिक्षा निदेशक सप्तम मण्डल, जिला विद्यालय निरीक्षक, मुख्य अभियंता लोनिवि., अधिशासी अभियंता निर्माण खण्ड–2(प्र.प.), लोक निर्माण विभाग निर्माण खण्ड (भवन), अधीक्षण अभियंता गोरखपुर वृत्त, संभागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय एवं सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी का औचक निरीक्षण कर कार्यालयों में अधिकारियों/कर्मचारियों की उपस्थिति की जांच की। निरीक्षण के दौरान 8 अधिकारी एवं 127 कर्मचारी अनुपस्थित पाये गये।

### यह मिले दफ्तर से गायब

**निरीक्षण** के दौरान कार्यालय सहायक शिक्षा निदेशक, सप्तम, मण्डल कार्यालय में सहायक शिक्षा निदेशक, सप्तम, मण्डल एवं 8 कर्मचारी संयुक्त शिक्षा निदेशक, सप्तम मण्डल कार्यालय मे संयुक्त शिक्षा निदेशक, सप्तम् मण्डल, तथा 10 कर्मचारी, उप शिक्षा निदेशक (मा.) सप्तम मण्डल, कार्यालय में उप शिक्षा निदेशक (मा. सप्तम मण्डल), एवं 7 कर्मचारी, कार्यालय मण्डलीय आडिट इकाई, संयुक्त शिक्षा निदेशक, सप्तम मण्डल, गोरखपुर में 3 कर्मचारी, कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक के निरीक्षण में जिला विद्यालय निरीक्षक एवं 18 कर्मचारी अनुपस्थित पाये गये, निरीक्षण के समय उपस्थित कार्मिक द्वारा अवगत कराया गया कि संयुक्त शिक्षा निदेशक, सप्तम मण्डल, गोरखपुर द्वारा यू.पी.एजूकेशनल मिनिस्ट्रीयल आफिसर्स एसोसिएशन, जनपद गोरखपुर का द्विवार्षिक अधिवेशन में सम्मिलित होने वाले लिपिक वर्गीय कर्मचारियों को 24 नवंबर को एक दिन का विशेष आकस्मिक अवकाश शर्तों के अधीन स्वीकृत किया गया है। मण्डलायुक्त ने संयुक्त शिक्षा निदेशक, सप्तम मण्डल, गोरखपुर को निर्देशित किया है कि अधीनस्थ कार्यालयों में कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों की अनुपस्थिति के सम्बन्ध में स्थिति स्पष्ट करे।

इसी प्रकार कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड भवन, लोनि. विभाग, गोरखपुर में अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग 19 कर्मचारी अनुपस्थित पाये गये, कार्यालय मुख्य अभियन्ता, गोरखपुर क्षेत्र, लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण के समय एस.पी. सिंह, मुख्य अभियन्ता, गोरखपुर क्षेत्र, लोक निर्माण विभाग, गोरखपुर कार्यालय में उपस्थित पाये गये कार्यालय मे निरीक्षण के समय 5 कर्मचारी अनुपस्थित पाये गये। इसी प्रकार कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड–2 (प्र.प.) लोनि.विभाग, में अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड–2 (प्र.प.) लोक निर्माण विभाग, एवं 4 कर्मचारी उपस्थित नहीं पाये गये, कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता गोरखपुर वृत्त, लोक निर्माण विभाग, के निरीक्षण के समय अधीक्षण अभियन्ता गोरखपुर वृत्त, लोक निर्माण विभाग एवं 17 कर्मचारी अनुपस्थित पाये गये। कार्यालय अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग में अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग के अलावा निरीक्षण के समय 22 कर्मचारी अनुपस्थित मिले। सम्भागीय परिवहन कार्यालय के निरीक्षण के समय 5 कर्मचारी अनुपस्थित पाये गये इसके अलावा कार्यालय सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, 9 कर्मचारी अनुपस्थित पाये गये।

# सीडीओ के निरीक्षण में डीआईओएस समेत कई विभागाध्यक्ष रहे गायब

**अम्बेडकरनगर।** मुख्य विकास अधिकारी घनश्याम मीणा के निरीक्षण में उपसंभागीय परिवहन कार्यालय में सभी कर्मचारी उपस्थित पाये गये। इसके अलावां अन्य सभी कार्यालयों में अधिकारी व कर्मचारी गायब रहे। जिला उद्योग केन्द्र में उपायुक्त उद्योग आशुतोष सहाय पाठक, सहायक प्रबन्धक अजय कुमार शर्मा के अलावां कर्मचारी राम उजागिर भारती, शिवकुमार तिवारी, श्यामलाल, राघवेन्द्र सिंह तथा दयाशंकर यादव अनुपस्थित रहे। वाणिज्य कर विभाग खण्ड एक में लगभग सवा दस बजे पंहुचे सीडीओ को असिस्टेंट कमिश्नर विपिन कुमार, वाणिज्य कर अधिकारी रवि प्रकाश तिवारी, प्रधान सहायक संजय कुमार श्रीवास्तव के अलावां हनुमान प्रसाद मौर्य,राम सूरत यादव, श्रीमती कनकलता, जयन्त सिंह, राधेश्याम यादव व शिव प्रसाद निषाद अनुपस्थित रहे। वाणिज्य कर विभाग खण्ड दो में असिस्टेंट कमिश्नर जुबेर अहमद के अलावां रामवृक्ष यादव, मो0 अनवर खां, अभिषेक कुमार सिंह व प्रेम चन्द्र यादव कार्यालय से गायब मिले। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में बीएसए अतुल कुमार सिंह, वरिष्ठ सहायक धर्मेन्द्र कुमार, परिचाक घनश्याम व रामबहाल यादव के साथ ही वित्त एवं लेखाधिकारी विक्रम प्रताप सिंह, ज्येष्ठ लेखा परीक्षक श्रीपति त्रिपाठी व लेखाकार तिलक राम वर्मा, प्रियंका सिंह अनुपस्थित रहीं। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में निरीक्षण के दौरान डीआईओएस विनोद कुमार सिंह, वित्त एवं लेखाधिकारी अभिषेक वर्मा, अनुपस्थित रहे।


**कार्यालय ग्राम पंचायत रामपुर नयागांव, वि0ख0 ऐलिया–सीतापुर**

पत्रांक : मेमो0/मनरेगा/नि0कार्य/2020–21 दिनांक : 24.11.2020

**निविदा सूचना**

वि0 ख0 ऐलिया की ग्राम पंचायत रामपुर नयागांव में मनरेगा योजनान्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु इच्छुक पंजीकत फर्मा से सीलबन्द निविदायें दिनांक 28.11.2020 की अपरान्ह 2 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। प्राप्त निविदायें उसी दिन अपरान्ह 3 बजे खोली जायेंगी।

| कार्य का नाम | सामग्री | प्राक्कलित धनराशि | निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|
| (1) रामपुर में महेश के हाता से होरीलाल के घर तक सी.सी. रोड/नाली निर्माण कार्य। | सीमेन्ट, मौरंग, बालू, ईंटा, इण्टरलाकिंग आदि | 2,77,483/– | 500/– |

प्रधान सचिव


# प्रशासन की मिलीभगत से भाजपा ने जीता उपचुनाव: नरेश उत्तम

**गोरखपुर।** गोरखपुर–फैजाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से सपा प्रत्याशी अवधेश यादव को जिताने के लिए मंगलवार को हुई समाजवादी पार्टी की बैठक में प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने कार्यकर्ताओं को सहेजा। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने हाल में हुए उपचुनाव को धोखाधड़ी और प्रशासन की मिलीभगत से जीता जबकि समाजवादी पार्टी को जनता का समर्थन मिला।

सपा प्रदेश अध्यक्ष ने शहर के सत्यम लान में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा सरकार पर हमला करते हुए कहा कि मौजूदा सरकार में सब बेहाल हैं। सड़कें टूटी हुई हैं। किसान परेशान हैं। धान की खरीदारी नहीं हो रही है। गन्ना किसानों को पेमेंट नहीं हो रहा है। भाजपा सरकार ने पिछले 4 सालों में एक भी यूनिट बिजली का उत्पादन नहीं किया है। भाजपा नफरत की राजनीति करती है। समाज में नफरत की राजनीति को समाजवादी पार्टी किसी कीमत पर पसंद नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के कार्य व्यवहार, स्वभाव व सपा की नीतियों व विचारधारा से प्रभावित होकर सत्ता में बैठी भाजपा को नकार कर लोग सपा में शामिल हो रहे हैं। सपा सच्चाई व ईमानदारी पर भरोसा करती है।

सपा बाबा साहब के संविधान पर भरोसा करती है। सपा भारत में आर्थिक गैर बराबरी को समाप्त करने के लिए पुन: प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भाजपा के बड़े ओहदे में बैठने वाले लोग केवल गलत बयानी करते हैं। उत्तर प्रदेश को सोने की चिड़िया बनाने की बात कहने वाले लोगों ने विकास को अवरुद्ध कर दिया है। उन्होंने कहा कि सपा जो कहती है वह करती है। सपा की तरफ सभी लोग आशा भरी निगाहों से देख रहे हैं। लोग वर्ष 2022 में सपा की सरकार बनाने के लिए तैयार बैठे हैं। इस दौरान सपा प्रत्याशी अवधेश यादव ने मतदाताओं से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की।

# साजिश के तहत हुई अनुसूचित जाति विभाग प्रदेश चेयरमैन की गिरफ्तारी : तनुज पुनिया

संवादाता। अयोध्या

**उत्तर** प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमैन श्री आलोक प्रसाद की उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा और अलोकतांत्रिक और साजिश के तहत की गई गिरफ्तारी का कांग्रेस पार्टी पुरजोर विरोध करती है और मांग करती है कि श्री आलोक प्रसाद को तत्काल रिहा किया जाए उक्त बातें पार्टी कार्यालय कमला नेहरू भवन में आयोजित प्रेस वार्ता में उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति विभाग के उपाध्यक्ष तनुज पुनिया ने कही उन्होंने कहा दलित विरोधी मानसिकता के चलते उत्तर प्रदेश की योगी सरकार दलितों को सम्मान और सुरक्षा देने में नाकाम साबित हुई है विगत कई महीनों में यूपी में दलित उत्पीड़न और अत्याचार के मामलों में लगातार वृद्धि हुई है दलित बेटियों पर बलात्कार और हत्या से पूरा यूपी दहल गया है हाथरस का मामला आप सभी के सामने हैं जब तक माननीय न्यायालय ने संज्ञान नहीं लिया दलित विरोधी योगी सरकार इस मामले में पूरी तरह शांत नहीं और घटना को छिपाने के लिए रातों.रात दलित बेटी के शव को पुलिस प्रशासन ने दबाव में पेट्रोल डालकर जला दिया। इसी तरह की जघन्य घटनाएं बुलंदशहर, अमरोहा, कानपुर, गोरखपुर, आजमगढ़, गोंडा, बस्ती, शाहजहांपुर उन्नाव आदि जनपदों में घटित हुई हैं। रोजाना प्रदेश के जनपदों में बच्चियों के साथ रेप गैंगरेप और हत्या की घटनाएं सामने आ रही है ऐसा पहली बार उत्तर प्रदेश में योगी सरकार के शासनकाल में देखा गया है कि घाटमपुर में 6 साल की बच्ची के साथ रेप करने के बाद भेजा निकालकर खाये जाने की घटना सामने आई है। इसके अलावा बांदा में सैकड़ों छोटे बच्चों के साथ कुकर्म करने वाले नरपिशाच सामने आ रहे हैं ऐसी परिस्थितियों में सिर्फ कांग्रेस पार्टी ही दलित हितैषी और दलितों के प्रति संवेदना दर्शाते हुए उनके साथ मजबूती से खड़ी रही। तनुज पुनिया ने कहा हमारी यूपी की प्रभारी प्रियंका गांधी जी एवं पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राहुल गांधी जी स्वयं हाथरस जाकर पीड़ित परिवार से मिले और उनको न्याय दिलाए साथ ही हमारी पार्टी का हर कार्यकर्ता आलोक प्रसाद दलितों के साथ हो रहे उत्पीड़न की जानकारी मिलते ही उनके दुख में साथ खड़े होकर उन्हें न्याय दिलाने एवं एफ आई आर कराने के साथ पुलिस प्रशासन पर शीघ्र काई कार्रवाई करने का दबाव बनाते रहे। जिला पंचायत सदस्य दिलीप रावत ने कहा कि श्री आलोक प्रसाद कोरोना महामारी के समय भी दलितों के घर अनाज और दैनिक उपयोग की वस्तुएं कांग्रेसजनों के साथ पहुंचाते रहे। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार को प्रदेश कांग्रेस के दलित चेयरमैन आलोक प्रसाद का यह सेवाभाव रास नहीं आया और उन्होंने कांग्रेसजनों और उनकी सक्रियता को देखते हुए झूठे आरोपों और मुकदमों में फसाकर साजिश और उन्हें 14 अक्टूबर की रात्रि में आवास से जबरन गिरफ्तार कर असंवैधानिक रूप से जेल में डाल दिया गया।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद –सीतापुर**

पत्रांक :– 45/सा0प्र0/2020–21 दिनॉक–24 नवम्बर, 2020

**अतिअल्पकालीन ई–निविदा सूचना**

एतद्वारा सूचित किया जाता है, कि नगर पालिका परिषद सीतापुर की सीमान्तर्गत कॉलम के सम्मुख अंकित कार्य को राज्य वित्त आयोग/बोर्ड फन्ड से कराये जाने हेतु ई–टेण्डर के माध्यम से ई–निविदा दिनांक 26.11.2020 से दिनांक 02.12.2020 को समय 05.00 PM तक आनलाइन डाउनलोड एवं अपलोड की जायेगी, वेबसाइड पर ई–निविदा प्रकाशन दिनांक 26.11.2020 को समय 11.00 AM एवं उक्त निविदा दिनांक 03.12.2020 को समय 11.00 AM बजे खोली जायेगी। सम्बन्धित निविदा वेबसाइट http//etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है, निविदा प्रपत्र शुल्क आर०टी०जी०एस० के माध्यम से नगर पालिका परिषद, सीतापुर के ओरियन्टल बैंक ऑफ कामर्स सीतापुर के खाता संख्या 01591010000660 आई0एफ0एस0सी कोड ORBC0100159 में ऑनलाइन जमा किया जा सकेगा अथवा चेक/डी0डी0आर0 जमा की जा सकेगी तथा प्रत्येक निविदा के साथ धरोहर धनराशि राष्ट्रीय बचत पत्र/किसान विकास पत्र/एफ0डी0आर0/टी0डी0आर0 जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, सीतापुर के नाम बन्धक हो, स्वीकार किया जायेगा। किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अध्यक्ष महोदय नगर पालिका परिषद, सीतापुर में निहित होगा। अन्य शर्तें/जानकारी किसी भी कार्य दिवस में पालिका कार्यालय में सम्बन्धित अनुभाग से की जा सकती है, किसी भी कार्य दिवस में अवकाश होने की स्थिति में निर्धारित प्रक्रिया अगले कार्य दिवस में पूर्ण की जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | दर/कुन्तल | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा मूल्य+टैक्स |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | अलाव जलाने हेतु सूखी जलौनी लकड़ी की आपूर्ति। | 2500 कुन्तल | रु0 610.00/कुन्तल | 1525000.00 | 30500.00 | 1200.00+ जी.एस.टी. |

नियम व शर्ते :–
1. सशर्त निविदा को किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किया जायेगा।
2. ई–निविदा स्वीकृत होने की दशा में सम्बन्धित ठेकेदार को कार्य के पूर्व अनुबन्ध करना होगा।
3. उपरोक्त कार्य का भुगतान कार्य संतोषजनक होने के उपरान्त ही किया जायेगा।
4. आपूर्तिकर्ता फर्म/प्रतिष्ठान को जी0एस0टी0, आयकर, निविदा प्रपत्र के साथ स्वप्रमाणित छायाप्रति लगाना अनिवार्य होगा।
5. अन्य विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस में पालिका कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
6. किसी निविदा के अंदर यह निविदा डालकर लोड करवाना।
7. BOQ अंतिम तिथि से एक दिन पूर्व लोड करना।
8. निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, सीतापुर में निहित रहेगा।
9. धन की उपलब्धता पर वाहन प्रभारी/अलाव इन्चार्ज के सत्यापन उपरान्त भुगतान किया जायेगा।
10. कार्य पूर्णतः उपरान्त आपूर्ति सामग्री की 3–3 फोटोग्राफ।
11. किसी निकाय में आपूर्ति सामग्री का कार्यादेश/अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।

(गुरू प्रसाद पाण्डेय) अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, सीतापुर

(राधेश्याम जायसवाल) अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, सीतापुर

## अच्छी वैक्सीन
### 70 प्रतिशत प्रभावी

**एस्ट्राजेनेका** वैक्सीन चिकित्सकीय परीक्षण में 70 प्रतिशत प्रभावी पाई गई है। अब हमें कोरोनावायरस पर लगाम लगाने की रणनीति बनानी होगी। भारत स्पष्ट रूप से इस समय संक्रमण की तीसरी लहर का सामना कर रहा है और कुछ लोग इसे नए कोरोनावायरस मामलों की सुनामी कह सकते हैं। 1918-1919 के स्पैनिश फ्लू इन्फ्लूएंजा की वैश्विक महामारी से हमें सतर्क हो कर जाड़े के लिए तैयारी करनी चाहिए क्योंकि एक शताब्दी पहले भी जाड़े में इसकी भयानक वृद्धि हुई थी। जाड़े में फेफड़ों की क्षमता घट जाती है और कोई भी इन्फ्लूएंजा वायरस भयानक सिद्ध हो सकता है। दिल्ली और गुजरात में संकट गहराने के साथ स्पष्ट है कि पूरे देश में संक्रमण बढ़ेगा, चाहे अधिकारी इसे स्वीकार करें या नहीं। हालांकि, एस्ट्राजेनेका व आक्सफोर्ड विश्वविद्यालय द्वारा अच्छी वैक्सीन का विकास एक अच्छी खबर जरूर है। भारत का सीरम इंस्टीट्यूट-एसआईआई इस शोध में भी साझीदार है और उसने भारतीयों के लिए इस वैक्सीन की सैकड़ों खूराकें तैयार करने का वादा किया है। इसकी 70 प्रतिशत प्रभावशीलता एक महीने में दूसरी खूराक लेने के बाद 90 प्रतिशत हो जाती है। इस वैक्सीन को रखने के लिए फाइजर व माडर्ना की तरह सुपर कोल्डस्टोरेज की जरूरत नहीं होगी और यह सामान्य रेफ्रीजरेटर तापमान पर रखी जा सकेगी। इसके साथ ही 2021 के प्रारम्भ में पांच और वैक्सीनें बाजार में आने की आशा है।

हालांकि, वैक्सीन का विकास उसकी उपलब्धि के समान नहीं है। परीक्षणों से स्पष्ट है कि अधिकतम क्षमता के लिए कम से कम डेढ़ खूराक जरूरी हैं और भारत को दो बिलियन खूराकों की जरूरत पड़ेगी। यदि कीमतों पर नियंत्रण रखा जाए तो भी भारत में काफी लोगों को वैक्सीन दे कर सुरक्षित बनाने में तीन-



चार साल का समय लग सकता है। इसके साथ ही क्षमता का अर्थ उसकी प्रभावशीलता नहीं है। 90 प्रतिशत क्षमता वाली वैक्सीन के साथ भी कोरोनावायरस का संक्रमण जारी रह सकता है और दसियों हजार नए लोग संक्रमित हो सकते हैं। वूहान महामारी पर पूरी तरह नियंत्रण के पहले बहुत से और लोग भी मर सकते हैं। उस समय तक तैयारी तथा संक्रमण से बचाव ही एकमात्र रास्ता है क्योंकि भारत के जनसंख्या घनत्व के कारण संक्रमण में अचानक वृद्धि की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है। देश का सर्वाधिक प्रभावित राज्य महाराष्ट्र सबसे लंबी लड़ाई लड़ रहा है और अब उसे एक नए मोर्चे पर मुकाबला करना पड़ सकता है। उसने जांच की नई एसओपी घोषित कर राज्य में हाटस्पाट से आने वालों के लिए आरटी-पीसीआर टेस्ट रिपोर्ट अनिवार्य कर दी है। ऐसी रिपोर्ट न लाने वालों की जांच के लिए राज्य के सभी प्रवेश बिंदुओं पर टेस्टिंग व स्क्रीनिंग केन्द्र बनाने होंगे। पहली बार देश में अंतरराष्ट्रीय यात्रा के प्रोटोकाल लागू किए जा रहे हैं। दूसरे राज्य भी संक्रमितों की संख्या पर लगाम लगाने के लिए इनको लागू कर सकते हैं।

सर्वोच्च न्यायालय ने लापरवाही के लिए राज्यों की खिंचाई की है तथा एक रिपोर्ट मांगी है। अदालत ने हाटस्पाट में उचित इलाज के साथ ही मृतकों के गरिमापूर्ण अंतिम संस्कार पर जोर दिया है। असंदिग्ध रूप से कोरोनावायरस के बारे में एक सामाजिक, मनोवैज्ञानिक व भौतिक थकान वाली स्थिति पैदा हो गई है। कोरोनावायरस वैश्विक महामारी से डाक्टर सर्वाधिक प्रभावित है। इनमें से कुछ के स्थान पर युवा डाक्टरों को लाना होगा ताकि फ्रंटलाइन चिकित्सकों पर दबाव घटाया जा सके। वर्तमान समय में संक्रमण प्रसार का पूर्वानुमान लगाना बहुत जरूरी हो गया है। वैश्विक महामारी से निपटने के लिए सरकारों को सार्वजनिक स्वास्थ्य क्षेत्र में भारी निवेश करना जरूरी हो गया है। इतनी आवश्यकता इसके पहले कभी अनुभव नहीं की गई थी। हालांकि, अनेक मामलों में सकारात्मक विकास हो रहा है, पर हमें कभी भी वैक्सीन को सारी समस्याओं का समाधान नहीं मान लेना चाहिए। केवल वैक्सीन के आविष्कार से ही जादू की तरह सारी दुनिया से कोरोनावायरस संक्रमण गायब नहीं हो जाएगा।

# विश्व नागरिक बनाने का प्रयास

**संस्कृति से जोड़े बिना चरित्र निर्माण को अलग से देखना संभव नहीं है। नई शिक्षा नीति ने युवा भारतीयों के समक्ष गांधीजी का दृष्टिकोण पेश किया है।**



**जे एस राजपूत**
लेखक शिक्षा एवं सामाजिक एकजुटता हेतु कार्यरत हैं)




नीतियों का निर्माण अतीत के अनुभवों पर भविष्योन्मुखी दृष्टिकोण के साथ किया जाता है जिसमें उभरते मुद्दों, सरोकारों व महत्वाकांक्षाओं को संबोधित किया गया हो। गांधीजी ने लगातार भारत के बारे में अपने सपनों और उनकी पूर्ति में आने वाली बाधाओं को परिभाषित किया था। 22 अक्टूबर, 1925 को यंग इंडिया में उन्होंने सात सामाजिक बुराइयों का उल्लेख किया था। ये हैं-सिद्धान्त विहीन राजनीति, बिना काम के संपदा, चेतना विहीन आनन्द, चरित्र विहीन ज्ञान, नैतिकता विहीन व्यापार, मानवता विहीन विज्ञान तथा बलिदान विहीन पूजा। शिक्षा नीति समेत किसी भी नीति में इनको अनदेखा नहीं किया जा सकता है। 21वीं शताब्दी में शिक्षा पर यूनेस्को के अंतरराष्ट्रीय आयोग ने अपनी रिपोर्ट में इनको सात तनावों के रूप में परिभाषित किया है। ये वैश्विक व स्थानीय, सार्विक व व्यक्तिगत, परंपराओं व आधुनिकता, दीर्घकालीन व अल्पकालीन आवश्यकताओं, प्रतियोगिता की आवश्यकता व अवसर के सरोकार, ज्ञन का असाधारण विस्तार व उनको समाहित करने की मानवीय क्षमता तथा आध्यात्मिक व भौतिक के बीच तनाव हैं। वर्तमान समय में हम इनमें से किसी को अनदेखा नहीं कर सकते हैं।

नई शिक्षा नीति-एनईपी 2020 पर गहन विचार करने से स्पष्ट हो जाएगा कि इन बुराइयों व तनावों को किस सीमा तक संबोधित किया गया है। इसमें 'भारतीय ज्ञान व विचार की समृद्ध विरासत' को निर्देशक सिद्धान्त माना है। एनईपी के अनुसार, 'प्राचीन भारत में शिक्षा का उद्देश्य केवल इस दुनिया या स्कूली शिक्षा के बाहर वाली दुनिया में जीवन की तैयारी के लिए ज्ञान की प्राप्ति नहीं था, बल्कि इसका अर्थ संपूर्ण अभिव्यक्ति तथा आत्मा की स्वतंत्रता था। भारत में तक्षशिला, नालन्दा, विक्रमशिला व वल्लभी जैसे विश्व स्तरीय संस्थानों ने बहुआयामी शिक्षा और शोध के सर्वोच्च मानक स्थापित किए थे तथा सभी पृष्ठभूमियों व देशों के विद्वानों व छात्रों को आकर्षित किया था।' प्राचीन भारतीय शिक्षा व्यवस्था का महत्व मानवता के कल्याण हेतु ज्ञान की खोज करना था ताकि, 'सभी प्रसन्न और स्वस्थ हों, सभी अपने पास अच्छी चीजें देखें तथा किसी को किसी प्रकार का कष्ट न हो।' एनईपी ने इसे समाहित करने का प्रयास किया है। इसमें ज्ञान के सभी क्षेत्रों के उल्लेखनीय योगदान को स्वीकार किया गया है जिनमें गणित, खगोलविज्ञान, धातुविज्ञान, शल्यक्रिया, स्वास्थ्य, वास्तुशास्त्र, इंजीनियरिंग, पोत निर्माण, नौवहन, योग, कला, आदि शामिल हैं। प्रत्येक भारतीय को चरक, सुश्रुत, आर्यभट्ट, भास्कराचार्य, ब्रह्मगुप्त, नागार्जुन, गौतम, मैत्रैयी, गार्गी व थिरुवल्लुवर का योग्य वारिस होना चाहिए।

एनईपी 2020 का उपयुक्त क्रियान्वयन होने के बाद कोई भी भारतीय 'भारत से अलग नहीं रहेगा।' सभी सीखने वालों को आधुनिक ज्ञान प्राप्त होगा जिसमें आलोचनात्मक सोच, रचनात्मकता व खोज पर जोर दिया जाएगा। एनईपी 2020 ने स्वीकार किया है कि उच्च शिक्षा का उद्देश्य अच्छे, विचारशील, समग्र व रचनात्मक व्यक्तियों का विकास है। स्कूली शिक्षा के शुरुआती वर्षों में भी इन पर जोर दिया जाएगा। बहुविषयी विश्वविद्यालयों, जीवन्त स्वायत्तता, पाठ्यक्रम व शिक्षाविधि में सुधार, उच्च शिक्षा संस्थानों-एचईआई में सुधार, राष्ट्रीय शोध फाउंडेशन-एनआरएफ तथा राष्ट्रीय शिक्षा तकनीक फोरम-एनईटीएफ की स्थापना भारतीय शिक्षा के भावी माडलों में गुणवत्ता व समकालीन प्रासांगिकता पैदा करेगी।

भारत इन सुधारों से अंतरराष्ट्रीय शिक्षा का केन्द्र बन कर संबंधित अंतरराष्ट्रीय संस्थानों को आकर्षित कर सकता है। आधुनिक विषयों के साथ अंतरराष्ट्रीय रूप से प्रासांगिक भारत के इतिहास, विरासत व संस्कृति संबंधी पाठ्यक्रमों से विदेशी छात्र बड़ी संख्या में आकर्षित होंगे तथा 'देश में अंतरराष्ट्रीयकरण' की आवश्यकता पूरी होगी। सम्मानित अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के साथ साझा पाठ्यक्रमों से नौजवानों का उत्साह बढ़ेगा तथा वे विदेशी छात्रों के साथ मिल कर उत्कृष्टता प्राप्त कर सकेंगे। हालांकि, वैश्विक विश्वसनीयता और पहचान के लिए ढांचे और सुविधाओं में कुछ ऐसे परिवर्तन करने होंगे जो दुखद रूप से अभी बड़ी संख्या में हमारे शिक्षण संस्थानों से गायब हैं। एनईपी 2020 के अनुसार, 'प्रत्येक कक्षा की पहुंच नवीनतम शैक्षिक तकनीक से होगी जो बेहतर शिक्षण अनुभव संभव करेगी।' पेशेवर रूप से स्वीकार्य शिक्षक-छात्र अनुपात स्वीकार करने में कोई समझौता नहीं होना चाहिए। इसके साथ ही अनेक अन्य आवश्यकतायें भी सामने आती हैं। हालांकि, केवल अतिथि शिक्षकों, लेक्चर आधारित भुगतान, पैरा टीचर्स व बड़ी संख्या में पदों पर भर्ती से ही गुणवत्ता सुनिश्चित नहीं होगी। लेकिन यदि अकादमिक क्षेत्रों में 40-60 प्रतिशत पद खाली रहें तो उत्पादों, शोध एवं खोज की गुणवत्ता सुनिश्चित नहीं हो सकती है। एनईपी 2020 में इसे स्वीकार करते हुए कहा गया है, 'शिक्षा क्षेत्र में सुधारों के लिए शिक्षक को केन्द्र में रखना होगा। नई शिक्षा नीति को सभी स्तरों पर शिक्षकों की पुनः स्थापना करनी होगी ताकि वे हमारे समाज के सर्वाधिक सम्मानित व आवश्यक सदस्य बन सकें। शिक्षकों को सशक्त बनाने के सारे प्रयास किए जाएंगे ताकि वे प्रभावी रूप से अपना काम कर सकें।' शिक्षक प्रशिक्षण की गुणवत्ता पर गंभीर चिन्ता प्रकट करते हुए 2030 तक वर्तमान सभी एक वर्षीय स्कूल शिक्षक तैयारी कार्यक्रमों को चार वर्षीय समन्वित शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रमों में बदलने की संस्तुति की गई है। एनसीईआरटी के चार संस्थानों ने 1964 में चार वर्षीय समन्वित शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किए थे। इनसे तैयार शिक्षकों की स्कूलों और शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों में अन्य की तुलना में बेहतर उपलब्धियां थीं। लेकिन दुर्भाग्य से इस मोड्यूल को आगे नहीं बढ़ाया गया।

उच्च शिक्षा में नीति में फैकल्टी की 'आलोचनात्मक, गुणात्मक व समर्पण' क्षमताओं पर ध्यान देने की संस्तुति की गई है। 'एचईआई में सर्वोत्तम, अभिप्रेरित व सक्षम फैकल्टी आकर्षित करने' के लिए भी अनेक सुझाव दिए गए हैं। सही शिक्षक-छात्र अनुपात के साथ ही शिक्षण तकनीक तक पहुंच तथा अपना पाठ्यक्रम व शिक्षाविधि विकसित करने की स्वतंत्रता जरूरी है। शिक्षा नीति में उपयुक्त इन्सेन्टिव, उपयुक्त पुरस्कार, पदोन्नति, स्वीकार्यता तथा संस्थागत नेतृत्व को शामिल किया गया है।

1932 में प्रकाशित अपनी पुस्तक 'रिमेकर्स आफमैनकाइंड' में कार्ल वाशबर्न ने लिखा है कि जब गांधीजी से पूछा गया कि भारत में स्वराज प्राप्त करने के बाद शिक्षा का क्या उद्देश्य होगा तो गांधीजी का जवाब था, 'चरित्र निर्माण। मैं महान लक्ष्यों की ओर आगे बढ़ने के लिए साहस, शक्ति, योग्यता तथा आत्मबलिदान के गुण विकसित करना चाहूंगा। यह साक्षरता से ज्यादा महत्वपूर्ण है और अकादमिक शिक्षा इस महान लक्ष्य की ओर पहुंचने का केवल एक साधन है।' चरित्र निर्माण परंपरागत भारतीय ज्ञान प्राप्ति व्यवस्था की शक्ति थी जिसमें सृजन, उत्पादन, प्रयोग तथा आने वाली पीढ़ियों को ज्ञान का हस्तांतरण शामिल है। अब वैश्विक रूप से स्वीकार किया गया है कि सभी देशों की शिखा की जड़ें उसकी संस्कृति में होनी चाहिए जो प्रगति के लिए प्रतिबद्ध हो। चरित्र निर्माण को संस्कृति से अलग कर नहीं देखा जा सकता है। कोई संस्कृति अलगाव में नहीं विकसित हो सकती है और हमारे नौजवान विश्व नागरिक तभी बन सकते हैं, जब वे अपनी संस्कृति से परिचित हों। भारत को आयातित व्यवस्था से नुकसान उठाना पड़ा है जिसने 'शिक्षित' नौजवानों को हमारी संस्कृति से जानबूझ कर दूर रखा।

उनको व्यवस्थित रूप से 'पश्चिमी संस्कृति की श्रेष्ठता' का पाठ पढ़ाया गया। गांधीजी ने 1 सितबंर, 1921 के यंग इंडिया में इसे परिभाषित करते हुए लिखा था, ' मेरा स्पष्ट दृष्टिकोण है कि कोई संस्कृति हमारे जितनी समृद्ध नहीं है। हम इसे नहीं जानते हैं और हमने इसका महत्व घटाने का प्रयास किया है। हमने इसका पालन करना लगभग बंद कर दिया है।' हमें उम्मीद करनी चाहिए कि प्रस्तावित शिक्षा सुधार नौजवान पीढ़ी में विशिष्ट पहचान पैदा करेंगे जिससे वे जनता की देखभाल करेंगे। शिक्षा का अर्थ हमें सभी मनुष्यों की गरिमा की ओर ले जाना है।

# आधी आबादी को ताकत देते योगी के फैसले



**अनिल कुमार**
(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं)

उत्तर प्रदेश में महिलाओं की आर्थिक एवं सामाजिक स्तर में बड़े बदलाव करने की जमीन तैयार हो चुकी है। उत्तर प्रदेश सरकार मिशन शक्ति के जरिये आधी आबादी को सुरक्षित माहौल देने के एजेंड पर तो काम कर ही रही है, परंतु इससे इतर महिलाओं की आर्थिक सुरक्षा को लेकर योगी आदित्यनाथ सरकार के एक बड़े फैसले का दूरगामी असर राज्य की आर्थिक एवं महिलाओं की सामाजिक हैसियत पर पड़ने जा रहा है। दो करोड़ महिलाओं को प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से प्रभावित करने वाले इस फैसले से समृद्धि गांव-कस्बे में उनकी आंगन तक पहुंचेगी। महिला सशक्तिकरण की दिशा में यह फैसला मील का पत्थर साबित होगा। सियासत में महिला सशक्तिकरण की चिंता जाहिर करने की पुरानी रवायत रही हैए लेकिन पहली बार किसी सरकार ने इस पर ईमानदारी से अमल करने का प्रयास किया है। राज्य की कई सरकारों के हाथ वीमेन इंपावरमेंट का यह मौका आयाए लेकिन आधी आबादी की सामाजिक-आर्थिक सम्पन्नता से ज्यादा प्राइवेट कंपनियों के हितों की चिंता हर बार भारी पड़ी। पहली बार महिलाओं को केंद्र में रखकर राज्य सरकार की योजनाओं का संचालन एवं क्रियान्वयन हो रहा है। बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग से जुड़े पंजीरी उत्पादन एवं वितरण में लिया गया फैसला भी ऐसा ही है। बीते तीन दशक से प्राइवेट कंपनियों के हाथों में केंद्रित पंजीरी उत्पादन एवं वितरण व्यवस्था को विकेंद्रित करके महिलाओं की स्वयं सहायता समूहों को सौंप दिया गया है। उत्तर प्रदेश में सालाना 15 हजार करोड़ के पंजीरी उत्पादन-वितरण का लाभ बीते तीन दशक से कुछ चुनिंदा कंपनियों, कुछ नेताओं एवं कुछ अधिकारियों की तिकड़ी से बाहर निकलकर आंगनबाड़ी केंद्रों पर महिलाओं और बच्चों तक पहुंचने में कुपोषण का शिकार हो जा रहा था। इन कंपनियों को ठेके दिये जाने का परिणाम नेशनल फैमली हेल्थ सर्वे चार के आंकडे बताते हैं, जिनके अनुसार यूपी में खराब पंजीरी आपूर्ति के चलते अरबों रुपये खर्च किये जाने के बावजूद 46 फीसदी बच्चे कुपोषण के शिकार पाये गये। पांच साल तक के 63 फीसदी बच्चे तथा 52 फीसदी महिलाओं में खून की कमी पाई गई। अरबों खर्च के बावजूद सरकारों को अपेक्षित परिणाम नहीं मिल पाये।

इस स्थिति में सुधार के लिये सुप्रीम कोर्ट ने दशकों पहले पंजीरी उत्पादन एवं वितरण का विकेंद्रीकरण कर महिला समूहों को सौंपने का आदेश दिया था। राज्य सरकारों ने इस दिशा में कदम नहीं उठायाए क्योंकि महिलाओं एवं बच्चों के कुपोषण खत्म करने के नाम पर कुछ चुनिंदा कंपनियों, अधिकारियों एवं नेताओं को इससे फायदा पहुंच रहा था। सुप्रीम कोर्ट का फैसला लागू करते ही इस तिकड़ी को आर्थिक चोट लगती। आर्थिक नुकसान से बचने के लिये बीते तीस सालों में किसी भी सरकार ने इस पंजीरी माफिया सिंडिकेट के भ्रष्टाचार तंत्र को तोड़ने का साहस नहीं किया। यह कठोर फैसला लेने का सौभाग्य भी योगी आदित्यनाथ के हिस्से आया। क्या योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने से पहले सोचा जा सकता था कि पंद्रह हजार करोड़ रुपये के केंद्रित एकाधिकार को तोड़कर महिलाओं की आर्थिक समृद्धि की खातिर विकेंद्रित कर दिया जायेगाघ् सुप्रीम कोर्ट के फैसले को एक झटके में करोड़ों महिलाओं के पक्ष में लागू कर दिया जायेगा।

पर, ऐसा हो चुका है। योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों की मंशा के विपरीत जाकर यह कठोर फैसला लिया। निजी कंपनियों का मजबूत कॉकस ध्वस्त हो चुका हैए जो पिछले तीन दशक से निर्बाध रूप से कुछ नेताओं और अधिकारियों के बल पर कुपोषित महिलाओं.बच्चों के हक पर डाका डाल रहा था। 2002 में किये गये एक फैसले ने तो प्राइवेट कंपनियों का पंजीरी उत्पादन एवं वितरण पर एकाधिकार स्थापित कर दिया थाए जिसे बाद की सरकारों ने पर्याप्त खाद-पानी दिया। सरकारें बदलती गईं, चेहरे बदलते गये, परंतु इस कॉकस को तोड़ने की नीयत नहीं दिखी। वह लोग भी नहीं दिखा पायेए जिनके आंखों से आज महिलाओं के उत्पीड़न के नाम पर मगरमच्छी आंसू निकल रहे हैं। 25 नवंबर उत्तर प्रदेश में महिला सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक तारीख साबित होने जा रहा है। उत्तर प्रदेश में अब आंगनबाड़ी केंद्रों पर बंटने वाली पंजीरी का उत्पादन एवं आपूर्ति अब निजी कंपनियां नहीं करेंगीए अब इसे तैयार और वितरण करने का अधिकार महिलाओं का स्वयं सहायता समूहों को सौंप दिया गया है। सभी 75 जिलों में यह काम राष्ट्रीय आजीविका मिशन द्वारा संचालित महिला स्वयं सहायता समूह करेंगे, जिसकी शुरुआत 25 नवंबर से हो रही है।

इस फैसले से पंजीरी की गुणवत्ता में सुधार होगा तथा भ्रष्टाचार पर अंकुश लगेगा। इसका लाभ कुपोषित महिलाओं एवं बच्चों को मिलेगा। उत्तर प्रदेश में 1 लाख 89 हजार से ज्यादा आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हो रहे हैंए जिनसे 1०64 करोड़ लाभार्थी महिलायें जुड़ी हुई हैं। चुनिंदा कंपनियों के लाभ का आधार बनने वाली धनराशि अब स्वयं सहायता समूह की लाखों महिलाओं के आर्थिक समृद्धि का कारण बनेगा। अनुमान है कि योगी सरकार के इस फैसले से स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी कम से कम से कम पांच लाख महिलाओं को स्थानीय स्तर रोजगार उपलब्ध होगा, जो उनकी पारिवारिक स्थिति को मजबूती प्रदान करेगा। यह जानना बेहद जरूरी है कि योगी आदित्यनाथ ने कुछ भी अलग फैसला नहीं लियाए ना ही नये नियम बनाये बल्कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश को ईमानदारी और साहस के साथ लागू करने की नीयत दिखाईए जिसकी दरकार बीते तीन दशक से बराबर बनी रही। महिलाओं के स्वरोजगार एवं आर्थिक विकास के लिये पंजीरी उत्पादन एवं वितरण का विकेंद्रीकरण करके रोजगार देने के अलावा स्वयं सहायता समूहों के काम का दायरा भी बढ़ाया जा रहा है। सरकारी तंत्र के निर्देशन में 592 विकास खंडों में 371777 स्वयं सहायता समूहों का गठन किया हैए जिनकों 15945 ग्राम संगठनों एवं 775 संकुल स्तरीय संघ से जोड़ा गया है। 241732 स्वयं सहायता समूहों को रिवाल्विंग फंड, 141709 समूहों को सामुदायिक निवेश निधि तथा 116113 समूहों को बैंक क्रेडिट लिंकेज से जोड़ा गया है। कोरोना काल में दूसरे राज्यों से वापस लौटे 11 लाख से ज्यादा प्रवासी कामगारों के परिवार की 29552 महिला सदस्यों को सभी 75 जिलों के 31938 स्वयं सहायता समूहों से जोड़कर स्वावलंबी बनने के लिए 219 करोड़ रुपये जारी किये गये हैं। स्वयं सहायता समूह का गठन कर गांव-कस्बों की महिलाओं को जोड़कर उनके हाथ में क्रय शक्ति देने की कोशिश की जा रही है। गरीब एवं उपेक्षित वर्ग के हाथों में आमदनी पहुंचने से उनकी क्रय शक्ति बढ़ेगी, जो वस्तुओं के उतपादन एवं मांग पर असर डालेगी। राज्य के आर्थिक सेहत को भी इससे लाभ होगा। कोरोना काल में कई महिला समूहों ने 793 कम्युनिटी किचेन स्थापित कर गांव स्तर पर 31363 भोजन के पैकेट उपलब्ध कराये। 19275 स्वयं सहायता समूहों ने 94.19 लाख मास्क, 1223 समूहों ने 50591 पीपीई किट तथा 470 समूहों ने 13075 लीटर सेनेटाइजर उत्पादित कर खुद की आमदनी बढ़ाने के साथ प्रदेश के स्वास्थ्य जरूरतों की भी पूर्ति की है। योगी सरकार आधी आबादी को आर्थिक समृद्ध बनाकर उन्हें मानसिक तौर पर मजबूत कर रही है। सरकार ने 7053 करोड़ की लागत से ग्राम सभाओं में बनने वाले 59000 सामुदायिक शौचालयों के देखभाल एवं रख-रखाव का जिम्मा महिलाओं को देने का फैसला किया है। सामुदायिक भवनों को मिनी ग्राम सचिवालय बनाकर जातिए आय प्रमाण पत्र गांव में उपलब्ध कराने की योजना से भी महिलाओं को जोड़ा जा रहा है। प्रत्येक पंचायत भवन में एक महिला बैंक सखी की नियुक्ति की जायेगी।

सरकार के इस फैसले से गांव की पढ़ी.लिखी 59000 महिलाओं को रोजगार मिलेगा। ग्रामीणों को तहसील और मुख्यालयों के चक्कर काटने से राहत मिलेगी। महिलाओं को शारीरिक तौर पर भी मजबूत करने के लिये योगी सरकार प्रदेश के सभी जिलों के 521 ब्लॉकों, 59000 पंचायतों, 630 शहरी निकायों तथा 1535 थानों के जरिये महिलाओं और बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने का प्रशिक्षण देकर उनमें सुरक्षा एवं सम्मान के प्रति जागरूक कर रही है। थानों पर महिला हेल्पलाइन की शुरुआत इसी कड़ी का एक कदम है। महिलाओं के हाथ आई समृद्धि उत्तर प्रदेश को बीमारू राज्य की छवि से बाहर निकालने में भी सहायक होगी। दरअसलए अच्छी चीजों को सामने आने में वक्त तो लगता है, और इस वक्त को आने में तीस साल लग गये।

## आप की बात

### सतर्कता में बचाव

**दिल्ली** समेत देश के अनेक हिस्सों में कोरोना के बढ़ते असर पर चिंता जताते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र और सभी राज्य सरकारों से रोकथाम के उपायों के बारे में रिपोर्ट तलब किया है। फिलहाल दिल्ली के अलावा महाराष्ट्र और गुजरात में भी महामारी की दूसरी भयावह लहर का कहर है। मध्यप्रदेश के भी कुछ शहरों में हालात चिंताजनक हैं। विशेषज्ञों द्वारा पहले से जताये जा रहे अंदेशों का रेखांकित करते हुए न्यायालय ने दिसंबर में हालात बिगड़ने को लेकर भी राज्य सरकारों को चेताया है। उम्मीद है कि दिल्ली गुजरात सरकारों को लगाई गयी खंडपीठ की फटकार इनके अलावा देश के अन्य राज्यों के लिए भी एक सबक होगा तथा संक्रमण रोकने के लिए भी प्रयास किये जायेंगे। दिल्ली के लिए तो यह महीना बहुत चुनौती पूर्ण साबित हो रहा है। बीते 11 दिनों में 5 बार मृतकों की संख्या सौ के पार गई है। रविवार को संक्रमण से 121 लोगों की जान गई है। राजधानी में प्रसार की गति का अनुमान इस तथ्य से लगाया जा सकता है कि रविवार को हुई जांच में 12.29 प्रतिशत लोगों को संक्रमित पाया गया है। बढ़ती ठंड और वायु प्रदूषण को देखते हुए आंशका व्यक्त की जा रही है कि रोजाना संक्रमण की संख्या आगामी दिनों में 15 हजार तक जा सकती है।

– **भूपिंदर सिंह रंगा,** हरियाणा

### बाइडेन की जीत और भारत

**अमेरिकी** चुनाव में भले ही वहां के मतदाताओं ने मतदान किया हो मगर उसमें अप्रत्यक्ष रूप से भारत का योगदान रहा है तभी बाईडेन की टीम जीत हासिल कर सकी है। नए अमेरिकी प्रशासन को चाहिए कि वह दोनों देशों के संबंधों को और प्रगाढ़ता प्रदान करें ताकि आने वाले समय में आपसी सहयोग को बढ़ावा मिले और मुश्किल परिस्थितियों में एक दूसरे को सहयोग हो सके। हाल ही में संपन्न हुए अमेरिकी चुनाव में बाइडेन की टीम ने जीत हासिल कर ट्रंप की विदाई तय कर दी है। चुनावों में ट्रंप ने वहां बसे भारतीयों को बहुतेरे लुभाया मगर भारतीय मूल की कमला हैरिस के बाईडेन की टीम में होने से पांसा ही पलट गया। भारतवंशियों की अमेरिका में बड़ी तादाद में बसाहट है।कई शहरों में इनकी संख्या चुनाव के समय निर्णायक साबित होती है। कमला हैरिस की वजह से भारतीयों के वोट बाईडेन को मिले हैं जिससे उनकी जीत तय हुई है। यह एक तरह से भारतीयों का अप्रत्यक्ष योगदान है जिसे भुलाया नहीं जा सकता। अब बाईडेन को चाहिए कि वह सत्ता में आकर भारत अमेरिकी संबंधों को और प्रगाढ़ता प्रदान करें वही विश्व शांति के लिए भारत के प्रयासों को सहयोग दें।

– **अमृतलाल मारू**, दसई, मप्र

### बढ़ता कार्बन उत्सर्जन

**अभी** हम देख रहे है कि कोरोनावायरस ने पूरी दुनिया में हड़कंप मचा रखा है। जहा मामले पहले काम हुए थे वह अब दूसरी लहर आ गई है। हमने लॉक डाउन में देखा था कि प्रदूषण के मामलों में काफी गिरावट दर्ज की गई थी,परन्तु अभी विश्व मौसम विभाग संगठन ने आशंका जताई है कि उद्योगों में लॉक डाउन के बावजूद 2020 में कार्बन उत्सर्जन में पिछले साल से काफी वृद्धि हो सकती है,जबकि पहले कई अध्ययनों में अनुमान लगाया गया था कि इस साल वैश्विक उत्सर्जन पिछले साल की तुलना में 17 फ़ीसदी तक कम रह सकता है लेकिन विश्व मौसम विभाग संगठन की रिपोर्ट के अनुसार लॉकडाउन से प्रदूषण में तात्कालिक कमी तो पूरी है परंतु उससे उत्सर्जन की मात्रा में कमी नहीं हुई है। कार्बन उत्सर्जन अत्यधिक स्तर पर जारी रहने के बावजूद मौसमी घटनाएं, बर्फ का पिघलना और समुद्र के जलस्तर में बढ़ोतरी तथा महासागरों का अमलीकरण जारी है। लॉकडाउन ने कारण कार्बन सांद्रता पर उसका कोई प्रभाव नहीं पड़ा है।

– **सुदर्शन सोराड़ी**, नैनीताल

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**मुझे** उम्मीद है कि हम इतिहास में वैश्विक स्वास्थ्य संकट एवं आर्थिक संकट का सामना भाईचारे के बल पर करने का उदाहरण छोड़ेंगे।

– **एंडर्स ओब्राडोर**
मैक्सिको के राष्ट्रपति

**पुलिस** अधिनियम में संशोधन के द्वारा केरल सरकार उनकी आवाज दबाने की कोशिश कर रही है जो उसकी आलोचना करते हैं।

– **रमेश चेन्नीथला**
सदन में विपक्ष के नेता





**अधिनियम** में संशोधन को लेकर आशंकाओं की बहुत सी आवाजें उठी हैं। इन परिस्थितियों में सरकार उसे लागू नहीं करना चाहती है।

– **पिनराई विजयन**
केरल के मुख्यमंत्री

# देव दीपावली पर पीएम की अगवानी को सजने लगे घाट

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी





**प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी के प्रस्तावित दौरे को लेकर तैयारियां तेज हो गई है। जहां एक ओर भाजपा पीएम की जनसभा को सफल बनाने के लिए लगातार बैठकें कर रही है तो वहीं दूसरी ओर प्रशासन पीएम के कार्यक्रम को मुकम्मल सुरक्षा देने की कवायद में लगा हुआ है। मंगलवार को जिला प्रशासन की टीम ने घाटों का मुआईना किया। पीएम मोदी का 30 नवंबर को बनारसी का दौरा प्रस्तावित है।

प्रकाश पर्व देव दीपावली के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी काशी की अलौकिक क्षण के गवाह होंगे। विश्व प्रसिद्ध देव दीपावली पर घाट दियों की रौशनी से जगमग होंगे। कार्तिक पूर्णिमा व बुध पूर्णिमा के चलते भी इस दिन घाटों पर दीपदान का महत्व है। देव दीपावली पर दीयों से रोशन घाट की छटा ही निराली होती है। पीएम के आगमन से पूर्व ही शहर को सजाने सवांरने का कार्य किया जा रहा है। नगर निगम की ओर से घाटों को साफ-सुथरा बनाने व चमकाने का कार्य किया जा रहा है। यह पहली बार है जब देश के प्रधानमंत्री देव दीपावली पर मदमस्त काशी की अनुपम दृश्य के साक्षी होंगे। भारतीय जनता पार्टी काशी क्षेत्र मीडिया प्रभारी नवरतन राठी के मुताबिक पीएम मोदी का मिर्जामुराद के खजुरी में प्रस्तावित जनसभा यादगार होगी। पीएम मोदी जनसभा को संबोधित करने के बाद हेलीकाप्टर से डोमरी गांव जाएंगे वहा से बाबा अवधूत भगवान रामघाट से बौध सवार होकर विश्वप्रसिद्ध देव दीपावली की आभा निहारेंगे के लिए प्रस्थान करेंगे। मंगलवार को यहां हेलिपैड को दुरुस्त करने का कार्य शुरू कर दिया गया। यहां ईंट बीछाने पानी छीड़कने के साथ ही सुरक्षा के उपाय किए जा रहे हैं। कार्तिक पूर्णिमा के दिन बनारस के 84 घाट 15 लाख दीये जलाए जाएंगे। गंगा नदी में पानी की लहरों पर लेजर शो के माध्यम से काशी में शिव महिमा व गंगा अवतरण का प्रदर्शन की तैयारी है। पीएम मोदी के आगमन के चलते इस बार देव दीपावली पर घाटों को लाखों दियों से रोशन किया जाएगा। राजनीति के जानकार अभी से यह कहने लगे हैं की पीएम मोदी देव दीपावली पर काशी की धरती से बौध और जैन धर्मो के लोगों के करीबी दिखाने का प्रयास करेंगे। पीएम मोदी का कोई भी कदम यू हीं नहीं होता वे हर पर को भुनाने में माहिर हैं। पीएम मोदी इस बार मिर्जामुराद के खजुरी में ही पीएम मोदी ने 20 नवम्बर 2013 को विजय शंखनाद रैली कर वाराणसी की जनता को सम्बोधित किया था। अब पीएम मोदी दोबारा मिर्जामुराद के खजुरी में जनसभा को सम्बोधित करने काशी आ रहे हैं। इस बार पीएम मोदी खजुरी में जनसभा को सम्बोधित करने के साथ ही काशी विश्व प्रसिद्ध देव दीपावली त्यौर में भी शरीक होंगे। पीएम के आगमन से पूर्व भाजपा काशी प्रांत कार्यालय में जिला इकाई के पदाधिकारियों के अलावा मंडल प्रभारियों की बैठक हुई। बैठक में भाजपा के प्रदेश सह प्रभारी सुनील ओझा ने स्पष्ट निर्देश दिया कि पीएम के जनसभा की जनसभा में दो गज दूरी सुनिश्चित कराया जाएगा। पीएम के कार्यक्रम में कोविड-19 के सुरक्षा उपायों का पालन किया जाएगा। इसको ध्यान में रखते हुए कुर्सियां लगाई जाएंगी। यहां जनसभा में शिरकत करने वाले पार्टी समर्थकों को मास्क पहन कर ही जनसभा में जाने की अनुमति होगी। मिर्जामुराद के खजुरी में प्रस्तावित जनसभा में 10 हजार से अधिक की संख्या न जुटे इसका भी ख्याल रखा जाएगा। पीएम के कार्यक्रम में ज्यादातर लोग रोहनिया व सेवापुरी विधानसभा क्षेत्र से जुटाए जाएंगे। इसके लिए मंडल स्तर पर कमेटियों का गठन किया गया है। सेवापुरी विधानसभा क्षेत्र की जिम्मेदारी क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अशोक तिवारी को सौंपी गई है जबकि रोहनिया विधानसभ क्षेत्र की जिम्मेदारी क्षेत्रीय उपाध्यक्ष दिलीप पटेल को दी गई है। पार्किंग प्रमुख रमेश को बजाया गया है जबकी जल प्रमुख की जिम्मेदारी राजकुमार पटेल को दी गई है। वाहन प्रमुख सुरेश सिंह बनाए गए है जबकी प्रचार एवं होर्डिंग प्रमुख शिवानंद राय जबकी सोशल मीडिया प्रमुख हिमांशु जायसवाल, आइटी विभाग प्रमुख अरविंद पांडेय, मंच एवं साज-सज्जा प्रमुख प्रवीण सिंह गौतम, झंडा प्रमुख उपेंद्र प्रताप सिंह, संपर्क प्रमुख संजय सोनकर को जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन की तैयारियां शहर से लेकर ग्रामीण अंचल में तेजी से शुरू हो गई हैं। पीएम के आगमन की औपचारिक घोषणा तो नहीं की गई है लेकिन तैयारियों से सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि यहा पीएम का आना लगभग तय ही है। इसे ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने सेवापुरी में तैनात क्लस्टरवार अफ्सरों को अलर्ट किया है। जिलाधिकारी ने अपूर्ण कार्यों की सूची मांगी है ताकि अधूरे कार्यों को 30 नवंबर तक पूर्ण करा लिया जाए। गौरतलब है की नीति आयोग ने सेवापुरी को आदर्श ब्लाक बनाने की घोषणा पहले ही कर चुकी है। आयोग ने सीईओ अमिताभकांत को तीन माह में माडल ब्लाक बनाने का निर्देश दिया गया था। तीन माह के अंतराल पर 15 सितंबर को उन्होंने ब्लाक में प्रगति को लेकर यहां पर केंद्र व राज्य के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक किया था।

## प्रधानमंत्री के हाथों होना है विवेकानंद एवं मॉनेशका क्रूज का लोकार्पण

● यह क्रूज बनारस से चुनार तक बाद में प्रयागराज तक चलेगा

**वाराणसी।** गंगा में जल परिवहन की रो.रो सर्विस सेवा का लोकार्पण प्रधानमंत्री के हाथों संपन्न होगा। भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण ने अपने स्तर से पूरी तैयारी कर ली है। बसए इंतजार है तो जिला प्रशासन से अनुमति मिलने का। रामनगर राल्हूपुर में तीन माह से खड़े दोनों रो.रो सर्विस को फ्तिहाल बनारस से चुनार तक चलाने की तैयारी है। बाद में प्रयागराज तक। इसमें पर्यटकों के लिए बैठने के साथ ही गाड़ियों की पार्किंग की भी व्यवस्था है। हालांकिए जिला प्रशासन उसमें उपलब्ध पार्किंग स्पेस को पार्टी या सांस्कृतिक कार्यक्रम के स्थान के रूप में इस्तेमाल करने की योजना बना रहा है। बनारस में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विशेष योजना बनाई गई है। इसके तहत क्रूज से यात्रियों सहित वाहन व सामान की भी आवाजाही होगी। रो.रो ;रोल.आन.रोल.आफद्धजैसेंजर शिपढ् जहाज डबल एंडेड फेरी सेवा है।

**यह है क्रूज की खासियत, जिला प्रशासन जल्द तय करेगा किराया:** भारत सरकार के आदेश पर भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण ने बनारस को दो रो.रो दिए हैं। एक रो.रो का नाम विवेकानंद क्रूज और दूसरे का सैम मानेकशॉ क्रूज है। इसमें 200 पर्यटकों के बैठने की व्यवस्था है। अंदर एक हाल में पांच बेड लगे हुए हैं जो आपातकालीन परिस्थितियों में पर्यटकों के आराम करने के लिए बनाए गए हैं। इसके अलावा वाशरूम और शौचालय की भी सुविधा है।जिला प्रशासन इसका किराया जल्द ही तय करेगा। किराया 200 से 300 रुपये के बीच तय होने के संकेत हैं। रो.रो की रफ्तार प्रति घंटा 12 से 15 किलोमीटर होगी।

**चार राज्यों के 18 शहरों में रो रो सर्विस सेवा शुरू होनी है:** आइडब्ल्यूएआइ के अधिकारियों की मानें तो चार राज्यों के 18 शहरों में रो.रो सर्विस सेवा शुरू होनी है। इसी के तहत बनारस को दो रो.रो मिले हैं। जिला प्रशासन इसे कैसे संचालित करेगाए वह तय करेगा।

# चितईपुर, लंका वसूली लिस्ट जांच एसपी क्राइम को सुपुर्द

**वाराणसी।** चंदौली जिले के मुगलसराय, अलीनगर एवं सैयदराजा के बाद वाराणसी के लंका थाना अंतर्गत चितईपुर पुलिस चौकी द्वारा अवैध वसूली की लिस्ट प्रदेश के पुलिस महानिदेशक हितेश चन्द्र अवस्थी को मिली है। जिस पर उन्होंने कार्यवाही करते हुए वसूली की जॉच एसपी क्राइम ब्रांच वाराणसी को मिली है। आईपीएस अफ्सर अमिताभ ठाकुर ने आज उन्हें प्राप्त हुई चौकी चितईपुरए थाना लंकाए वाराणसी की वसूली लिस्ट की प्रति डीजीपी एच सी अवस्थी तथा अन्य अफ्सरों को भेजते हुए उस पर कार्यवाही कराये जाने की मांग की है। अमिताभ ने कहा कि वसूली लिस्ट में कुल 15 जगहों से वसूली किये जाने की बात अंकित हैण् इसमें चितईपुर चौराहा पर भांग की दुकान पर गांजा बेचने से 5000 रुपयेए 11 स्थानों पर शराब की दुकानों से वसूली व 03 गैस रिफिलिंग से वसूली शामिल है। इस लिस्ट के अनुसार चौकी की कुल वसूली 24, 500 रुपये बताई गयी है, अमिताभ को दी गयी जानकारी के अनुसार चितईपुर चौकी के एक सिपाही प्रेम कुमार द्विवेदी द्वारा वसूली किया जाना बताया गया है। अमिताभ ने इन तथ्यों की जाँच कराते हुए उचित कार्यवाही किये जाने की मांग की है, जिपर वाराणसी पुलिस द्वारा बताया गया है कि प्रकरण में जांच एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु पुलिस अधीक्षक अपराध को प्रेषित किया गया है।

# कांग्रेस ने प्रदेश सरकार पर लगाया दलित उत्पीड़न का आरोप

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी




**यूपी कांग्रेस** अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमैन आलोक प्रसाद की गिरफ्तारी का कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने अलोकतांत्रिक बताते हुए तत्काल रिहा करने की मांग की है। उक्त बातें मैदागिन कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुये यूपी कांग्रेस कमेटी के सदस्य डॉ अमरनाथ पासवान व महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे ने सयुक्त रूप से कही। कांग्रेस नेताओं ने प्रदेश की योगी सरकार पर दलित विरोधी मानसिकता का अरोप लगाया है। दलित बेटियों पर बलात्कार और हत्याओं से पूरा यूपी दहल गया है। हाथरस का मामला आप सभी के सामने है। कांग्रेस कहा कि बुलन्दशहर, अमरोहा, कानपुर, गोरखपुर, आजमगढ़, कानपुर, गोण्डा, बस्ती, शाहजहांपुर, उन्नाव आदि जनपदों में घटित हुई इसके लिए सरकार भी जिम्मेदार है। रोजाना प्रदेश के जनपदों में बच्चियों के साथ रेप, गैंगरेप और हत्या की घटनाएं सामने आ रही हैं। कांग्रेस नेताओं के मुताबिक योगी सरकार के शासनकाल में देखा गया है कि घाटमपुर में 6 साल की बच्ची के साथ अभद्रता का मामला सामना आया है। राघवेन्द्र चौके के मुताबिक कांग्रेस पार्टी ही दलित हितैषी और दलितों के प्रति संवेदनशील है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि आलोक प्रसाद कोरोना महामारी के समय भी दलितों के घर अनाज और दैनिक उपयोग की वस्तुएं पहुंचाते रहे। योगी सरकार को कांग्रेस के दलित चेयरमैन आलोक प्रसाद का यह सेवाभाव रास नहीं आया। कांग्रेसजनों और उनकी सक्रियता को देखते हुए झूठे आरोपों और मुकदमें में फंसाकर साजिशन उन्हें 14 अक्टूबर की रात्रि में उनके आवास से पुलिस द्वारा जबरन गिरफ्तार कर असंवैधानिक रूप से जेल में डाल दिया गया।

## क्विक न्यूज

### 50 हजार के इनामी बदमाश ने कोर्ट में किया आत्मसमर्पण

**वाराणसी।** फरार बताए जा रहे 50 हजार के इनामी अनिल यादव उर्फपट्टी ने मंगलवार को वाराणसी न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। अधिवक्ता महेन्द्र मोहन मिश्रा और आलोक पाठक के जरिए मंगलवार को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष आरोपित ने सरेंडर किया तो लोगों में सुगबुगाहट शुरू हो गई। अधिवव?ताओं के अनुसर जमानत तुड़वाकर 50 हजार रुपया के इनामी अनिल यादव ने सीजेएम कोर्ट में समर्पण किया है। वहीं पुलिस के अनुसार आरोपित अनिल यादव उर्फपट्टी पुत्र पवारु.डी 55/188 औरंगाबाद, थाना, लक्सा, वाराणसी निवासी है। उस पर मुकदमा अपराध संख्या- 333/2015 थाना, कैंट, भा.द.सं. की धारा -147, 353, 332, 504 तथा 224 के मामले में समर्पण किया है। इन मामलों में पुलिस को उसकी तलाश थी।

### इक्विटी से संबंधित साधनों में अब होगा निवेश

**प्रयागराज।** कोरोना काल के बाद अब यूनियन एएमसी ने भारत के यूनियन बैंक ऑफ इंडिया तथा जापान के दाई इची लाइफ़होल्डिंग्स द्वारा सह प्रायोजित यूनियन हाइब्रिड इक्विटी फंड के लांच की घोषणा की है। यह एक ओपन एंडेड हाइब्रिड स्कीम है। जिसमें मुख्यत इक्विटी और इक्विटी से संबंधित साधनों में निवेश किया जाएगा। इस योजना के तहत इक्विटी में कम से कम पैंसठ प्रतिशत और डेब्ट में अधिकतम 35 प्रतिशत का निवेश किया जाएगा। सत्ताईस नवंबर को इस योजना के न्यू फंड ऑफर का शुभारंभ होगा। जो ग्यारह दिसंबर को बंद हो जाएगा। अट्ठारह दिसंबर को इसके तहत आवंटन किया जाएगा। जो अट्ठाइस दिसंबर को आगे की बिक्री एवं पुनः खरीद के लिए फिर से खुलेगा। जिसका प्रबंधन विनय पहारिया पारिजात अग्रवाल और हार्दिक बोरा द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर जी प्रदीप कुमार चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर यूनियन एसेट मैनेजमेंट कंपनी प्राइवेट लिमिटेड ने कहा इसकी सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसमें बेहद सोच समझकर एसेट एलोकेशन किया गया है।


### भाजपा महानगर अध्यक्ष ने अधिवक्ताओं से मांगा समर्थन

**प्रयागराज।** भाजपा इलाहाबाद झांसी स्नातक विधानसभा के प्रत्याशी यज्ञदत्त शर्मा के समर्थन में भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी ने जन संपर्क करते हुए हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अमरेंद्र नाथ सिंह एवं जिला इलाहाबाद बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष कृष्ण बिहारी तिवारी के अगुवाई में अधिवक्ताओं से समर्थन मांगा। इस अवसर पर उन्होंने भाजपा प्रत्याशी यज्ञ दत्त शर्मा के द्वारा किए गए अब तक की उपलब्धियों को भी उनके बीच में रखा और अधिवक्ताओं ने उन्हें समर्थन का आश्वासन दिया। जनसंपर्क करने वालों में रणजीत सिंह कुंज बिहारी मिश्रा वरुण केसरवानी राजेश केसरवानी संजू मिश्रा राजू पाठक विवेक मिश्रा विवेक अग्रवाल मनीष केसरवानी श्याम प्रकाश पांडेय नितिन द्विवेदी अमित केसरवानी एवं मंडल के अध्यक्ष एवं संयोजक उपस्थित रहे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में बाग में लटकता मिला महिला का शव

**नवाबगंज उन्नाव।** सहरावां गांव मे एक महिला का शव आम के पेड से लटकता पाया गया। सूचना पर मौके पर पहुँची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा है। मंगलवार की सुबह नित्य क्रिया के लिए निकले ग्रामीणो ने गांव की ही सुन्दारा 38 पत्नी स्व पुत्तन लोधी का शव चन्दशेखर के बाग मे आम के पेड में उसी की साडी के सहारे देख ग्रामीणों को सूचना दी। सूचना मिलते ही घटना स्थल पर मजमा लग गया। सूचना पाकर मौके पर पहुँची पुलिस ने शव को फन्दे से उतरवा पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा। सोहरामऊ थाना प्रभारी सुरेश कुमार पटेल ने बताया कि शव पोस्टमार्टम को भेजा गया है। पीएम रिपोर्ट आने पर उचित कार्यवाही की जायेगी।

### जनपद की महिला उद्यमी सफलता की नित नयी गाथा लिख रही हैं: डीएम



**उन्नाव।** मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत लघु महिला उद्यमियों को विभिन्न बैंको द्वारा 01 करोड़ 24 लाख का ऋण दिलाकर रोजगार से जोड़ा जा रहा है। एक कार्यक्रम में 13 महिलाओं को प्रशस्ति पत्र, ऋण वितरण पत्र व टूलकिट प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी 35 महिलाओं को विभिन्न बैंको से वित्त पोषण की सुविधा दिलाकर उद्यम स्थापित करने की राह आसान कराई गयी। यह कार्यक्रम में सदर विधायक पंकज गुप्ता के मुख्य अतिथित्व व जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि पंकज गुप्ता ने उपस्थित महिला उद्यमियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि स्वावलम्बी होना महिलाओं के लिये सर्वाधिक महत्वपूर्ण है क्योंकि स्वावलम्बी महिलायें न सिर्फस्वयं की सुरक्षा सुनिश्चित करती है अपितु दूसरे की सुरक्षा के लिये भी डटकर खडी होती है। उन्होने कहा कि देश में आधी जनसंख्या मातृशक्ति की है और विश्व शक्ति बनने के लिये आवश्यक है कि हमारी महिलायें आत्मनिर्भर हो। उन्होने कहा कि जनपद उन्नाव में लगभग 5 से 6 हजार स्वयं सहायता समूह कार्य कर रहें है तथा इससे जुडी 50 से 60 हजार महिलायें जनपद के विकास को नवीन आयाम देने में अग्रणी भूमिका निभा रही है। उन्होनें कहा कि जिला प्रशासन के नेतृत्व में जनपद उन्नाव में महिलाओं को स्वावलम्बी बनाने हेतु उद्योग कार्यालय, खादी ग्रामोद्योग, बैंक, एनआरएलएम उल्लेखनीय कार्य कर रहे है। इस अवसर पर जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने उपस्थित महिला उद्यमियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि जनपद की महिला उद्यमी सफलता की नित नयी गाथा लिख रही है। उन्होंने कहा कि शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन आरम्भ मिशन शक्ति कार्यक्रम के अन्तर्गत महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन सुनिश्चित करने का संकल्प लिया गया है। जिसका सर्वाधिक महत्वपूर्ण पहलू स्वावलम्बन है। उन्होंने ऋण उपलब्ध कराते हुए कहा कि महिला उद्यमियों को स्वरोजगार से जोडना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है तथा महिला उद्यमियों का सम्मान करने से हम खुद सम्मानित महसूस करते हैं। उन्होने कहा कि दिनांक 21 नवम्बर को आइआइए सभागार में भी एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था जिसमें जनपद की विशिष्ट महिला उद्यमियों से मिलने का अवसर प्राप्त हुआ। उन्होने कहा कि प्रत्येक महिला का सशक्तिकरण हमारी प्राथमिकता है तथा इसके लिए हर सम्भव सहायता उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन सदैव तत्पर है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डा. राजेश कुमार प्रजापति, उपायुक्त उद्योग सविता रंजन भारती, उप निदेशक सूचना डा. मधु ताम्बे, जिला क्रीडा अधिकारी अनीता, यूनियन बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, आर्यावर्त ग्रामीण बैंक के जिला समन्वयक एवं सहायक आयुक्त रोचना श्रीवास्तव उपस्थित रही।

# केंद्र प्रभारी लक्ष्य प्राप्ति के लिए कर रहे प्रयास, मिल मालिक बन रहे बाधक



**बांगरमऊ उन्नाव।** स्थानीय कृषि उत्पादन मंडी यार्ड में केंद्र प्रभारियों द्वारा खरीद लक्ष्य प्राप्त करने के लिए दिन रात मेहनत की जा रही है। लेकिन मिल मालिक धान को मानक के विपरीत बताकर वापस कर रहे हैं। जो लक्ष्य प्राप्ति में बाधक साबित हो रही है। वहीं किसानों को धन के भुगतान में भी व्यवधान आने से समस्या और बढ जाती है। केंद्र प्रभारियों ने बताया कि करीब एक सप्ताह पूर्व किसानों के खाते में धन का आरटीजीएस किया गया था। लेकिन अभी तक उनके खाते में धन नहीं पहुंच सका है। इस समस्या पर किसानों ने भी जिलाधिकारी से धन स्थानांतरण प्रक्रिया दुरुस्त कराए जाने तथा मिल मालिकों पर शिकंजा कसने की मांग उठाई है। स्थानीय कृषि उत्पादन मंडी यार्ड स्थित पीसीएस धान क्रय केंद्र का खरीद लक्ष्य 6 हजार कुंतल था। लेकिन अभी तक केंद्र द्वारा मात्र 1582 कुंतल धान ही खरीदा जा सका है। केंद्र प्रभारी संतराम यादव ने बताया 220 कुंतल धान नगर के ही एक चावल मिल को भेजा था। लेकिन मिलर ने उसे मानक विहीन बताकर वापस कर दिया है। जिससे खरीद में भारी व्यवधान उत्पन्न हो रहा है। इसी प्रकार मंडी यार्ड में ही स्थित विपणन क्रय केंद्र को धान खरीद का लक्ष्य 20 हजार कुंतल नियत किया गया था। लेकिन अभी तक मात्र 1410 कुंतल धान ही खरीदा जा सका है। विपणन निरीक्षक मृणालिनी वत्स ने बताया कि लक्ष्य पूर्ति हेतु धान और मक्के की खरीद जारी है। लेकिन लक्ष्यपूर्ति मे व्यवधान किसानों के खाते में धान के मूल्य का आरटीजीएस किए जाने के बाद भी खाते में पैसा न पहुंचना है। क्षेत्र के ग्राम भटौली निवासी शिव सिंह, कबीरपुर निवासी अवनीश, जहांगीराबाद निवासी राजेश कुमार वर्मा, मवई घनश्याम निवासी मैना तिवारी आदि किसानों ने बताया कि उन्हें पैसे की सख्त जरूरत है। लेकिन धान और मक्का का मूल्य अभी तक उनके खाते में नहीं पहुंच सका है। लगातार किसानों के सामने आ रही समस्या को लेकर किसान अपनी कृषि उपज बिचौलियों के हांथ मनमाने भाव पर बेंचने को मजबूर हो रहे हैं।

# युवा पत्रकार सूरज की संदिग्ध मौत मामला: आरोपी महिला दरोगा को पुलिस ने दबोचा, भेजा जेल

**उन्नाव।** गत 12 नवम्बर को युवा पत्रकार सूरज पाण्डेय के संदिग्ध परिस्थितियों में रेलवे ट्रैक पर मिले शव के मामले में मृतक पत्रकार की मां की ओर से दर्ज कराई गयी प्राथमिकी में आरोपी बनी महिला दरोगा सुनीता चौरसिया को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जबकि दूसरा आरोपी चालक अमर सिंह अभी भी पुलिस की गिरफ्त से दूर है। पुलिस ने महिला दरोगा को गुपचुप तरीके से न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेजा गया। ज्ञात हो कि गत 12 नवम्बर को युवा पत्रकार सूरज पाण्डेय की सदर कोतवाली अन्तर्गत शराबमिल के पीछे रेलवे ट्रैक पर संदिग्ध परिस्थितियों में लाश मिली थी। परिजनो ने महिला दरोगा सुनीता चौरसिया, उसके चालक सिपाही अमर सिंह पर हत्या का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज करायी थी। जिसके पश्चात कप्तान ने आरोपी महिला दरोगा व सिपाही को निलम्बित कर दिया था। दौरान विवेचना हत्या की धारा को आत्महत्या के दुष्प्रेरण में तरमीम किया गया था लेकिन इस हाई प्रोफाइल केस में आरोपियो की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस पर खासा दबाव था। पुलिस अधीक्षक आनन्द कुलकर्णी के निर्देश पर पुलिस लगातार आरोपी महिला दरोगा की गिरफ्तारी के लिए दबिशे दे रही थी। सूत्रों की माने तो महिला दरोगा अपने बाराबंकी स्थित आवास से गिरफ्तार की गयी है। जिसे देरशाम गुपचुप तरीके से जिला अस्पताल में मेडिकल कराने के बाद सीजेएम न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। इस बहुचर्चित काण्ड को लेकर मीडिया जगत में अभी भी आक्रोश व्याप्त है। जिनका कहना है कि जब अन्य किसी अपराध के आरोपियो को गिरफ्तार करने के बाद बाकायदा प्रेसवार्ता बुलाकर मीडिया से रूबरू कराकर जेल भेजा जाता है तो फिर इस घटना में आरोपी महिला दरोगा को गुपचुप तरीके से जेल क्यों भेजा गया। फिलहाल महिला दरोगा की गिरफ्तारी होने के बाद साथी पत्रकारो में खुशी की लहर दौड़ गयी जिनका कहना है कि अब युवा पत्रकार सूरज पाण्डेय के साथ न्याय होने की उम्मीद फिर से जगी है।

# प्रशिक्षुओं ने बेसिक शिक्षा महानिदेशक को सौंपा ज्ञापन

**प्रयागराज।** डीएलएड बीटीसी प्रशिक्षण पूर्ण कर चुके प्रशिक्षुओं के लिए नई शिक्षक भर्ती सृजित करने के मामले में बेसिक शिक्षा महानिदेशक और बेसिक शिक्षा निदेशक विजय किरण आनंद को ज्ञापन सौंपकर प्राथमिक में नई शिक्षक भर्ती की मांग की गई। डीएलएड 2017 बैच लगातार नई शिक्षक भर्ती की मांग को लेकर सरकार से और प्रशासन से गुहार लगा रहा है। नई भर्ती के संदर्भ में डीएलएड 2017 बैच के विकास सिंह और अन्य प्रशिक्षुओं ने मांग को उठाया। बताया जा रहा है कुछ वर्षों में 69000 शिक्षक भर्ती न्यायालय में लंबित थी। जिसके फलस्वरूप डीएलएड 2017 बैच को डेढ़ साल से नई भर्ती का इंतजार करना पड़ रहा है। न्यायालय के लंबित वाद का निर्णय आ जाने से नई भर्ती की रास्ता में आ रही बाधा समाप्त हो गयी है। नई शिक्षक भर्ती को लेकर 2017 में विगत के कुछ महीनों में जिले स्तर पर विधायक सांसद मंत्री को ज्ञापन के माध्यम से अपनी भर्ती की मांग को उठा चुके हैं।

# जिलाधिकारी रवींद्र कुमार ने किया कई कार्यालयों का औचक निरीक्षण



**उन्नाव।** जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने आज जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, वित एवं लेखाधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, उप निबंधक, सहायक महा निरीक्षक निबन्धन, प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानकी वन प्रभाग के कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाये गयें अधिकारियो एवं कर्मचारियों का एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिये। साथ ही लिखित स्पष्टीकरण तीन दिन के अन्दर मांगा है। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि निर्धारित समय पर कार्यालय में अधिकारी कर्मचारी जरूर उपस्थित हो। उन्होंने कहा कि भविष्य में निरीक्षण के समय अनुपस्थित पाये जाने पर सम्बन्धित के प्रति कठोर कार्यवाही की जायेगी। अनुपस्थित पाये गये कर्मी कार्यालय प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकीय वन प्रभाग के प्रभा वरिष्ठ सहायक, कार्यालय सहायक महानिरीक्षक निबन्धन के प्रकाश चन्द्र गुप्ता एआईजी स्टाम्प, कार्यालय उप निबंधक से सैय्यद मसरूर हसन रिजवी सीआर, प्रमोद कुमार दीक्षित निबन्धन लिपिक, धर्मराज चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी, कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक के राकेश कुमार जिला विद्यालय निरीक्षक, उमेश चन्द्र मिश्रा लेखाकार, संजय कुमार प्रधान सहायक, निर्मल प्रकाश श्रीवास्तव वरिष्ठ सहायक, अखिलेश मिश्रा सहायक वित्त एवं लेखाधिकारी, प्रदीप कुमार निगम लेखाकार, सहित लगभग एक दर्जन अन्य अधिकारी कर्मचारी अनुपस्थित पाये गये।

# महाप्रबंधक ने संरक्षा, कोहरे और सर्दियों की तैयारी की समीक्षा की

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

**महाप्रबंधक** राजीव चौधरी ने उत्तर मध्य रेलवे के प्रमुख विभागाध्यक्षों और मंडल रेल प्रबंधक प्रयागराज झांसी और आगरा के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उत्तर मध्य रेलवे में संरक्षा कोहरे और सर्दियों की तैयारी सहित अन्य महत्वपूर्ण कार्यों की स्थिति की समीक्षा की। वीडियो कॉन्फ्रेंस में आगरा झांसी और प्रयागराज के मंडल रेल प्रबंधकों द्वारा कोहरे और सर्दियों की तैयारियों पर पावर प्वाइंट के माध्यम से विस्तृत प्रस्तुतियां दी गयी। उच्च यातायात घनत्व वाले मार्गों पर संरक्षायुक्त और निर्बाध ट्रेन संचालन सुनिश्चित करने के लिए उत्तर मध्य रेलवे ने कोहरे और सर्दियों के मौसम के लिए विस्तृत और समयबद्ध कार्य योजना तैयार की है। इसके लिए की जा रही तैयारियों के तहत सभी ट्रेन चलाने वाले कर्मचारियों का अपेक्षित प्रशिक्षण और अनिवार्य चिकित्सा परीक्षा पहले ही पूरी हो चुकी है। सड़क उपयोगकर्ताओं को गेट बूम और स्टॉप बोर्ड की उचित दृश्यता सुनिश्चित करने के लिएए तीनों डिवीजनों पर सभी मानवयुक्त लेवल क्रॉसिंग गेट पर रेट्रोफ्लेक्टिव बोर्ड लगा दिए गए हैं। कोहरे के मौसम के दौरान चालक दल की सिग्नल संबंधी सहायता के लिए सभी क्रू बुकिंग प्वाइंटों पर पर्याप्त संख्या में फॉग सेफडिवाइस उपलब्ध कराए गए हैं और कम दृश्यता की स्थिति में सिग्नलों के बारे में लोको पायलटों को आगाह करने के लिए सभी फॉग सेफडिवाइस में सिग्नल की जीपीएस लोकेशन को अपडेट किया गया है। सर्द हवाओं से चालक दल को बचाने के लिए सभी 448 इलेक्ट्रिक इंजनों और 102 डीजल इंजनों के लोकोमोटिव कैब की सीलिंग की जा रही है। इसी तरह उत्तर मध्य रेलवे में सभी रनिंग रूम में कंबल गीजर रूम हीटर आदि की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। ताकि चालक दल को गुणवत्तायुक्त रेस्ट सुनिश्चित हो सके। सर्दियों की तैयारियों के क्रम में ट्रैक की आवश्यक डीस्ट्रेसिंग ज्वाइंटों की जाँच ग्रीसिंग आदि का कार्य पहले ही पूरा हो चुका है। 15 नवंबर से रेलवे ट्रैक पर रात की पेट्रोलिंग भी शुरू कर दी गई है। सेक्शन में ट्रेन के अंतिम वाहन की उचित दृश्यता सुनिश्चित करने के लिए यात्री गाड़ियों के एसएलआर और मालगाड़ी के गार्ड वैन पर रेट्रोफ्लेक्टिव क्रॉस मार्क और फ्लैशिंग टेल लैंप का प्रावधान सुनिश्चित किया जा रहा है। सर्दियों और कोहरे के दौरान कार्य से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण वस्तुएं जैसे कोहरे की स्थिति का आकलन करने के लिए विज़िबिलिटी टेस्ट ऑबजेक्ट रिट्रोरिफ्लेक्टिव साइनेज एवं वीएचएफ सेट की पर्याप्त उपलब्धता डेटोनेटर सिग्नल से पहले चूना अंकन इत्यादि भी आगरा झांसी और प्रयागराज मंडलों द्वारा सुनिश्चित किया जा रहा है।

कोहरे और सर्दियों की तैयारियों की समीक्षा करते हुए महाप्रबंधक श्री चौधरी ने कहा कि मंडलों को एक दूसरे के अनुभव से सीखना चाहिए और अन्य मंडलों में लागू अच्छी प्रथाओं को अपने यहां लागू करना चाहिए। उन्होंने कहा कि ट्रैक और अन्य परिसंपत्तियों के निरीक्षण के लिए नियुक्त सभी कर्मचारियों के लिए सर्दियों और पेट्रोलिंग गियर्स की उचित और पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि ट्रेनों के विलंबन की स्थिति की यात्रियों को पूर्व सूचना और स्टेशनों पर यात्रियों के लिए पर्याप्त मात्रा में पैकड खाद्य पदार्थों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। महाप्रबंधक ने मंडलों को सभी लेवल क्रॉसिंगी की एप्रोच और स्टेशन प्लेटफार्मों पर उचित प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया। महाप्रबंधक श्री चौधरी ने स्टेशन प्लेटफार्मों पर समान और समुचित प्रकाश को सुनिश्चित करने के लिए मंडलों को निर्देशित किया।

महाप्रबंधक श्री चौधरी ने मंडलों के प्रदर्शन की सराहना की और कहा कि बिज़नेस डेवलेपमेंट यूनिटों द्वारा किए जा रहे अच्छे प्रयासों को जारी रखा जाना चाहिए और इनके द्वारा किए जा रहे माल लदान से आय और राजस्व को अधिकतम करने के लिए किए जा रहे प्रयास और बढ़ाए जाने चाहिए।

# भारत में कोविड-19 के 37,975 नए केस कुल मामले बढ़कर 91.77 लाख हुए

**भाषा।** नई दिल्ली

**देश में** एक दिन में कोविड-19 के 37,975 नए मामले सामने आने के बाद देश में संक्रमण के मामले बढ़कर 91.77 लाख के पार चले गए, जिनमें से 86 लाख से अधिक लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने इसकी जानकारी दी। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से सुबह आठ बजे अद्यतन किए गए आंकड़ों के अनुसार देश में संक्रमण के कुल 91,77,840 मामले सामने आ चुके हैं। वहीं 480 और लोगों की मौत के बाद मृतक संख्या बढ़कर ।,34,218 हो गई। इन 480 लोगों में से 121 लोग राष्ट्रीय राजधानी के हैं। इसमें कहा गया है कि देश में लगातार 14 दिन से उपचाराधीन मामलों की संख्या पांच लाख से कम है। अभी कुल 4,38,667 लोगों का कोरोना वायरस का इलाज चल रहा है, जो कुल मामलों का 4.78 प्रतिशत है। आंकड़ों के अनुसार देश में कुल 86,04,955 लोगों के संक्रमण मुक्त होने के साथ ही, मरीजों के ठीक होने की दर 93.76 प्रतिशत हो गई। वहीं कोविड-19 से मृत्यु दर 1.46 प्रतिशत है।

भारत में सात अगस्त को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त को 30 लाख और पांच सितम्बर को 40 लाख के पार चली गई थी। वहीं, कुल मामले 16 सितम्बर को 50 लाख, 28 सितम्बर को 60 लाख, 11 अक्टूबर को 70 लाख, 29 अक्टूबर को 80 लाख और 20 नवम्बर को 90 लाख के पार चले गए थे। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के अनुसार 23 नवम्बर तक कुल 13.36 करोड़ से अधिक नमूनों की कोविड-19 संबंधी जांच की गई, जिनमें से 10,99,545 नमूनों का परीक्षण सोमवार को ही किया गया। आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटे में से जिन 480 लोगों की मौत हुई, उनमें से दिल्ली के 121, पश्चिम बंगाल के 47, महाराष्ट्र के 30, हरियाणा के 28, कर्नाटक के 24, हिमाचल प्रदेश तथा उत्तर प्रदेश के 23-23 और केरल के 22 लोग थे। मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार देश में वायरस से अभी तक ।,34,218 लोगों की मौत वायरस से हुई है। इनमें से महाराष्ट्र के 46,653, कर्नाटक के 11,678 , तमिलनाडु के 11,622, दिल्ली के 8,512, पश्चिम बंगाल के 8,072, उत्तर प्रदेश के 7,582, आंध्र प्रदेश के 6,948,पंजाब के 4,631 और गुजरात के 3,876 लोग थे। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि जिन लोगों की मौत हुई , उनमें से 70 प्रतिशत से ज्यादा मामलों में मरीजों को अन्य बीमारियां भी थीं।

## सोना तस्करी में सीमा शुल्क विभाग ने शिवशंकर को गिरफ्तार किया

**कोच्चि।** केरल सोना तस्करी मामले में सीमा शुल्क विभाग ने मंगलवार को भारतीय प्रशासनिक सेवा के निलंबित अधिकारी शिवशंकर को औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया। सीमा शुल्क (निवारक) आयुक्तालय के कर्मी आज सुबह जेल पहुंचे और निलंबित अधिकारी को गिरफ्तार किया। शिवशंकर को सोने की तस्करी के जांच के मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ्तार किया है और इस सिलसिले में वह जेल में है। केंद्रीय एजेंसी शिवशंकर को रिमांड पर लेने के लिए अदालत में आवेदन देगी। विशेष अदालत ने इससे पहले सीमा शुल्क विभाग को शिवशंकर को गिरफ्तार करने की अनुमति दी थी, इसके बाद अधिकारी की गिरफ्तारी हुई है। शिवशंकर इस सनसनीखेज मामले में न्यायिक हिरासत में है। मामला राजनयिक माध्यमों से सोने की तस्करी से जुड़ा है जिसमें तिरूवनंतपुरम हवाई अड्डे पर राजनयिक माध्यम से तस्करी कर ले जाया जा रहा 30 किलो सोना जब्त किया गया था।



तिरूपति में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद पत्नी सविता कोविंद के साथ श्री पद्मावती मन्दिर में पूजा अर्चना करते हुए।

## फडणवीस ने ठाकरे नीत महाराष्ट्र सरकार को अप्राकृतिक गठबंधन बताया

**पुणे।** सत्तारूढ़ महा विकास अघाड़ी (एमवीए) को अप्राकृतिक गठबंधन बताते हुए भाजपा नेता देवेन्द्र फडणवीस ने मंगलवार को कहा कि जिस दिन यह गठबंधन बिखरेगा उनकी पार्टी राज्य को एक मजबूत सरकार देगी। फडणवीस ने सोलापुर में संवाददाता सम्मेलन में कहा, ऐसा होने तक भाजपा ईमानदारी के साथ मजबूत विपक्ष की भूमिका निभाएगी और वह राज्य में सत्ता परिवर्तन की मंशा नहीं रखती है। विधानसभा में विपक्ष के नेता ने कहा कि ऐसी सरकारें (शिवसेना-कांग्रेस-राकांपा की एमवीए) देश या राज्यों में लंबे समय तक नहीं टिकी हैं और यह सरकार भी कोई अपवाद नहीं है। उन्होंने कहा, जिस दिन यह अप्राकृतिक गठबंधन टूटेगा, हम राज्य को एक मजबूत सरकार देंगे, लेकिन उस वक्त तक हम विपक्ष में बने रहेंगे।

यह पूछने पर कि क्या भाजपा बिहार विधानसभा चुनाव में जीत के बाद महाराष्ट्र में सत्ता परिवर्तन पर विचार कर रही है, फडणवीस ने इससे इंकार करते हुए कहा, हम (महाराष्ट्र में) विपक्ष में हैं, और हम ईमानदारी से मजबूत विपक्ष की भूमिका निभा रहे हैं। पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के दौरान बिजली के बकाया बिलों की उद्धव ठाकरे सरकार द्वारा जांच कराए जाने के संबंध में सवाल करने पर फडणवीस ने कहा कि अगर सरकार इसकी जांच कराती है तो वह औंधे मुंह गिरेगी।

मेरा कहना यह है कि सिर्फ हमारे पांच साल के कार्यकाल की जांच क्यों करानी है, पिछले 20 साल (पांच साल भाजपा और 15 साल कांग्रेस-राकांपा गठबंधन) की क्यों नहीं, क्योंकि हमारी सरकार ने तो बिजली कंपनी का गठन किया नहीं था। हमें जो भी विरासत में मिला, हमने उसे ही आगे बढ़ाया। फडणवीस ने दावा किया कि एमवीए सरकार 15 साल (कांग्रेस-राकांपा गठबंधन) का बकाया बिल भी भाजपा नीत सरकार के कार्यकाल में जोड़ रही है।

## पीठासीन अधिकारियों का दो दिवसीय सम्मेलन गुजरात में आज से

**भाषा।** गांधीनगर

**पीठासीन अधिकारियों** का दो दिवसीय अखिल भारतीय सम्मेलन गुजरात में नर्मदा जिले के केवडिया में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के पास बुधवार को शुरू होगा। इसका मकसद लोकसभा, राज्यसभा और अन्य विधाई निकायों के पीठासीन अधिकारियों के बीच संवाद को सुगम बनाना है। यह पीठासीन अधिकारियों का 80वां सम्मेलन है। लोकसभाध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को यहां संवाददाताओं को बताया कि राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद इस कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। बिरला इस सम्मेलन के अध्यक्ष भी हैं। इस कार्यक्रम की शुरुआत 1921 में हुई थी और अब यह शताब्दी वर्ष में है।

इस बार सम्मेलन का विषय सशक्त लोकतंत्र के लिए विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच सौहार्दपूर्ण समन्वय है। बिरला ने कहा कि राज्यसभा के सभापति और उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू भी सम्मेलन में भाग लेंगे। इसके साथ ही गुजरात और राजस्थान के राज्यपालों तथा गुजरात के मुख्यमंत्री विजय रूपाणी जैसे गणमान्य लोग भी सम्मेलन में भाग लेंगे। लोकसभा में कांग्रेस पार्टी के नेता अधीर रंजन चौधरी, केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रहलाद जोशी और देश भर के विभिन्न विधाई निकायों के पीठासीन अधिकारी भी इस सम्मेलन में भाग लेंगे।

बिरला ने कहा कि बृहस्पतिवार को संविधान दिवस पर सम्मेलन के समापन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रतिनिधि संविधान की प्रस्तावना का पाठ करेंगे। प्रधानमंत्री समापन सत्र को भी संबोधित करेंगे। दो दिवसीय सम्मेलन के दौरान, संसद और विधानसभाओं की कार्यवाही का प्रसारण एक मंच पर करने के लिए सूचना प्रौद्योगिकी के उपयोग तथा दलबदल विरोधी कानून से जुड़े विषयों पर भी चर्चा की जाएगी। बिरला ने कहा कि हंगामे के कारण संसद का कामकाज बाधित नहीं हो, यह सुनिश्चित करने के तरीकों पर भी चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा, उत्तराखंड में आयोजित पिछले सम्मेलन में, हमने तीन मुख्य बिंदुओं पर चर्चा की थी। पहला दलबदल विरोधी कानून के बारे में था। हमने राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी के तहत एक समिति बनाई थी, और इस सम्मेलन में हम रिपोर्ट का विश्लेषण करेंगे।

बिरला ने कहा, हम सूचना प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल पर भी विचार करेंगे। हमने तय किया है कि सिस्टम को इस प्रकार कंप्यूटरीकृत किया जाए कि कोई व्यक्ति एक ही मंच पर विधानसभा और संसद की कार्यवाही देख सके। तीसरा विषय कानून के भीतर संसद का उचित और अनुशासित कामकाज सुनिश्चित करना है जिससे कार्यवाही में कोई व्यवधान उत्पन्न नहीं हो। उन्होंने कहा कि सभी विधानसभाओं और संसद को मिलकर इस संबंध में एक साझा कानून के बारे में सोचना चाहिए। विधानसभाओं को कानून बनाने का अधिकार है।

बिरला ने सम्मेलन के विषय पर कहा कि लोकतंत्र के तीनों स्तंभों (विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका) को संविधान में अलग अलग अधिकार दिए गए हैं, और वे संविधान की रक्षा तथा लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए, अपनी सीमाओं के भीतर रहकर, मिलकर काम करते हैं।

उन्होंने कहा कि सम्मेलन के दौरान, विधानमंडलों के पीठासीन अधिकारी भारतीय लोकतंत्र को मजबूत बनाने और इसे अधिक प्रभावी बनाने के लिए लोकतंत्र के तीनों स्तंभों के बीच बेहतर सहयोग और समन्वय की आवश्यकता पर विचार करेंगे। बिरला ने कहा, पिछले 17 आम चुनावों में, मतों की हिस्सेदारी में में वृद्धि हुई है, यह दर्शाता है कि लोगों ने लोकतंत्र में अपने विश्वास को दोहराया है। कार्यक्रम से संबंधित एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि राज्य विधानसभाओं के 27 पीठासीन अधिकारियों ने अपनी भागीदारी के बारे में पुष्टि की है। राज्य विधानसभाओं के सचिवों और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के भी कार्यक्रम में शामिल होने की उम्मीद है।

## क्विक न्यूज

### डीडीसी चुनाव: फारूक अब्दुल्ला की गुपकर गठबंधन को वोट देने की अपील

**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला ने मंगलवार को जम्मू-कश्मीर के लोगों से अपील की वे जिला विकास परिषद के शनिवार से शुरू हो रहे चुनाव में गुपकर गठबंधन (पीएजीडी) के उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान करें। गुपकर गठबंधन द्वारा जारी एक वीडियो में अब्दुल्ला ने लोगों से अपील की कि वे गठबंधन के उम्मीदवारों की बड़े अंतर से जीत सुनिश्चित करें ताकि गठबंधन जम्मू कश्मीर का विशेष राज्य का दर्जा बहाल कराने के लक्ष्य में कामयाब हो सके जिसे पिछले साल केंद्र ने रद्द कर दिया था। जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री के घर का एक कर्मचारी कोविड-19 से संक्रमित पाया गया है जिसके बाद से वह पृथक-वास में हैं। पीएजीडी प्रमुख अब्दुल्ला ने कहा, मेरे देशवासियों, चुनाव का बिगुल बज चुका है। मैं आपसे गठबंधन के उम्मीदवारों को वोट देने की अपील करता हूं। अन्य लोग जो कह रहे है कि वे गठबंधन के प्रत्याशी है वे गठबंधन के नही हैं, बल्कि दुश्मन है। उन्होंने कहा, अगर हमें कामयाब होना है तो आपको सिर्फ गठबंधन को वोट करना चाहिए। यह गठबंधन हमारी पहचान बहाल करने, हमारा पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए गठित किया गया जिसे हमसे छीन लिया गया-- अनुच्छेद 370 और 35-ए। हम राज्य को एक रखने के लिए एक साथ आए हैं। पीएजीडी में नेशनल कॉन्फ्रेंस और पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती की पीडीपी सहित अन्य पार्टियां हैं जो यह चुनाव मिल कर लड़ रही हैं।

### मध्य प्रदेश में चार हजार कैदियों की पैरोल अवधि 60 और दिनों के बढ़ाई

**भोपाल।** मध्य प्रदेश सरकार ने कोरोना वायरस संक्रमण के बढ़ते मामलों के मद्देनजर लगभग चार हजार कैदियों की पैरोल अवधि को 60 और दिन के लिए बढ़ाने का निर्णय लिया है। प्रदेश के गृह एवं जेल मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने मंगलवार को बताया कि वर्तमान में राज्य में लगभग चार हजार कैदी पैरोल पर जेलों से बाहर हैं। सरकार ने कोविड-19 के मामलों में वृद्धि के मद्देनजर इन कैदियों की पैरोल अवधि अगले 60 दिन बढ़ाने का फैसला किया है। राज्य मे रविवार और सोमवार को क्रमशः 1,798 और।,701 कोविड-19 के नए मामले आए है जबकि प्रदेश में कुल मरीजों की संख्या बढ़कर 1,94,75 पर पहुंच गई है। कैदी को उसकी सजा खत्म होने से पहले उसके अच्छे व्यवहार के वादे पर पैरोल पर अस्थाई और स्थाई तौर पर जेल से रिहा किया जाता है। कोरोना वायरस के संक्रमण की रोकथाम के लिए उच्चतम न्यायालय के निर्देश पर जेलों में कैदियों की तादाद कम करने के लिए प्रदेश सरकार ने मार्च में कैदियों को पैरोल पर रिहा किया था। मध्य प्रदेश की कुल 125 जिलों में बंद कुल 43,000 कैदियों मे से चार हजार कैदियों को पैरोल पर रिहा किया गया था जबकि तीन हजार कैदियों को अंतरिम जमानत पर रिहा किया गया था। कोविड-19 के दिशा-निर्देशों के अनुसार जेल विभाग जेल मे प्रवेश के समय हर नए कैदी का परीक्षण करता है।

### मिजोरम में 20 लाख रुपए मूल्य की हेरोइन जब्त

**आइजोल।** असम राइफल्स के जवानों ने मिजोरम के चम्फाई जिले में भारत-म्यांमा सीमा पर एक गांव में 20 लाख रुपए मूल्य की हेरोइन जब्त की। अर्धसैनिक बल के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गोपनीय सूचना के आधार पर कार्वाई करते हुए असम राइफल्स ने जोखाथार गांव में सोमवार को ढाई सौ ग्राम से कुछ अधिक मात्रा में हेरोइन, म्यांमा से तस्करी कर लाई गई एक चीनी केनबो मोटरसाइकिल, एक बेरेटा पिस्तौल और चार कारतूस बरामद किए। अधिकारी ने कहा कि यह अभियान यंग मिजो एसोसिएशन के सहयोग से चलाया गया। उन्होंने कहा कि असम राइफल्स ने हाल ही में सेरछिप जिले में बड़ी मात्रा में हेरोइन, एक हथियार और एक केनबो मोटरसाइकिल बरामद की थी। अधिकारी ने कहा कि जब्त की गई सामग्री को राज्य की पुलिस के हवाले कर दिया गया है। राज्य सरकार ने चीन में बनने वाली केनबो मोटरसाइकिल पर प्रतिबंध लगा दिया है क्योंकि इसका इस्तेमाल म्यांमा से मादक पदार्थों की तस्करी में किया जाता है।

### झारखंड में माओवादी गिरफ्तार

**पश्चिमी सिंहभूम।** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और स्थानीय पुलिस के संयुक्त अभियान में एक माओवादी को गिरफ्तार किया गया है। कई आपराधिक वारदातों में वांछित सोमा अंगारिया (30) को गोइलकेरा पुलिस थानांतर्गत क्षेत्र के बीरबल टोला से सोमवार को गिरफ्तार किया गया। अधिकारी ने कहा कि अंगारिया ने अपने विरुद्ध दर्ज कुछ आपराधिक मामलों में संलिप्तता की बात स्वीकार की है। उन्होंने बताया कि आरोपी के पास से माओवादी पोस्टर और बैनर बरामद किए गए है।



कोलकाता में फल बाजार में अनन्नास के थोक व्यापारी ग्राहक का इंतजार करते हुए

## सादिक मुठभेड़ मामले में गुजरात पुलिस के दो कर्मी आरोपमुक्त

**भाषा।** अहमदाबाद

**अहमदाबाद** की एक विशेष सीबीआई अदालत ने 2003 के सादिक जमाल कथित फर्जी मुठभेड़ कांड के आरोपी दो पुलिसकर्मियों को मंगलवार को यह कहते हुए आरोप मुक्त कर दिया कि उनके खिलाफ मामले को आगे बढ़ाने का पर्याप्त आधार नहीं है। भावनगर निवासी सादिक 13 जनवरी, 2003 को शहर के बाहरी इलाके नरोदा में कथित फर्जी पुलिस मुठभेड़ में मारा गया था। पुलिस ने दावा किया था कि सादिक लश्कर-ए-तैयबा का आतंकवादी था और वह गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी एवं अन्य भाजपा नेताओं को मारने निकला था। विशेष सीबीआई न्यायाधीश बीए दवे ने उपनिरीक्षक आर एल मवानी और कांस्टेबल एएस यादव की आरोप मुक्त करने की अर्जियां मंजूर कर लीं। न्यायाधीश ने कहा कि महज मुठभेड़ स्थल पर उनकी उपस्थिति, जैसा कि सीबीआई ने आरोप लगाया, और वह भी एक वरिष्ठ अधिकारी के आदेश का पालन करने की वजह से, सादिक की हत्या के लिए उन्हें आरोपित करने के लिए काफी नहीं है। मवानी और यादव ने इस साल अगस्त में आरोप मुक्त करने के लिए अर्जियां देकर दावा किया था कि उनके विरूद्ध गलत तरीके से आरोप पत्र दायर किया गया है। सीबीआई ने उनपर मुठभेड़ टीम का हिस्सा होने का आरोप लगाया था। गुजरात उच्च न्यायालय ने 16 जून, 2011 को शहर की अपराध शाखा को सादिक मौत के मामले में प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया था और फिर इस मामले को सीबीआई को सौंप दिया था। दिसंबर, 2012 को दायर किए गए अपने आरोप पत्र में सीबीआई ने कहा था कि यह मुठभेड़ एक पूर्व नियोजित साजिश थी, जिसके तहत आरोपी पुलिसकर्मियों ने दो जनवरी, 2003 को अपने मुम्बई के समकक्षों से सादिक को अपनी हिरासत में लिया था।

## केरल के चुनावी इतिहास में पहली बार भाजपा ने निकाय चुनाव में दो मुस्लिम महिला प्रत्याशी उतारीं

**मलप्पुरम (केरल)।** केरल के चुनावी इतिहास में पहली बार भारतीय जनता पार्टी ने दो मुस्लिम महिलाओं को पार्टी की ओर से स्थानीय निकाय चुनाव में उम्मीदवार घोषित किया है। पार्टी ने मलप्पुरम जिले में होने वाले निकाय चुनाव में इन महिलाओं को टिकट दिया है। भाजपा के इस कदम को रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के गढ़ और मुस्लिम बहुल मलप्पुरम जिले में भाजपा द्वारा अप्रत्याशित रूप से मुस्लिम उम्मीदवारों को खड़ा करना पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए उत्साहवर्धक माना जा रहा है। हालांकि, निकाय चुनाव में भाजपा की ओर से कई पुरुष मुस्लिम उम्मीदवार खड़े हैं लेकिन इस समुदाय की केवल दो महिलाएं मलप्पुरम से चुनाव लड़ रही हैं। वंडूर की निवासी टी पी सुल्फात वंडूर ग्राम पंचायत के वार्ड संख्या छह से चुनावी मैदान में हैं और चेम्मड की रहने वाली आएशा हुसैन, पोनमुडाम ग्राम पंचायत के वार्ड संख्या नौ से प्रत्याशी हैं।

दोनों ने भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ने के अपने कारण बताए। सुल्फात, केंद्र की भाजपा सरकार की प्रगतिशील नीतियों से प्रभावित हैं तथा आएशा का कहना है कि उनके पति भाजपा में हैं इसलिए वह भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रही हैं। सुल्फात ने कहा, तीन तलाक पर प्रतिबंध और महिलाओं के लिए शादी की उम्र 18 से बढ़ाकर 21 किए जाने से मैं प्रभावित हुई। उन्होंने कहा, यह मुस्लिम महिलाओं के कल्याण के लिए उठाए गए बड़े कदम हैं। यह करने का साहस केवल मोदी में है।

सुल्फात की शादी 15 वर्ष की आयु में हो गई थी और अभी वह दो बच्चों की मां हैं। वह ऐसी महिला हैं जिसकी किशोरावस्था में शादी हो गई थी और उससे उन्हें तकलीफ का सामना करना पड़ा था। उन्होंने कहा कि इसलिए उन्हें लगता है कि केंद्र सरकार द्वारा नीतियों में फेरबदल करने से मुस्लिम महिलाओं को बहुत सहायता मिलेगी। सुल्फात ने शिक्षा हासिल कर सरकारी नौकरी करने का सपना देखा था लेकिन जल्दी शादी हो जाने से वह दसवीं कक्षा के बाद पढ़ाई नहीं कर पाईं। आएशा हुसैन अपने पति के जरिए भाजपा से प्रभावित हुईं। उनके पति भाजपा की इकाई अल्पसंख्यक मोर्चा के सक्रिय सदस्य हैं। मैं मोदीजी और भाजपा की साहसिक नीतियों की समर्थक हूं, जो देश के लिए कल्याणकारी हैं। आएशा के पति हुसैन वरिकोटिल भी मलप्पुरम जिला पंचायत के एडरिकोडे डिवीजन से भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं।

## केरल अभिनेत्री हमला प्रकरण: विधायक का निजी कर्मी गवाह को धमकाने के आरोप में गिरफ्तार

**कोल्लम (केरल)।** अभिनेत्री पर यौन हमला मामले में गवाह को प्रभावित करने और उसे डराने-धमकाने की कथित रूप से कोशिश करने को लेकर विधायक के बी गणेश कुमार के कार्यालय सचिव को मंगलवार को गिरफ्तार किया गया। अभिनेत्री पर यौन हमला मामले में मलयालम अभिनेता दिलीप कुमार आरोपी है। इस मामले में एक गवाह की शिकायत के आधार पर यहां पठनमपुरम के समीप तड़के कार्यालय सचिव प्रदीप कुमार (42) को उनके निवास से गिरफ्तार किया गया। यह गिरफ्तारी ऐसे वक्त हुई है जब केरल उच्च न्यायाल ने इस मामले को वर्तमान अदालत से अन्यत्र स्थानांतरित करने से मना कर दिया है। उच्च न्यायालय ने अभिनेत्री और केरल सरकार की इस मामले को स्थानांतरित करने की याचिकाएं खारिज कर दी। अभिनेत्री पर कोच्चि में 2017 में कथित रूप से यौन हमला हुआ था। केरल कांग्रेस (बी) के विधायक के कार्यालय ने एक बयान में कहा कि प्रदीप को कार्यालय सचिव के पद से हटा दिया गया है। कल देर रात कसारगोड से एक पुलिस दल यहां आया था। उससे पहले कसारगोड की एक जिला सत्र अदालत ने प्रदीप कुमार की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज कर दी थी।

जरूरी आपैचारिकताएं पूरी करने के बाद सुबह प्रदीप कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। गवाह ने आरोप लगाया है कि प्रदीप कुमार ने उसे डरा-धमकाकर आरोपी में पक्ष में बयान बदलने के लिए कहा था। एक अन्य गवाह ने मंगलवार को आरोप लगाया कि आरोपी के पक्ष में बयान देने के लिए उसे जमीन और 25 लाख रूपए की पेशकश की गई है। दूसरे गवाह ने भी पुलिस से संपर्क कर अपनी जान पर खतरा होने का आरोप लगाया। तमिल और तेलुगु फिल्मों में काम कर चुकी अभिनेत्री को 17 फरवरी 2017 को आरोपियों ने कथित रूप से अगवा कर लिया था और उनकी ही कार में दो घंटे तक उनके साथ कथित रूप से छेड़खानी की थी। आरोपी उनकी कार में घुस आए थे और बाद में वे भाग गए। आरोपियों ने अभिनेत्री को ब्लैकमेल करने के लिए इस पूरी हरकत का वीडियो भी बनाया। इस मामले में दस आरोपी हैं। पुलिस ने प्रारंभ में सात लोगों को गिरफ्तार किया।



गुवाहाटी में सांसद गौरव गोगोई असम के पूर्व मुख्यमंत्री तरुण गोगोई के पार्थिव शरीर को ले जाते हुए।

# कोविड-19 से निपटने के लिए भारत ने महत्वपूर्ण वैज्ञानिक क्षमता दिखाई

**भाषा।** नई दिल्ली



**केंद्रीय** मंत्री हर्षवर्धन ने मंगलवार को कहा कि देश में बन रहे टीकों से लेकर जांच की नई तकनीकों और उपचारात्मक पद्धतियों तक भारत ने कोविड-19 वैश्विक महामारी से निपटने में अपनी महत्वपूर्ण वैज्ञानिक क्षमता का पूरा इस्तेमाल किया है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री हर्षवर्धन ने पहले ऑनलाइन शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) युवा वैज्ञानिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि कोविड-19 वैश्विक महामारी एक परीक्षा है जो दर्शाती है कि इस प्रकार की वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए बहुपक्षीय सहयोग अहम है।

हर्षवर्धन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री भी हैं। उन्होंने कहा कि कोविड-19 संक्रमण सबसे बड़ी वैश्विक चुनौती के रूप में सामने आया है, जिससे निपटने के लिए रणनीति तैयार कर सामूहिक वैश्विक प्रयास करने की आवश्यकता है और इसमें युवा वैज्ञानिकों ने अहम भूमिका निभाई है। हर्षवर्धन ने भारत के उठाए कदमों का जिक्र करते हुए कहा, भारत ने अपनी महत्वपूर्ण वैज्ञानिक क्षमता का पूरा इस्तेमाल किया है। उन्होंने कहा, निजी एवं सार्वजनिक क्षेत्र में भारतीय शोध संस्थानों ने वैश्विक महामारी से निपटने के प्रभावी तरीके विकसित करने के लिए स्वदेशी टीके बनाने, घर जाकर जांच करने की नई तरह की तकनीकों और पारम्परिक ज्ञान पर आधारित उपचारात्मक पद्धतियों से लेकर अनुसंधान संसाधनों को स्थापित करने तक अथक कार्य किया।

हर्षवर्धन ने कहा कि सरकार के सहयोग से 100 से अधिक स्टार्ट अप ने कोविड-19 से निपटने के लिए नवोन्मेषी उत्पाद और समाधान मुहैया कराए हैं। उन्होंने कहा कि करीब 30 टीके विकास के विभिन्न चरणों में हैं। हर्षवर्धन ने बताया कि इनमें से दो टीके-आईसीएमआर-भारत बॉयोटेक के सहयोग से विकसित कोवैक्सीन और सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया का कोविशील्ड टीका- सबसे उन्नत चरण में हैं। उन्होंने कहा, दोनों क्लीनिकल परीक्षण के तीसरे चरण में हैं। हमारा प्रमुख संस्थान भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद परीक्षण करने की प्रक्रिया में शामिल है। भारत टीके के सभी मुख्य दावेदारों के लिए भी क्लीनिक परीक्षण कर रहा है। उन्होंने ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय द्वारा विकसित टीकों के लिए परीक्षण कर रहे विश्व के सबसे बड़े टीका निर्माता सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया का जिक्र करते हुए यह बात की।

हर्षवर्धन ने कहा, हमारी फार्मा दिग्गज कंपनियों में शामिल डॉ. रेड्डी लेबोरेट्रीज कंपनी मनुष्यों पर अंतिम चरण के परीक्षण और नियामक की मंजूरी मिलने के बाद भारत में रूसी टीका वितरित करेगी। उन्होंने कहा कि भारत ने एससीओ देशों में पारम्परिक एवं प्राचीन चिकित्सा के ज्ञान के प्रसार के लिए पारम्परिक दवाओं पर एक कार्य समूह का प्रस्ताव भी रखा है ताकि यह समकालीन चिकित्सा में प्रगति का पूरक बन सके। भारत पहली बार एससीओ युवा वैज्ञानिक सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है। हर्षवर्धन ने कहा कि भारत के एससीओ देशों के साथ निकट सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक संबंध हैं। उन्होंने कहा, इस महामारी ने हमें सिखाया है कि आज दुनिया विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं नवोन्मेष पर निर्भर है। इसने इसके परिदृश्य में बदलाव की आवश्यकता को रेखांकित किया है।

## किसानों की उपज को मंडियों तक पहुंचाएंगी मालगाड़ियां

**मथुरा।** उत्तर मध्य रेलवे ने किसानों को पूरा देश एक मंडी के रूप में उपलब्ध कराने और कहीं भी आसानी से अपनी उपज पहुंचाने के लिए विशेष मालगाड़ियां मुहैया कराने की योजना शुरू की है। आगरा मंडल के वाणिज्य प्रबंधक एवं जनसंपर्क अधिकारी एसके श्रीवास्तव ने बताया कि मंडल में मथुरा जंक्शन से पहली मालगाड़ी बुक कराने के बाद शनिवार को रानीगंज (बिहार) भेजी गई है। उन्होंने बताया कि अब किसानों को अपनी उपज देश की किसी भी मंडी में भेजने के लिए परेशान होने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि इतना ही नहीं, रेलवे फसल की ढुलाई करने में खास रियायत भी देगा और यह प्रयोग मथुरा से शुरू हो चुका है। श्रीवास्तव ने बताया कि रेलवे अधिकारी कारोबारियों के साथ भी चर्चा करके उन्हें माल ढुलाई में तय समय सीमा और सुरक्षित सामान पहुंचाने की अपनी प्रतिबद्धता को निभा रहे हैं।


चेन्नई में मंगलवार को भारी बारिश के दौरान जल भरी सड़क से गुजरते लोग।

# सुरक्षा मुहैया कराने वाली कंपनी के खिलाफ मामले में शिवसेना विधायक के ठिकानों पर ईडी के छापे

**भाषा।** मुंबई

**प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) ने सुरक्षा मुहैया कराने वाली एक कंपनी तथा अन्य लोगों के खिलाफ धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में मंगलवार को महाराष्ट्र में शिवसेना के विधायक प्रताप सरनाईक के परिसरों पर छापे मारे। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। विधायक की पार्टी ने छापे को राजनीतिक प्रतिशोध करार दिया और कहा कि महाराष्ट्र सरकार या उसके नेता किसी के दबाव में आत्मसमर्पण नहीं करेंगे।

सूत्रों ने बताया कि केन्द्रीय एजेंसी मुंबई और ठाणे में 10 ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। ईडी की कार्रवाई तड़के शुरू हुई और सीआरपीएफ के जवान एजेंसी के अधिकारियों की मदद करते देखे गए। आधिकारिक सूत्र ने कहा कि ये छापे टॉप्स ग्रुप (सुरक्षा मुहैया कराने वाली एक कंपनी) के प्रवर्तकों और संबंधित लोगों सहित नेताओं के यहां मारे जा रहे हैं।

एजेंसी के अधिकारियों ने विधायक के पुत्र विहंग से भी पूछताछ की। सूत्रों ने बताया कि यह जांच कुछ संस्थाओं द्वारा विदेशी लेनदेन से संबंधित है। सरनाईक (56) महाराष्ट्र विधानसभा में ओवला-माजीवाड़ा निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। विधायक उस समय सुर्खियों में आए थे, जब उन्होंने आत्महत्या के लिए कथित तौर पर उकसाने के 2018 के मामले को फिर से खोलने की मांग करते हुए एक पत्र लिखा था। उसी मामले में हाल में रिपब्लिक टीवी के प्रधान संपादक अर्नब गोस्वामी को मुंबई पुलिस ने गिरफ्तार किया था।

# मोदी के खिलाफ चुनाव में नामांकन रद्द करने को चुनौती देने वाली बर्खास्त जवान की अपील खारिज

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने 2019 के लोकसभा चुनाव में वाराणसी लोकसभा सीट से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ पर्चा दाखिल करने वाले सीमा सुरक्षा बल के बर्खास्त जवान तेज बहादुर का नामांकन रद्द करने का निर्वाचन अधिकारी का निर्णय मंगलवार को बरकरार रखा। शीर्ष अदालत ने उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ दायर अपील खारिज कर दी।

प्रधान न्यायाधीश एस ए बोबडे, न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना और न्यायमूर्ति वी रामासुमणियन की पीठ ने तेज बहादुर का नामांकन पत्र खारिज करने को सही ठहराने वाले इलाहाबाद उच्च न्यायालय के निर्णय को चुनौती देने वाली अपील खारिज की। इस पीठ ने तेज बहादुर की अपील पर 18 नवंबर को सुनवाई पूरी की थी। वाराणसी संसदीय सीट के लिए तेज बहादुर ने पहले निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन पर्चा दाखिल किया था लेकिन बाद में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी के रूप में पर्चा भरा था। निर्वाचन अधिकारी ने एक मई, 2019 को तेज बहादुर का नामांकन पत्र खारिज कर दिया था। तेज बहादुर को 2017 में सीमा सुरक्षा बल से बर्खास्त कर दिया गया था। उसने एक वीडियो में आरोप लगाया था कि सशस्त्र बल के जवानों को घटिया किस्म का भोजन दिया जाता है। निर्वाचन अधिकारी ने बहादुर का नामांकन पत्र रद्द करते समय कहा था कि उसके नामांकन पत्र के साथ निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित प्रारूप में यह प्रमाण पत्र संलग्न नहीं है कि उसे भ्रष्टाचार या शासन के साथ विश्वासघात करने के कारण सशस्त्र बल से बर्खास्त तो नहीं किया गया है।

तेज बहाददुर ने नामांकन पत्र रद्द करने के निर्वाचन अधिकारी के फैसले को इलाहाबाद उच्च न्यायलाय में चुनौती दी थी। उच्च न्यायालय ने उसकी याचिका खारिज करते हुए निर्वाचन अधिकारी का फैसला बरकरार रखा था। इसके बाद, सीमा सुरक्षा बल के इस बर्खासत जवान ने शीर्ष अदालत में अपल दायर की थी। इस मामले की सुनवाई के दौरान 18 नवंबर को तेज बहादुर के वकील ने उच्च न्यायालय के फैसले का जिक्र करते हुए शीर्ष अदालत में दावा किया था कि उसका नामांकन दूसरी वजहों से खारिज किया गया था। उसका दावा था कि निर्वाचन अधिकारी ने जन प्रतिनिधित्व कानून की धारा 9 और 33(3) के प्रावधानों की मंशा के विपरीत जाकर उसका नामाकन पत्र रद्द किया था।

# बिहार में हो अलग खेल मंत्रालयः अजय कुमार

## ● वरिष्ठ समाजसेवी ने राज्यपाल और मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर किया अनुरोध

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली


अजय कुमार

**वरिष्ठ** समाजसेवी अजय कुमार ने बिहार में अलग-अलग खेल मंत्रालय गठित करने की मांग की है। इसके लिए उन्होंने बिहार के राज्यपाल और मुख्यमंत्री को पत्र भी लिखा है। जनस्वास्थ्य व समग्र मानव विकास फाउंडेशन के चेयरमैन अजय कुमार ने बिहार के राज्यपाल फागू चौहान और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को लिखे पत्र में कहा है कि बिहार में युवा प्रतिभाओं की भरमार है।

यहां से अलग अलग क्षेत्रों में निकली प्रतिभाओं ने बिहार का नाम रोशन किया है। बिहार से खेलकूद के क्षेत्र में भी कई प्रतिभाएं निकली हैं, लेकिन यह बेहद अफसोसजनक है कि बिहार जैसे राज्य में आजादी के बाद से आज तक खेलकूद मंत्रालय का गठन नहीं हो सका। प्रदेश सरकार में अलग से विभाग नहीं होने से खेलकूद को लेकर जैसी योजनाएं बननी चाहिए वैसी नहीं बन पा रही है, जिसका सीधा असर इस क्षेत्र में निकलने वाली प्रतिभाओं पर पड़ रहा है। उन्हें समुचित संसाधन व व्यवस्थाएं नहीं मिलने से बिहार से बड़ी तादाद में अच्छी प्रतिभाएं नहीं निकल पा रही है।

अजय कुमार ने आगे कहा है कि दूसरी ओर देश के अन्य प्रांतों में खेलकूद का अलग विभाग बनाया गया है। अजय कुमार ने राज्यपाल और मुख्यमंत्री से निवेदन किया है कि बिहार में भी खेलकूद का एक अलग मंत्रालय गठित किया जाए। अजय कुमार बिहार के विकास को लेकर समय समय पर आवाज उठाते रहते हैं। कोरोना काल में भी उन्होंने केंद्र सरकार को पत्र लिखकर बिहार में कोरोना मरीजों के लिए अस्थाई अस्पताल की मांग की थी, जिसके बाद बिहार में दो अस्थाई अस्पताल बनाए गए थे।

## नए कृषि कानूनों के कारण हो रही आलू, प्याज की कालाबाजारीः ममता बनर्जी

**भाषा।** बांकुरा (पश्चिम बंगाल)

**पश्चिम** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को दावा किया कि केन्द्र सरकार द्वारा लाए गए नए कृषि कानूनों के कारण आलू, प्याज की कालाबाजारी हो रही है और जरूरी वस्तुओं की कीमत बढ़ रही है। बनर्जी ने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि केन्द्र सुनिश्चित करे कि इन चीजों की कालाबाजारी ना हो और राज्यों को इन समस्याओं से निपटने के लिए आवश्यक अधिकार दिए जाएं। प्रशासनिक बैठक के दौरान सीएम ने कहा, केन्द्र सरकार ने विनाशकारी कृषि कानून बनाए हैं जिनके कारण आलू, प्याज जैसी जरूरी चीजों की कालाबाजारी हो रही है।

# बिहार में सत्ताधारी राजग, विपक्षी महागठबंधन ने विधानसभा अध्यक्ष पद के लिए उम्मीदवार उतारे

**भाषा।** पटना

**बिहार** में नवगठित विधानसभा के अध्यक्ष पद के लिए सत्ताधारी राजग और विपक्षी महागठबंधन के उम्मीदवारों ने मंगलवार को नामांकन पत्र दाखिल किए। राज्य विधानसभा के अध्यक्ष पद के चयन का मामला उस समय रोचक हो गया जब सत्ताधारी राजग के विजय कुमार सिन्हा के खिलाफ विपक्षी महागठबंधन से सिवान सदर से वरिष्ठ राजद विधायक अवध बिहारी चौधरी ने इस पद के लिए अपना नामांकन दाखिल किया।

बिहार विधानसभा के सचिव के समक्ष इस पद के लिए विपक्षी महागठबंधन खेमे से अवध बिहारी चौधरी ने और भाजपा विधायक एवं पूर्व मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने नामांकन पत्र दाखिल किए। पूर्व मंत्री एवं राजद संसदीय बोर्ड के प्रदेश अध्यक्ष और पांचवी बार विधायक बने चौधरी के नामांकन दाखिल किए जाने के बाद पार्टी नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने पत्रकारों से कहा, महागठबंधन के अन्य घटक दलों कांग्रेस, भाकपा, भाकपा-माले और माकपा के नेताओं के साथ हुई बैठक में सभी की राय थी कि महागठबंधन द्वारा बुधवार को सदन के अध्यक्ष पद के लिए होने वाले चुनाव में अपना प्रत्याशी उतारा जाना चाहिए।

उन्होंने कहा, विधानसभा के सचिव के समक्ष हम लोगों ने अपने उम्मीदवार के नामांकन का फार्म जमा किया है और पूरा विश्वास है कि इसमें हम लोगों की जीत होगी। बिहार विधानसभा के अध्यक्ष का चयन सभी दलों द्वारा सर्वसम्मति से किए जाने की परंपरा के बारे में पूछे जाने पर तेजस्वी ने कहा कि जहां तक परंपरा का सवाल है तो पिछले सदन में विपक्ष ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और तत्कालीन सदन के अध्यक्ष विजय कुमार चौधरी से उपाध्यक्ष पद के लिए मांग की थी लेकिन इस पर कोई सुनवाई और कार्वाई नहीं की गई थी।

यह पूछे जाने पर कि क्या राजग के नेताओं ने सर्वसम्मति से अध्यक्ष के चयन के लिए आप लोगों से संपर्क नहीं साधा था, तेजस्वी ने कहा, हर पार्टी और गठबंधन का अपना-अपना निर्णय होता है। हम लोग राजग के विधायकों से भी अपील करेंगे कि सदन के सबसे अनुभवी सदस्य और ईमानदार छवि वाले व्यक्ति को ही अध्यक्ष पद के लिए चुनें।

## मप्र के दस हजार से ज्यादा दंत चिकित्सकों ने मांगी सर्दी, खांसी के इलाज की मंजूरी

**इंदौर।** मध्य प्रदेश राज्य दंत परिषद (एमपीएसडीसी) ने मंगलवार को सरकार से मांग की कि राज्य में दांतों का इलाज करने वाले 10,000 से ज्यादा पंजीकृत डॉक्टरों को विशेष प्रशिक्षण देकर सर्दी, खांसी और बुखार सरीखे रोगों के इलाज की अनुमति प्रदान की जाए। एमपीएसडीसी ने यह मांग केंद्रीय आयुष मंत्रालय के अधीन वैधानिक संस्था भारतीय चिकित्सा केंद्रीय परिषद (सीसीआईएम) की ओर से हाल ही में जारी अधिसूचना के बाद की है। इस अधिसूचना के तहत आयुर्वेद के शल्य चिकित्सा से जुड़े विशिष्ट स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों को अध्ययन अवधि के दौरान अलग-अलग अंगों से जुड़े ऑपरेशन करने का व्यावहारिक प्रशिक्षण देने की मंजूरी दी गई है।

# टीआरपी घोटाला मामले में मुंबई पुलिस ने आरोपपत्र दाखिल किया

**भाषा।** मुंबई

**मुंबई** पुलिस ने कथित टीआरपी घोटाले में मंगलवार को यहां की एक अदालत में आरोपपत्र दाखिल कर दिया। इस संबंध में एक अधिकारी ने बताया कि कथित टेलीविजन रेटिंग पॉइंट (टीआरपी) घोटाले की जांच कर रही पुलिस की अपराध आसूचना इकाई (सीआईयू) ने मजिस्ट्रेट अदालत में आरोपपत्र दाखिल किया। उन्होंने कहा कि अपराध शाखा अब तक इस मामले में रिपब्लिक टीवी के पश्चिमी क्षेत्र वितरण प्रमुख और दो अन्य चैनलों के मालिकों सहित 12 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। कथित टीआरपी घोटाला पिछले महीने तब सामने आया था जब रेटिंग एजेंसी ब्रॉडकास्ट ऑडियंस रिसर्च काउंसिल (बार्क) ने हंसा रिसर्च ग्रुप के जरिए यह शिकायत दर्ज कराई थी कि कुछ टेलीविजन चैनल टीआरपी के आंकड़ों में हेरफेर कर रहे हैं। व्यूअरशिप डेटा (कितने दर्शक कौन सा चैनल देख रहे हैं और कितने समय तक देख रहे हैं) दर्ज करने के लिए मापक यंत्र लगाने की जिम्मेदारी हंसा को दी गई थी। टीआरपी काफी महत्वपूर्ण होती है क्योंकि इसपर चैनलों का विज्ञापन राजस्व निर्भर करता है। मुंबई पुलिस के आयुक्त परमबीर सिंह ने पिछले महीने दावा किया था कि रिपब्लिक टीवी और दो मराठी चैनल-बॉक्स सिनेमा तथा फक्त मराठी टीआरपी के आंकड़ों में छेड़छाड़ कर रहे हैं। रिपब्लिक टीवी और अन्य ने अपने ऊपर लगाए गए आरोपों को गलत बताया था। पूर्व में रिपब्लिक टीवी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और दो मुख्य संचालन अधिकारियों तथा मुख्य वित्तीय अधिकारी को पुलिस ने मामले में पूछताछ के लिए तलब किया था। पुलिस ने रिपब्लिक टीवी के कार्यकारी संपादक निरंजन नारायणस्वामी और वरिष्ठ कार्यकारी संपादक अभिषेक कपूर के बयान भी दर्ज किए थे। महाराष्ट्र सरकार ने पिछले महीने राज्य में मामलों की जांच की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को प्रदत्त आम सहमति वापस ले ली थी। राज्य सरकार ने यह कदम कथित टीआरपी फंडिंग को लेकर अज्ञात चैनलों और लोगों के खिलाफ उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा दर्ज किए गए मामले की जांच की जिम्मेदारी सीबीआई के पास जाने के मद्देनजर उठाया था।

# पेज 1 का शेष

## मानकों पर...

फीसदी के दायरे में लाना ही होगा। आरटी-पीसीआर टेस्ट का अनुपात बढ़ना चाहिए। जो घरों में मरीज हैं उनकी मॉनिटरिंग बेहतरीन तरीके से करनी होगी। मृत्यु दर को 1 प्रतिशत से नीचे लाएं।' उन्होंने कहा, 'वैक्सीन बनाने वाले अपना काम करेंगे लेकिन हमें तो कोरोना पर ही फोकस करना है। हमें ढिलाई नहीं बरतने देनी है। अब हमारे पास टीम तैयार हैं। लोग भी तैयार हैं। थोड़ा आग्रह रखेंगे तो चीजें संभल सकती है। आगे कोई नई गड़बड़ न हो हमें इसकी चिंता करनी है।' प्रधानमंत्री मोदी कोविड-19 की स्थिति की समीक्षा के लिए अब तक कई बार राज्यों के साथ बैठकें कर चुके हैं। देशभर में कोरोना वायरस संक्रमण के मामले पिछले कुछ दिनों से 50,000 के नीचे आ रहे हैं, वहीं कुछ राज्यों में मामले तेजी से बढ़े हैं। कुछ शहरों में तो रात का कर्फ्यू भी लगाया गया है। प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्रियों और राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधियों के साथ कोरोना के टीके के वितरण की रणनीति को लेकर भी चर्चा की। मोदी ने मुख्यमंत्रियों से अपने सुझाव लिखित में भेजने का आग्रह किया और कहा कि इससे रणनीति बनाने में सुविधा होगी। उन्होंने कहा, 'कोई किसी पर थोप नहीं सकता है। हम सबको मिलकर ही आगे बढ़ना पड़ेगा।' उन्होंने कहा, 'यह अभी तय नहीं हुआ है कि किस टीके पर कितना खर्च आएगा। हालांकि दो भारतीय टीके इस दौड़ में सबसे आगे हैं। हम वैश्विक कंपनियों के साथ भी काम कर रहे हैं। वैज्ञानिक आधार पर निर्णय लेने की आवश्यकता है।' उन्होंने कहा कि जितने भी टीके अपने नागरिकों को देंगे वह सभी वैज्ञानिक मानकों पर सुरक्षित होगी और राज्यों के साथ सामूहिक समन्वय में टीका वितरण रणनीति तैयार की जाएगी। उन्होंने राज्यों से कोल्ड स्टोरेज सुविधाएं शुरू करने का आग्रह किया और कहा, 'प्रत्येक नागरिक का कोरोन वायरस के खिलाफ टीकाकरण राष्ट्रीय प्रतिबद्धता की तरह है।' मोदी ने कहा कि भारत सरकार टीका विकास के प्रत्येक चरण पर नजर बनाए हुए है और भारतीय टीका निर्माताओं के साथ ही वैश्विक नियामकों, अन्य देशों की सरकारों और बहुराष्ट्रीय संगठनों व अंतरराष्ट्रीय कंपनियों से भी संपर्क बनाए हुए है। उन्होंने कहा, 'मैं राज्यों से आग्रह करता हूं कि वे जल्द से जल्द विस्तृत योजनाएं भेजे कि कैसे वे सबसे कम समय में वैक्सीन प्राप्त करने की योजना बनाते हैं। यह निर्णय लेने में हमारी मदद करेगा। क्योंकि आपके अनुभव मूल्यवान हैं। मुझे आपकी सक्रिय भागीदारी की आशा है। टीका विकसित करने पर काम चल रहा है। मेरा आपसे आग्रह है कि इसमें कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। मोदी ने कहा कि देश के संगठित प्रयासों ने कोरोना महामारी की चुनौती का मुकाबला किया और नुकसान कम से कम रखा। उन्होंने कहा कि आज ठीक होने की दर और मृत्यु की दर इन दोनों मामलों में भारत दुनिया के अधिकतर देशों के मुकाबले संभली हुई स्थिति में है। उन्होंने कहा कि देश में जांच से लेकर उपचार तक का एक बहुत बड़ा नेटवर्क काम कर रहा है और इसका लगातार विस्तार भी किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पीएम केयर्स के माध्यम से ऑक्सीजन और वेंटिलेटर्स उपलब्ध कराने पर भी विशेष जोर है। उन्होंने कहा, 'कोशिश की जा रही है कि देश के मेडिकल कॉलेजों और जिला अस्पतालों को भी ऑक्सीजन उत्पादन के मामले में आत्मनिर्भर बनाया जाए। 160 से ज्यादा नए ऑक्सीजन प्लांट की निर्माण प्रक्रिया चल रही है। पीएम कयर्स फंड से देश के अलग अलग अस्पतालों को हजारों नए वेंटीलेटर्स मिलना सुनिश्चित किया गया है । वेंटीलेटर्स के लिए पीएम केयर्स फंड से 2000 करोड रुपये पहले ही स्वीकृत किए गए हैं।'

## लव जिहाद...

जमानती अपराध होगा। नए कानून के मुताबिक एक धर्म से दूसरे धर्म में परिवर्तन के लिए संबंधित पक्षों को विहित प्राधिकारी के समक्ष उद्घोषणा करनी होगी कि यह धर्म परिवर्तन पूरी तरह स्वेच्छा से है। संबंधित लोगों को यह बताना होगा कि उन पर कहीं भी, किसी भी तरह का कोई प्रलोभन या दबाव नहीं है। योगी सरकार के इस ऐतिहासिक कानून के लागू होने के बाद अब उत्तर प्रदेश में किसी एक धर्म से अन्य धर्म में लड़की के धर्म में परिवर्तन से एक मात्र प्रयोजन के लिए किए गए विवाह पर ऐसा विवाह शून्य की श्रेणी लाया जा सकेगा। दबाव डालकर या झूठ बोलकर अथवा किसी अन्य कपट पूर्ण ढंग से अगर धर्म परिवर्तन कराया गया तो यह एक संज्ञेय अपराध के रूप माना जाएगा और इस गैर जमानती प्रकृति के अपराध के मामले में प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट के न्यायालय में मुकदमा चलेगा। दोष सिद्ध हुआ तो दोषी को कम से कम 1 वर्ष और अधिकतम 5 वर्ष की सजा भुगतनी होगी। साथ ही न्यूनतम 15000 रुपए का जुर्माना भी भरना होगा। अगर मामला अवयस्क महिला, अनूसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति की महिला के सम्बन्ध में हुआ तो दोषी को 3 वर्ष से 10 वर्ष तक कारावास की सजा और न्यूनतम 25000 रुपये जुर्माना अदा करना पड़ेगा।

## तमिलनाडु-पुडुचेरी...

जलजमाव, बिजली कटौती और पेड़ उखड़ने की चेतावनी दी है। तमिलनाडु में पिछली बार भयंकर चक्रवात गाजा उत्तर-पूर्व मानसून के दौरान नवंबर 2018 में आया था। भारतीय नौसेना ने लोगों की मदद के लिए अपनी तमाम टुकड़िया तैनात कर दी हैं। भारतीय तटरक्षक और राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल पूरी तरह से अलर्ट पर हैं। एनडीआरएफ के अनुसार, 22 टीमें (तमिलनाडु में 12 टीमें, पुडुचेरी में 3 टीमें और आंध्र प्रदेश में 7 टीमें) संभावित प्रभावित क्षेत्रों में पहले से तैनात हैं। एनडीआरएफ ने तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और पुडुचेरी में लगभग 1,200 बचाव सैनिकों को तैनात किया है और 800 अन्य जवान अलर्ट पर रखे गए हैं।

## चीन को...

ऐप के बारे में मिली सूचना के आधार पर यह कदम उठाया गया है। सूचना में कहा गया था कि ये ऐप उन गतिविधियों में शामिल हैं, जिससे भारत की संप्रभुता, अखंडता, रक्षा, राज्यों की सुरक्षा तथा सार्वजनिक व्यवस्था को खतरा है। जिन 43 ऐप पर पाबंदी लगाई गई है, उनमें अली सप्लायर्स मोबाइल ऐप, अलीबाबा वर्कबेंच, अली एक्सप्रेस, अलीपे कैशियर, कैमकार्ड (बिजनेस कार्ड रीडर), स्नैक वीडियो और कई डेटिंग ऐप-वीडेट, चाइनीज सोशल, चाइना लव, डेट माई एज, फ्लर्ट विश और गाइज वनली डेटिंग- शामिल हैं। इसके अलावा टुबिट, वी वर्क चाइना, फर्स्ट लव लाइव, रीला, कैशिअर वॉलेट, जेलीपॉप मैच, हैप्पी फिश और मुंचकिन मैच पर भी पाबंदी लगाई गई है।

# रोहिंग्याओं, पाकिस्तानियों को भगाने के लिए भाजपा करेगी 'सर्जिकल स्ट्राइक': तेलंगाना भाजपा अध्यक्ष

**भाषा।** हैदराबाद



**भाजपा** की तेलंगाना इकाई के अध्यक्ष एवं सांसद बंडी संजय कुमार ने मंगलवार को कहा कि उनकी पार्टी नगर निकाय चुनाव में महापौर का पद जीतने के बाद रोहिंग्याओं और पाकिस्तानियों को भगाने के लिए इस पुराने शहर में 'सर्जिकल स्ट्राइक' करेगी। कुमार की इस टिप्पणी को लेकर विवाद खड़ा हो गया है और सत्तारूढ़ टीआरएस तथा एआईएमआईएम इसकी तीखी आलोचना की है। नगर निकाय चुनावों के लिए भाजपा के प्रचार अभियान के दौरान अपने संबोधन में कुमार ने आरोप लगाया कि टीआरएस अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव डबक विधानसभा क्षेत्र के हालिया उपचुनाव में भाजपा के हाथों टीआरएस की हार के बाद इस चुनाव को गलत तरीके से जीतने की कोशिश कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, जीत की उम्मीद कम होने पर उन्होंने (राव) एक और व्यक्ति को अपनी तरफ ले लिया है। वह कौन है? (लोगों से पूछते हुए) ओवैसी। कुमार ने कहा, ओवैसी कल कह रहे थे ... अगर रोहिंग्या हैदराबाद में हैं, तो अमित शाह क्या कर रहे हैं? इस चुनाव में भाजपा के मेयर प्रत्याशी के जीतने के बाद, भाजपा आपके पुराने शहर में सर्जिकल स्ट्राइक कर रोहिंग्याओं और पाकिस्तानियों को वापस भेजने की जिम्मेदारी लेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा निश्चित रूप से 'हिंदू धर्म' और हिंदुओं के बीच एकता के लिए काम करती है। भाजपा नेता की इन टिप्पणियों की टीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष के टी रामाराव ने तीखी आलोचना की, जिन्होंने पूछा कि क्या गृह राज्य मंत्री जी किशन रेड्डी अपनी पार्टी के सहयोगी की 'निंदनीय' और 'घृणित' टिप्पणियों की निंदा करेंगे।

रामा राव ने कहा कि केंद्र में सत्ता में होने के नाते, भाजपा नेताओं को गरीबी और बेरोजगारी जैसी समस्याओं पर सर्जिकल स्ट्राइक करना चाहिए। रामा राव ने लोगों से ऐसी 'घटिया राजनीति' के चक्कर में न पड़ने की अपील की। एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने भाजपा नेता की टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा नीत राजग सरकार को चीन की पीएलए पर सर्जिकल स्ट्राइक करने की चुनौती दी। ओवैसी ने अपने चुनाव प्रचार के दौरान कहा, मैं भाजपा को बताना चाहता हूं कि जिसने यह बयान दिया है, मैं प्रधानमंत्री को बताना चाहता हूं कि चीन की पीएलए ने लद्दाख में हमारी जमीन का अतिक्रमण किया है। श्रीमान मोदी क्या आप हमारी जमीन पर कब्जा करने वाले चीन पर सर्जिकल स्ट्राइक नहीं करेंगे।

## एथलेटिक बिलबाओ ने स्पेनिश लीग में रीयाल बेटिस को 4–0 से हराया

**मैड्रिड।** एथलेटिक बिलबाओ ने स्पेनिश फुटबॉल लीग में रीयाल बेटिस के खिलाफ 4-0 की एकतरफा जीत दर्ज की। एथलेटिक के गोल का खाता नौवें मिनट में खुला जब विक्टर रुइज ने आत्मघाती गोल किया। आंदेर कापा ने मध्यांतर से पहले अपनी टीम को 2-0 से आगे कर दिया। एथलेटिक बिलबाओ की ओर से तीसरा गोल इकेर मुनिएन ने 59वें मिनट में दागा जबकि एलेक्स बेरेनगुएर ने 68वें मिनट में एक और गोल दागकर टीम की 4-0 से जीत सुनिश्चित की।

## वाल्कोट के गोल से साउथम्पटन ने वोल्व्स को बराबरी पर रोका

**वोल्वरहैम्पटन (ब्रिटेन)।** थियो वाल्कोट के साउथम्पटन की ओर से लगभग 15 साल में पहले गोल की मदद से टीम ने इंग्लिश प्रीमियर लीग में वोल्वरहैम्पटन को 1-1 से बराबरी पर रोक दिया। ऋण पर एवर्टन से साउथम्पटन आए इस फारवर्ड ने जनवरी 2006 से टीम की ओर से सोमवार को पहला गोल दागा। उन्होंने 58वें मिनट में गोल किया। वाल्कोट 2006 में पहली बार साउथम्पटन से जुड़े थे। स्थानापन्न खिलाड़ी पेड्रो नेटो ने हालांकि 75वें मिनट में राउल जिमेनेज के पोस्ट से टकराकर लौटे शॉट को गोल में बदलकर वोल्वरहैम्पटन को बराबरी दिला दी।

## संक्रमण के बढ़ते मामलों के बावजूद ओलंपिक की मेजबानी कर सकता है जापान

**तोक्यो।** तोक्यो की गवर्नर युरिको कोइके को यकीन है कि जापान में हाल में कोविड-19 संक्रमण के बढ़ते मामलों के बावजूद वे पूर्ण सुरक्षा के साथ अगले साल ओलंपिक खेलों का आयोजन कर पाएंगे। जापान में इस महीने संक्रमण के मामलों में तेजी से इजाफा हुआ है और रोजाना देश में 2000 से अधिक नए मामले सामने आ रहे हैं। सरकार इस बीच महामारी के प्रभावित अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाए बिना एहतियाती कदमों को लागू करने और व्यावसायिक गतिविधियों को चलाने के बीच संतुलन बैठाने का प्रयास कर रही है।

## एआईएफएफ उच्चतम न्यायालय की शरण में

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर करके अपनी मौजूदा कार्यकारी समिति को उसका कार्यकाल खत्म होने के बाद भी बरकरार रखने का आग्रह किया है क्योंकि न्यायालय द्वारा नियुक्त प्रशासक चुनाव कराने के लिए अब तक नया संविधान तैयार नही कर पाए हैं। प्रफुल्ल पटेल की अगुआई वाली मौजूदा कार्यकारी समिति का चार साल का कार्यकाल अगले महीने खत्म हो रहा है और एआईएफएफ ने घोषणा की है कि उसकी वार्षिक आम बैठक 21 दिसंबर को होगी।

# पहले दो टेस्ट में नहीं खेल पाएंगे रोहित व इशांत

## अन्य दो में खेलने पर भी संदेहः बीसीसीआई सूत्र





**भाषा। नई दिल्ली**

भारत के स्टार सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा और तेज गेंदबाज इशांत शर्मा आस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले दो टेस्ट में नहीं खेल पाएंगे और उनका बचे हुए दो टेस्ट में खेलना भी संदिग्ध है क्योंकि बीसीसीआई को बताया गया कि दोनों को मैच फिट होने में करीब एक महीना लगेगा।

दोनों इस समय बेंगलुरू में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में रिहैबिलिटिशेन की प्रक्रिया में हैं, दोनों शुक्रवार से वनडे से शुरू हो रही सीमित ओवर की श्रृंखला से पहले ही बाहर हैं। उन्हें 17 दिसंबर से शुरू होने वाली टेस्ट श्रृंखला के लिए टेस्ट टीम में रखा गया था लेकिन कड़े पृथकवास नियमों ने उनकी उपलब्धता अनिश्चित बना दी है। बोर्ड के एक सूत्र ने मंगलवार को पीटीआई से कहा, एनसीए ने एक रिपोर्ट दी है जिसमें कहा गया है कि रोहित और इशांत दोनों को मैच फिट होने के लिए तीन से चार हफ्ते लगेंगे। रोहित ने पिछले हफ्ते पीटीआई से बात करते हुए कहा था कि उनकी हैमस्ट्रिंग चोट अब ठीक है और वह मैच फिट होने के लिए एनसीए में केवल अपनी स्ट्रेंथ एवं कंडिशनिंग ट्रेनिंग पर ध्यान दे रहे हैं। वहीं दूसरी ओर इशांत साइड स्ट्रेन से उबर रहे हैं। सूत्र ने कहा, अगर वे अब भी यात्रा करते हैं तो उनके लिए पृथकवास नियम कड़े होंगे क्योंकि वे व्यावसायिक फ्लाइट से यात्रा करेंगे। कड़े पृथकवास का मतलब है कि उन्हें पूरी टीम की तरह इन पृथकवास के 14 दिनों में ट्रेनिंग करने की अनुमति नहीं होगी। उन्होंने कहा, इसलिए अब सिर्फ क्रिकेट आस्ट्रेलिया ही सरकार को मना सकता है और उन्हें पृथकवास के दौरान ट्रेनिंग करने की अनुमति दे सकता है। पता चला है कि श्रेयस अय्यर को रोहित के कवर के तौर पर रूकने के लिए कहा जा सकता है जो सीमित ओवर की टीम का हिस्सा हैं। भारतीय टीम इस महीने के शुरू में इंडियन प्रीमियर लीग में खेलकर विशेष विमान से यहां पहुंची है जिसे पृथकवास में ट्रेनिंग करने की अनुमति दी गई थी। राष्ट्रीय कोच रवि शास्त्री ने रविवार को कहा था कि ए दोनों क्रिकेटर टेस्ट श्रृंखला में तभी भाग ले सकते हैं जब वे इस हफ्ते के अंदर आस्ट्रेलिया के लिए फ्लाइट पकड़ें। उन्होंने कहा था, अगर आपको टेस्ट श्रृंखला या लाल–गेंद के क्रिकेट से खेलना है तो आपको अगले तीन या चार दिन में फ्लाइट पकड़नी होगी। अगर आप ऐसा नहीं कर पाते हैं तो यह काफी मुश्किल होने वाला है।

## तेंदुलकर की भारतीय तेज गेंदबाजों को सलाह, स्मिथ को पांचवीं स्टंप की लाइन पर गेंदबाजी करो



**नई दिल्ली।** महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का कहना है कि स्टीव स्मिथ की गैरपारंपरिक तकनीक के कारण भारतीय गेंदबाजो को उन्हे थोड़ी बाहर गेंदबाजी करनी होगी। उन्होने भारतीय तेज गेंदबाजों को सलाह दी कि आस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी श्रृंखला के दौरान इस बल्लेबाज को पांचवी स्टंप की लाइन पर गेंदबाजी करें। गेंद से छेड़छाड़ प्रकरण में संलिप्तता के कारण भारत-आस्ट्रेलिया के बीच 2018-19 मे हुई पिछली श्रृंखला से बाहर रहे स्मिथ इस बार इसकी भरपाई के लिए तैयार होगे। स्मिथ ने भारत के खिलाफ छह टेस्ट शतक जड़े है। तेंदुलकर ने पीटीआई को दिए साक्षात्कार में कहा, स्मिथ की तकनीक गैरपारंपरिक है.... सामान्यतः टेस्ट मैचो मे हम गेंदबाज को आफ स्टंप या चौथे स्टंप की लाइन के आसपास गेंदबाजी करने के लिए कहते है लेकिन स्मिथ मूव करता है इसलिए शायद गेंद की लाइन चार से पांच इंच और आगे होनी चाहिए। स्टीव के बल्ले का किनारा लगे इसके लिए चौथे और पांचवे स्टंप के बीच की लाइन पर गेंदबाजी करने का लक्ष्य बनाना चाहिए। यह कुछ और नही बल्कि लाइन मे मानसिक रूप से बदलाव करना है। मैंने पढ़ा है कि स्मिथ ने कहा है कि वह शॉर्ट पिच गेंदबाजी के लिए तैयार है... संभवतः वह उम्मीद कर रहा है कि गेंदबाज शुरूआत से ही उसके खिलाफ आक्रामक रवैया अपनाएंगे। लेकिन मुझे लगता है कि आफ स्टंप के बाहर की तरफ उसकी परीक्षा ली जानी चाहिए। उसे बैकफुट पर रखो और शुरूआत मे ही गलती करवाओ। अंदर की ओर स्विंग होती गेंद क्या अधिक प्रभावी नही होगी इस बारे में पूछने पर तेंदुलकर ने कहा, इसके लिए यह देखना होगा कि गेंद कितनी स्विंग कर रही है। ए सभी चीजे मायने रखती है। आप लार का इस्तेमाल नही कर सकते इसलिए अगर विकेट अधिक जीवंत है तो यह अलग मामला है। इंग्लैंड में टेस्ट मैचों के दौरान कभी कभी ड्यूक गेंद काफी स्विंग नही करती। मुझे नही पता कि वे विकेट पर अधिक घास छोड़ेंगे या नही जिससे कि गेंद अधिक मूव करे। अगर गेंद स्विंग नही करती है तो शायद आपको स्विंग होती यॉर्कर देखने को भी नही मिले। जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, इशांत शर्मा और उमेश यादव की मौजूदगी में भारत का तेज गेंदबाजी आक्रमण प्रभावी है लेकिन तेंदुलकर चाहते है टीम प्रबंधन एक रक्षात्मक गेंदबाज की भी पहचान करे।

## रोहित व विराट की कमी खलेगीः स्मिथ

**सिडनी।** आस्ट्रेलिया के दिग्गज बल्लेबाज स्टीव स्मिथ का मानना है कि रोहित शर्मा और विराट कोहली की गैरमौजूदगी से भारतीय टीम में बड़ा अंतर पैदा होगा लेकिन मेहमान टीम के पास काफी प्रतिभावान खिलाड़ी हैं जो दबाव की स्थिति में जिम्मेदारी निभा सकते हैं। पैर की मांसपेशियों की चोट से उबर रहे रोहित सीमित ओवरों की श्रृंखला का हिस्सा नहीं हैं और उनका टेस्ट श्रृंखला में खेलना भी संदिग्ध है जबकि कोहली एडीलेड में दिन–रात्रि के पहले टेस्ट के बाद पितृत्व अवकाश पर जाएंगे। स्मिथ ने सोनी नेटवर्क की आनलाइन प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कहा, बेशक रोहित सीमित ओवरों के क्रिकेट का बेहतरीन खिलाड़ी है, शीर्ष क्रम में कई वर्षो से वह यह साबित कर रहा है, इसलिए बेशक हां, इससे बड़ा अंतर पैदा होता है लेकिन भारतीय टीम की खूबसूरती यह है कि इतने सारे बल्लेबाज सामने आ रहे हैं जो शीर्ष स्तर के हैं। स्मिथ ने मयंक अग्रवाल और लोकेश राहुल के नाम लिए जो आईपीएल के दौरान शानदान फॉर्म में थे। आप आईपीएल में मयंक अग्रवाल के प्रदर्शन को देख सकते हो, शीर्ष क्रम में लोकेश राहुल के प्रदर्शन को भी। उनके पास काफी सारे विकल्प हैं, बेशक अंतर पैदा होगा लेकिन इसकी भरपाई करने के लिए स्तरीय खिलाड़ी मौजूद हैं।

### आईपीएल निराशाजनक था लेकिन दो दिन पहले लय हासिल कर लीः स्मिथ



**सिडनी।** आस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने मंगलवार को कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मे निराशाजनक प्रदर्शन के बाद उन्होने लय हासिल कर ली है और भारतीय गेंदबाजों के खिलाफ ढेरों रन बटोरने के लिए तैयार है। आईपीएल मे राजस्थान रॉयल्स की कप्तानी करने वाले स्मिथ 14 मैचों मे सिर्फ 311 रन बना पाए और अधिकांश मैचों मे वह जूझते नजर आए। स्मिथ ने हालांकि कहा है कि उन्होंने अब लय हासिल कर ली है और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए तैयार है। श्रृंखला के आधिकारिक प्रसारणकर्ता सोनी नेटवर्क की आनलाइन प्रेस कांफ्रेंस में स्मिथ ने कहा, मैं आईपीएल के दौरान अपनी बल्लेबाजी को लेकर काफी निराश था। मेरे स्तर के हिसाब से मेरे प्रदर्शन में निरंतरता नही थी।

## वापस लौटने से पहले अगर कोहली लय नही देगा तो भारत टेस्ट 0-4 से हारेगा : क्लार्क



**सिडनी।** आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क ने चेताया है कि अगर कप्तान विराट कोहली स्वदेश लौटने से पहले सीमित ओवरों की श्रृंखला में भारत को लय नहीं देंगे तो टीम को टेस्ट श्रृंखला में 0–4 से शिकस्त झेलनी पड़ेगी। कोहली को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने उनके पहले बच्चे के जन्म के लिए पितृत्व अवकाश प्रदान किया है। वह तीन एक दिवसीय और इतने ही टी20 मैचों की श्रृंखला और फिर एडीलेड में पहले टेस्ट में भारत की अगुआई करने के बाद स्वदेश लौटेंगे। क्लार्क ने मंगलवार को स्काई स्पोर्ट्स रेडियो से कहा, एक दिवसीय और टी20 मैचों में विराट कोहली आगे बढ़कर अगुआई कर सकता है। अगर भारत ने एक दिवसीय और टी20 में सफलता हासिल नहीं की तो फिर टेस्ट मैचों में वे गहरी मुसीबत में होंगे और मेरे नजरिए से उन्हें 0–4 से हार झेलनी पड़ेगी। क्लार्क का मानना है कि सिर्फ एक टेस्ट में खेलने के बावजूद करिश्माई भारतीय कप्तान सीमित ओवरों की श्रृंखला में दबदबा बनाकर टेस्ट श्रृंखला के नतीजे में बड़ी भूमिका निभा सकता है। मुझे लगता है कि वह इस टीम को जो लय देगा वह पहले टेस्ट के बाद उसके जाने पर बड़ी भूमिका निभाएगी।

## भारत के खिलाफ श्रृंखला में हार अब भी कचोटती हैः पेन



**सिडनी।** आस्ट्रेलिया के टेस्ट कप्तान टिम पेन ने स्वीकार किया है कि भारत के खिलाफ पिछली टेस्ट श्रृंखला में कचोटने वाली हार अब भी उन्हें पीड़ा देती हैं। पेन ने हालांकि कहा कि आस्ट्रेलिया की टीम अब बेहतर आलराउंड टीम है जो भारत से भिड़ने को बेताब है। भारत ने 2018–19 में आस्ट्रेलिया को 2–1 से हराकर इस देश में पहली टेस्ट श्रृंखला जीती थी। यह कप्तान के रूप में पेन की पहली घरेलू श्रृंखला थी। तत्कालीन कप्तान स्टीव स्मिथ और उप कप्तान डेविड वार्नर पर 2018 में गेंद से छेड़छाड़ प्रकरण के शामिल होने के कारण एक साल का प्रतिबंध लगाया गया था जिसके बाद पेन को टीम की कमान सौंपी गई थी। पेन ने 2जीबी के वाइड वर्ल्ड आफ स्पोर्ट्स रेडियो से कहा, मैं जब भी इस बारे में सोचता हूं तो निश्चित तौर पर यह कचोटता है कि हम वह टेस्ट श्रृंखला हार गए। स्टीव और डेविड हों या नहीं, आप कोई टेस्ट मैच या टेस्ट श्रृंखला नहीं हारना चाहते जिसमें आप खेल रहे हों, इसलिए इससे मुझे थोड़ी पीड़ा पहुंचती है।

## कोहली की अनुपस्थिति सीए को वित्तीय रूप से प्रभावित नहीं करेगीः हॉकले

**सिडनी।** क्रिकेट आस्ट्रेलिया (सीए) ने मंगलवार को माना कि भारतीय स्टार कप्तान विराट कोहली की टेस्ट श्रृंखला के ज्यादातर हिस्से में अनुपस्थिति से घरेलू बोर्ड पर वित्तीय रूप से असर नहीं पड़ेगा लेकिन स्वीकार किया कि आगामी सीरीज विश्व क्रिकेट के लिए काफी अहमियत रखती है। सबसे ज्यादा प्रभावित क्रिकेट बोर्ड में से सीए एक है और इसके कारण उसे अपने कई अधिकारियों को बाहर करना पड़ा और स्टाफ के वेतन में कटौती करनी पड़ी। टेस्ट श्रृंखला 17 दिसंबर से शुरू हो रही है, जिससे राजस्व के स्थिर होने की उम्मीद है लेकिन कोहली एडीलेड में शुरूआती टेस्ट के बाद अपने बच्चे के जन्म के लिए लौट आएंगे, जिससे संशय बना हुआ है कि यह मेजबान देश के क्रिकेट बोर्ड को प्रभावित कर सकता है। सीए के अंतरिम मुख्य कार्यकारी अधिकारी निक हॉकले ने अधिकारिक प्रसारणकर्ता सोनी द्वारा आयोजित बातचीत में कहा, हम पूरी तरह से विराट के फैसले का सम्मान करते हैं। हम खुश हैं कि वह वनडे और टी20 के बाद पहले टेस्ट में टीम की कप्तानी करेगा।

## आईसीसी ने कोहली, अश्विन को दशक के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार के लिए नामित किया

**भाषा। दुबई**





भारत के करिश्माई कप्तान विराट कोहली और रविचंद्रन अश्विन को मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के दशक के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी के लिए नामित किया गया। भारतीय कप्तान को पिछले 10 साल में शानदार प्रदर्शन के लिए सभी पांच पुरुष वर्ग में नामित किया गया। कोहली और अनुभवी आफ स्पिनर अश्विन इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए नामित किए गए सात खिलाड़ियों में शामिल हैं। कोहली और अश्विन के अलावा जो रूट (इंग्लैंड), केन विलियमसन (न्यूजीलैंड), स्टीव स्मिथ (आस्ट्रेलिया), एबी डिविलियर्स (दक्षिण अफ्रीका) और कुमार संगकारा (श्रीलंका) इस पुरस्कार की दौड़ में शामिल अन्य खिलाड़ी हैं। दशक के सर्वश्रेष्ठ एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय पुरुष खिलाड़ी के वर्ग में कोहली के अलावा पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी और रन मशीन रोहित शर्मा भी दावेदारों में शामिल हैं। इस पुरस्कार के लिए लसिथ मलिंगा (श्रीलंका), मिशेल स्टार्क (आस्ट्रेलिया), डिविलियर्स और संगकारा को भी नामित किया गया है। कोहली और रोहित को दशक के सर्वश्रेष्ठ टी20 अंतरराष्ट्रीय पुरुष खिलाड़ी के वर्ग में भी नामित किया गया है। इस वर्ग के अन्य दावेदार राशिद खान (अफगानिस्तान), इमरान ताहिर (दक्षिण अफ्रीका), आरोन फिंच (आस्ट्रेलिया), मलिंगा और क्रिस गेल (वेस्टइंडीज) हैं। कोहली को दशक के सर्वश्रेष्ठ पुरुष टेस्ट खिलाड़ी और दशक के आईसीसी के क्रिकेट भावना पुरस्कार के लिए भी नामित किया गया है। कोहली के अलावा धोनी भी दशक के आईसीसी के क्रिकेट भावना पुरस्कार की दौड़ में शामिल हैं। सभी प्रारूपों में 50 से अधिक के औसत से रन बनाने वाले कोहली पहले ही 70 अंतरराष्ट्रीय शतक जड़ चुके हैं और उनके आगे सिर्फ रिकी पोंटिंग (71) और सचिन तेंदुलकर (100) हैं। वह सर्वाधिक रन बनाने वालों की सूची में भी 21,444 रन के साथ तीसरे स्थान पर हैं। उनसे अधिक रन सिर्फ पोंटिंग (27,483) और तेंदुलकर (34,357) ने बनाए हैं। पिछले दशक में कोहली ने टेस्ट क्रिकेट में 7000 से अधिक रन बनाए जबकि एक दिवसीय क्रिकेट में उनके नाम 11000 से अधिक और टी20 में 2600 से अधिक रन दर्ज हैं। अंतिम विजेता का फैसला खिलाड़ियों को मिलने वाले मतों के आधार पर किया जाएगा।

## भारत की इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में पांच के बजाय चार टेस्ट होंगे

**मुंबई।** इंग्लैंड के अगले साल होने वाले भारत दौरे में सीमित ओवर की श्रृंखला को शामिल करने के लिए नियमित पांच के बजाय चार टेस्ट कराए जाएंगे जिसे इस साल के शुरू में कोविड–19 महामारी के कारण स्थगित कर दिया गया था। बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली ने एक ऑनलाइन कार्यक्रम में बात करते हुए फरवरी–मार्च में होने वाली श्रृंखला के कार्यक्रम की पुष्टि की। इंग्लैंड चार टेस्ट मैचों, तीन वनडे और पांच टी20 के लिए भारत का दौरा कर रहा है, द्विपक्षीय श्रृंखला कराना काफी आसान है क्योंकि इसमें लोगों की संख्या कम होती है। जब इसमें आठ टीमें, नौ टीमें, 10 टीमें होती हैं तो यह और अधिक मुश्किल हो जाता है। हमें परिस्थितियों का आकलन करते रहना होगा क्योंकि काफी लोग दूसरी वेव की बात कर रहे हैं। सीमित ओवर की श्रृंखला में पहले तीन टी20 और इतने ही वनडे शामिल थे जिसका आयोजन इस साल सितंबर में किया जाना था लेकिन इसे महामारी के कारण स्थगित कर दिया गया था।

## एक जनवरी से लैंडलाइन से मोबाइल पर सभी कॉल में नंबर से पहले लगाना होगा शून्य

**नई दिल्ली।** देशभर में लैंडलाइन से मोबाइल फोन पर कॉल करने के लिए ग्राहकों को एक जनवरी से नंबर से पहले शून्य लगाना अनिवार्य होगा। दूरसंचार विभाग ने इससे जुड़े ट्राई के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने इस तरह के कॉल के लिए 29 मई 2020 को नंबर से पहले शून्य लगाने की सिफारिश की थी। इससे दूरसंचार सेवाप्रदाता कंपनियों को अधिक नंबर बनाने की सुविधा मिलेगी। दूरसंचार विभाग ने 20 नवंबर को जारी एक परिपत्र में कहा कि लैंडलाइन से मोबाइल पर नंबर डायल करने के तरीके में बदलाव की ट्राई की सिफारिशों को मान लिया गया है। इससे मोबाइल एवं लैंडलाइन सेवाओं के लिए पर्याप्त मात्रा में नंबर बनाने की सुविधा मिलेगी।

## अगले 12 से 18 माह में भारत के बैंकिंग क्षेत्र का डूबा कर्ज बढ़ेगा : एसएंडपी

**नई दिल्ली।** भारतीय बैंकिंग क्षेत्र की गैर–निष्पादित आस्तियां (एनपीए) अगले 12 से 18 माह के दौरान बढ़कर कुल ऋण के 11 प्रतिशत तक पहुंच सकती हैं। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने मंगलवार को यह अनुमान लगाया है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि ऋण को डूबे कर्ज के रूप में वर्गीकृत नहीं करने की वजह से दबाव वाली संपत्तियां छुप जा रही हैं। कोविड–19 महामारी की वजह से इन संपत्तियों पर दबाव बना है। एसएंडपी ने कहा कि इस साल कुल कर्ज में एनपीए के अनुपात में काफी गिरावट के बाद वित्तीय संस्थानों के लिए आगे इसे कायम रख पाना मुश्किल होगा। इसकी प्रमुख वजह छह माह तक कर्ज की किस्त के भुगतान पर स्थगन तथा उच्चतम न्यायालय द्वारा किसी कर्जदार के खाते को गैर–निष्पादित आस्तियों के रूप में वर्गीकृत करने की रोक है।

## अमेरिका की पहली महिला वित्त मंत्री बन सकती हैं एलेन

**वाशिंगटन।** अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की पूर्व प्रमुख जैनेट एलेन अमेरिकी की नई वित्त मंत्री बन सकती हैं। अमेरिका के निर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन एलेन को वित्त मंत्री नियुक्त करने की तैयारी कर रहे हैं। यदि ऐसा होता है, तो एलेन यह पद संभालने वाली पहली महिला होंगी। सत्ता हस्तांतरण की योजना के जानकार एक व्यक्ति के मुताबिक अब एलेन बाइडन की आर्थिक नीतियों को आकार और दिशा देने में निर्णायक भूमिका निभाएंगी। द वॉल स्ट्रीट जर्नल और द वाशिंगटन पोस्ट के अनुसार 74 वर्षीय एलेन की वित्त मंत्री पद पर नियुक्ति की औपचारिक घोषणा जल्द की जाएगी। यदि सीनेट द्वारा एलेन की नियुक्ति को मंजूरी मिल जाती है, तो वह अमेरिका का वित्त मंत्री बनने वाली पहली महिला होंगी।

## अपग्रैड ने द गेट अकेडमी का किया अधिग्रहण

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन उच्च शिक्षा प्रदान करने वाली कंपनी अपग्रैड ने द गेट अकेडमी के अधिग्रहण की मंगलवार को घोषणा की। हालांकि कंपनी ने सौदे की राशि का खुलासा नहीं किया है। इस अधिग्रहण से उसे देश में 40,000 करोड़ रुपए के परीक्षा तैयारी कराने वाले बाजार में मौजूदगी स्थापित करने में मदद मिलेगी। अपग्रैड ने एक बयान में कहा कि उसकी योजना परीक्षा की तैयारी कराने वाले कारोबार में 100 करोड़ रुपए निवेश की भी है। वह विभिन्न भाषाओं में 20,000 घंटे की पाठन सामग्री तैयार करेगी।

# बाजार रिकार्ड ऊंचाई पर, सेंसेक्स 446 अंक उछला

## निफ्टी पहली बार 13,000 के पार

**भाषा। मुंबई**

घरेलू शेयर बाजार मंगलवार को रिकार्ड ऊंचाई पर बंद हुए। बीएसई सेंसेक्स जहां 446 अंक उछला वहीं एनएसई निफ्टी 13,000 के ऊपर पहुंच गया। कोविड–19 टीके को लेकर प्रगति और विदेशी पूंजी प्रवाह बने रहने के बीच बैंक, दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों तथा वाहन शेयरों में लिवाली से बाजार में रौनक रही। कारोबारियों के अनुसार डॉलर के मुकाबले रुपया मजबूत होने से भी कारोबारी धारणा को बल मिला। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 445.87 अंक यानी 1.01 प्रतिशत की बढ़त के साथ रिकार्ड 44,523.02 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 44,601.63 अंक के रिकार्ड स्तर तक चला गया था। इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 128.70 अंक यानी एक प्रतिशत की मजबूती के साथ 13,055.15 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में सर्वाधिक लाभ में एक्सिस बैंक रहा। इसमें 4.02 प्रतिशत की तेजी आई। इसके अलावा महिंद्रा एंड महिंद्रा,



एचडीएफसी बैंक, आईटीसी, भारतीय स्टेट बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, मारुति, कोटक बैंक तथा सन फार्मा में भी अच्छी तेजी रही। दूसरी तरफ एचडीएफसी, टाइटन, नेस्ले इंडिया भारती एयरटेल, ओएनजीसी और इन्फोसिस में गिरावट दर्ज की गई। इनमें 1.47 प्रतिशत तक की गिरावट आई। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, भारत में कोविड–19 टीका जल्द उपलब्ध होने के भरोसे के साथ बाजार ऊपर चढ़ा। इससे दुनिया के अन्य देशों के मुकाबले भारत को लाभ पहुंचा सकता है। मासिक आधार पर विदेशी पूंजी प्रवाह पहले ही नई ऊंचाई पर पहुंच चुका है...।

## डालर के मुकाबले रुपया 10 पैसे की तेजी के साथ तीन सप्ताह के उच्च स्तर पर

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजारों में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की ओर से पूजी का प्रवाह लगातार बने रहने और कोरोना वायरस के टीके की दिशा मे प्रगति के समाचारो के बीच मंगलवार को अमेरिकी डालर के मुकाबले रुपए की विनिमय दर 10 पैसे की तेजी के साथ 74.01 रुपए प्रति डॉलर पर बंद हई। बाजार सूत्रों ने कहा कि कोविड-19 के टीके के जल्द आने की बढती उम्मीदो के बीच निवेशको मे जोखिम उठाने की ललक बढ़ी है। जिसके कारण रुपए मे लगातार तीसरे सत्र मे लाभ दर्ज हुआ। इसके अलावा, घरेलू शेयर बाजार मे मजबूती, विदेशी निधियो के सतत निवेश और डॉलर के कमजोर होने से भी रुपए को समर्थन मिला। अन्तरबैंक विदेशीमुद्रा विनिमय बाजार मे रुपया 74.10 पर खुला। कारोबार के दौरान रुपए की विनिमय दर 73.88 के उच्च स्तर और 74.12 के निम्न स्तर तक गई। अंत मे रुपया पिछले बंद भाव के मुकाबले 10 पैसे की मजबूती के साथ प्रति डालर 74.01 पर बंद हुआ। सोमवार बाजार 74.11 रुपए प्रति डॉलर बंद हुआ और रुपए पांच पैसे की मजबूती आई थी। इस बीच छह प्रमुख प्रतिद्वन्दी मुद्राओ की तुलना मे डॉलर का सूचकांक 0.32 प्रतिशत की गिरावट के साथ 92.20 पर रहा।

## सोना में 1,049 रुपए और चांदी में 1,588 रुपए की गिरावट

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजार मे कमजोरी के संकेतो और रुपए की विनिमय दर मे सुधार के बीच दिल्ली सर्राफा बाजार में सोना मंगलवार को 1,049 रुपए की गिरावट के साथ 48,569 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी है। पिछले कारोबारी सत्र में सोने का भाव 49,618 रुपए प्रति 10 ग्राम था। बिकवाली दबाव के कारण चांदी भी 1,588 रुपए की गिरावट के साथ 59,301 रुपए प्रति किलो ग्राम पर आ गई। पिछले सत्र मे इसका बंद भाव 60,889 रुपए प्रति किग्रा था। अंतरराष्ट्रीय बाजार मे सोने का भाव हानि के साथ 1,830 डॉलर प्रति औस रह गया जबकि चांदी 23.42 डॉलर प्रति औस पर लगभग अपरिवर्तित रही।

## मुंबई में नए साल में लक्जरी मकानों की मांग में सुधार : रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** लक्जरी आवासीय परिसंपत्तियों के वार्षिक मूल्य सूचकांक पर आधारित एक ताजार रपट मे मुंबई मे 2021 मे महंगे मकानों की मांग मे सुधार दिख सकता है पर दाम पहले के स्तर पर बने रह सकते है। रपट के अनुसार मुंबई सहित विश्व के 22 में से 20 प्रमुख शहरों में 2020 के अंत तक कीमतें औसतन पहले के स्तर पर बने रहने की संभावना है। वर्ष 2021 मे इन शहरों में ऐसे आवास की कीमतें औसतन दो प्रतिशत तक सुधर सकती है।

## ओकाया ने ईईएसएल से प्राप्त किया ठेका

**नई दिल्ली।** ओकाया पावर ग्रुप की कंपनी ओकाया ने सार्वजनिक क्षेत्र की एनर्जी इफीशिएंसी सर्विसेज लि. (ईईएसएल) से विश्वबैंक वित्त पोषित परियोजना का ठेका हासिल किया है। यह अनुबंध देश भर मे 1,020 इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन लगाने को लेकर है। कंपनी ने मंगलवार को एक बयान में कहा, ओकाया पावर ग्रुप की प्रमुख कंपनी ओकाया ने ईईएसएल से विश्वबैंक वित्त पोषित परियोजना का ठेका प्राप्त किया है।

## एनएसई ने कार्वी स्टॉक ब्रोकिंग को डिफॉल्टर घोषित किया

**नई दिल्ली।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने नियामकीय प्रावधानों का अनुपालन नही करने के लिए कार्वी स्टॉक ब्रोकिंग को डिफॉल्टर (चूककर्ता) घोषित कर दिया है।

एनएसई की ओर से मंगलवार को जारी सर्कुलर मे कहा गया है कि इसके अलावा कार्वी स्टॉक ब्रोकिंग की एक्सचेंज की सदस्यता समाप्त कर दी गई है। सर्कुलर मे कहा गया है कि यह आदेश 23 नवंबर से प्रभावी है। एनएसई ने कहा कि ब्रोकर कंपनी एक्सचेंज के दिशानिर्देशों का अनुपालन करने मे विफल रही है।

## गूगल ने जियो प्लेटफार्म्स में 7.73 प्रतिशत हिस्सेदारी के लिए 33,737 करोड़ रुपए का भुगतान किया




**भाषा। नई दिल्ली**

गूगल ने रिलायंस इंडस्ट्रीज लि. (आरआईएल) की डिजिटल अनुषंगी जियो प्लेटफार्म्स में 7.73 प्रतिशत हिस्सेदारी के एवज में 33,737 करोड़ रुपए का भुगतान कर दिया है। इसके साथ कंपनी फेसबुक जैसी वैश्विक निवेशकों की सूची में शामिल हो गई है। उद्योगपति मुकेश अंगानी की कंपनी ने मंगलवार को एक यह जानकारी दी। गूगल का परिचालन अमेरिकी कंपनी अल्फाबेट इंक करती है इस सौदे के साथ अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनी का किसी भारतीय कंपनी में अबतक का सबसे बड़ा निवेश है। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने केवल 11 सप्ताह में 13 वित्तीय और रणनीतिक निवेशकों को जियो प्लेटफार्म्स की कुल मिला कर 33 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचकर 1.52 लाख करोड़ रुपए की पूंजी जुटाई। इससे कंपनी मार्च 2021 के लक्ष्य से पहले ही शुद्ध रूप से कर्ज को खत्म करने में कामयाब रही।

## छोटे उद्यमों से केंद्रीय सरकारी उपक्रमों की खरीद, सीपीएसई का भुगतान मई–अक्टूबर के दौरान दोगुना

**नई दिल्ली।** सूक्ष्म एवं लघु उपक्रमों (एमएसई) से केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रमों (सीपीएसई) की खरीद पिछले छह महीने में बढ़ी है। अक्टूबर महीने में आपूर्तिकर्ताओं का कुल बकाया दोगुने से अधिक होकर 5,096.53 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। सरकार ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई) के आंकड़ों के अनुसार, अक्टूबर महीने में कुल बकाए में से एमएसई को 4,044.10 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया। आंकड़ों के अनुसार, कुल बकाया से कुल खरीद व लेन–देन का पता चलता है।

## ग्रामीण, कृषि अर्थव्यवस्था महत्वपूर्ण है आत्मनिर्भरता के लिए : गडकरी



**पुणे।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था और कृषि की गिनती आत्मनिर्भरता की दृष्टि से महत्वपूर्ण क्षेत्रों में करते हुए मंगलवार को कहा कि आत्मनिर्भर भारत की प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की सोच देश को समृद्ध और शक्तिशाली बनाएगी। आत्मानिर्भर भारत पर सिम्बायोसिस स्वर्ण जयंती व्याख्यान श्रृंखला में गडकरी ने कहा, हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत (आत्मनिर्भरता) को लागू करने के लिए नीतियों को तैयार करने की आवश्यकता है। गडकरी ने कहा कि यह केवल सरकारों की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि समाज में शिक्षा, स्वास्थ्य आदि जैसे विभिन्न क्षेत्रों की सामूहिक जिम्मेदारी भी है। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री ने भी हर क्षेत्र के लिए एक दृष्टि पथ बनाने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और कृषि दो ऐसे क्षेत्र हैं जो आत्मानिर्भरता के लिए महत्वपूर्ण हैं और हमें इन पहलुओं पर एक दृष्टिकोण के साथ काम करना होगा। ग्रामीण अर्थव्यवस्था और कृषि आत्मनिर्भरता का मुख्य स्तंभ है क्योंकि जब ग्रामीण अर्थव्यवस्था और कृषि समृद्ध होगी तो ग्रामीण भारत भी समृद्ध होगा। मंत्री ने कहा कि छोटे स्थानों, गांवों, किसानों और अन्य लोगों को मजबूत करने से भारत आत्मनिर्भर बनेगा।

# चीन के साथ वार्ता करने में भारत एक साझेदार होना चाहिए: एंटनी

**भाषा।** वाशिंगटन



**अमेरिका के** संभावित विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकेन का मानना है कि भारत और अमेरिका तेजी से मुखर होते चीन के रूप में एक समान चुनौती का सामना करते हैं और इस देश के साथ मजबूत स्थिति को बनाए रखकर वार्ता करने के लिए नई दिल्ली को अमेरिका का एक अहम साझेदार होना चाहिए। ब्लिंकेन ने आरोप लगाया कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिकी गठबंधन को कमजोर कर चीन के महत्वपूर्ण रणनीतिक लक्ष्यों को आगे बढ़ाने में मदद की और दुनिया में शून्यता छोड़ी ताकि चीन उसे भर सके। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि ट्रंप ने अमेरिकी मूल्यों को छोड़ा और हांगकांग में लोकतंत्र को कुचलने के लिए हरी झंडी दिखाई।

ब्लिंकेन ने जो बाइडन के प्रशासन में अमेरिका-भारत के रिश्ते और भारतीय अमेरिकियों पर आयोजित एक डिजिटल पैनल चर्चा में भारतीय मूल के लोगों से कहा कि हमारी एक समान चुनौती तेजी से मुखर होते चीन से निपटने की है, जिसमें वास्तविक नियंत्रण रेखा पर भारत के प्रति उसकी आक्रामकता शामिल है। उन्होंने कहा कि चीन अपनी आर्थिक ताकत के दम पर दूसरों को दबाना चाहता है। वह अपने हितों का विस्तार करने के लिए अंतरराष्ट्रीय नियमों को नजरअंदाज कर रहा है तथा बेबुनियाद समुद्री और क्षेत्रीय दावे कर रहा है। इससे विश्व के कुछ अहम सागरों में नौवहन की स्वतंत्रता पर खतरा पैदा हुआ है। भारत और चीन के बीच मई से पूर्वी लद्दाख क्षेत्र में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर गतिरोध चल रहा है। ब्लिंकेन, बाइडन के उपराष्ट्रपति रहने के दौरान उनके विदेश नीति सलाहकार थे। उन्होंने हांगकांग में चीनी कार्वाई का हवाला दिया था और इसे अपने लोगों के अधिकारों और लोकतंत्र का दमन बताया था। ब्लिंकेन ने कहा था कि हमें एक कदम पीछे हटना होगा और खुद को उस मजबूत स्थिति में रखना होगा जहां से हम चीन से वार्ता कर सकें ताकि रिश्ते हमारी शर्तों पर आगे बढ़े ना कि उनकी शर्तों पर। संभावित विदेश मंत्री ने कहा कि इस प्रयास में भारत एक अहम साझेदार होना चाहिए। अगर नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन ने ब्लिंकेन को विदेश मंत्री बनाया और सीनेट की विदेश संबंध समिति ने पुष्टि की तो ब्लिंकेन माइक पोम्पिओ का स्थान लेंगे। भारत में अमेरिका के पूर्व राजदूत रिचर्ड वर्मा के सवाल के जवाब में ब्लिंकेन ने कहा कि राष्ट्रपति के तौर पर बाइडन हमारे लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए नए तरीके से काम करेंगे। साथ में वह, भारत जैसे करीबी साझेदारों के साथ काम करेंगे।



टोक्यो में कोरोना वायरस को लेकर एक बैठक के दौरान चीन के विदेश मंत्री वांग यी व जापान के समकक्ष तोशीमीशू

# क्या महामारी में बाहर खाने के लिए टेंट सुरक्षित तरीका है?

**एपी।** वाशिंगटन

● यूनिवर्सिटी ऑफ मिनेसोटा स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ के प्राध्यापक क्रेग हेडबर्ग के अनुसार इग्लू या व्यक्तिगत टेंट एक रचनात्मक समाधान हैं

**क्या मौजूदा** कोरोना वायरस महामारी के दौरान बाहर भोजन करने वाले लोगों के लिए डाइनिंग टेंट एक सुरक्षित तरीका है? स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि खुले में बने डाइनिंग टेंट आम तौर पर बंद स्थानों की तुलना में अधिक सुरक्षित होते हैं, लेकिन सावधानी यह होनी चाहिए है कि वे सभी समान नहीं हों। कई रेस्तरां एक साथ भोजन करने वाले लोगों के लिए व्यक्तिगत टेंट या अन्य बाहरी संरचनाओं का निर्माण कर रहे हैं। बंद स्थानों पर कोरोना वायरस आसानी से फैलता है।विशेषज्ञों का कहना है कि संरचनाओं को अच्छी तरह से हवादार बनाया जाना चाहिए। उदाहरण के लिए चार दीवारों और छत वाला टेंट इनडोर भोजन कक्ष की तुलना में ज्यादा हवादार नहीं हो सकता है।कॉर्नेल विश्वविद्यालय के लोक स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ आइजैक वीज्फ्यूज कहते हैं कि संरचनाओं में हवा का जितना अधिक प्रवाह होता है, वह उतना ही अच्छा होता है।

यूनिवर्सिटी ऑफ मिनेसोटा स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ के प्राध्यापक क्रेग हेडबर्ग के अनुसार इग्लू या व्यक्तिगत टेंट एक रचनात्मक समाधान हैं, लेकिन इसे उन लोगों के साथ साझा नहीं किया जाना चाहिए जो आपसे संबंधित नहीं हैं।यूनिवर्सिटी ऑफ मिशिगन स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ में सहायक प्राध्यापक ऑबरी गॉर्डन नेकहा कि दो पार्टियों के बीच टेंट को साफ किया जाना चाहिए और कम से कम 20 मिनट के लिए उसे खुला छोड़ देना चाहिए। उनका सुझाव है कि संपर्क कम करने के लिए भोजन बाहर ही किसी ट्रे पर रखा जाना चाहिए।कई रेस्तराओं के लिए टेंट मौजूदा दौर में आर्थिक मददगार भी साबित हो रहे हैं। कई रेस्तरां अपने ग्राहकों से इसके लिए अतिरिक्ति पैसे ले रहे हैं।

# ट्रंप ने अधिकारियों से कहा, आगामी प्रशासन को सत्ता हस्तांतरित करने की तैयारी शुरू करें

**भाषा।** वाशिंगटन



**अमेरिका के** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को अधिकारियों से नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन को सत्ता हस्तांतरित करने की तैयारी शुरू करने को कहा। दरअसल सत्ता हस्तांतरण के लिए जिम्मेदार संघीय एजेंसी जीएसए की प्रमुख ने कहा था कि वह बाइडन को व्हाइट हाउस में आने के लिए जरूरी संसाधन मुहैया कराएंगी, जिसके बाद ट्रंप का यह बयान आया है। ट्रंप ने हालांकि इस बात पर भी जोर दिया कि वह लड़ाई जारी रखेंगे और जीत हासिल करेंगे। अमेरिका में तीन नवम्बर को हुए चुनाव में राष्ट्रपति पद के लिए बाइडन और उप राष्ट्रपति पद के लिए कमला हैरिस को विजेता घोषित किया गया है लेकिन ट्रंप ने अभी तक अपनी हार स्वीकार नहीं की है। ट्रंप के अभियान दल ने चुनाव प्रक्रिया में गड़बड़ी एवं धोखाधड़ी के कई मुकदमे दर्ज कराए हैं, जिनमें से कई को अदालतें खारिज भी कर चुकी है।जनरल सर्विस एडमिनिस्ट्रेटर (जीएसए) एमिली मर्फी द्वारा नव-निर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन को पत्र लिख कर ट्रंप प्रशासन के आधिकारिक तौर पर सत्ता हस्तांतरण की प्रक्रिया शुरू करने के लिए तैयार होने की जानकारी देने के कुछ घंटों बाद ट्रंप ने इस संबंध में ट्वीट किया।

ट्रंप ने ट्वीट किया, मैं जीएसए की एमिली मर्फी का देश के प्रति उनके समर्पण और निष्ठा के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। उनको परेशान किया गया, धमकाया गया और गालियां दी गई... और मैं नहीं चाहता कि यह उनके, उनके परिवार या जीएसए के किसी भी कर्मचारी के साथ हो। हमारी लड़ाई जारी रहेगी और मुझे विश्वास है कि हम जीतेंगे। निवर्तमान राष्ट्रपति ने कहा, हमारे देश के हित में, मैं एमिली और उनके दल को प्रारंभिक प्रोटोकॉल के संबंध में जो किया जाना चाहिए, उसे करने का सुझाव देता हूं और मैंने अपनी टीम से भी यही कहा है। बाइडन-हैरिस सत्ता हस्तांतरण दल के कार्यकारी निदेशक योहानेस अब्राहम ने एक बयान में कहा कि जीएसए प्रशासक ने राष्ट्रपति चुनाव में बाइडन और उपराष्ट्रपति चुनाव में हैरिस को चुनाव के स्पष्ट विजेताओं के रूप में मान्यता दी है, नवनिर्वाचित प्रशासन को सत्ता के सुगम और शांतिपूर्ण हस्तांतरण के लिए आवश्यक संसाधन प्रदान किए जा रहे हैं।

## बाइडेन ने राष्ट्रीय सुरक्षा दल की घोषणा की

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के नव निर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडेन ने सोमवार को अपने राष्ट्रीय सुरक्षा दल की घोषणा की, जिसमें तीन महिलाएं शामिल हैं और ऐसा पहली बार है जब जलवायु के लिए विशेष दूत को राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद का हिस्सा बनाया जाएगा। बाइडन चाहते हैं कि एंटनी ब्लिंकेन को विदेश मंत्री, एलेजांद्रो मायोरकस को गृह मंत्री, लिंडा थॉमस-ग्रीनफील्ड को संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की राजदूत और अरविल हैन्स को राष्ट्रीय खुफिया निदेशक नियुक्त किया जाए। हैन्स इस पद के लिए नामित होने वाली पहली महिला होंगी। बाइडन ने पूर्व विदेश मंत्री जॉन केरी को जलवायु के लिए राष्ट्रपति के विशेष दूत के पद के लिए नामित करने की घोषणा की। केरी राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद में इस पद पर बैठने वाले पहले अधिकारी होंगे। जेक सुलिवन को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार नामित

# चीन में बड़े पैमाने पर हुई जांच में कोविड-19 के दो मरीज मिले

● तियानजिन में सोमवार को 23 लाख लोगों की जांच की गई

**एपी।** बीजिंग

**चीन में** कोरोना वायरस के संक्रमण को फिर से महामारी का रूप लेने से रोकने के लिए बड़े पैमाने पर लोगों की जांच की जा रही है जिसके तहत मंगलवार को शंघाई और तियानजिन में एक-एक व्यक्ति के कोरोना वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई।राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग ने बताया कि गत 24 घंटे में दोनों शहरों में स्थानीय स्तर पर संक्रमण के एक-एक मामले की पुष्टि हुई है। आयोग ने बताया कि इस अवधि में विदेश से लौटे 20 अन्य भी कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं। आयोग ने बताया कि शंघाई स्थित पुडोंग हवाई अड्डे के 17,719 कर्मचारियों की कोविड-19 जांच की गई जिसमें फेडेक्स कंपनी का एक कर्मचारी कोरोना वायरस से संक्रमित मिला।उन्होंने बताया कि हाल के दिनों में हवाई अड्डे के यूपीएस कर्मचारी भी कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं जिनमें से एक कर्मचारी की पत्नी भी संक्रमित थी। इस प्रकार शंघाई में शुक्रवार से लेकर अब तक गैर आयातित आठ कोविड-19 मरीजों की पुष्टि हो चुकी है। तियानजिन में सोमवार को 23 लाख लोगों की जांच की गई जिनमें से एक व्यक्ति जिसकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी, उसमें संक्रमण के लक्षण सामने आए। बता दें कि चीन बिना लक्षण वाले मरीजों को संक्रमितों की सूची में शामिल नहीं करता है।



फिलीपिंस के क्वीजन सिटी में एक प्रदर्शनी को देखने के दौरान कोरोना वायरस से बचने के लिए मास्क पहने महिला

## क्विक न्यूज

### बाइडन ने वित्त मंत्री के रूप में फेडरल रिजर्व की पूर्व अध्यक्ष जैनेट एलेन को चुना

**वाशिंगटन।** अमेरिका के नव-निर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन ने फेडरल रिजर्व की पूर्व अध्यक्ष जैनेट एलेन को वित्त मंत्री पद के लिए चुना है। सत्ता हस्तांतरण की योजना के जानकार एक व्यक्ति के मुताबिक अब एलेन बाइडन की आर्थिक नीतियों को आकार और दिशा देने में निर्णायक भूमिका निभाएंगी।एलेन वित्त जगत की एक प्रतिष्ठित शख्सियत हैं। वित्त विभाग की कमान संभालने वाली वह प्रथम महिला होंगी। बाइडन की योजना से परिचित एक व्यक्ति ने एलेन के नामांकन की पुष्टि की है। इससे पहले भी परिपाटी को तोड़ते हुए एलेन फेडरल रिजर्व की पहली महिला अध्यक्ष बनी थीं। उन्होंने अमेरिका के सबसे बड़े बैंक की कमान 2014 से 2018 तक संभाली थी। बाद में वह बाइडन के प्रचार अभियान की सलाहकार बनीं। एलेन बाइडन की अहम सलाहकार तथा उनके आर्थिक एजेंडे की प्रवक्ता भी होंगी। पदभार संभालने के बाद उन्हें महामारी के कारण कमजोर पड़ी अर्थव्यवस्था की चुनौती का सामना भी करना पड़ेगा।

### मिशिगन राज्य में बाइडन को मिली विजय ट्रंप की चुनौती को तगड़ा झटका

**लांसिंग (अमेरिका)।** मिशिगन के चुनाव अधिकारियों ने राज्य में जो बाइडन की जीत की घोषणा सोमवार को कर दी। बाइडन राज्य में 1,54,000 मतो से विजई घोषित किए गए है। उनकी इस विजय से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को तगड़ा झटका लगा है जो निर्वाचन प्रक्रिया में धांधली का आरोप लगाते रहे है। बोर्ड ऑफ स्टेट कैनवासर्स ने तीन-शून्य से बाइडन को मिली विजय की पुष्टि की। इस बोर्ड मे दो रिपब्लिकन एवं दो डेमोक्रेट है। ट्रंप के सहयोगी एवं चुनाव मे पराजित होने वाले सीनेट उम्मीदवार जॉन जेम्स ने निर्णायक मंडल से मतदान की प्रक्रिया दो सप्ताह के लिए टालने का आग्रह किया था। मिशिगन के गवर्नर ग्रेचेन व्हिटमर ने एक वक्तव्य जारी कर कहा, मिशिगन के लोगो ने जनादेश दे दिया है। नव निर्वाचित राष्ट्रपति बाइडन ने मिशिगन राज्य मे 1,54,000 मतो से विजय हासिल की है और वह 20 जनवरी को हमारे अगले राष्ट्रपति होंगे।

### अल्पसंख्यक उइगर मुस्लिमों पर टिप्पणी को लेकर चीन ने पोप की आलोचना की

**बीजिंग।** पोप फ्रांसिस की नई किताब मे चीन के उइगर मुस्लिम अल्पसंख्यक समूह की कथित पीड़ा का उल्लेख करने पर चीन ने मंगलवार को उनकी आलोचना की। चीन के विदेश मंत्रालय मे प्रवक्ता झाओ लिजियान ने कहा कि फ्रांसिस की टिप्पणियों का तथ्यात्मक रूप से कोई आधार नही है। झाओ ने दैनिक संवाददाता वार्ता मे कहा, यहां सभी जातीय समूहो को सामाजिक, धार्मिक एवं हर तरह की आजादी है। हालांकि, प्रवक्ता ने उन शिविरो का उल्लेख नही किया जिनमे 10 लाख से अधिक उइगर और अन्य चीनी मुस्लिम अल्पसंख्यक समूहो के लोगो को रखा गया है।उल्लेखनीय है कि मानवाधिकार समूहो के साथ अमेरिका और अन्य देशो की सरकारो का आरोप है कि जेल सरीखे इन शिविरो का उद्देश्य मुस्लिमो को उनके धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत से अलग कर उनकी आस्था चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी और उसके नेता शी चिनफिंग के प्रति घोषित करने के लिए मजबूर करना है।चीन ने शुरू मे ऐसे शिविरो के अस्तित्व से इंकार किया लेकिन बाद मे कहा कि इन शिविरो का उद्देश्य रोजगार प्रशिक्षण मुहैया कराना तथा स्वैच्छिक आधार पर आतंकवाद तथा मजहबी चरमपंथ को रोकना है। पोप की नई किताब लेट अस ड्रीम एक दिसंबर को आनी है।

### पाक ने खुफिया संगठनों के समन्वय के लिए राष्ट्रीय खुफिया समन्वय समिति की स्थापना को दी मंजूरी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने मंगलवार को आईएसआई प्रमुख की अध्यक्षता मे देश के दो दर्जन से अधिक खुफिया संगठनों के समन्वय के लिए राष्ट्रीय खुफिया समन्वय समिति (एनआईसीसी) की स्थापना को मंजूरी दे दी। समाचार पत्र डॉन ने एक वरिष्ठ सुरक्षा सूत्र के हवाले से कहा कि समन्वय मंच की स्थापना के बारे में चर्चा हुई है, लेकिन एक बार औपचारिक रूप से इसे आकार देने के बाद ही इसकी कार्यप्रणाली पर निर्णय किया जाएगा। उसने कहा कि नई समिति का नेतृत्व इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) के महानिदेशक करेंगे। वह उसके अध्यक्ष होंगे।खुफिया एजेंसियो ने इस मुद्दे पर कम से कम दो दौर की चर्चा की है, जिसके बाद प्रस्ताव को मंजूरी के लिए प्रधानमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया गया। समन्वय निकाय की पहली बैठक अगले सप्ताह की शुरुआत में हो सकती है। एनआईसीसी देश के दो दर्जन से अधिक खुफिया संगठनों के समन्वय के लिए एक तंत्र के रूप में काम करेगा। राष्ट्रीय आतंकवाद रोधी प्राधिकरण भी नए ढांचे का हिस्सा होगा।खबर के अनुसार यह कदम खुफिया तंत्र के लंबे समय से प्रतीक्षित सुधार का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य संबंधित एजेंसियों की भूमिका को स्पष्ट करना, उनके समन्वय में सुधार करना और उनकी क्षमताओं का अनुकूलन करना है।

# पाक में 2954 नए मरीजों की पुष्टि प्रांतीय सरकारों ने लगाई पाबंदियां

**भाषा।** इस्लामाबाद

● राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा मंत्रालय ने बताया कि बीते 24 घंटे में 48 लोगों की मौत हुई है

**पाकिस्तान में** मंगलवार को कोरोना वायरस के 2954 नए मरीजों की पुष्टि होने के बाद प्रांतीय सरकारों ने संक्रामक रोग का प्रसार रोकने के लिए नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं जिनमें दफ्तरों में हाजिरी सीमित करने और सिनेमा हॉल एवं धार्मिक स्थलों को बंद करने के आदेश दिए गए हैं।

पाकिस्तान में कोविड-19 के कुल मामले 3,79,883 हो गए।मुल्क के सबसे बड़े प्रांत पंजाब के स्वास्थ्य विभाग ने सरकारी और निजी दफ्तरों में उपस्थिति को सीमित करने के लिए नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। विभाग ने कहा कि सिर्फ 50 फीसदी स्टाफ दफ्तर आए और शेष कर्मचारी घर से ही काम करें।

सिंध सरकार ने कोरोना वायरस का प्रसार रोकने के लिए और पाबंदियां लागू कर दी हैं। सरकार ने सरकारी एवं निजी दफ्तरों तथा सार्वजनिक स्थानों पर मास्क लगाना अनिवार्य कर दिया है। सरकार का कहना है कि नियम तोड़ने वाले पर जुर्माना लगाया जाएगा।

बंद स्थानों पर शादी करने की इजाजत नहीं है और खुले स्थलों पर ही शादी हो सकती है जिनमें अधिकतम 200 मेहमानों को बुलाने की इजाजत है। बुफे भोज (मेहमानों के लिए बड़ी सी मेज पर खाना लगाना) प्रतिबंधित कर दिया गया है और खाना सिर्फ टिफिन में देना होगा। इसके अलावा, जिम, खेल केंद्र, सिनेमा हॉल और धार्मिक स्थल जैसे बंद स्थानों को बंद करने के आदेश दिए गए हैं। प्रांतीय सरकार ने कहा कि शुक्रवार और रविवार को जरूरी सेवा से जुड़ी दुकानों को छोड़कर सभी दुकानें बंद रहेंगी जबकि दुकानें शाम छह बजे तक ही खुलेंगी। रेस्तरां में खाना खाने पर रोक होगी। खाना पहुंचाया (डिलिवरी की) जा सकेगा या पैक करा कर ले जाया जा सकेगा। वहीं खुले स्थान पर रात 10 बजे तक खानपा परोसा जा सकता है। दोनों प्रांतों में ए पाबंदियां 31 जनवरी तक लागू रहेंगी। राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा मंत्रालय ने बताया कि बीते 24 घंटे में 48 लोगों की मौत हुई है। इसके बाद मृतक संख्या 7744 पहुंच गई है। करीब 3,31,760 लोग संक्रमण से मुक्त हो चुके हैं जबकि 1751 मरीजों की हालत नाजुक है। देश में संक्रमण का इलाज करा रहे मरीजों की संख्या बढ़कर 40,379 हो गई है।प्रधानमंत्री इमरान खान ने हाल में आगाह किया था कि अगर हालात खराब होते हैं तो पूर्ण लॉकडाउन लगा दिया जाएगा। अधिकारियों ने मंगलवार को 26 नवंबर से 10 जनवरी तक सभी शिक्षण संस्थानों को बंद करने का फैसला किया।

# इजराइल मुंबई आतंकी हमले के पीड़ितों की याद में स्मारक बनाने पर कर रहा विचार

**भाषा।** ऐलात (इजराइल)

**इजराइल का** दक्षिणी तटवर्ती शहर ऐलात अमेरिका में 11 सितंबर को हुए आतंकवादी हमले के पीड़ितों की तरह मुंबई में 26 नवंबर को हुए आतंकवादी हमले के पीड़ितों की याद में एक चौक बनाने पर विचार कर रहा है। मुंबई में 2008 में आतंकवादी हमले के दौरान यहूदियों के उपासना स्थल चबाड हाउस को भी निशाना बनाया गया था। पाकिस्तान के लश्कर-ए-तैयबा के 10 आतंकवादियों ने चार दिनों तक मुंबई में भारी तबाही मचाई थी। चबाड हाउस में छह यहूदियों समेत मुंबई में कम से कम 166 लोग मारे गए थे और 300 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। ऐलात में प्रवासी यहूदियों के लिए सितार आर्गेनाइजेशन के प्रतिनिधियों ने पीटीआई को बताया, हमने मुंबई हमलों के पीड़ितों की याद में एक स्मारक स्थापित करने के लिए ऐलात के मेयर मीर इत्जाख हा लेवी से बात की है। मेयर ने कहा कि वह उस समिति में है जो चौक और चौराहे आदि की स्थापना, नामकरण के संबंध में फैसला करती है। उन्हें मदद कर काफी खुशी होगी। प्रतिनिधियों ने कहा, इसके अलावा, मेयर ने भारत-इजराइल मैत्री चौक या महात्मा गांधी चौक भी स्थापित करने का सुझाव दिया जहां मुंबई हमले के पीड़ितों की याद में शिला लगाई जा सकती है।

शहर में चबाड मूवमेंट का सिनेगॉग, चबाड हाउस में हमले में मारे गए छह यहूदियों की याद में एक पट्टिका भी लगाने पर विचार कर रहा है। सितार आर्गेनाइजेशन ने बताया, सिनेगॉग के प्रवेशस्थल पर एक पट्टिका लगाई जाएगी। पिछले सप्ताह बीरसेबा शहर में चबाड हाउस ने मुंबई हमले के पीड़ितों को श्रद्धांजलि देने के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया था।

## निम्न आय वर्ग के युवाओं को छात्रवृत्ति देने के लिए हिन्दू संगठन ने एक लाख डॉलर का कोष जुटाया

**ह्यूस्टन।** अमेरिका में गैर लाभकारी हिंदू संगठन ने यहां रहने वाले निम्न आय वर्ग के युवाओं को पेशेवर पाठ्यक्रम में छात्रवृत्ति देने के लिए एक लाख डॉलर की राशि जुटाई है। यह धन एक डिजिटल कार्यक्रम के जरिए जुटाया गया जिसमे हस्तियों, शिक्षाविदों और उद्यमियों ने हिस्सा लिया। टेक्सास के ऑस्टिन में हिंदू चैरिटी फॉर अमेरिका नामक संगठन द्वारा रविवार को एजुकेशन फॉर सेल्फ रिलायंस नाम से आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ों अमेरिकियों और भारतीय मूल के लोगों ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम को जिन हस्तियों ने संबोधित किया उनमें बॉलीवुड कलाकार अनुपम खेर, ग्रैमी पुरस्कार के लिए नामित गीतकार सवान कोटेचा शामिल हैं। अन्य वक्ताओं में हार्वर्ड बिजनेस स्कूल में प्रोफेसर कस्तूरी रंगन, वेंचर कैप्टलिस्ट ऐंड सीरियल आंट्रप्रेन्योर के देश देशपांडे, आयोटास्क के प्रबंध साझेदार गीतांजलि स्वामी प्रमुख हैं।

# मलंग के बाद 'लूडो' में भी आदित्य रॉय कपूर का मंझा अभिनय

**अभिनेता** आदित्य रॉय कपूर ने इस साल इंडस्ट्री में अपने 11 साल पूरे कर लिये हैं। वो इसे लेकर अत्यंत प्रसन्न हैं और दर्शकों को उनकी प्रशंसा के लिए धन्यवाद देते हैं। बता दें कि उनकी हाल ही में आई फिल्म 'लूडो' को लोगों ने काफी पसंद किया है।

फिल्म में उन्होंने आकाश नामक व्यक्ति का चरित्र निभाया है और उनकी कॉमिक टाइमिंग आश्चर्यजनक रही है। आदित्य रॉय कपूर के अभिनय के इस पक्ष को समझने और सामने लाने के लिए निर्देशक अनुराग बासु की भी सराहना की जानी चाहिये। इसमें वो अपनी सहकलाकार सान्या मलहोत्रा के साथ रोमांस करते



दिखाई देंगे जो चरित्र वो पहली बार कर रहे हैं। परदे पर उनके बीच की केमिस्ट्री को लोगों ने अपना पूरा समर्थन दिया है। उनके बारे में जो बात रोचक है वो ये कि वो अपनी हर फिल्म के साथ और हर निर्माता के साथ कुछ नया करने को उत्सुक दिखाई देते हैं। मोहित सूरी के साथ मलंग करते समय उन्हें एक ऐक्शन हीरो की भूमिका मिली थी जिसे उन्होंने पूरी क्षमता के साथ निभाया तो अब दूसरी होर अनुराग बसु के साथ उनकी हास्य प्रतिभा के दर्शन दर्शकों को सुलभ हुए हैं। फिल्म में एक स्थान पर उन्हे मेगास्टार अमिताभ बच्चन की नकल उतारते देखा जा सकेगा। सोशल मीडिया पर फिल्म का ये दृश्य वायरल हो गया है।

दर्शकों के प्यार से अभिभूत आदित्य ने कहा, 'मुझे आप सभी का इतना प्यार मिलना मेरे लिए गर्व की बात है। जब भी आपके कठिन परिश्रम को सराहना मिलती है तो अच्छा लगता है और मेरा पूरा प्रयास रहेगा कि मैं अपनी आने वाली फिल्मों में भी दर्शकों की अपेक्षाओं पर पूरी तरह से खरा उतर सकूं।' दर्शकों ने उन्हें एक बहुमुखी प्रतिभासंपन्न अभिनेता के रूप में स्वीकार किया है। उन्होंने इस बारे में कहा, 'इससे पहले मुझे मलंग में भी दर्शकों का प्यार मिला था और अब लूडो में भी ऐसा ही हो रहा है। एक अभिनेता के रूप में विविधतापूर्ण जॉनर में फिल्में करना और दर्शकों का उन्हें स्वीकार करना संतुष्टिकारक अनुभव है। मेरे चरित्र को दर्शकों का जो प्यार मिला है उसके लिए मैं सभी को हृदय से धन्यवाद प्रेषित करता हूं।' इस फिल्म का निर्माण भूषण कुमार, अनुराग बसु, दिव्या खोसला कुमार, तानी सोमारिता बसु तथा कृष्ण कुमार ने किया है।

# 'विकल्प तलाशने की दृष्टि से लॉकडाउन, कला के लिए उपयोगी रहा है'

**गायक गीतकार और संगीत निर्माता श्रीहरि जगन्नाथन से उनकी संगीतमय यात्रा, उनके बैंड चेन्नई स्ट्रीट बैंड तथा उनके नवीनतम एलबम आदि के बारे में बात की पायनियर संवाददाता शालिनी सक्सेना ने। प्रस्तुत हैं बातचीत के अंश...**

**● आपकी संगीत यात्रा किस प्रकार से प्रारंभ हुई?**

संगीत में मेरी रुचि सदा से रही है लेकिन इसे लेकर तीव्र इच्छा स्कूल में सांस्कृतिक समारोहों में भाग लेने के साथ ही सामने आई। अपनी इंजीनियरिंग डिग्री प्राप्त करने के बाद मुझे स्पष्ट हो गया था कि मैं किसी न किसी प्रकार से संगीत के क्षेत्र में ही कॅरियर बनाना चाहता था। चूंकि संगीत और गीत रचना के प्रति मेरी इच्छा अत्यधिक तीव्र थी तो मैंने 2015 में चेन्नई स्ट्रीट बैंड नाम से एक बैंड प्रारंभ किया। लेकिन इसी वर्ष के प्रारंभ में लॉकडाउन प्रारंभ हो गया और मैं और मेरा बैंड घर में बंदी बन कर रह गया। लेकिन मैंने स्वतंत्र कलाकार के रूप में मैंने कुछ कार्य प्रारंभ रखा था।

**● अपने चेन्नई स्ट्रीट बैंड के बारे में कुछ बताइये... ?**

जैसे ही परिस्थितियां सामान्य होंगी मैं इससे जुड़कर सक्रिय हो जाऊंगा। गाना जैसे प्लेटफॉर्म के चलते आप आभासी स्तर पर अवसर उपलब्ध हैं। मैं इसके माध्यम से अपने और अपने बैंड के कुछ गाने परफर्म करूंगा। लेकिन हम शीघ्र ही स्टेज पर वापसी की आशा कर रहे हैं। इसके अलावा हम तमिल में पॉप भी कर रहे हैं। लेकिन हाल ही में हमनें अपना पहला हिंदी सिंगल रिलीज़ किया है।

**● आपका एलबम 'इंतज़ार' किस बारे में है?**

मैंने इस ईपी पर लॉकडाउन के कालखंड में काम किया था। ये अगस्त के माह में रिलीज़ हुआ था। लेकिन अपने बैंड के लिए हमनें एक पूरा रिकॉर्ड पिछले नवंबर में रिलीज़ किया था। इसके बाद हमारा एक लंबा टूर हुआ था। लेकिन इस टूर के पुणे-बंगलुरू चरण के आते आते लॉकडाउन लागू हो गया। हम एक बैंड के रूप में जो भी करना चाहते थे वो सब संभव नहीं हो पाया। लेकिन मैं अपना संगीत बनाने का प्रयास करता रहा यही कारण है कि 'आई लव द बीच और इंतज़ार' संभव हो सके। इसके दो भाग हैं। पहले में एक लड़का बीच पर पर बैठकर अपने प्यार को पाने के बारे में बात कर रहा है उसी समय उसे एक युगल सूर्यास्त का आनंद लेते दिखाई देता है और वो उनमें खो जाता है।



**● लॉकडाउन के दौरान अपने प्रोजेक्ट पर काम करना आपके लिए कितना चुनौतीपूर्ण था?**

कुछ सीमाएं तो स्पष्टत: दिखाई देती हैं। यदि आप अपने पिछले एलबम को देखते हैं तो हमें इसे प्रस्तुत करने में पूरा डेढ़ साल का समय लगा था। इसे प्रारंभ करने से पहले हमनें छोटी से छोटी बात के बारे में प्रावधान किया था। हमनें उसके निर्माण और रिकॉर्डिंग में सर्वोच्च उपलब्ध सुविधाओं को लिया था ताकि की चरम स्थिति में धन व्यय किया था। इसका कारण ये था कि हम दर्शकों को सर्वोच्च उपलब्ध तकनीक से बना संगीत परोसना चाहते थे। लेकिन इंतज़ार तो मई माह में संपन्न हुआ था और उस समय कई चुनौतियां हमारे सम्मुख आ चुकी थीं। लेकिन ये विकल्प तलाशने की दृष्टि से अच्छा रहा। हमनें घर में बजाए जा सकने वाले उपकरणों का एक सेट क्रय किया। इससे संगीत की गुणवत्ता कुछ कम तो अवश्य हो जाती है लेकिन मैं कुछ संगीत तैयार करना चाहता था और प्रयोग के लिए तो ये समय सर्वोत्तम था।

**● आप 'गाना लॉन्च पैड' से कैसे जुड़े?**

ये आश्चर्यजनक था। एक दिन मुझे गाना लॉन्च पैड से जोड़ दिया गया। फिर उनकी टीम के एक सदस्य से मुझे एक कॉल मिला। उसने मुझे बताया कि वे स्वतंत्र कलाकारों के साथ कुछ अलग कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं और आप उन तीस लोगों में से हैं जिनकी सूची हमनें बनाई है। तो इस प्रकार से मैं गाना लॉन्च पैड से जुड़ गया। लेकिन अपने बैंड के साथ उनके साथ मेरा जुड़ाव केवल पिछले साल ही संभव हो सका। उनके प्लेटफॉर्म पर भी हमारे कुछ प्रशंसक बन गए थे।

**● क्या आपको लगता है कि आप जैसे कलाकारों के लिए ऐसे लॉन्च पैड उपयोगी होते हैं?**

जी हां, ये बहुत उपयोगी हो सकता है। हम गाने रिलीज़ कर लेते हैं लेकिन महामारी के कारण हमें श्रोता उपलब्ध नहीं होते। हम स्टेज पर परफॉर्म करते हैं तो श्रोताओं से हमारा सीधा संपर्क होता है। इस लॉन्च पैड के कारण हम श्रोताओं से अधिक संपर्क कर पाने मे समर्थ हो जाते हैं। साथ ही प्रशंसकों का हमारा आधार भी विस्तारित होता रहता है। इसके अलावा हर स्वतंत्र कलाकार इन प्लेटफार्म्स से जुड़कर अपनी पहचान बनाए रखना चाहता है। जब आप ऐसे किसी लॉन्च पैड से जुड़ते हैं तो आजकल के परिवेश में आपके संगीत के साथ चमत्कार भी घट सकता है।

**● स्वतंत्र संगीत के क्षेत्र में आपकी प्रेरणा का स्रोत कौन रहा है?**

लिखते समय आधे समय तो मुझे पता ही नहीं होता कि इसके लिए कोई प्रक्रिया होती है। ये तो बस ऐसे ही होता जाता है। जैसे 'इंतज़ार' बनाने के समय मैं केरल के वारकला बीच पर एक चोटी पर बैठा हुआ था। वहां स्वर्णिम सूर्यकिरणें थीं और मुझे वहां एक जोड़ा दिखा जो प्यार में खोया हुआ था। ये छवि मेरे मस्तिष्क में छप गई और गाना बन गया। गीत लेखन तो कहीं से भी हो सकता है। जहां तक किसी कलाकार से प्रेरणा मिलने की बात है तो मुझे ए आर रहमान पसंद हैं। उन्होंने भी मुझे संगीत सुनने के लिए प्रेरित किया है। मैं अंतर्राष्ट्रीय संगीत की बात करूं तो मुझे 'कोल्ड प्ले' अत्यधिक प्रिय है। भारत में भी कुछ चमत्कारी स्वतंत्र कलाकार हैं जिनमें आप परवाज़, प्रतीक कुहद तथा मालविका मनोज या कहं माली का नाम ले सकते हैं।

**● आपकी भावी योजनाएं क्या हैं?**

हम शीघ्र ही अपना एक हिंदी सिंगल रिलीज़ करने की तैयारी कर रहे हैं।

# आईपीएल के बाद अब आनंद लीजिए एईसीएल का

आईपीएल 2020 के सफल आयोजन के बाद अब क्रिकेट प्रेमियों के आनंद के लिए एक और रोचक आयोजन होने की तैयारी है। इस आयोजन में आप अपने प्रिय कलाकारों, सिलेब्रिटीज़ को बैट और बॉल के माध्यम से एक कलाकार को दूसरे से ईवेंट क्रिकेट लीग (एईसीएल)के अंर्तगत भिड़ते देख पाएंगे। इस लीग के तीसरे सीज़न का शीघ्र ही आयोजन होना प्रस्तावित है।

2019 में स्थापित एईसीएल इस दृष्टि से काफी सफल मानी जा सकती है कि इसके हर सीज़न में आठ और 16 टीमों ने भाग लिया। इस आयोजन को चार चांद लगाए हैं सपना चौधरी, हुसैन कुवाजेरवाला, मिलिंद गाबा, शिबानी कश्यप, अशोक मस्ती, तरुण दत्त तथा डीजे सुमित सेठी जैसी सिलेब्रिटीज़ ने एईसीएल के प्रबंध निदेशक और संस्थापक आशीष माथुर के साथ इस मेगा आयोजन की लॉन्च के बारे में घोषणा की। इसके मैच लीग चरण में टेनिस बॉल के साथ होंगे और हर टीम 12 ओवर खेलेगी। जबकि नॉकआउट चरण में मैच 15 ओवर के होंगे।

# भारतीय महिलाएं किसी शहजादे के इंतजार में नहीं हैं : रोहना गेरा

**नई दिल्ली।** निर्देशक रोहना गेरा का कहना है कि उनकी पहली फिल्म इज लव एनफ? सर एक प्रेम कहानी के रूप में ही बननी थी। गेरा की फिल्म में दिखाया गया है कि भारत में वर्ग किसी व्यक्ति को किस प्रकार प्रभावित करता है। फिल्म को 2018 के कान फिल्म महोत्सव में दिखाया गया था और इसे गैन फॉउंडेशन पुरस्कार मिला था। भारत में 13 नवंबर को रिलीज होने से पहले यह फिल्म दुनिया के 25 देशों में प्रदर्शित की जा चुकी है। तिलोत्तमा शोम और विवेक गोम्बर अभिनीत इस फिल्म को मार्च में रिलीज होना था लेकिन कोरोना वायरस महामारी के चलते योजना में परिवर्तन करना पड़ा। हालांकि, गेरा ने फिल्म को भारत में रिलीज करने का निश्चय कर लिया था। यह पूछे जाने पर कि क्या वह प्रेम कहानी पर ही आधारित फिल्म बनाना चाहती थीं, निर्देशक ने कहा, बिलकुल। मैंने इसे प्रेम कहानी के रूप में ही लिखना शुरू किया था। सर की कहानी एक विधवा घरेलू सहायिका रत्ना और अमेरिका से लौटे उसके नियोक्ता अश्विन के बीच पनपने वाले प्यार के कोमल अहसास के इर्द गिर्द बुनी गई है। गेरा ने कहा कि एक महिला होकर महिला के बारे में लिखने पर यह महत्वपूर्ण था कि वह रत्ना के चरित्र को किसी असहाय के तौर पर नहीं एक विकसित व्यक्तित्व के रूप में दिखाएं। उन्होंने कहा कि रत्ना कोई सिंड्रेला



नहीं है जो अपनी रिहाई के लिए किसी शहजादे में इंतजार में है। जूम पर दिए साक्षात्कार में गेरा ने पीटीआई-भाषा से कहा, मैं सिंड्रेला के बारे में बिलकुल नहीं सोच रही थी। यह मेरे दिमाग में कहीं नहीं था। रत्ना की अपनी आशाएं और सपने हैं जिनके लिए वह प्रयास करती है। वह किसी के द्वारा बचाए जाने के इंतजार में नहीं है और मैं भारतीय महिलाओं को ऐसे ही देखती हूं। हम ऐसी व्यवस्था में हैं जो जरूरी नहीं कि दुनिया में सबसे न्यायपूर्ण हो। उन्होंने कहा कि सर फिल्म का विचार उनके दिमाग में तब आया जब उन्होंने भारतीय समाज में गहरे तक पैठ बना चुके वर्ग विभाजन को देखा। सर में गीताजंलि कुलकर्णी, अहमरीन अंजुम और राहुल वोहरा ने भी अभिनय किया है।

# विख्यात अभिनेता विश्व मोहन वडोला का 84 वर्ष की आयु में निधन

मुंबई। विख्यात अभिनेता विश्व मोहन वडोला का उम्र संबंधी बीमारियों के कारण निधन हो गया। वह 84 वर्ष के थे।



वडोला ने कई टीवी धारावाहिकों और फिल्मों में काम किया था और वह थिएटर की दुनिया की भी जानी मानी हस्ती थे।

उनके परिवार के नजदीकी सूत्रों के अनुसार सोमवार की रात अभिनेता का उनके आवास पर निधन हो गया।

वडोला ने पेशेवर पत्रकार के रूप में अपनी यात्रा की शुरुआत की थी लेकिन बाद में उन्होंने कला जगत का रुख किया और दिल्ली के थिएटरों में काम करने लगे।

वडोला ने अपने पांच दशक के करियर में आकाशवाणी के लिए चार सौ से अधिक नाटक किए।

उन्होंने आशुतोष गोवारिकर की फिल्म स्वदेस समेत कई लोकप्रिय फिल्मों में भी काम किया था।

वडोला ने गोवारिकर की 2008 में आई फिल्म जोधा अकबर और राजकुमार हिरानी की लगे रहो मुन्नाभाई में भी अभिनय किया था। उन्होंने जॉली एलएलबी 2 में भी काम किया था। वडोला के बेटे और प्रसिद्ध अभिनेता वरुण वडोला ने मंगलवार को इंस्टाग्राम पर एक भावनात्मक पोस्ट लिखकर अपने पिता के निधन की पुष्टि की।

# उच्च न्यायालय से कंगना और उनकी बहन को राहत

**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय ने राजद्रोह और अन्य आरोपों में अभिनेत्री कंगना रनौत और उनकी बहन रंगोली चंदेल के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी के सिलसिले में मंगलवार को दोनों को गिरफ्तारी से अंतरिम राहत दी और साथ ही उन्हें आठ जनवरी को मुंबई पुलिस के समक्ष

**राजद्रोह का मामला**

उपस्थित होने का भी निर्देश दिया। न्यायमूर्ति एस. एस. शिंदे और न्यायमूर्ति एम. एस. कर्णिक की खंडपीठ ने पुलिस से राजद्रोह का आरोप लगाने का कारण पूछा और कहा कि पहली नजर में ऐसा मालूम होता है कि भारतीय दंड संहिता की धारा 124ए (राजद्रोह) गलत तरीके से लगाई गई है। अदालत ने पूछा, अगर कोई सरकार की हां में हां नहीं मिलाता है तो क्या उसके खिलाफ राजद्रोह का आरोप लगाया जा सकता है? अदालत ने यह भी कहा कि पुलिस ने दोनों बहनों को तीन सम्मन जारी किए हैं और उनका सम्मान



किया जाना चाहिए। सोशल मीडिया पर पोस्ट के जरिए कथित रूप से घृणा और साम्प्रदायिक तनाव फैलाने की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए रनौत और चंदेल के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई थी। इस पर बांद्रा की मजिस्ट्रेट अदालत ने पुलिस को जांच करने का आदेश दिया था जिसके बाद प्राथमिकी दर्ज की गई। खंडपीठ रनौत और चंदेल द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें दोनों ने उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी और 17 अक्टूबर के मजिस्ट्रेट अदालत के फैसले को रद्द करने का अनुरोध किया है। अदालत ने कहा, तीन सम्मन जारी किए गए हैं और आवेदक (रनौत और चंदेल) उपस्थित नहीं हुई हैं। जब सम्मन जारी होते हैं तो आपको उनका सम्मान करना होता है। रनौत और चंदेल के वकील रिजवान सिद्दीकी ने अदालत को बताया कि दोनों बहनें महाराष्ट्र में नहीं होने के कारण पुलिस के समक्ष उपस्थित नहीं हो सकीं और वे जांच से भागने का प्रयास नहीं कर रही हैं। उन्होंने अदालत को आश्वासन दिया कि दोनों बहनें अपने बयान दर्ज कराने के लिए आठ जनवरी को दोपहर 12 से 2 बजे तक मुंबई में बांद्रा पुलिस के समक्ष उपस्थित होंगी। अदालत ने उनके इस बयान को स्वीकार कर लिया है। अदालत ने कहा, पहली नजर में हमारा मानना है कि जबतक मामले की विस्तृत सुनवाई नहीं हो जाती अंतरिम राहत देना जायज है। पुलिस आवेदकों (रनौत और चंदेल) की गिरफ्तारी समेत अन्य कोई दंडात्मक कार्वाई ना करे। न्यायमूर्ति शिंदे ने कहा, आवेदक बिना डरे मुंबई आ सकती हैं और अपने बयान दर्ज करा सकती हैं। ऐसा करने में कोई नुकसान नहीं है। अदालत ने यह भी जानना चाहा कि इस मामले में राजद्रोह का आरोप क्यों लगाया गया है।

# शौविक के दोस्त समेत दो आरोपियों को जमानत मिली

**मुंबई।** मुंबई की एक विशेष अदालत ने मादक पदार्थ से जुड़े मामले में संदिग्ध तस्कर समेत दो आरोपियों को मंगलवार को जमानत दे दी। अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत के बाद मादक पदार्थ से संबंधित मामले की जांच के दौरान संदिग्ध तस्कर को गिरफ्तार किया गया था। दो आरोपियों में से एक सूर्यदीप मल्होत्रा अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती के भाई शौविक चक्रवर्ती का दोस्त है। मादक पदार्थ की रोकथाम संबंधी एनडीपीएस कानून के तहत विशेष अदालत के न्यायाधीश जी बी गुराओ ने मल्होत्रा के साथ ही आरोपी अंकुश अनरेजा को 50,000 रुपए के मुचलके पर जमानत दे दी। मल्होत्रा को इस साल सितंबर में गिरफ्तार किया गया था। दोनों आरोपियों को अदालत की अनुमति के बिना देश से बाहर नहीं जाने और सबूतों से छेड़छाड़ नहीं करने का निर्देश दिया गया।

# टीवी अभिनेता आशीष रॉय का निधन



**मुंबई।** लोकप्रिय टीवी अभिनेता आशीष रॉय का मंगलवार को उनके आवास पर निधन हो गया। उनके दोस्त सूरज थापर ने यह जानकारी दी। रॉय 55 वर्ष के थे और उन्हें ससुराल सिमर का जैसे धारावाहिक में काम करने के लिए जाना जाता था। रॉय पिछले कई दिनों से बीमार थे और उनका डायलिसिस चल रहा था। मई में उन्हें यहां स्थित एक अस्पताल के आईसीयू में भर्ती किया गया था तब उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए वित्तीय सहायता मांगी थी। थापर ने रॉय के साथ रिश्ता साझेदारी का नामक धारावाहिक में काम किया था। थापर के अनुसार मंगलवार तड़के रॉय को सांस लेने में तकलीफ हुई जिसके बाद उन्होंने दम तोड़ दिया। थापर ने पीटीआई-भाषा से कहा, उनके सहायकों ने उन्हें चाय दी जिसे पीने से उन्होंने मना कर दिया और तेजी से सांस लेने लगे। अचानक वह (तड़के) तीन बजकर 45 मिनट पर बेहोश हो गए। वह किडनी के रोग से पीड़ित थे और उनका नियमित डायलिसिस भी होता था। थापर ने कहा कि रॉय की देखभाल करने वाले के अनुसार अभिनेता की हालत पिछले कुछ महीनों में बेहतर हुई थी।

# यूआर अनंतमूर्ति की कन्नड़ रचना अवस्थे का अंग्रेजी में प्रकाशन होगा

**नई दिल्ली।** प्रसिद्ध कन्नड़ लेखक और ज्ञानपीठ पुरस्कार विजेता यू आर अनंतमूर्ति की मशहूर साहित्यिक कृति अवस्थे (अवस्था) अब अंग्रेजी के पाठकों के लिए भी उपलब्ध होगी। प्रकाशक हार्परकॉलिन्स ने इस संबंध में घोषणा की। कन्नड भाषा में सबसे पहले 1978 में प्रकाशित अवस्थे किसानों के एक क्रांतिकारी नेता कृष्णप्पा गौड़ा की कहानी है। रोग-शय्या पर पड़े गौड़ा अपनी अंतरात्मा और पार्टी के लोगों की योजनाओं के बीच द्वंद्व में फंसे होते हैं। प्रकाशक ने एक बयान में कहा, अनंतमूर्ति जाति, गरीबी, संकीर्णता जैसे जीवन के प्रतिवादों को बड़ी सहजता के साथ प्रकृति की आभा, कविता के महात्म्य, मित्रता की खुशी जैसे जीवन के उल्लास वाले तत्वों के साथ संतुलित करते हैं। उन्होंने कहा, अवस्थे एक उत्कृष्ट भारतीय उपन्यास है। न्यूयॉर्क में सनी कॉलेज, ओल्ड वेस्टबरी में अंग्रेजी के सेवानिवृत्त प्रोफेसर नारायण हेगड़े ने उपन्यास का अंग्रेजी में अनुवाद किया है।



# 2019-20 में करीब दो लाख भारतीय छात्रों ने उच्च शिक्षा के लिए अमेरिकी संस्थान चुने

**नई दिल्ली।** अमेरिकी दूतावास ने ओपन डोर्स रिपोर्ट जारी की है जिसके मुताबिक अकादमिक वर्ष 2019-20 में करीब दो लाख भारतीय छात्रों ने उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए अमेरिका के संस्थानों में दाखिला लिया। रिपोर्ट के मुताबिक उच्च शिक्षा के लिए अमेरिका को चुनने वाले दुनियाभर के दस लाख से अधिक छात्रों में से 20 फीसदी भारतीय छात्र हैं। अमेरिका में स्नातक की पढ़ाई कर रहे भारतीय छात्रों की संख्या में भी निरंतर वृद्धि हो रही है। मिनिस्टर काउंसलर फॉर पब्लिक अफेयर्स डेविड कैनेडी ने बताया, अमेरिका में पढ़ाई के लिए आने वाले भारतीय छात्रों की संख्या बीते दस वर्षों में लगभग दोगुनी हो गई है। हम जानते हैं कि अमेरिका के उच्च शिक्षा के मानक कितने ऊंचे हैं जिसमें प्रायोगिक अनुभव दिया जाता है जो हमारे यहां से स्नातक की पढ़ाई करने वाले छात्रों को वैश्विक अर्थव्यवस्था में एक कदम आगे रखता है। अमेरिका में पढ़ाई करने के इच्छुक भारतीय छात्रों को परामर्श सेवा देने के लिए अमेरिकी विदेश विभाग के भारत में सात एजुकेशनयूएसए केंद्र हैं। ये केंद्र नई दिल्ली, हैदराबाद, चेन्नई, कोलकाता, बेंगलुरु, अहमदाबाद और मुंबई में हैं। दूतावास के एक अधिकारी ने बताया कि अगले वर्ष की शुरुआत में हैदराबाद में ऐसा एक और केंद्र खुल रहा है। इन केंद्रों में अमेरिका में अध्ययन के अवसरों के बारे में अद्यतन जानकारियां दी जाती हैं जिससे भारतीय छात्र अमेरिका में उच्च शिक्षा के 4,500 संस्थानों में से अपने लिए श्रेष्ठ कार्यक्रम (पाठ्यक्रम) का चयन कर सकते हैं। उन्होंने बताया एजुकेशनयूएसए इंडिया ऐप के जरिए अतिरिक्त जानकारी प्राप्त की जा सकती है। द इंस्टीट्यूट ऑफ इंटरनेशनल एजुकेशन हर वर्ष ओपन डोर्स रिपोर्ट प्रकाशित करता है।

अवैध नशे के कारोबार पर गिरी पुलिसिया गाज...

# ...अब कानून से नहीं रोजगार से खत्म होगा अवैध नशा कारोबार

- अभियुक्तों के पास से 3030 लीटर कच्ची शराब व 26 भट्ठियां बरामद
- पुलिस लाइन्स में प्रेस कान्फ्रेंस कर एएसपी साउथ ने किया खुलासा

संवाददाता। सीतापुर


सीतापुर-पुलिस की गिरफ्त में अवैध शराब के आरोपी, मौजूद एएसपी एनपी सिंह

**प्रयागराज में** नशे के सेवन से हुई मौतों के बाद सीतापुर पुलिस अवैध नशे के कारोबार को लेकर और चौकन्नी हो गई है। लेकिन इस बार पुलिस अवैध नशे के कारोबार को कानून की मार से नहीं बल्कि अन्य रोजगार से खत्म करना चाहती है। मंगलवार को पुलिस लाइंस में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर एएसपी साउथ एन पी सिंह ने कहा कि अवैध नशे के कारोबार पर सीतापुर पुलिस कार्यवाही करती रहेगी, इसके अलावा जिला प्रशासन से बात कर इनके लिए अन्य रोजगार के विकल्प तलाशने पर भी मंथन किया जाएगा। पंचायत चुनाव के पहले पुलिस द्वारा खुलासे में पकडी गयी अवैध शराब के आंकड़ों को देखकर यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि जिले के शहरी इलाकों में ही नहीं बल्कि गांवों में भी अवैध नशा कारोबारियों की जड़ें कितनी व्यापक है। इस कारोबार में पुरुषों के साथ साथ महिलाएं भी अब बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने लगी हैं। वर्तमान एसपी आरपी सिंह के आने के बाद से अब तक जब्त की गई करीब 15 हजार लीटर कच्ची शराब के साथ करीब 1500 अभियुक्तों की गिरफ्तारी हुई है, जिनमें करीब एक सैकड़ा महिलाओं ने भी पुलिस व आबकारी के रिकार्ड में अपना नाम दर्ज कराया है। इस मुहिम मे सफलता कितनी हाथ लगेगी, इसका जवाब तो समय ही देगा। फिलहाल सीतापुर पुलिस की नशे कारोबारियों के लिए अन्य रोजगार का विचार सोसायटी के एक पाजिटिव संकेत है। खुलासा में एएसपी साउथ ने बताया कि थाना थानगांव पुलिस ने सर्वाधिक 350 लीटर कच्ची शराब जब्त की है। थाना इमलिया सुल्तानपुर में 180 लीटर, रामपुर मथुरा में 175 लीटर, हरगांव व मछरेहटा में 160-160, सिधौली व लहरपुर में 150-150, पिसावा में 140, महोली में 130, शहर कोतवाली, सदरपुर, व मिश्रिख में 120-120, संदना में 110, महमूदाबाद में 105 और खैराबाद व तालगांव में 100-100 लीटर कच्ची शराब पकड़ी गयी है। इसके अलावा थाना अटरिया व रामपुर कला में 90-90, कमलापुर, रामकोट व बिसवां में 80-80, मानपुर, रेउसा, व तम्बौर में 60-60 व सकरन में 50 लीटर कच्ची शराब पुलिस के हत्थे लगी है। पकड़े गये अभियुक्तों पर आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है।

# बेरोजगारों को रोजगार दिलाना उद्देश्यः कान्ती सिंह

- प्रेसवार्ता में बोली स्नातक एमएलसी प्रत्याशी

संवाददाता। सीतापुर

**अब तक** पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता और कर्मठता से सातों जनपदों में विकास के लिए कार्य किया है। अपनी निधि का शत-प्रतिशत सदुपयोग करते हुए सातों जिलों में सोलर लाइटें, हैण्ड पम्प, सड़क निर्माण, विद्यालय में भवन व शौचालय निर्माण, विद्युतीकरण, कचहरियों में टिन शेड, स्मृति द्वार, गरीबों के इलाज हेतु अनुदान, गरीब लड़कियों के विवाह में आर्थिक सहायता आदि कार्य पूरी सक्रियता से सम्पन्न कराया है। ग्रामीण क्षेत्रों के बेरोजगार समुचित सूचना व जानकारी के अभाव में शिक्षित व योग्य होते हुए भी नौकरियाँ नहीं पा पाते हैं। युवकों को बेहतर रोजगार के अवसर दिलाना हमारी प्राथमिकता है। यह बात प्रेसवार्ता में एमएलसी स्नातक प्रत्याशी कान्ती सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि इस कड़ी में डॉ. एस.पी. सिंह की लिखी हुई पुस्तक 'सपने और रोजगार की राहें' जिसमें हजारों क्षेत्रों में नौकरियों के अवसरों की सूचनाएँ दी गई हैं काफी मददगार साबित हुई। डॉ0 एस0पी0 सिंह के साथ बड़े पैमाने पर कॅरियर कॉउंसिलिंग व युवाओं के लिए मार्गदर्शन का कार्य कर रही हूँ। हर वर्ष लखनऊ स्थित लखनऊ पब्लिक कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज में राष्ट्रीय जॉब फेस्टिवल का आयोजन कराती हूँ जिसमें हजारों युवाओं को ऑफर लेटर दिये जाते हैं। कोरोना महामारी के दौरान आर्थिक तंगी से जूझ रहे वित्तविहीन शिक्षकों के लिए उचित मानदेय दिलाना, अन्वेषण-नवाचार व तकनीकी उपक्रमों को दूर-दराज के गाँवों में पहुँचाना आदि।



सीतापुर-प्रेसवार्ता करती एमएलसी स्नातक प्रत्याशी कान्ती सिंह, डा. एसपी सिंह

## क्विक न्यूज

### तालाब में उतराता मिला बच्चे का शव

**सीतापुर।** घर से बाजार को निकले एक ग्रामीण का शव मंगलवार की सुबह तालाब में उतराता पाया। महोली कोतवाली इलाके के बड़ागांव निवासी पचास वर्षीय नवाब सोमवार की दोपहर को घर से बाजार को निकले थे। पर वापस घर नहीं पहुंचे तो परिवारीजनों ने तलाश की मगर उनका कहीं पता नहीं चला। मंगलवार की सुबह शव तालाब उतराता मिला। जानकारी पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेजा। पुलिस के मुताबिक मृतक का दस वर्षीय नाती उसके साथ रहता था। जबकि उसकी इकलौती पुत्री अपने परिवार के साथ दिल्ली में रहती थी।

### प्रजाशक्ति पार्टी ने सौंपा ज्ञापन

**सीतापुर।** जनसमस्याओं को लेकर प्रज्ञाशक्ति पार्टी ने मंगलवार को प्रदेश मुख्यमंत्री को संबोधित जिलाधिकारी को सौंपा। इसके जरिए आठ सूत्रीय मांगें पूरी किए जाने की मांग की है। प्रज्ञाशक्ति पार्टी के जिलाध्यक्ष विनोद राठौर की अगुवाई में दिए गए ज्ञापन में कहा कि धान क्रय केंद्रों पर कई-कई दिनों तक तौल नहीं होती है। जिस कारण किसान मजबूरन बिचौलियों को धान बेच रहे हैं। रिक्त पदों की भर्ती प्रक्रिया में काफी समय से रिजल्ट अटके हैं। सभी नतीजे तीन माह में घोषित किए जाएं। गन्ना काश्तकारों को बकाया भुगतान किया जाए। गन्ना ओवरलोडिंग पर रोक लगाई जाए। गौ आश्रय केंद्रों पर गोवंश के लिए चारा की व्यवस्था की जाए। मुंशीगंज इलाके में पानी को हैंडपंप लगवाए जाएं। ज्ञापन देने वालों में अंबर सिंह, संजय गुप्ता, कुलदीप राठौर, प्रीती, कांती देवी, राधे श्याम, नीलम, सदानंद आदि उपस्थित शामिल थे।

### कार की टक्कर से छह वर्षीय मासूम की मौत

**सीतापुर।** सड़क पार करते समय एक तेज रतार कार ने छह वर्षीय मासूम को टक्कर मार दी। हादसे के बाद कार सामने से आ रहे एक ट्रक में भिड़क गई। जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई। यह घटना लहरपुर-लखीमपुर मार्ग पर लहरपुर कोतवाली इलाके के कटेसर के पास हुई। कटेसर निवासी सुरेश गौतम का छह वर्षीय पुत्र गुलशन कुमार मंगलवार की सुबह सड़क पार रहा था। तभी लखीमपुर की ओर से आ रही एक तेज रतार कार ने बालक को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को लखीमपुर के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### अभाक्षम ने की शोक सभा

**सीतापुर।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के सदस्य टीपी सिंह के बड़े भाई शैलेंद्र सिंह का निधन हो गया। वह 63 वर्ष के थे। बीमार शैलेंद्र का लखनऊ के एक अस्पताल में इलाज चल रहा था। सिविल लाइन आवास पर उनका शव पहुंचने पर उनके अंतिम दर्शन के लिए लोगों का तांता लग गया। उनका अंतिम संस्कार गोपालघाट पर किया गया। निधन का समाचार मिलने पर महासभा ने शोक सभा में दो मिनट का मौन रखा। शोक सभा में जिलाध्यक्ष सुनील सिंह गौर, महामंत्री कुवर वरूण सिंह तोमर, अनिल सिंह, महामंत्री रविराज सिंह,अजीत सिंह गौर, प्रशांत सिंह राजवीर सिंह, वीपी सिंह,विक्रम सिंह आदि उपस्थित थे।

### चोरों ने श्मशानघाट को निशाना

**थानगांव सीतापुर।** थाना थानगांव में चोरो ने इलाके के डेलीय गांव में निर्माणाधीन श्मशान घाट को भी निषाना बनाने का मौका नहीं छोड़ा। सोमवार रात ष्मषान में बने कमरे में धावा बोलकर हजारों का सामान पार कर दिया। इतना ही नहीं इलाके में अराजकता फैलाने के मंसूबो से चोरो से प्रांगण में लगी हनुमान जी की मूर्ति को तोड़कर कुंए में तोड़कर फेंक दिया। हनुमान जी की मूर्ति तोड़े से इलाके में आक्रोश का माहौल बन गया है। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी संजीव कुशवाहा ने पड़ताल की और मामले की गंभीरता को देखते हुए हनुमान जी मूर्ति को कुंए से निकलवाकर यथा स्थान स्थापित कर दिया।

### परिवहन कर्मचारियों ने सौंपा ज्ञापन

**सीतापुर।** लंबित मांगों के समर्थन में परिवहन कर्मचारियों ने इस बार शासन से आर पार की लड़ाई का मन बना लिया है। सरकार पर दबाव बनाने के लिए विभिन्न संगठन एक मंच पर आ गए हैं, निजी करण संविदा चालकों परिचालकों को नियमित किए जाने सहित नौ सूत्रीय मांगों के समर्थन में बुधवार को परिवहन निगम कर्मचारी अधिकारी संयुक्त संघर्ष मोर्चा के बैनर तले रोडवेज बस स्टेशन परिसर में धरना देकर प्रदर्शन करेंगे। एक दिवसीय धरना के बाद भी यदि मांगों पर सुनवाई न हुई तो चक्का जाम किया जाएगा। शाखा मंत्री विनोद मिश्रा ने पायनियर को बताया कि परिवहन विभाग के 7: मार्गों का निजीकरण किया जा रहा हैं। ट्रैफिक शाखा अध्यक्ष रामाधार वर्मा ने बताया कि 2001 से लागू समझौतों का पालन अभी तक ना होने से कर्मचारियों में रोष है।

### प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना के कार्यों की समीक्षा बैठक

**सीतापुर।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना के कार्यों की समीक्षा कर प्रगति जानी। समीक्षा में श्रम विभाग द्वारा अत्यन्त कम पंजीकरण कराने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई। साथ ही उन्होंने अधिकाधिक संख्या में पंजीकरण कराकर उन्हें लाभांवित करें तथा योजना का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करें। उन्होंने श्रम विभाग में संचालित अन्य योजनाओं का भी विवरण तलब किया। साथ ही श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने कामन सर्विस सेंटर के सहयोग से श्रमिकों का पंजीकरण कराने के लिये विशेष शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए।

### बिसवां ईओ समेत 14 में मिले कोरोना पॉजिटिव

**सीतापुर।** कोरोना संक्रामण जिले में जोर पकड़ने लगा है। पिछले पांच दिनों की तुलना में मंगलवार को एक बार फिर वृद्धि आंकी गई है। बिसवां के ईओ देवेंद्र श्रीवास्तव समेत 14 नए कोरोना पॉजिटिव मरीज पाए गए हैं। इनमें शहर के पुलिस लाइन और महोली के महसुनिया में चार- चार मरीज मिले हैं। वही लोहार बाग, बिसवां, गोंदलामऊ के संजय गांधी मेमोरियल इंटर कॉलेज, महमूदाबाद, में एक-एक मरीज मिला है। खैराबाद में दो मरीज मिले हैं। जिले में कोरोना से मौतों की संख्या 70 पहुंच गई है, ,वही 2906 लोग अभी भी होम आइसोलेशन में हैं। जबकि 1396 लोग डिस्चार्ज हो चुके हैं। जिले में अबतक 180124 लोगों की कोरोना जांच में 4555 लोग पॉजिटिव पाए जा चुके हैं। जबकि 168372 लोगों की रिपोर्ट निगेटिव आई है। अन्य मरीजों की संख्या 6337 है, वही 899 लोगों की रिपोर्ट आना अभी बाकी है।

### इमलिया सुल्तानपुर क्षेत्र में तेंदुए की दहशत, किसान के खेत में मिले नीलगाय के अवशेष, हड़कंप

**सीतापुर।** इमलिया सुल्तानपुर इलाके में तेंदुए की दहशत कम होने का नाम नहीं ले रही है। मंगलवार की सुबह इलाके के पचौनापुर गांव के बाहर पूरब दिशा में मनोहर के खेत में एक नीलगाय के बच्चे का अवशेष मिलने से एक सप्ताह पूर्व चठिया व परई रायपुर में देखे गए तेंदुए की पुष्टि हो गई, हालांकि मौके पर पहुंचे वन दरोगा मुकेश कुमार ने नीलगाय के मिले अवशेष को तेंदुए द्वारा शिकार किए जाने से इंकार किया। इमलिया सुल्तानपुर थानाध्यक्ष विनय कुमार सिंह भी मौके पर पहुंचे और जनता से अपील की है कि घर से बाहर निकले याफिर खेतों पर जाएं तो समूहों में जाएं और लाठी डंडे साथ में रखें। बता दें कि पिछले सोमवार की शाम को चठिया और परईरायपुर के पास सड़क पर ग्रामीणों को तेंदुआ दिखाई दिया था। अगले दिन गांव पहुंचे रेंजर अनिल सिंह ने भेडिया बताकर इतिश्री कर ली थी। अब नीलगाय के बच्चे का शिकार होने और पगचिंह मिलने के बाद भी वन विभाग यह मनाने को तैयार नहीं है कि इलाके में तेंदुआ है।

थाना मछरेहटा इलाके का मामला...

# नशे में धुत भाई ने बहन को बनाया हवस का शिकार?

- मामले को मात्र छेड़छाड़ बता रही पुलिस

संवाददाता। सीतापुर

**थाना मछरेहटा** में नशे में धुत होकर चचेरे भाई ने नाबालिक बहन को ही हवस का शिकार बना डाला। लेकिन पुलिस नशे में धुत आरोपी दरिंदे पर भरोसा कर मामले को मामूली छेड़छाड़ बता रही है। दरअसल सोमवार रात पीड़िता के अनुसार उसके मां-बाप किसी काम से ननिहाल गये थे। घर में उसके साथ उसके दिव्यांग चाचा व उसकी चचेरी बहन ही थे। सोमवार रात वह अपनी छोटी बहन के साथ जब छत पे सो रही थी, तभी उसका चचेरा भाई पंकज नशे की हालत में आ पहुंचा। बातों ही बातों में उसने उसके साथ छेड़खानी शुरू कर दी और जब पिड़िता ने विरोध किया तो दबाव बनाकर उसका रेप कर दिया। कुछ देर बाद जब उसकी छोटी बहन जग गयी तो आरोपी भाग निकला। इसके बाद उसने सुबह घर लौटे पिता के सामने अपनी बात कही तो पिता ने फोन कर डायल 112 से शिकायत की। सूचना पाकर पहुंची डायल 112 पुलिस आरोपी को पकड़ कर थाने तो ले गयी, पूछताछ के बाद उसे पीड़िता से ज्यादा नशे में धुत आरोपी की ही बात का भरोसा हो गया। मामले में जब थाना प्रभारी ओपी तिवारी से बात की गयी वह यह कहते नजर कि मामला मात्र छेड़छाड़ का है, जांचकर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# डॉ. मधु गैरोला बनीं सीतापुर की सीएमओ

- हटाए गए विवादित सीएमओ डॉक्टर आलोक वर्मा

संवाददाता। सीतापुर



**सीतापुर में** तैनाती के दौरान विवादों से घिरे रहने वाले सीएमओ डाक्टर आलोक वर्मा को शासन के निर्देश पर हटा दिया गया है। उन्हें बस्ती में परामर्शदाता के रूप में तैनाती दी गई है। वहीं जिले की नई सीएमओ डाक्टर मधु गैरोला होंगी जो कि बतौर सीएमओ गोंडा जिले में तैना थी। बता दें कि सीतापुर में तैनाती के दौरान कोरोना जैसी त्रासदी में खाने से लेकर तमाम बदइंतजामी के चलते प्रभारी मंत्री, नोडल अफसर, जिलाधिकारी द्वारा शासन स्तर पर सीएमओ की शिकायत की गई थी, लेकिन सीएमओ पर कार्रवाई नहीं हुई थी। दो दिन पूर्व नोडल अफसर के दौरे के दौरान भी उन्हें फटकार लगी थी। पूर्व ब्लाक मूल वर्मा, भाजपा नेता रामेन्द्र शुक्ला की मौत के मामले भी सीएमओ की लापरवाही उजागर हुई थी, जिसकी शिकायत भी शासन स्तर तक पहुंची थी, जिसके बाद आखिरकार शासन को यह कार्रवाई करनी पड़ी है।

### स्थानांतरण को संघर्ष की जीत मानते सत्ताई

**देर से** सही मगर सूबे के स्वास्थ्य महकमे की नौकरशाही हरकत में आई। आखिरकार शासन ने सीतापुर के विवादित सीएमओ डॉ. आलोक वर्मा को यहां से हटाकर उन्हें बस्ती में परामर्शदाता के पद भेजा है। अपने कार्यकाल के दौरान वो काफी सुर्खियों में रहे। कार्यशैली के विरोध में तत्कालीन जिले के मुखिया समेत सेवता विधायक तक ने भी सरकार और शासन में खत लिखे। मंगलवार को स्थानातंरण के बाद अब वो संघर्ष की जीत मान रहे हैं।करीब ग्यारह महीने पहले डॉ. आलोक वर्मा मुख्य चिकित्साधिकारी के पद तैनाती पाए थे। नियुक्त पाने के बाद वर्मा कार्यशैली को लेकर विवादों से घिर गए। मार्च में फैले ध्वैश्विक कोरोना वायरस की रोकथाम को ग्राम पंचायत स्तर पर थर्मल समेत अन्य उपकरणों की खरीद में काफी गड़बड़ झाला करने के आरोप लगे। कोविड- 19 में ध्ड्यूटी में लगाए गए चिकित्सकों समेत स्टॉफ नर्स को भी ध्क्वालिटी विहीन भोजन देने में भी गंभीर आरोप थे। रही सही कसर उन्होंने कोरोना पॉजिटिव हुए भाजपा नेता रामेंद्र शुक्ला व ब्लॉक प्रमुख मूलचंद्र की मौत होने पूरी कर दी। दोनों के इलाज में उन पर लापरवाही के आरोप लगे। इस मसले को लेकर सेवता से भाजपा विधायक ज्ञान तिवारी ने बीते छह अक्तूबर को स्वास्थ्य मंत्री से मिलकर शिकायत की थी। इसके जरिए उन्होंने सीएमओ पर लगे गंभीर आरोपों की जांच कराने की मांग की थी। बावजूद इसके विवादित सीएमओ पर कार्रवाई करने में करीब डेढ़ माह का वक्त लग गया, हालांकि अब देर से ही सही, पर विवादित सीएमओ हटाए जाने से सत्ताई माननीयों एवं कार्यकर्ता काफी गदगद है।

# पुलिस ने वांछित अपराधी को किया गिरफ्तार

संवाददाता। सीतापुर

**गैंगेस्टर अपराधियों** पर कार्रवाई करते हुए थाना रामपुरकलां पुलिस ने वांछित अभियुक्त जसकरन निवासी मुमताजपुर को मय अवैध तंमचा व कारतूस के गिरतार कर लिया है। थाना प्रभारी संजीव यादव ने बताया कि अभियुक्त को बलसिंहपुर नहर तिराहे से गिरतार किया है। गिरतारी टीम में एसआई कैलाष यादव, हेड कांस्टेबल ब्रजेश यादव, कांस्टेबल नीरज कुमार व अमरेन्द्र कुमार शामिल रहे।

# आज जिलाधिकारी से 'हक की बात' करेंगी महिलाएं व बच्चे

- मिशन शक्ति के तहत हर जनपद में दो घंटे के पारस्परिक संवाद का आयोजन
- स्थानीय मुद्दों के अलावा, अपनी सुरक्षा, संरक्षण, यौन हिंसा व घरेलू हिंसा आदि पर रखेंगे अपनी बात
- बालिकाएं भी पोषण, स्वास्थ्य व अन्य मुद्दों पर कर सकतीं हैं

संवाददाता। सीतापुर

**मिशन शक्ति** अभियान के तहत बुधवार को महिलाएं और बच्चे अपने जनपद के जिलाधिकारी से सीधे तौर पर 'हक की बात' करेंगी । इसके लिए हर जिले में दो घंटे के पारस्परिक संवाद का आयोजन किया जाएगा, जिसमें महिलायें और बच्चे स्थानीय समस्याओं के साथ ही यौन शोषण, घरेलू हिंसा, दहेज, आर्थिक समस्याओं, शिक्षा तक पहुंच की उपलब्धता की समस्या आदि पर जिलाधिकारी से बात करेंगी, अपने सुझाव देंगी और जिलाधिकारी द्वारा मौके पर ही निवारण हेतु संबधित विभागों या अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए जाएंगे । इसके लिए हर जिले के प्रोबेशन अधिकारी को पहले ही अपने जिले के जिलाधिकारी से तालमेल कर समय निर्धारित करने को निर्देशित किया जा चुका है। निदेशक महिला कल्याण व मिशन शक्ति के नोडल अधिकारी मनोज कुमार राय का कहना है कि जिलाधिकारी से सीधे हक की बात करने के लिए जिलों में वेबिनार, डेडिकेटेड फोन लाइन, वीडियो कांफ्रेंसिंग आदि माध्यमों का प्रयोग


जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज

किया जाएगा । इस आयोजन से महिलाओं को अपनी समस्याओं को उचित फोरम पर उठाने का जहाँ मौका मिलेगा वहीँ अपनी बात को उठाने में आड़े आने वाली हिचक भी दूर होगी । महिलायें तथा बच्चे या उनकी ओर से कोई भी घरेलू हिंसा, दहेज शोषण, शारीरिक और मानसिक शोषण, लैंगिक असमानता, बाल विवाह, बाल श्रम, भिक्षावृत्ति, यौनिक हिंसा व छेड़छाड़ आदि मुद्दों पर बात करने के साथ ही इससे निपटने का सुझाव भी जिलाधिकारी के सामने रख सकते हैं। इसके अलावा पोषण और स्वास्थ्य सम्बन्धी मुद्दों तथा अगर किसी महिला या बच्चे की किसी प्रकरण में कहीं सुनवाई नही हो रही है तो भी आने जिलाधिकारी से सीधे बात कर सकते हैं। ज्ञात हो कि प्रदेश में महिलाओं व बच्चों की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए चलाये जा रहे 'मिशन शक्ति' को हर माह अलग थीम पर मनाने का निर्णय लिया गया है । इस माह की थीम- 'मानसिक स्वास्थ्य तथा मनोसामाजिक मुद्दों से सुरक्षा और सपोर्ट' तय की गयी है । महिला कल्याण विभाग द्वारा मिशन शक्ति के तहत बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के साथ संयुक्त कार्ययोजना बनाकर इसे चलाया जा रहा है । इससे पहले अभियान के तहत किशोर-किशोरियां स्थानीय अधिकारियों से 'शक्ति संवाद' के तहत अपनी बात रख चुके हैं ।

### इन असुरक्षित स्थानों की भी दे सकतीं हैं सूचना -

- विद्यालय के पास शराब की दुकान
- विद्यालय के समय आस-पास असामाजिक तत्वों का जमावड़ा
- किसी घर में महिला या बच्चे के साथ किसी प्रकार की हिंसा होना
- आने-जाने वाले रास्ते में लाइट न होने से अँधेरे में असुरक्षित माहौल
- विद्यालय में चहारदीवारी, शौचालय, भेदभाव रहित वातावरण का न होना
- घरों में शौचालय की व्यवस्था का न होना

बदलेगी डीसीडीएफ की सूरत...

# वार्षिक अधिवेशन में 60.48 लाख बजट पास

- बैठक में विधायक ज्ञान तिवारी, जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, चेयरमैन सत्यप्रकाश मिश्रा रहे मौजूद

संवाददाता। सीतापुर


सीतापुर-सम्बोधित करते विधायक ज्ञान तिवारी

**जिला सहकारी** फेडरेशन लिमिटेड सीतापुर की खस्ताहाल सूरत को बदलने पर काम होगा। साथ ही सहकारिता को भी मजबूत बनाया जाएगा। मंगलवार को डीसीडीएफके वार्षिक अधिवेशन में 60.48 लाख बजट पेश किया। पिछले वर्ष की तुलना में इस व्यवसाय में गिरावट आंकी गई, हालांकि चालू वित्तीय बरस में गिरते व्यवसाय को बढ़ने पर जोर होगा। जिला पंचायत के नेहरू सभागार में आयोजित अधिवेशन में बतौर मुख्य अतिथि, सेवता विधायक ज्ञान तिवारी ने पांच समाजसेवी, पत्रकार एवं किसानों को सम्मानित भी किया। इनमें मनोज त्रिवेदी, सुरेश, मसूद असलम, संजीव वर्मा, अमर सिंह शामिल हैं। कहा कि डीसीडीएफसंस्था किसानों के लिए कार्य करती है। किसानों को खाद, बीज मुहैया कराई जाती है। संस्था के स्तर को ऊपर बढ़ने के लिए संबंधित मंत्री से वार्ता किया जाएगा। मौजूदा वक्त में सहकारी बैंक की दयनीय दशा को पूर्ववर्ती सरकारों की देन बताया। कहा कि बैंक की दशा सुधारने का प्रयास किया जाएगा। भाजपा जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने संस्था के स्तर को ऊंचा उठाने के लिए समंवय बनाकर कार्य किया जाएगा। इसके लिए सरकार के मंत्रियों से भी वार्ता की जाएगी। ध्चेयरमैन सत्य प्रकाश मिश्रा ने कहा कि पिछले दो बरसों में बोर्ड में 108 प्रस्ताव पास कर उन्हें शासन को भेजा ध्था, लेकिन उस पर कोई फैसला नहीं आया है। इनकी मंजूरी होते ही संस्था को सुदृढ़ किया जाएगा। व्यवसाय को बढ़ाने को क्रय केंद्रों में बढ़ोत्तरी की जाएगी। खाद और बीज के व्यापार को भी बढ़ाया जाएगा। सचिव उदयवीर सिंह ने बताया कि वर्ष 2017-18 में 20.39 लाख, 2018-19 में 3.72 लाख व्यवसाय में लाभ हुआ था। जबकि 2019-20 में 7.34 लाख व्यवसाय हुआ था। इस अवसर पर डायरेक्टर प्रेम नारायण गुप्ता, गंगा स्वरूप मिश्रा, अंजनी कुमार, नरेंद्र वर्मा, हीरा लाल, तरुण, शैलेंद्र कुमार, रमेश चंद्र, सुदामा देवी, शोभा सिंह, देशराज सिंह, कृष्ण मोहन शुक्ला, पूर्व चेयरमैन रामपाल सिंह, उपाध्यक्ष अजय कुमार, सचिव उदयवीर सिंह, एआर कॉपरेटिव विवेक कुमार सिंह, रामजीवन वर्मा, गोवर्धन रत्न मिश्र, प्रताप नारायण वर्मा आदि उपस्थित थे।

सड़क सुरक्षा सप्ताह का समापन...

# यातायात नियमों को अपनी आदत में करें शामिलः एएसपी

- चित्रकला, भाषण प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागी हुए सम्मानित

संवाददाता। सीतापुर


सीतापुर-सम्मानित होने के बाद मौजूद छात्र-छात्राएं, साथ में एएसपी एनपी सिंह, एआरटीओ उदित नरायण पांडेय, एआरएम विमल राजन व अन्य

**परिवहन विभाग** की ओर से जिला प्रशिक्षण कार्यालय खैराबाद सभागार में आयोजित सड़क सुरक्षा सप्ताह के समापन पर मुख्य अतिथि, एएसपी दक्षिणी नरेंद्र प्रताप सिंह ने विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। सड़क हादसों पर चिंता जताते हुए उन्होंने कहा कि यातायात नियमों को अपनी आदत में शुमार करें। उन्होंने कहा कि सीतापुर पुलिस द्वारा चलाये जा रहे अभियान में 30 हजार से ज्यादा दो पहिया वाहनो का चालान किया। विशिष्ट अतिथि डीआईओएस नरेंद्र वर्मा ने कहा कि यातायात नियमो की शुरूवात घर सेही करनी होगी एआरटीओ प्रवर्तन डॉ. उदित नारायण पांडेय, यातायात निरीक्षक बृजेश कुमार राय, एआरएम विमल राजन ने यातायात नियमों की जानकारी दी। कार्यक्रम में रेडक्रास सोसायटी व सीतापुर प्रगति संस्थान द्वारा सड़क हादसो के बाद की सावधानियां बताई गई, इस मौके पर सुदीप आर्या, कपूर गौड़ आदि मौजूद रहे।

**अनन्या, रिद्धिमा बनी विजेताः** भाषण प्रतियोगिता में केन्द्रीय विद्यालय की अनन्या भार्गव प्रथम, सुमित्रा मार्डन स्कूल की मिताली राज द्वितीय व आनन्दी देवी की अनन्या मिश्रा के साथ दिल्ली पब्लिक स्कूल की शाम्भवी अवस्थी संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रही जबकि चित्रकला प्रतियोगिता में ग्रेस मार्डन स्कूल की रिद्धिमा मिश्रा प्रथम, पीएन सहगल इण्डर कालेज के अभिषेक शुक्ला द्वितीय व एचआरए इण्टर कालेज की दीक्षा सिंह तृतीय स्थान पर रहीं। कार्यक्रम में बस आपरेटर यूनियन के श्वेतांशु बाजपेई, ट्रांसपोर्ट समीर पुरी को भी सम्मानित किया गया। निर्णायक मण्डल में जीआईसी सीतापुर के राकेश कुमार, संजय मिश्रा शामिल रहे।

# बेरोजगारों को रोजगार दिलाना मेरा उद्देश्य: कांति सिंह

**संवाददाता।** लखीमपुर-खीरी



**मैंने 6 नवम्बर** 2020 को मण्डलायुक्त कार्यालय में लखनऊ खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से विधान परिषद् सदस्य पद के लिए नामांकन कर दिया है। पूरी निष्ठा से पिछले कार्यकाल में जनसेवा की है। उसी आशा और विश्वास के साथ पुन: आपके बीच उपस्थित हूँ। यह बात लखनऊ खण्ड स्नातक क्षेत्र की एमएलसी प्रत्याशी कांति सिंह ने प्रेसवार्ता में कही।

उन्होंने कहा कि मैंने 2014 से लेकर अब तक सातों जनपदों में विकास के लिए ही कार्य किया है। अपनी निधि का शत-प्रतिशत सदुपयोग करते हुए सोलर लाइटें, हैण्ड पम्प, सड़क निर्माण, विद्यालय में भवन व शौचालय निर्माण, विद्युतीकरण, कचहरियों में टिन शेड, स्मृति द्वार, गरीबों के इलाज हेतु अनुदान व गरीब लड़कियों के विवाह में आर्थिक सहायता आदि कार्य पूरी सक्रियता से सम्पन्न कराया है। सरकारी प्राइमरी विद्यालयों में फर्नीचर आदि की उचित व्यवस्था करायी। उन्होंने कहा कि मैंने पिछला चुनाव भारी मतों से जीता था। मेरी कार्यकुशलता एवं लोकप्रियता से फायदा उठाने के लिए कुछ मिलते.जुलते नाम वाले लोगों ने भी विधान परिषद सदस्य पद के लिए नामांकन किया है। मीडिया के माध्यम से मैं निवेदन करती हूँ कि चुनाव में कांति सिंह पत्नी एसपी सिंह के नाम एवं फोटो के सामने वाले खाने में 1 लिखें।

ग्रामीण क्षेत्रों के बेरोजगार समुचित सूचना व जानकारी के अभाव में शिक्षित व योग्य होते हुए भी नौकरियाँ नहीं पा पाते हैं। युवकों को बेहतर रोजगार के अवसर दिलाना हमारी प्राथमिकता है। इस कड़ी में डा. एसपी सिंह की लिखी हुई पुस्तक 'सपने और रोजगार की राहें' काफी मददगार साबित हो रही हैं। डा. एसपी सिंह के साथ बड़े पैमाने पर करियर काउंसिलिंग व युवाओं के लिए मार्गदर्शन का कार्य कर रही हैं। हर वर्ष लखनऊ स्थित लखनऊ पब्लिक कालेज आफ प्रोफेशनल स्टडीज में राष्ट्रीय जाब फेस्टिवल का आयोजन कराती हूँ जिसमें हजारों युवाओं को आफर लेटर दिये जाते हैं।

महिला कल्याण, बाल विकास, स्वास्थ्य व शिक्षा के लिए सदैव प्रयासरत हूँ। कम्प्यूटर शिक्षा की उपयोगिता विषय पर उच्च सदन में अपनी बात रखीए कि सरकारी विद्यालयों में कम्प्यूटर की पढ़ाई और अच्छे ढंग से करायी जाये जिससे हमारे बच्चे कम्प्यूटर शिक्षा में बेहतर ज्ञान अर्जित कर सकें। कोरोना काल में आयुष मंत्रालय द्वारा अनुसंशित प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाली होम्योपैथिक दवा आर्सेनिकम अल्बम 30 को सातों जनपदों में लगभग 90 हजार से अधिक परिवारों में नि:शुल्क वितरित कराया। कोरोना वॉरियर्स पुलिस कर्मियों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को थर्मस बोतलए छाताए सेनेटाइज़र व मास्क बांटा। जरूरतमंदों हेतु जनता रसोई में सहयोग किया। घर वापस लौट रहे प्रवासी मजदूरों को नहाने व कपड़ा धोने का साबुन वितरित कराया। स्नातक मतदाताओं के सहयोग से अभी बहुत कुछ कार्य सम्पन्न कराना है। शिक्षकों एवं कर्मचारियों की पुरानी पेंशन व्यवस्था को लागू कराना, जनकल्याण के कार्यों को सम्पन्न कराना, बच्चों को गुणवत्तापरक शिक्षा उपलब्ध कराना, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना, शिक्षा मित्रों व अनुदेशकों को उचित वेतन दिलाना, वित्तविहीन शिक्षकों को सरकार की ओर से उचित मानदेय दिलाना, शिक्षित बेरोजगारों को उचित रोजगार दिलाना, ग्रेजुएट्स की समस्या के निदान हेतु सशक्त कार्य करना, संविदा कर्मियों को नियमित कराना, कोरोना महामारी के दौरान आर्थिक तंगी से जूझ रहे वित्तविहीन शिक्षकों के लिए उचित मानदेय दिलाना, अन्वेषण.नवाचार व तकनीकी उपक्रमों को दूर.दराज के गाँवों में पहुंचाना आदि शामिल है।

# निरीक्षण में गायब मिले कर्मचारियों से तलब करें स्पष्टीकरण: डीएम

● **डीएम ने शाम तक तलब की रिपोर्ट**

● **अन्य तमाम मुद्दों पर भी डाली नजर**

**संवाददाता।** लखीमपुर-खीरी



**डीएम** शैलेंद्र कुमार सिंह, सीडीओ अरविंद सिंह, सीएमओ डा. मनोज अग्रवाल व एडीएम अरुण कुमार सिंह सहित नामित जिला स्तरीय अधिकारियों ने कार्यालयों का निरीक्षण किया। डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह ने लोक निर्माण विभाग के कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी कार्यालयों में कोविड हेल्प डेस्क व्यवस्थित पाई गई।

उपस्थित पंजिका के अवलोकन के दौरान डीएम ने संबंधित विभागाध्यक्ष से अनुपस्थित कर्मचारियों का कारण जाना और बिना सूचना के अनुपस्थित कर्मचारियों से स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए। डीएम ने मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, उपायुक्त श्रम रोजगार सहित तहसीलों हेतु संबंधित उप जिलाधिकारियों निरीक्षण हेतु नामित किया गया था। निरीक्षण में मुख्य रूप से कार्यालय की साफ-सफाई, अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति, कोविड हेल्प डेस्क की स्थापना, कार्यालयों में सरकारी अभिलेखों एवं पत्रावलियों का रख-रखाव सहित तमाम बिंदुओं पर गहनता से पड़ताल की गई। सभी नामित अधिकारियों द्वारा आज ही अपनी रिपोर्ट सौंपने के डीएम ने निर्देश दिए।

## व्यापारियों ने मास्क लगाने के लिए जनता को किया जागरूक

**बरेली।** राष्ट्र जागरण उद्योग व्यापार मंडल ने कुतुब खाना घंटा घर पर एसपी क्राइम के नेतृत्व में जनता में मास्क वितरण कर लोगों को जागरूक करने का संदेश दिया महानगर अध्यक्ष विशाल मेहरोत्रा ने बताया कोरोना की स्थिति तनाव पूर्ण नियंत्रण में है लेकिन हमें दो गज की दूरी और मास्क बहुत जरूरी यह नियम फॉलो करने हैं तभी हम इस से बच सकते हैं और बचा सकते हैं,। मुख्य अतिथि एसपी क्राइम साहब ने कहा सहालग का समय है बाजारों में भीड़ काफी है जनता को जागरूक होना चाहिए 2 गज की दूरी और मास्क जरूरी है खतरा अभी खत्म नहीं हुआ है लिहाजा सचेत रहें मास्क अवश्य लगाए । व्यापारी नेता प्रवीण अग्रवाल ने कहा सहालग के समय बाजारों में रौनक आई है व्यापारिक गतिविधियां एक बार फिर पटरी पर हैं।

## एकेसी हुण्डई के नये शोरूम का शुभारम्भ

**संवाददाता।** लखीमपुर-खीरी



**महामारी के** नियमों का अनुपालन करते हुए लखीमपुर में हुंडई कार के शोरूम का उद्घाटन किया गया। अत्याधुनिक तरीके से नवीनतम मशीनों व कुशल तकनीशियन के साथ-साथ ऑटोमैटिक कार वाशिंग, ऑटोमेटेड सर्विस से सुसजित हैं। कस्टमर के लिए कैफे की सुविधा भी उपलब्ध है। मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ द्वीप प्रज्वलित व गायत्री मंत्र के उचारण के साथ मुख्य अतिथि व अल्पित अग्रवाल (डायरेक्टर), शिवम अग्रवाल (डायरेक्टर) व अशोक अग्रवाल (चेयरमैन) ने किया।कार्यक्रम के शुभारम्भ में मुख्य अतिथि व साधना अग्रवालए निधि अग्रवालए पूजा अग्रवाल द्वारा बाबा की जोत प्रज्वलित कर व अल्पित अग्रवाल व शिवम अग्रवाल (डायरेक्टरद्ध द्वारा जिलाधिकारी को पुष्प देकर स्वागत किया। एकेसी ग्रुप के डायरेक्टर अल्पित अग्रवाल द्वारा बताया गया बरेली के शोरूम को ऑल इंडिया स्तर पर सर्वश्रेष्ठ घोषित किया गया है। शिवम अग्रवाल (डायरेक्टर) द्वारा बताया गया सम्पूर्ण भारतवर्ष स्तर पर सर्विस के क्षेत्र में एकेसी हुण्डई को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। नवीन शोरूम के उद्घाटन के अवसर पर श्री खाटू श्याम जी का मनोहर दरबार सजाया गया जिसमें विशिष्ट रूप से कलकत्ता व दिल्ली के पुष्पो से श्रृंगार किया गया। एकेसी ग्रुप के चेयमैन अशोक अग्रवाल के द्वारा बताया गया कि एकेसी ग्रुप 1980 से ऑटो मोबाइल के क्षेत्र में कार्यरत है 23 नवम्बर 2020 को ऑटो मोबाइल के क्षेत्र में 40 वर्ष पूर्ण हो रहे है।

## अवैध शराब बिक्री करने वाला गिरफ्तार

**संवाददाता ।** बेहजम-खीरी

**पुलिस अधीक्षक** के दिशानिर्देशो में नीमगांव कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र में कच्ची शराब बनाने और बेचने वालों व अन्य अपराधियों के खिलाफ चलाया सख्त अभियान। इंस्पेक्टर गजेंद्र सिंह के नेतृत्व में चौकी प्रभारी बेहजम अनिल पांडे ने मुखबिर की सूचना पर रात्रि गश्त के दौरान बढ़रिया गांव में कच्ची शराब बनाने के उपकरणों सहित 500 ग्राम स्प्रिट के साथ संतराम पासी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गांव में कच्ची शराब की अवैध बिक्री व उसके निर्माण पर शिकंजा कसने के लिए गठित टीम में बेहजम चौकी प्रभारी अनिल पांडे, सिपाही दीवान दलजीत सिंह, सिपाही सागर चौधरी, सुरेंद्र दुबे और सिपाही रोहित कुमार ने दबिश देते हुए उक्त अभियान के साथ आरोपी को गिरफ्तार कर सख्त कार्यवाही की।

## आज का युवा भीड़ नहीं, नेतृत्व है: बृजेश सिंह

**संवाददाता।** लखीमपुर-खीरी



**कांग्रेस कार्यालय** पर स्नातक चुनाव के कांग्रेस प्रत्याशी ब्रजेश कुमार सिंह ने प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि आज का युवा भीड़ नहीं नेतृत्व है। मौजूदा एमएलसी ने आज उनके लिए कुछ किया होता तो आज पढ़े-लिखे युवा सड़कों पर नहीं घूम रहे होते। उनका कोई नेतृत्व करने वाला अभी तक नहीं मिला। जो भी आया उसने केवल लूट घसोट मचाने का काम किया है। उन्होंने अपनी प्राथमिकता बतायी। कहा कि अगर युवाओं ने हमें चुना तो उनके लिए हम लड़ाई सदन तक लड़ेंगे और स्नातकों को रोजगार मिलने तक बेरोजगारी भत्ता और स्नातकों का न्यायालय द्वारा निर्धारित न्यूनतम वेतनमान 19572 रूपये और वित्तविहीन शिक्षकों का मानदेय सरकार द्वारा निर्धारित करवाएंगे। शिक्षकों एवं कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाली भी हमारी प्राथमिकताओं में रहेगा। शिक्षामित्रों का समायोजन सहित अपनी प्राथमिक मांगों में उन्होंने रखा। इस दौरान सेवा दल मध्य जोन के प्रदेश अध्यक्ष राकेश सिंह काली, जिलाध्यक्ष प्रहलाद पटेल, एमएलसी चुनाव प्रभारी पीसीसी मेम्बर मोहन चंद्र उप्रेती, शहर अध्यक्ष सिदार्थ त्रिवेदी, पूर्व जिलाध्यक्ष इकबाल अहमद, पूर्व प्रवक्ता पीसीसी मेम्बर राजीव अग्निहोत्री व उपाध्यक्ष सहजेन्द्र दीक्षित उपस्थित रहे।

## क्विक न्यूज

### आग से झुलसे दिव्यांग की अस्पताल में मौत

**बरेली।** हाथ सेकते समय आग पर गिरकर बुरी तरह झुलसे एक दिव्यांग की इलाज के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।भोजीपुरा थाने के गांव फतेहपुर दुर्गा प्रसाद निवासी 50 वर्षीय नूरुद्दीन पुत्र रमजानी कि बीती रात इलाज के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गई। उसे कल शाम भोजीपुरा स्वास्थ्य केंद्र से लाकर झुलसी अवस्था में भर्ती कराया गया था। मृतक के घर वालों ने बताया कि नूरुद्दीन पक्षाघात के कारण ठीक से चल नहीं सकता था। वह कल सुबह रोजाना की तरह अपने खेत पर गया था। जहां पर ठंड से बचने के लिए वह आग जला कर हाथ सेक रहा था। इसी दौरान संतुलन बिगड़ने से वह आग के ढेर पर गिर पड़ा और बुरी तरह झुलस गया। पास के खेतों में काम कर रहे लोगों ने उसे बचाया और घरवालों को सूचना दी। जो उसे इलाज के लिए भोजीपुरा के स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां से हालत नाजुक देख कर वो कल शाम उसे जिला अस्पताल ले आए। यहीं पर उसने दम तोड़ दिया। वह 8 बच्चों का पिता था उसकी पत्नी का नाम इदरीशन है।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**बरेली।** मोटरसाइकिल सवार एक युवक को तेजी से आ रही एक इको गाड़ी ने टक्कर मार दी। उसकी इलाज के दौरान मौत हो गईबदायूं के कोतवाली थाना क्षेत्र के गांव बस्तरा निवासी हृदेश पुत्र रामदयाल की बीती रात इलाज के दौरान बरेली के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई। उसके घर वालों ने बताया कि 21 नवंबर को हृदेश अपने किसी परिचित से मिलने के लिए घर से निकला था। लेकिन खेड़ा गांव के पास पीछे से आ रही एक इको गाड़ी ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। वह गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने टक्कर मारने वाली गाड़ी को रोकने की कोशिश की तब उसका चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। घायल के पास मिले मोबाइल फोन सूचना उसके घरवालों को देकर पुलिस ने उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती करा दिया। जहां से हालत नाजुक देख कर घरवाले उसे इलाज के लिए बरेली ले आए। जहां बीती रात एक निजी अस्पताल में उसकी मौत हो गई। मृतक तीन बच्चों का पिता था। उसकी पत्नी का नाम नन्ही देवी है।

### ट्रेन से कटकर युवक की जान गई

**बरेली।** मानसिक रूप से कमजोर युवक की सोमवार की दोपहर ट्रेन से कटकर मौत हो गई। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।किला थाना क्षेत्र के मोहल्ला कटघर निवासी तौहीद पुत्र रेहान कि आज दोपहर घर से कुछ ही दूरी पर रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई। उसके घरवालों ने बताया कि तौहीद मानसिक रूप से कमजोर था और आज सुबह रोजाना की तरह बिना बताए घर से बाहर गया था। कुछ देर बाद जब वह घर के पास ही रेलवे लाइन पार कर रहा था। तभी अचानक ट्रेन की चपेट में आकर उसकी मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने उसे पहचान कर घटना की सूचना घरवालों को दी। जो मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### आरईएस में भ्रष्टाचार चरम पर

**फतेहपुर।** ग्रामीण अभियंत्रण सेवा विभाग में हुए चर्चित आरडी प्रकरण में नामित रहे रविन्द्र कुमार सिंह का सेवा काल बढ़ाने के लिए अधिशाषी अभियन्ता ने शासन स्तर पर पत्राचार करके उन्हें पाक साफ छवि वाला कर्मचारी बताया है। मूलतः विभाग में वरिष्ठ सहायक के पद पर कार्यरत रविंद्र सिंह से वित्तीय कार्य न लेने के शासन ने कड़े निर्देश जारी कर रखें है, बावजूद इसके अधिशाषी अभियंता नीरज कुमार ने उक्त जिम्मेदारी सौंप कर शासन के आदेश की भी धज्जियां उड़ाई।उल्लेखनीय है कि वर्ष 2001-2002 में हुए चर्चित आरडी घोटाला प्रकरण प्रकाश में आने के बाद 2005-2006 में इसकी जांच के लिए आडिट पैरा बना। शासन के निर्देश पर हुई जांच में वरिष्ठ सहायक रविन्द्र सिंह पूर्ण रूप से दोषी पाए गए। साथ ही जांच रिपोर्ट में स्पष्ट उल्लेख किया गया कि रविन्द्र से किसी भी परिस्थिति में वित्तीय कार्य (पटल) न लिया जाए, बावजूद इसके उनसे न सिर्फवित्तीय कार्य लिए जा रहे हैं बल्कि विभागीय भ्रष्टाचार की एक अहम कड़ी उनकी सीट से होकर गुजरती है। रविन्द्र पर राजस्व मद का कई लाख रुपए छः साल तक दबा कर रखने और बाद में भारी दबाव के बाद सरकारी खजाने में जमा करने का भी गंभीर आरोप है। इतना ही नही वे आगामी 30 नवंबर को सेवानिवृत्त होने वाले हैं किन्तु अभी भी वह वित्तीय पटल पर काम कर रहे है।

### ट्रक की चपेट में आकर वृद्ध की मौत

**फतेहपुर।** मलवां थाना क्षेत्र के अल्लीपुर के समीप हाईवे पर मंगलवार की सुबह ट्रक की चपेट में आ जाने से लगभग 65 वर्षीय एक वृद्ध की घटनास्थल पर मौत हो गयी। वहीं पुलिस ने चालक को वाहन सहित हिरासत में ले लिया है। जानकारी के अनुसार अल्लीपुर गांव निवासी मटरू का पुत्र छेद्दी आज सुबह लगभग नौ बजे घर से निकलकर रोड पार कर रहा था।

# मेधा अलंकरण समारोह में प्रतिभाग कर बढ़ाया मान

**संवाददाता।** फतेहपुर




**मेधा अलंकरण** समारोह का आयोजन गांधी सभागार में मुख्य अतिथि जिलाधिकारी संजीव सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सत्य प्रकाश की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। जिलाधिकारी ने कहा कि मेरी उड़ान प्रतियोगिता में विभिन्न परिषदीय विद्यालयों के बच्चों ने कलाकृतियों एवं पेंन्टिंग एवं कोविड-19 में मास्क लगाने आदि में आनलाइन प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर 09 बच्चों ने अपनी प्रतिभा के अनुसार स्थान प्राप्त कर जनपद का नाम रोशन किया है। उन्होने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ बच्चों की क्षमता व विकास, रूचि को ध्यान में रखकर खेलकूद, पेन्टिंग, सिलाई, कड़ाई, बुनाई, चित्रकला में आगे बढ़ाये। उन्होने कहा कि मीना मंच के माध्यम से मिशन नारी शक्ति, लिंग भेद, बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं, दहेज प्रथा, सही उम्र में विवाह (लड़का-21 एवं लड़की-18 वर्ष) आदि विषयों पर जागरूक किया जाय।

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि छात्र/छात्राओं द्वारा जनपद एवं प्रदेश स्तर की प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया गया है और प्रथम स्थान प्राप्त किया है, यह जनपद के गौरव की बात है। जनपद में प्रतिभाओं की कमी नही है, मैं सभी प्रतियोगी बच्चों को शुभकामनाएं देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूँ। उन्होने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में आत्ममंथन की आवश्यकता है, बच्चों को ईमानदारी के साथ शिक्षा दें। जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा मेरी उड़ान प्रतियोगिता में प्रदेश स्तर पर सफलता अर्जित करने वाले प्रतिभागियों में से- कु0 काजल देवी कक्षा-5 प्राथमिक विद्यालय एलई वि0खं0- ऐरायां, शिवांश द्विवेदी कक्षा-5, प्रा0वि0 शिवराजपुर मलवां, कु0 नगमा कक्षा-8 उ0प्रा0वि0- हाफिज़पुर खजुहा, प्रखर द्विवेदी कक्षा-5 प्रा0वि0-पहरवापुर मलवां, कु0 रूचि देवी कक्षा-7 उ0प्रा0वि0- ढोढियाही तेलियानी, कु0 एकता कक्षा-5 कम्पोजिट विद्यालय बरेठर खुर्द खजुहा, प्रियांशु कक्षा-8 उ0प्र0वि0 हाफिज़पुर खजुहा, विकास दिवाकर कक्षा-8 उ0प्र0वि0 मंडराव खजुहा, कु0 सुमन कक्षा-5 प्रा0वि0 पहरवापुर मलवां एवं जनपद स्तरीय आनलाइन पोस्टर प्रतियोगिता में कु0 सुमन देवी कक्षा-5 प्रा0वि0 पहरवापुर मलवां-प्रथम स्थान, अंकित कुमार कक्षा-4 प्रा0वि0 नकसारा ऐरायां-द्वितीय स्थान एवं कु0 नीलू देवी कक्षा-8 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय हथगांम-तृतीय स्थान को मेडल, प्रमाण पत्र, पानी की बोतल देकर सम्मानित किया गया तथा अध्यापको को आधारशिला क्रियान्वयन संदर्शिका नामक पुस्तक देकर सम्मानित किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी को प्रेरणा लक्ष्य तालिक देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अध्यापक/अध्यापिकाये सहित छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे।

## डीएम ने दस विभागों का किया औचक निरीक्षण, 41 कर्मी अनुपस्थित मिले

**फतेहपुर।** सरकारी कर्मचारियों की काम के प्रति बढ़ती बेपरवाही पर नियंत्रण पाने के उद्देश्य से आज सुबह जिलाधिकारी संजीव सिंह ने दर्जन भर के करीब सरकारी कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। जिसमें 41 कर्मचारी अनुपस्थित मिले। वहीं डीएम के आदेश पर एडीएम वित्त/राजस्व ने जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। जहां 15 कर्मचारी अनुपस्थित मिले। एडीएम न्यायिक के औचक निरीक्षण में कलेक्ट्रेट के विभिन्न पटलो से 09 कर्मचारी गायब मिले जिन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए उनका 01 दिन का वेतन काटने के आदेश दिए गए हैं।जानकारी के अनुसार डीएम ने जिला अल्पसंख्यक कल्याण विभाग में सर्वप्रथम छापा मारा। जहां कुल 4 कर्मचारी तैनात है जिनमें 02 अनुपस्थित रहे। इसी कड़ी में जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय छापे के दौरान 07 कर्मचारी, डीआरडीए में 08, जिला युवा कल्याण विभाग में एक, जिला विकास अधिकारी कार्यालय में 06, जिला कृषि अधिकारी कार्यालय में चार, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग में 08, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में दो, जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय में तीन, कर्मचारी नदारद मिले। डीएम के निरीक्षण में दस अलग-अलग विभागों में कुल 109 कर्मचारियों की जगह 67 उपस्थित एवं 41 अनुपस्थित मिले। इसी कड़ी में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया। जहां कुल 89 कर्मचारियों की तैनाती है जिनमें 74 उपस्थित और 15 अनुपस्थित मिले। अपर जिलाधिकारी न्यायिक ने कलेक्ट्रेट के विभिन्न पटलों की स्थिति का जायजा लिया तो कुल 49 के स्थान पर 40 मौजूद और 09 गायब मिले। सभी नदारद कर्मचारियों का 01 दिन का वेतन काटने और कारण बताओ नोटिस जारी करने के आदेश दिए गए हैं।

# मिशन-शक्ति अभियान के तहत महिला महाविद्यालय में ई-संगोष्ठी का आयोजन

**संवाददाता।** फतेहपुर

**डॉ0 भीमराव** अम्बेडकर राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्रदेश सरकार द्वारा चलाये जा रहे मिशन-शक्ति अभियान के अन्तर्गत अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस क्रम मे संगीत, तबला विभाग के तत्वावधान में ई-संगोष्ठी का आयोजन किया गया। महिला सशक्तिकरण के आधार के रूप मे कानूनी जागरूकता विषय पर आयोजित ई-संगोष्ठी में डॉ0 हरि सिंह गौणविश्वविद्यालय सागर, मध्य प्रदेश के राजनीति शास्त्र विभाग मे असिस्टेन्ट प्रोफेसर पद पर कार्यरत डॉ0 आफरीन खान बतौर मुख्य वक्ता जूम ऐप पर सम्मिलित हुयीं। डॉ0 खान ने बताया कि लैंगिक समानता एवं महिला अधिकार शुरू से ही भारतीय संविधान का महत्वपूर्ण भाग रहे है और समय-समय पर महिलाओं के लिये कई कानून भी पारित हुये है। डॉ0 आफरीन के दो प्रमुख कानून घरेलू हिंसा अधिनियम 2005 तथा कार्य सिल पर यौन उत्पीड़न अधिनियम 2013 के बारे मे विधिवत और विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं महाविद्यालय की प्राचार्य ने महिलाओ को चारित्रिक रूप से सशक्त बनने प्रेरणा दी। साथ ही कहा कि महिलाओं को कानून की जानकारी होनी चाहिए। जिससे वे अपनी सुरक्षा के प्रति जाग्रत रहें। प्राचार्य डॉ0 अपर्णा मिश्रा ने महिला सशक्तिकरण में उपयोगी कानून की धाराओं व अधिनियम को डिस्प्ले बोर्ड पर लगवाकर छात्राओ को जागरूक करने का महत्वपूर्ण विचार भी साझा किया। इस अवसर पर छात्राओं द्वारा 2021 के कैलेण्डर लॉन्च किये गए। जिनकी थीम महिला सशक्तिकरण थी। छात्राओं द्वारा ग्रीटिंग कार्ड प्रतियोगिता तथा पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अन्त में मिशन-शक्ति के कार्यक्रम को सफल व सशक्त बनाने के लिए छात्राओं को शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर पूरा महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा। कार्यक्रम का संचालन तबला विभाग की अध्यक्षा डॉ0 गुलशन सक्सेना ने किया।

### दो दिन से गायब युवक अचेत जंगल में मिला

**खागा ( फतेहपुर )।** किशनपुर कस्बा के पूरब कंजिहाई के जंगल में मंगलवार की सुबह किशनपुर पुलिस को तीन दिन से गायब एक युवक अचेतावस्था में मिला। जिसे पुलिस ने इलाज के लिए अस्पताल भिजवा दिया है। क्षेत्र के एकडला गांव निवासी सुनील रैदास पुत्र हेमराज ने सोमवार किशनपुर थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी कि भाई अनिल कुमार तीन दिन से गायब है। बहुत ढूंढा मिल नहीं रहा। जिसके बाद मंगलवार को क्षेत्रीय पुलिस को शौच गये लोगों ने सूचना देकर बताया कि किशनपुर कस्बा के पूरब कंजिहाई के जंगल में कोई अचेत अवस्था में पड़ा है।

# प्रोफेसर परशुराम पाल के सम्मानित किये जाने पर हर्ष

**संवाददाता।** संडीला (हरदोई)

**संडीला** निवासी प्रोफेसर परशुराम पाल को लखनऊ विश्वविद्यालय के शताब्दी वर्ष में सम्मानित किये जाने पर क्षेत्र में प्रसन्नता की लहर दौड़ गयी है। ग्राम कल्याणपुर मजरे सर्वा निवासी डा परशुरामपाल ने अपनी प्रारम्भिक शिक्षा अटल बिहारी जूनियर हाई स्कूल ढिकुन्नी, हाईस्कूल परीक्षा नगर के प्रतिष्ठित आईआर इंटर कालेज से पास की। इसके बाद महाराजा अग्रसेन इंटर कालेज लखनऊ से इंटरमीडिएट तथा लखनऊ विश्वविद्यालय से बीए एमए, पीएचडी और डीलिट की उपाधियां प्राप्त की तथा लखनऊ विश्वविद्यालय के हिन्दी भाषा विभाग में प्रोफेसर के पद पर कार्यरत् हैं। उनकी प्रकाशित रचनाओं में पृथ्वीराज रासों में लोकतत्व, एकांकी संग्रह, एकांकी दर्पण तथा मध्ययुगीन काव्य मंजरी हैं। श्रीपाल ने अबतक 36 छात्रों को पीएचडी में निर्देशन प्रदान किया है। उन्हें बीस प्रशस्ति पत्र तथा अन्य पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। वे माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड के अध्यक्ष तथा उच्च सेवा चयन आयोग बोर्ड के सदस्य भी रह चुके हैं।डा परशुराम पाल को लखनऊ विश्वविद्यालय के शताब्दी वर्ष में हिन्दी भाषा के अध्ययन और अध्यापक के क्षेत्र में की गयी उनकी गुरुतर सेवाओं के लिए प्रदेश की महामहिम राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा सम्मानित किया जाने की सूचना मिलने पर संडीला क्षेत्र में प्रसन्नता की लहर दौड़ गयी है। डा पाल ने बताया ि कवे संडीला की ही माटी में जन्में हैं तथा जो शिक्षा उन्होंने प्राप्त की वे उसे छात्रों के बीच प्रसारित कर रहे हैं। आगे भी वे अपना कार्य इसी प्रकार जारी रखेगें।

## ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आकर दो बाइक सवार घायल

**संडीला ( हरदोई )।** एक टैक्क्टर ट्राली की चपेट में आकर दो बाइक सवार घायल हो गये। इनमें से एक को गंभीर हालत में ट्रामां सेंटर भेजा गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम मजिगवां निवासी पुष्पेन्द्र अपने साथी सुखवेंद्र के साथ अपने ननिहाल ग्राम गुलिहरा गया था। वहां से वापस लौटते समय नगवां मोड़ पर एक ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे दोनो बाइक सवार घायल हो गये। दोनों को सीएचसी लाया गया। जहां से सुखवेन्द्र को ट्रामां सेंटर भेज दिया गया है।

### गूगल मीट के जरिये आज होगी डीएम से बात

**फतेहपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अति महत्वपूर्ण योजना मिशन शक्ति अभियान जो शारदीय नवरात्रि से प्रारम्भ होकर वासन्तिक नवरात्रि कुल एक सौ अस्सी दिन चलाया जा रहा है। उसके अन्तर्गत माह नवम्बर की कार्ययोजना के द्वारा महिलाओं तथा बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के लिए हक की बात जिलाधिकारी के साथ कल प्रात: 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक गूगल मीट के माध्यम से आयोजित किया जा रहा है।

# तालाब में मिला युवती का शव

**● युवती के परिजनों ने जताई हत्या की आशंका**

संवाददाता। लखना



**लबेदी** थाना क्षेत्र के ग्राम पहाडपुर से बीते 20 नवंबर की सुबह शौच क्रिया को गयी 22 वर्षीय बालिका के लापता होने के बाद दूसरे दिन थाने में भाई द्वारा गुमशुदगी दर्ज कराने के चौथे दिन बालिका का शव गाँव में बने तालाब में उतराता मिलने से सनसनी फैल गई। वहीं बालिका के भाई ने गाँव के दो युबकों पर हत्या करके शव फैंकने की आशंका जताई। मौके पर पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक ओमबीर सिंह ने आरोपियों की तालाश में छापेमारी करके जांच में जुटी।

इस घटना के बाबत मृतक बालिका के भाई संजय पाल उर्फरिंकू पुत्र स्वं राकेश पाल निबासी पहाडपुर ने बताया कि बीते 20 नवम्बर को मेरी बहिन काल्पनिक नाम बेबी सुवह करीब 5੦30 बजे खेतों की ओर गयी थी जब वह लौटकर काफी देर बाद तक नहीं आई तो उसकी खोजबीन गाँव व आसपास क्षेत्र व रिस्तेदारियों में की लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। इसकी गुमसुदगी थाना लबेदी में दर्ज कराते हुए उसके घर पर रखे हैंड बैग की तलाशी ली तो गाँव के ही एक लडके का लॉकेट नाम सहित बैग में मिला तो उसको 22 नवम्बर को लखना खेडा मुहाल पर कुछ रिस्तेदारों के सहयोग से पकडकर मारपीट की तो उसने बालिका को दो दिन के अन्दर देने का आश्वासन दिया इसमें एक गाँव के लडके व महिला का सयोग होना भी बताया गया तो फोन से लडकों से बात कराने का काम करती थी। जब पकडकर लडके को थाना लबेदी ले गये तो वहां थानाध्यक्ष के न होने पर आरक्षी ने भी पूंछतांछ की और दो दिन में दिलबाने के आश्वासन पर उसे छुडवा दिया। इसके बाद मंगलवार की सुबह करीब 7 बजे गाँव के कुछ लडके शौच क्रिया करने गाँव सेआधा किलो मीटर दूर पूर्व प्रधान सूरजभान सिंह उर्फटिल्लू के बाग के पास बने तालाब की ओर गये तो महिला का शव उतराता नजर आया तो इसकी सूचना लबेदी थाना पुलिस को दी जिस पर थानाध्यक्ष बृजेश कुमार मय पुलिस फोर्स के घटना स्थल पर पहुंचकर उच्च अधिकारियों को अवगतण् कराया तो इस सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ओमबीर सिंह व सीओ भर्थना चन्द्रपाल सिंहएप्रभारी निरीक्षक इकदिल मदनगोपाल गुप्ताएप्रभारी निरीक्षक भर्थना अनिल कुमारएकार्यवाहक थानाध्यक्ष बकेवर गंगादास गौतमएएलखना चौकी प्रभारी प्रशान्त द्विवेदी मय पुलिस फोर्स के मौके पर पहुंचे भारी ग्रामीणों की भीड में शव को निकलबाकर पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।

इसके बाद पुलिस ने मृतका के भाई की निशानदेही पर आरोपियों के घर पर छापामारी अभियान चलाया जिसमें एक महिला व उनके परिजनों को हिरासत में लिया है। वहीं फोरेन्सिक टीम व डॉग स्काउड ने आकर जांच की। वहीं अपर पुलिस अधीक्षक ओमबीर सिंह ने बताया कि इस मामले की हर पहलू पर जांच की जा रही है। वहीं महिला के पोस्टमार्टम की बीडीओग्राफी व डाक्टरों के पैनल से हर पहलू पर नजर रखी जा रही है। शीघ्र आरोपी गिरफ्तार करके घटना का पर्दाफाश किया जाएगा।

## कोरोना के नये दौर में तीन लोग कोरोना पॉजिटिव निकले

**जसवंतनगर।** नगर में कोरोना का नया दौर शुरू हो गया है। दो बुजुर्ग समेत तीन नए कोरोना संक्रमित प्रकाश में आये है। नगर के कटरा पुख्ता निवासी एक वयोवृद्ध 74 वर्षीय व्यवसायी कोरोना की चपेट में आये है। इसी तरह रामलीला रॉड पर एक 74 वर्षीया महिला में और पड़ाव मंडी निवासी अन्य 41 वर्षीया मुस्लिम महिला में भी कोविड 19 के लक्षण पाए गए हैं।सूत्रों ने बताया कि तीनों को होम कोरिनटायीन किया गया है। स्वास्थ्य विभाग कई दिनों से पुनः कोरोना फैलने को लेकर एलर्ट कर रहा। पुलिस भी लोगों को मॉस्क न लगाने को लेकर जुर्माना वसूला रहा। मगर फिर भी लोग बीमारी की गम्भीरता को बलाए ताक रख रहे है। सी एचसी पर टेस्ट की सुविधा के बावजूद लोग एंटीजिंन टेस्ट करवाने से दूर हैं।

# जिन्हें लव का मतलब नहीं मालूम वह लव पर कानून बना रहे हैं: मिश्रा

संवाददाता। इटावा

**इटावा** पहुंचे पूर्व कैबिनेट मंत्री अभिषेक मिश्रा ने सपा कार्यालय पर प्रेसवार्ता कर सरकार पर जमकर निशाना साधा। अभिषेक मिश्रा ने सरकार के द्वारा लव जिहाद पर बनाये जा रहे कानून पर चुटकी लेते हुए कहा कि जिन्हें लव का मतलब नही मालूम वह लव की बात कर रहे और कानून बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस सरकार में किसान और बेरोजगार युवक परेशान है। अपराध के सभी रिकॉर्ड टूट चुके है। उन्होंने कहा कि इस सरकार में बेटियां महिलाये असुरक्षित है। प्रदेश के हर शहर में अपराध चरम पर है हत्या लूट और बलात्कार की घटनाएं हो रही है। प्रदेश में जंगलराज की सरकार चल रही है। 2022 के चुनाव में जनता प्रदेश का निजाम बदलकर अखिलेश यादव को प्रदेश की कमान सौंपने का कार्य करेगी। इटावा पहुंचे पूर्व कैबिनेट मंत्री अभिषेक मिश्रा ने प्रेसवार्ता में पत्रकारों के सवालों का जबाब देते हुए कहा कि प्रदेश में जंगलराज कायम है प्रदेश के हर



जनपद में महिलाएं और बेटियां असुरक्षित है आये दिन हत्या लूट और बलात्कार की घटनाएं सामने आ रही है। 2022 में अखिलेश यादव को प्रदेश का नेतृत्व सौपने का काम जनता करेगी उन्होंने कहा कि इस सरकार में किसान और बेरोजगार बहुत ज्यादा परेशान है। लोगो को नौकरियां नही मिल रही है। लव जिहाद पर कानून बनाये जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि जो लोग लव का मतलब नही जानते वह लव पर कानून बनाने की बात कर रहे है। यूपी में अपराध के सभी रिकॉर्ड टूट चुके है। उन्होंने कहा कि 2022 में प्रदेश की जनता अखिलेश यादव के हाथ मे प्रदेश की कमान सौंपने का कार्य करने वाली है। उन्होंने कहा हम लोग समाजवादी सरकार के द्वारा करवाये गए विकास कार्यो को लेकर जनता के बीच जा रहे है। 2022 के चुनाव में जनता प्रदेश का निजाम बदलने का काम करने वाली है। उन्होंने कहा कि एमएलसी चुनाव के प्रत्याशी के लिए हम लोग लोगो से सम्पर्क कर रहे है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सरकार केवल झूठे वादे करने का काम करती है। इस सरकार में लोग परेशान है लोगो की नौकरियां छीनी जा रही है लोग बेरोजगार हो रहे है। प्रदेश की जनता अपमान का बदला 2022 के चुनाव में लेगी ।

# नशे के आदी युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**● बीते दिन घर से गायब हुआ नशेड़ी युवक सड़क किनारे पड़ा मिला**

**● अस्पताल ले जाने से पहले ही हो गई मौत**

**बीते** दिन घर से गायब नशेड़ी ग्रामीण सड़क किनारे पड़ा मिला। जब तक परिजन उसे अस्पताल लेकर जाने की व्यवस्था कर रहे थे उसी दौरान उसकी मौत हो गयी। पुलिस नें शव का पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

केतवाली मोहम्मदाबाद क्षेत्र के ग्राम लुखियाई निवासी 40 वर्षीय गौरीशंकर उर्फशंकर लाल बीती रात लगभग 8 बजे घर से अचानक गायब हो गये। गौरीशंकर के भाई जयपाल नें बताया कि पूरी रात परिजन उनकी तलाश करते रहे। सुबह लगभग 4 बजे एक परिचित नें फोन पर सूचना दी की गौरी शंकर मदनपुर जसमई मार्ग पर बरमदेव मन्दिर के निकट सड़क किनारे पड़े है। सूचना मिलने पर जयपाल मौके पर पंहुचे। उन्होंने बताया कि जब तकवापस घर आकर वाहन आदि का इंतजाम करके लाये तो गौरीशंकर दम तोड़ चुके थे।मृतक का विवाह नही हुआ था। वह डेढ़ बीघा भूमि का मालिक था। मृतक की माँ सोनकली का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार नें बताया कि मृतक शराब पीने का आदी था। उसकी मौत का कारण पोस्टमार्टम में पता चलेगा इसके बाद कार्यवाही की जायेगी।

# नवनियुक्त भाजपा क्षेत्रीय मंत्री का रसूलाबाद में जोरदार स्वागत



संवाददाता। कानपुर देहात

**भाजपा** की नवनियुक्त क्षेत्रीय मंत्री पूनम सॅखवार का प्रथम बार रसूलाबाद विधानसभा आगमन पर भाजपाईयों ने जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर क्षेत्रीय मंत्री ने कार्यकर्ताओं से केन्द्र व प्रदेश सरकार की नीतियों व विकास कार्यों को समाज के ॲतिम पायदान के व्यक्ति तक पहुॅचानें की अपील की।

भाजपा की नवनियुक्त क्षेत्रीय मंत्री के साथ भाजपा जिलाध्यक्ष अविनाश सिंह चौहान और विधानसभा संयोजक हेमेन्द्र सिंह हेमू के रसूलाबाद विधानसभा आगमन पर जोरदार स्वागत किया। नवनियुक्त क्षेत्रीय मंत्री ने पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से इस मौके पर कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार व उत्तर प्रदेश की योगी सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों व विकास कार्यों को जन-जन तक पहुॅचायें। कार्यक्रम संयोजक ने कहा कि सभी क्षेत्रों में महिलाओं ने समाज को एक अलग पहचान दिलायी है। महिलाओं के उत्थान से राष्ट्र सशक्त होता है। स्वागत कार्यक्रम को जिलाध्यक्ष व जिला उपाध्यक्ष केपी सिंह ने भी सम्बोधित किया।

## ऐन वक्त पर तैनात किए मजिस्ट्रेट

**फर्रुखाबाद।** आईटीआई नवंबर दिसंबर सेमेस्टर सिस्टम और ड्यूल सिस्टम की परीक्षाएं जिले के 15 कंद्रों पर शुरू हो गईं। परीक्षाओं पर नजर रखने के लिए मजिस्ट्रेट ऐन वक्त पर तैनात किए गए। इससे पहले दिन की परीक्षाओं की पारदर्शिता पर प्रश्न चिन्ह लगा। कई परीक्षा केंद्रो पर मजिस्ट्रेट देरी से सूचना मिलने की वजह से नहीं पहुंच सके। आईटीआई की परीक्षा दो पालियों में सुबह 9.30 से और अपरान्ह 2.30 बजे से हुईं। परीक्षाएं दो दिसंबर तक चलेंगी। राजकीय आईटीआई ठंडी सड़क के अलावा अमृतपुरए कायमगंज आईटीआई में परीक्षाओं को लेकर खासी सतर्कता रही। वहीं प्राइवेट आईटीआई में निगरानी ढीली रही। क्योंकि ऐन वक्त पर मजिस्ट्रेटों को डयूटी के आदेश मिले।

# कानपुर-सागर राजमार्ग का होगी चौड़ीकरण, रोड़ किनारे के हटेंगे हनुमान और शिव मंदिर

संवाददाता घाटमपुर

**कानपुर-सागर** राष्ट्रीय राजमार्ग पर आये दिन लगने वाले जाम से अब लोगों को छुटकारा मिलने का समय निकट आता नजर आ रहा है। राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण की कार्यदायी संस्था पीएनसी के अधिकारियों के अलावा उप जिलाधिकारी अरुण कुमार श्रीवास्तव, कोतवाली प्रभारी संजीव सिंह तथा नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी के छुट्टी में होने के चलते वहाँ के वरिष्ठ कर्मचारी गुरु प्रसाद शर्मा ने आज दोपहर हाइवे के चौड़ी करण में बाधा नजर आ रहे नगर के दो मंदिरों का स्थलीय निरीक्षण किया और उन्हे हटाये जाने को लेकर आवश्यक कार्यवाही शुरु कर दी है। बताया जाता है कि हाइवे पर नगर के डाकखना तिराहे का शिव मंदिर ओर हमीरपुर रोड पर स्थित हनुमान मंदिर के अलावा कई पीपल के पेंड़ कटने है, बाद में शिव मंदिर को रबिदास मंदिर के पास बनाये जाने को लेकर एसडीएम और कोतवाली प्रभारी वहाँ भी गये। आये दिन चौराहे के साथ अन्य जगहों पर जाम लगने के कारण चौराहे के कानपुर रोड पर ओवर ब्रिज प्रस्तावित है जिसके चलते नगर सीमा में पहले रोड़ चौड़ीकरण के बाद ओवर ब्रिज का कार्य शुरु होगा। बीते कई दिनो से कार्यदायी संस्था मुनादी करा कर लोगों से अपना अतिक्रमण हटा लेने की चेतावनी भी दे रही है।

# अनियंत्रित प्राइवेट बस गुमटी में घुसी, वृद्धा की दर्दनाक मौत

**● पांच घंटे तक जाम रहा कानपुर-सागर हाईवे, वाहनों की लगी लंबी कतार, कानपुर रोड पुरानी चौकी के पास हुआ हादसा**

**● एक अन्य हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल**

संवाददाता घाटमपुर

**मंगलवार** तड़के ट्रक की टक्कर से अनियंत्रित होकर एक प्राइवेट बस सड़क किनारे गुमटी में जा घुसी जिससे वहाँ सो रही बृद्धा कुचल गयी, हादसे के बाद पंहुची कस्बा चौकी पुलिस बृद्धा को इलाज के लिये सीएचसी भेजा जहाँ डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद बस में टक्कर मारने वाला ट्रक भाग निकला। बताया जाता है कि कस्बे के आछी मोहाल निवासी स्व0 मौजीलाज की पत्नी शान्ति देवी ( 60 ) पुरानी पुलिस चौकी के पास सड़क किनारे पान-बीड़ी की गुमटी रखे थी तथा गुमटी के पास ही वह रात में सोती थी सबेरी रात करीब तीन बजे एक प्राइवेट बस कानपुर की ओर जा रही थी कि जैसे ही पुरानी पुलिस चौकी के पास पंहुची की पीछे आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे बस अनियंत्रित होकर गुमटी में जा घुसी। चौकी प्रभारी ने बताया कि शव का पंचनामा कर पोस्ट मार्टम के लिये भेजा गया है। उधर भोर पहर हुए इस हए हादसे से कानपुर-सागर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बाहनों की दोनों ओर लाइन लगी गयी और करीब 5 घंटे बाद जाम खुला लेकिन जाम का पूरे दिन ये असर रहा कि हाइवे पर दिन भर रुक-रुक कर जाम लगता और वाहन रेंगते रहे, हाइवे जाम का ये आलम था देर रात तक वाहनों की लाइन नही टूटी और तमाम बरातों के वाहन जाम में फसने से समय से नही पंहुची। हादसे की एक अन्य घटना थाना सजेती के कोरिया तिराहे पर हुई जहाँ टैक्टर और वाइक की सीघी टक्कर में वाइक सवार दो लोग घायल हो गये इलाज के लिये सीएचसी में भर्ती कराया गया जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को कानपुर रिफर कर दिया गया।

# नकली बीज बेचने वालों के खिलाफ होगी कार्रवाई

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**जनपद** आये राज्य मंत्री कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान लाखन सिंह राजपूत नें नकली बीज बिक्री करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि नकली बीज से किसान की उत्पादन क्षमता कम होती है। जबकि सरकार किसान की आय दोगुनी करने के लिए प्रयासरत है। शहर के लकुला स्थित उप निदेशक कृषि कार्यालय में राज्य मंत्री नें विभागीय अधिकारियों के साथ बंद कमरें में बैठक ली। इसके बाद कुछ दूरी पर बने नवनिर्मित किसान कल्याण केंद्र को भी जाकर गुणवत्ता का जायजा लिया। उन्होंने मीडिया को बताया कि अभी किसान सम्मान निधि का 5 हजार किसानों का अपडेट नही हुआ है। जिसको जल्द कराने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 90 हजार करोड़ का गन्ना किसानों का यूपी सरकार नें भुगतान किया है। सरकार गन्ना किसान का बकाया भुगतान नही रख रही है। जो बकाया है उसका जल्द से जल्द भुगतान किया जायेगा। मंत्री नें बताया कि यूपी के सभी जिलो में सरकार द्वारा प्रमाणित बीज उपलब्ध है।यदि नकली बीज बिक्री होता हुआ मिला तो सम्बन्धित के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जायेगी। राज्यमंत्री नें कहा कि किसान का जो धान खरीद केंद्र से फेल जाता है उसके लिए मंडी खोल रखीं हैं। उसे मंडी में बिक्री करें। क्रय केंद्र पर लगे प्रभारी 1868 रूपये में खरीद करें। केंद्र प्रभारी और लेखपाल इस बात का ध्यान रखें की बिचौलिया किसान का धान कम रूपये में खरीद कर केंद्र पर ना बेचनें पायें। उन्होंने बताया कि किसान जब पराली जलाता है तो किसान मित्र जीवाणु मर जाते है और खेत की उपज क्षमता कम हो जाती है।

# डीएम ने कोविड एल-1 अस्पताल का किया आकस्मिक निरीक्षण

संवाददाता। कानपुर देहात

**जिलाधिकारी** डा. दिनेश चन्द्र ने नबीपुर केन्द्रीय विद्यालय में संचालित कोविड एल-1 अस्पताल का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल के बाहर सोलिड वेस्ट पाये जाने पर नाराजगी जाहिर करते हुए सोलिड वेस्ट को हटाये जाने के निर्देश दिये तथा कहा कि कोविड अस्पताल में साफ सफाई पर विशेष ध्यान देते हुए भर्ती मरीजों के खाने, पीने व दवा, स्वास्थ्य परीक्षण आदि की व्यवस्थाओं पर भी विशेष ध्यान दिया जाये। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान कोविड अस्पताल में भर्ती मरीजों व चिकित्सकों से वॉकी टॉकी से हाल चाल लिया। जिस पर सभी मरीजों व चिकित्सकों द्वारा बताया गया कि सभी व्यवस्थायें ठीक है। वहीं जिलाधिकारी ने कहा कि कोविड



अस्पताल में जो भी मरीज है उनका ऑक्सीमीटर से आक्सीजन लेवल, इन्फ्राथर्मो मीटर से उनका तापमान, हर चार घण्टे में लेते रहे अगर किसी का आक्सीजन लेवल घटता है तो उसे तत्काल एल-2 अस्पताल में भर्ती कराने की कार्यवाही की जाये।

### वरासत के प्रकरणों में अभियान चलाकर खतौनी में करायें दर्ज

जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र ने अविवादित वरासत के प्रकरणों में अभियान चलाकर समयवद्ध रूप से वरासत दर्ज कराये जाने एवं खतौनी की प्रति सम्बन्धित व्यक्ति को वितरित किये जाने तथा खतौनी वितरित करते समय जियो टैग फोटो संरक्षित किये जाने के निर्देश समस्त उप जिलाधिकारियों को दिये है। जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि वरासत के ऑनलाइन पोर्टल पर कुल 8412 दावे प्राप्त हुए है, जिसमें 6333 दावे निस्तारित किये गये हैं।

# सब्जी खरीदने घर से निकले युवक को गुंडों ने गोली मारकर किया घायल

संवाददाता। कायमगंज फर्रुखाबाद

**कोतवाली** कायमगंज क्षेत्र के सीमा पर बसे गांव ब्राहिमपुर जागीर में पहले से ही जुए के अड्डे तथा अवैध शराब बिक्री जैसे धंधे पनपे हुए हैं। यही कारण है कि इस सीमावर्ती गांव में आए दिन छोटी मोटी घटनाएं होना आम बात है । गांव के बिगड़े माहौल एवं पनपती गुंडागर्दी का आज फिर एक ताजा मामला प्रकाश में आया। उसके अनुसार इस गांव के निवासी विनीत पुत्र तेज सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि उसका भाई सुनीत घर से सब्जी लेने दिन के लगभग 12रू00 बजे निकला था। वह जब मुख्य सड़क मार्ग पर स्थित प्राइमरी स्कूल के सामने स्थिति सब्जी विक्रेता से सब्जी खरीदने के लिए पहुंचा ही था एकि उसी समय मेरे ही गांव के जसवीर पुत्र सुरेंद्रए रमन पुत्र जबर सिंह ब बबलू पुत्र मिश्रीलाल ने हमलावर होते हुए गोली चला दी। जो उसके भाई के पेट में जा धसीए गोली लगते ही सुनीत वही गिर पड़ा। घायल को कोतवाली लाकर मजरुवी चिट्ठी मिलने के उपरांत उपचार एवं चिकित्सीय परीक्षण के लिए कायमगंज नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। यहां से प्रथम उपचार के बाद घायल की गंभीर स्थिति भांप डॉक्टर ने उसे फर्रुखाबाद के डॉ राम मनोहर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### गांव में हो रहे उपद्रव की लिखित सूचना ग्रामीण ने प्रातः सात बजे ही कोतवाली पुलिस को दे दी थी

**कायमगंज फर्रुखाबाद ।** कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के गांव ब्राहिमपुर जागीर में हुए गोलीकांड जैसी घटना शायद होने से बच सकती थीए यदि पुलिस समय से गांव पहुंचकर उपद्रवी गुंडों को नियंत्रण में ले लेती। लेकिन न जाने क्यों पुलिस ने ऐसा करना उचित नहीं समझा। यह तो कोतवाली पुलिस ही समझ सकती है। खैर जो भी हो इसी गांव के निवासी नीरज पुत्र लाल बहादुर ने बताया कि उसी के गांव के निवासी गुंडा किस्म के दबंग रणजीत रमन पुत्रगण जबर सिंहए सूरजपाल उर्फबबलू पुत्र मिश्रीलालए जसवीर पुत्र सुरेंद्र एअरविंद पुत्र अमर सिंहए मिंटू पुत्र जगन्नाथ ने 23 नवंबर को उपद्रव किया था। उस समय तो मामला शांत हो गया। किंतु आज 24 नवंबर को यह सभी लोग लाठी.डंडों तथा अवैध हथियारों से लैस होकर प्रातः 7रू00 बजे उसके घर पर चढ़ आए। आरोप है कि इन सभी ने गाली गलौज किया। जिसका मेरे द्वारा विरोध करने पर इन सभी ने मुझे मारना पीटना शुरू कर दिया। मुझे पिटता देख मेरी मां अमृता देवी तथा परिवार की महिला उर्मिला देवी बीच.बचाव करने की कोशिश करने लगी एतो इन दबंगों ने इन महिलाओं को भी नहीं बख्शाए यह लोग मारपीट कर किसी बड़ी घटना को अंजाम देना ही चाहते थेए कि तब तक गांव के ही संजीव व चरण सिंह आदि लोगों ने आकर मुझको व मेरे परिवारी जनों को किसी तरह इनके चंगुल से मुक्त कराया। नीरज का कहना है कि जाते समय आरोपियों ने उसे फिर देख लेने व पूरे परिवार को जान से मार देने की धमकी दी है। इस घटना से यह साफजाहिर होता है कि यदि पुलिस समय से सक्रिय हो जातीए तो गांव में कानून के साथ इस तरह का खुला खिलवाड़ करने की संभावना शायद नहीं हो पाती।

# यातायात सप्ताह के समापन समारोह में वाहन चालकों को किया गया जागरूक



संवाददाता। कानपुर देहात

**एसपी** केशव कुमार चौधरी द्वारा पिछले वुधवार से शुरू हुये यातायात सप्ताह का समापन सरला देवी महाविद्यालय में भव्य समापन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के तौर पर पहुची विधायक प्रतिभा शुकला ने छात्रों को एसपी के साथ पुरस्कृत किया।

जनपद में 18 नवम्बर से 24 नवम्बर तक यातायात सप्ताह का आयोजन किया गया। मॅगलवार को सरला देवी महाविद्यालय अकबरपुर में इस आयोजन का समापन किया गया। इस मौके पर एसपी केशव कुमार चौधरी ने बच्चों को जागरूक करते हुये बताया कि हेलमेट का प्रयोग दो पहिया वाहन चलाते समय अति आवश्यक है। उन्होंने चार पहिया वाहनों में सीट बेल्ट लगाने को कहा और ड्राइविंग लाइसेंस के बाद ही वाहन चलाने के लिये प्रेरित किया। इस मौके पर शिक्षा विभाग द्वारा सेगन, पोस्टर, निबंध प्रतियोगिता व क्विज प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण एवं छात्रों के मध्य भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के तौर अकबरपुर रनियॉ विधायक प्रतिभा शुक्ला मौजूद रही। उपस्थित लोगों से कोविड-19 से बचाव के लिये शासन द्वारा जारी गाइडलाइन के पालन करने व सोशल डिस्टेसिंग व मास्क लगाने हेतु प्रेरित किया गया।

## थानों से हटेंगे सालों से जमे पुलिस कर्मी

**फर्रुखाबाद।** अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन कानपुर जयनारायण सिंह नें जनपद पंहुच कर क्षेत्राधिकारियों के साथ अपराध समीक्षा बैठक की और उन्होंने अपराधियों के खिलाफसख्ती लाने के निर्देश दिये। उन्होंने लंबित विवेचनाओं का जल्द निस्तारण करने के लिए भी कड़ा रुख अपनें को कहा। उन्होंने यह भी साफकिया कि थानों में वर्षों से जमें सिपाही और मुंशी पुलिस हटेंगे। इसके साथ ही साथ थानों में केबल चार्ज पर निरीक्षक को ही रखा जायेगा। एडीजी जयनारायण सिंह निरीक्षण भवन फतेहगढ़ पंहुचे जिसके बाद उन्हें सलामी दी गयी। इसके बाद उन्होंने पुलिस अधीक्षक के कार्यलय में सीओ मोहम्मदाबाद सोहराब आलम, सीओ अमृतपुर राजवीर सिंह, सीओ सिटी के साथ कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक की। इसके बाद वह मीडिया से रूबरू हुए। उन्होंने बताया कि 2017 से जनपद से कुल 40 बच्चे लापता है जिनके ना मिलने पर नाराजगी व्यक्त की।

# कोविड-19 से बचाव के लिए हर स्तर पर सतर्कता जरूरीः चंद्रिका प्रसाद

## ● दो गज की दूरी बनाकर पीड़ित जनता की फरियाद सुन रहे मंत्री

संवाददाता। चित्रकूट



जनता की फरियाद सुनते मंत्री चंद्रिका उपाध्याय।

**ठंड की** शुरूआत होते ही वैश्विक महामारी कोरोना ने एक बार फ्रि देश भर में कहर बरपाना शुरू कर दिया है। कोरोना के बढते संक्रमण को दृष्टिगत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बेखौफ और बेपरवाह होते लोगों को 'जब तक दवाई नही,तब तक ढिलाई नही' का संदेश देकर सचेत किया है। प्रधानमंत्री की इस अपील का उत्तर प्रदेश के लोक निर्माण राज्यमंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय पर खासा असर देखने को मिला है। धर्म नगरी चित्रकूट के सदर विधायक और योगी कैबिनेट में राज्यमंत्री श्री उपाध्याय कोरोना प्रोटोकाल का कडाई के साथ अनुपालन कर अपने आवास पर जनता की समस्याओं का निदान करते नजर आ रहे है।

पहाड़ी इलाकों में हुई बर्फ्बारी के बाद शुरू हुई ठंड के दस्तक देते ही एक बार फ्रि देश-दुनिया में वैश्विक महामारी कोरोना का खतरा मंडराने लगा है। लॉकडाउन में ढिलाई होते ही लोगों ने कोरोना गाइडलाइन का उल्लंघन कराना और लापरवाही बरतना शुरू कर दिया है। जिसके चलते देश में कोरोना संक्रमितों की संख्या 91 लाख के पार पहुंच चुकी है। वहीं एक लाख 34 हजार लोगों की जान जा चुकी है। इतना ही नही पिछले 24 घंटे में कोरोना के सामने आये 37 हजार 975 कोरोना नये केसों ने सरकारों को लाकडाउन के बारे में दोबारा सोचने को मजबूर कर दिया है। सामने आये है। कोरोना को लेकर चिंतित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों सें दो गज की दूरी,मास्क है जरूरी और जब तक दवाई नही,तब तक ढिलाई नही का संदेश देकर सावधानी बरतने की अपील की है। पीएम मोदी की इस अपील का चित्रकूट में रहने वाले उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के लोक निर्माण राज्यमंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय पर खासा देखने का मिल रहा है। चित्रकूट प्रवास के दौरान राज्यमंत्री श्री उपाध्याय द्वारा नियमित रूप से जनता की फरियाद सुनकर उसका निस्तारण किया जाता है। कोरोना के बढते खतरे के बावजूद मंत्री जी ने जनता की फरियाद सुनना बंद नही किया। बल्कि पीएम मोदी के कोरोना प्रोटोकाल का कडाई से पालन शुरू कर दिया। मंत्री श्री उपाध्याय ने अपने आवास के जालीदार गेट पर बाहर से ताला लगवाकर मास्क पहनकर सामाजिक दूरी का पालन करते हुए जनता की समस्याएं सुन रहे है। जिससे स्वयं के साथ-साथ दूर दराज से आने वाली पीडित जनता का भी कोरोना से बचाव हो रहा है।

राज्यमंत्री श्री उपाध्याय का कहना है कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा कोरोना से आमजनमानस के बचाव के लिए किये गये कार्य सराहनीय है। उन्होंने कहा कि कोविड-19 के संक्रमण को नियंत्रित करने के लिए हर स्तर पर सतर्क और सावधान रहना आवश्यक है। अनलॉक -2 के दौरान कोरोना संक्रमण से बचाव सम्बन्धी जारी प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन कराया जाना चाहिए। यह सुनिश्चित किया जाए कि लोग 'दो गज की दूरी, मास्क है जरूरी'के नियम का कडाई से पालन करें। वैक्सीन के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है।जब तक दवाई का इंतजाम नही हो जाता तब तक सभी को सुरक्षा और सावधानी बरतनी पडेगी।

## जिला कारागार में नये कैदी 21 दिन को होते हैं क्वारंटाइन

**चित्रकूट।** डीएम शेषमणि पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल ने जिला कारागार का औचक निरीक्षण कर कारागार में बैरक 17, 18, 19, 20 व पाकशाला का निरीक्षण कर अन्य व्यवस्थायें देखी। मंगलवार को डीएम-एसपी ने प्रभारी अधीक्षक जिला कारागार आलोक शुक्ला को निर्देश दिये कि प्रत्येक दिन सभी बैरकों को सैनेटाइज करायें। शौचालयों को अच्छे ढंग से सफ्ई कराकर दवाओं का छिडकाव करायें। बुजुर्ग कैदियों का विशेष ध्यान दें। उन्होंने कैदियों से स्वास्थ्य, भोजन आदि के बारे में पूंछा। भोजनालय कक्ष में साफ्-सफ्ई कराने के निर्देश दिये। डीएम-एसपी ने प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ आशीष कंकोरिया, डॉ सुजीत सिंह को निर्देश दिये कि अस्पताल में दवाओं की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। कैदियों का प्रतिदिन स्वास्थ्य परीक्षण किया जाये। कोई भी कैदी बीमार न हो। संक्रमित कैदी को दवायें समय से दी जायें। प्रभारी चिकित्साधिकारी ने बताया कि नये कैदी को 21 दिन तक अलग बैरक में क्वारंटाइन किया जाता है।

## क्विक न्यूज

### मामला दर्ज होने पर अनिल ने दी शहर घेराव की चेतावनी

**चित्रकूट।** बुन्देलखण्ड किसान विकास समिति के अध्यक्ष/जिला पंचायत सदस्य अनिल प्रधान की अगुवाई में बीस नवम्बर को एलआईसी तिराहे पर हुए आन्दोलन की पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। अनिल प्रधान आदि के मास्क लगाये रहने के बाद भी धारा 144 का उल्लंघन व धारा 188/269 आईपीसी के तहत रिपोर्ट दर्ज होने पर अनिल प्रधान ने रोष जताया है। मंगलवार को बुन्देलखण्ड किसान विकास समिति के अध्यक्ष/जिला पंचायत सदस्य अनिल प्रधान ने बताया कि बीस नवम्बर के आन्दोलन पर उनके समेत 40-45 अज्ञात लोगों के खिलाफकोतवाली कर्वी में रिपोर्ट दर्ज की गई है। उन्होंने जनहितों के मुद्दों के खातिर आन्दोलन किया था। आन्दोलन में अन्ना पशुओं पर रोक लगाने, धान खरीद केन्द्र खुलवाने, श्रमिकों को चिकित्सा योजना का लाभ दिलाने, सर्पदंशों के शिकार आश्रितों को मदद दिलाने आदि के मुद्दे आन्दोलन में उठाये थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार जनहितों के मुद्दों पर आन्दोलन करने से चिढती है। इसलिए उनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। उन्होंने कहा कि जनहितों के लिए आन्दोलन करना गलत है तो प्रशासन समस्याओं का निस्तारण करे। मुकदमों से वे डरने वाले नहीं है। एक नहीं हजार मुकदमे दर्जकर उन्हें रोज जेल भेजा जाये। इसके बाद भी वे जनहितों के खातिर आन्दोलन करते रहेंगे। अफ्सरों ने नियत तिथि पर समस्याओं का निदान न किया तो पूरे कर्वी शहर का घेराव किया जायेगा।

### रामराज पाण्डेय को मिली पीएचडी उपाधि

**चित्रकूट।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कला संकाय में शोधार्थी रामराज पाण्डेय पुत्र दादूराम पाण्डेय को पीएचडी उपाधि प्रदान की गई। मंगलवार को शोधकर्ता के शोध निदेशक डॉ विवेक फ्ड़नीश तथा प्रो इभा सिरौठिया ने सुरेशपाल ग्रामोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के संगीत शिक्षक/शोधार्थी रामराज पाण्डेय ने अपना शोध बुन्देलखण्ड क्षेत्र की ध्रुपद गायन परम्परा पर शोध पेश किया। कुलपति प्रो नरेशचन्द्र गौतम, कला संकाय के प्रो वाइके सिंह, कुलसचिव डॉ अजय कुमार, सुरेन्द्रपाल के प्राचार्य मदन तिवारी, संतोष मिश्रा, जयशंकर मिश्रा आदि ने रामराज पाण्डेय की सफ्लता पर उन्हें बधाई दी।

### चाइल्ड पोर्नोग्राफी के आरोपित जेई रामभवन कोरोना पॉजिटिव



**बांदा।** चाइल्ड पोर्नोग्राफ़ी के आरोपित सिंचाई विभाग के निलंबित जेई रामभवन की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। इससे मंगलवार को उसका रिमांड मिलने में संशय है। 20 नवंबर को लिए गए सैंपल की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद उसे जेल अस्पताल के अलग कक्ष में भर्ती किया गया है। सीबीआइ आपत्ति दाखिल करके फिर से कोरोना जांच करा सकती है। उधर रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद भी अगर रिमांड मिला तो सीबीआइ उसे अपनी हिरासत में लेने से इन्कार भी कर सकती है।

### बाइक सवार मां-बेटे घायल

**सरीला (हमीरपुर)।** सरीला चंडौत मार्ग पर अतरौली गांव के पास बाइक सवार मां बेटे को बैंन चालक ने टक्कर मारकर घायल कर दिया चालक वाहन लेकर भाग गया । घायलों को सीएससी में भर्ती कराया गया है। इछौरा गांव का राममिलन अपनी मां से शिवबती के साथ बाइक से सरीला आ रहा था। तभी अतरौली गांव के पास पीछे से आ रही बैन ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे मां बेटे गिरकर घायल हो गए। वैन चालक बाहन लेकर मौके से भाग गया। घायलों को सीएससी में भर्ती कराया गया है। जहां उनकी हालत ठीक बताई जा रही है।

### जांच में केडीआई गुटखा फेल

**हमीरपुर।** खाद्य विभाग की सैम्पिल की जांच में केडीआई नामक गुटखा फेल पाया गया है जांच में गैम्बिल यानी चमड़े का रंग मिलावट पाये जाने पर विभाग मुकदमा दर्ज कराने के लिये क्लीन चिट शासन से मांगी है। जिले में खाद्य विभाग की मिलीभगत से ज्यादातर खाद्य पदार्थ मिलावटी बिक रहे है जिससे खुलेआम लोगों के सेहत के साथ खिलवाड़ हो रहा है। खाद्य सुरक्षा विभाग ने आज तक अन्य पान मसालों की सैम्पिल नही भरे है जिससे विभाग की कार्यप्रणाली में प्रश्नचिंह लगता जा रहा है। सुमेरपुर कस्वे में पंद्रह तेल पिराने की चक्कियां संचालित है जिसमें इन चक्कियों का सरसो का तेल दूसरे जिले में विक्री के लिये जाता है मगर खाद्य सुरक्षा विभाग ने आज तक सैम्पिल नही भरे है जिससे मिल संचालक इतने निरंकुश हो गये है कि इनके निर्मित तेल से कई लोग बीमार हो चुके है मगर ये लोग अपनी हरकतों से बाज नही आये है। जिले में करीब तेरह प्रकार के गुटखे विक्री हो रहे है मगर खाद्य सुरक्षा विभाग ने इन गुटखों पर कोई रोक नही लगायी है न ही इनका नमूना भर कर जांच के लिये भेजा है जब कि विभाग के खाद्य निरीक्षक छोटे छोटे दुकानदारों को परेशान करते रहते है। यही नही विभाग के अभिहीत अधिकारी ने कई सालों से एक तहसील से जमे खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के तबादले नही किये है जब कि नियमानुसार एक साल में निरीक्षको के तबादले हो जाने चाहिये मगर ऐसा नही हो रहा है। यदि खाद्य सुरक्षा बिभाग इसी प्रकार लापरवाह बना रहा तो वह दिन दूर नही जब कोई न कोई बडी घटना घट जायेगी इसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

### पालिका ने चलाया पॉलिथीन प्रतिबंधित अभियान

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** अधिशाषी अधिकारी नें पालिका कर्मियों के साथ नगर में पालीथीन प्रतिबंध अभियान चलाकर औचक निरीक्षण किया साथ ही बाजार में दुकानदारों सहित नागरिकों से पालीथीन प्रतिबंध में भागीदारी निभानें की अपील करते हुये कहा कि प्लास्टिक मानव जीवन सहित प्रकति के लिये उभरता हुआ सबसे बडा खतरा है। मंगलवार को प्रदेश शाशन के निर्देशानुसार एवं जिलाधिकारी के आदेश के अनुपालन में अधिशाषी अधिकारी मीनू सिंह ने पालिका कर्मियों के साथ नगर के जीटी रोड, फ्तेहगढ रोड, सब्जी मंडी, चकोर गली, रेलवे रोड आदि स्थानों पर पालीथीन एवं थर्माकोल प्रतिबंध को लेकर अभियान चलाया। इस दौरान अधिशाषी अधिकारी मीनू सिंह ने दुकानदारों को पॉलिथीन का उपयोग न करने की अपील की और इससे होने वाले नुकसान की जानकारी देकर जागरूक किया। साथ ही कपड़े के झोले प्रयोग में लाने की बात कही। इस दौरान उन्होनें कहा कि बृक्ष एवं स्वच्छता व प्लास्टिक प्रतिबंध हमारे जीवन के लिये बेहद ही जरूरी हैं। इस दौरान पालिका कर्मियों द्वारा कुछ दुकानदारों के पास प्रतिबंधित पॉलिथीन सामग्री पाए जाने पर नौ हजार रुपये का जुर्माना करते हुए सख्त चेतावनी दी गई।

### डीएम से सीधे 'हक की बात' करेंगे महिलाएं, बालिकाएं व बच्चे

**कन्नौज।** मिशन शक्ति अभियान के तहत आज महिलाएं और बच्चे अपने जनपद के जिलाधिकारी से सीधे तौर पर 'हक की बात' करेंगी। इसके लिए जिले में दो घंटे के पारस्परिक संवाद का आयोजन किया जाएगा, जिसमें महिलायें और बच्चे स्थानीय समस्याओं के साथ ही यौन शोषण, घरेलू हिंसा, दहेज, आर्थिक समस्याओं, शिक्षा तक पहुंच की उपलब्धता की समस्या आदि पर जिलाधिकारी से बात करेंगी, अपने सुझाव देंगी और जिलाधिकारी द्वारा मौके पर ही निवारण हेतु संबधित विभागों या अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए जाएंगे। इसके लिए जिले के प्रोबेशन अधिकारी को पहले ही जिलाधिकारी से तालमेल कर समय निर्धारित करने को निर्देशित किया जा चुका है । निदेशक महिला कल्याण व मिशन शक्ति के नोडल अधिकारी मनोज कुमार राय का कहना है कि जिलाधिकारी से सीधे हक की बात करने के लिए वेबिनार, डेडिकेटेड फोन लाइन, वीडियो कांफ्रेंसिंग आदि माध्यमों का प्रयोग किया जाएगा।

# सर्राफा व्यवसाई के भाई के अपहरण की साजिश निकली झूठी

**राठ (हमीरपुर)।** कस्बे के पड़ाव चौराहे से हुए सर्राफ व्यवसाई के भाई के अपहरण की साजिश झूठी निकली। युवक का अपहरण नहीं हुआ था। युवक अपने साथियों के साथ अपहरण का नाटक करते हुए गायब हो गया था। शनिवार की शाम करीब 8 बजे मनोज कुमार सोनी पुत्र केशव प्रसाद निवासी मोहल्ला पठनऊ ने बताया कि उसका भाई अनिल सोनी उर्फअन्नी शाम करीब 5 बजे पडाव तिराहा के पास शक्ति मन्दिर के बगल मे ऑनलाइन सेन्टर पर वैष्णो देवी जाने के लिये टिकट बुक कराने गया था। सूरज यादव मोना यादव एवं मोहन गुप्ता पुत्र राकेश गुप्ता व पांच अज्ञात व्यक्ति अपने हाथ में तमंचा लेकर आए उसके भाई के साथ मारपीट की और उसका अपहरण करके ले गए थे। पुलिस ने 3 नामजद व 5 अज्ञात अभियुक्तों के विरुद्ध अपहरण का मुकादमा दर्ज कर युवक की तलाश शुरू कर दी थी। कोतवाल केके पांडेय ने बताया घटना से संबंधित मोहन गुप्ता को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। पूंछताछ में मोहन गुप्ता ने बताया कि 2019 में अनिल सोनी द्वारा अपने साथियों के साथ एक शादी समारोह के दौरान सूरज यादव के साथ किसी बात को लेकर मारपीट की घटना की गई थी। मेरा उससे सट्टे के पैसों के लेनदेन को लेकर फोन पर गालीगलौज हो गयी थी। उसी का बदला लेने के लिए हम लोगों द्वारा अनिल सोनी के साथ मारपीट करके के बाद उसको एक ई-रिक्शा पर बिठा कर घर भेज दिया था। पुलिस ने मारपीट के बाद अनिल सोनी को मोहन गुप्ता द्वारा अपनी मोटरसाइकिल से लेकर वारसी टेंट हाऊस ट्रांसफार्मर चौराहा पर ई रिक्शा पर बैठा दिया गया था। अनिल सोनी के द्वारा घटना को सनसनीखेज बनाने के लिए तथा आरोपियों पर बड़ी कार्यवाई कराने की मंशा से स्वयं को अपने लोगों के माध्यम से छिपाया गया।

# जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए एक्सपोजर विजिट एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम




सम्बोधित करते उपकृषि निदेशक टीपी शाही।

**चित्रकूट।** पर्यावरण प्रदूषण एवं मृदा में रासायनिक उर्वरकों, कीटनाशकों के प्रयोग से मानव, पशु-पक्षी, मृदा के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव के कारण एवं पर्यावरण प्रदूषण रोकने के लिये व मृदा की उर्वरता व उत्पादकता बढ़ाने, गुणवत्तायुक्त फ्सल उत्पादन करने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा परम्परागत कृषि विकास योजनान्तर्गत चित्रकूट के पाँचों विकास खंडों के चयनित 30 कलस्टरों में से 18 कलस्टरों में प्रति कलस्टर 300 कृषकों का जैविक खेती हेतु कलस्टरवार एक्सपोजर विजिट एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये गये विकास खण्ड पहाड़ी के 6 जैविक ग्रामों के 300 कृषकों को कृषि विज्ञान केन्द्र गनीवा विकास खण्ड मानिकपुर के कृषकों को शोभन सरकार बायो एनर्जी फार्मर्स प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड ऐचवारा के प्रक्षेत्र फार्मों पर भ्रमण कराया गया।

विकास खण्ड कर्वी के 6 गाँवों के 300 कृषकों को श्याम कामधेनु डेरी एवं जैविक फार्म चकला राजरानी में संचालक योगेश जैन एवं टीपी शाही उप कषि निदेशक द्वारा प्रक्षेत्र भ्रमण व प्रशिक्षण कार्यक्रम कराया जिसमें योगेश जैन ने बताया कि उनके फार्म पर वर्ष भर आय प्राप्त करने वाले संसाधन विकसित किये गये हैं। जिसको कृषक देख कर समझकर तथा अपना कर पूरे वर्ष भर कृषि उत्पादों फल, फूल, मसाला एवं खाद्यान व दूध की विक्री करके आय में वृद्धि कर सकते हैं। एवं कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं से जुड़कर प्रक्रिया अपनाकर लाभान्वित हो सकते हैं साथ ही उन्होने कहा कि धान की पराली को काटकर हरे चारे के साथ मिला कर पशुओं को खिलाने से पशु आहार की समस्या खत्म हुई है इस लिये कृषक भाइयों से अपील है कि धान की पराली जलाने के बजाय गौशालाओं में दान कर दें जिससे गौ सरंक्षण को बल मिलेगा।

उप कृषि निदेशक द्वारा कृषकों को भ्रमण में फार्मिंग सिस्टम के बारे में बताते हुए उद्यानी करण, वनीकरण मसाला खेती की तकनीकि विधि, अच्छी देशी ब्रीड की साहीवाल थार पारकर गिरि गाय के रख रखाव व व्यवस्था के बारे में विस्तृत जानकारी दी साथ ही बिना उर्वरकों व कीट नाशकों के प्रयोग से एवं जैविक खादों द्वारा बोई गई रबी फ्सलों के खेतों में खड़ी फ्सलों को दिखाया एवं गौमूत्र, गाय गोबर व गुड़ इत्यादि से जीवामृत बनाने की विधि का भी प्रदर्शन दिखाया व उसके प्रयोग से खेत की उर्वरता व प्राप्त उपज की गुणवक्ता के बारे में विस्तृत चर्चा करते हुए विक्री मूल्य दो गुने से भी अधिक बताया जिससे कृषक भाइयों को कम लागत में अधिक से अधिक उत्पादन प्राप्त हो सकें।

सुनील कुमार सिंह विषय वस्तु विशेषज्ञ ने गौ पालन गायों की स्वास्थ्य की देखभाल हेतु मिनरल मिक्कर खिलाकर गर्वित होने की समस्या का निदान एवं डीवार्मिंग द्वारा पेट से कीडे साफ करने व कैल्शियम व हरा चारा खलियों के खिलाने से अच्छे स्वास्थ्य व दुग्ध उत्पादन में बढ़ोत्तरी के बारे में जानकारी देने के साथ कम लागत में अधिक आय प्राप्त करने हेतु फ्सल उत्पादन के साथ फार्मिंग सिस्टम में फार्म पर दिखाये गये विभिन्न कार्यक्रमों शाक शब्जी फ्ल फूल मेड़ वृक्षा रोपड़ एवं विभिन्न उद्यमों व संसाधनों को अपनाने की सलाह दी।

## ट्रक ने आटो और डीसीएम को मारी टक्कर 5 लोग घायल, एक रिफर

**मौदहा( हमीरपुर )।** कबरई से कानपुर की ओर जा रहे ट्रक ने ऑटो को टक्कर मार दी जिसमे पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए और डीसीएम का ड्राइवर की हालत गंभीर होने के चलते महोबा जिला अस्पताल के लिए रिफ्र कर दिया गया कबरई से कानपुर की ओर जा रहे अनियंत्रित ट्रक ने पहले भमई गांव के ऑटो जो बड़े चौराहा स्थित राशि पेट्रोल पंप में डीजल भरा कर लौट रहा था उसे ट्रक ने पीछे से टक्कर वह आगे डीसीएम को भी टक्कर मार दी जो महोबा की ओर जा रहा था ऑटो में बैठे चंद्रशेखर निवासी भमई चंदन निवासी भमई डीसीएम ड्राइवर गुरेंटी पुत्र मुमताज निवासी महोबा व उसके डीसीएम में बैठे वीरेंद्र पुत्र विदुर निवासी खंडेह और उसका साथी दयाशंकर पुत्र वंशीधर निवासी खंदेह भी गंभीर रूप से घायल हो गए राहगीरों की मदद से बड़ी मशक्कत के बाद डीसीएम में फंसे ड्राइवर व उसके साथियों को निकाला गया।

# डीएम के निरीक्षण में आरटीओ कार्यालय में सब ठीक ठाक मिला, धान क्रय केंद्र का उद्घाटन किया

## ● डीडीओ के निरीक्षण में आरईएस एक्शियन समेत कई अधिकारी मिले गैर हाजिर

संबाददाता। हमीरपुर



आरईएस कार्यालय का निरीक्षण करते डीडीओ

**सीडीओ** के आदेशानुसार आज जिला विकास अधिकारी विकास मिश्रा ने विकास भवन स्थित कई कार्योलयों का निरीक्षण किया जिसमे कृषि रक्षा कार्यालय में सत्येंद्र व सुरेंद्र लिपिक गैर हाजिर पाये गये। इसी प्रकार आरईएएस में एक्शियन दिनेश सिंह व जेई राजेश यादव, अनूप कुमा जेई, महेश कुमार गैरहाजिर अनुपस्थित पाये गये। टीईसी कार्यालय में ताला बंद पाया गया जिलाधिकारी डॉ ज्ञानेश्वर त्रिपाठी ने कुछेछा स्थित एआरटीओ कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने ड्राइविंग लाइसेंस के प्रकरणों की पेंडेंसी देखी जिसमे कोई भी प्रकरण पेंडिंग नहीं पाया गया। इस मौके पर जिलाधिकारी ने विभिन्न पटलों का निरीक्षण कर जरूरी अभिलेख तथा साफ्-सफ्ई की व्यवस्था देखी तथा इस संबंध में संबंधित अधिकारियोंध् कर्मचारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। कार्यालय में साफ सफ्ई की व्यवस्था ठीक ना पाए जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए बेहतर ढंग से साफ सफ्ई कराने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी डॉ ज्ञानेश्वर त्रिपाठी ने सुमेरपुर पहुंचकर सुमेरपुर मंडी स्थल में धान क्रय केंद्र का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस मौके पर जिलाधिकारी ने क्रय केंद्र में बोरे, कांटे, छन्ना,पंखा, नमी मापक यंत्र, लैपटाप सहित अन्य जरूरी अभिलेखों का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि क्रय केंद्र पर कृषकों को बैठने हेतु तथा ऑनलाइन पंजीकरण की व्यवस्था रखी जाए ताकि किसानों को अनावश्यक परेशान ना होना पड़े। उन्होंने कहा की धान खरीद क्रम के अनुसार ही किया जाए। इस दौरान धान क्रय केंद्र में नेवादा के कृषक लवलेश कुमार का 25 कुंटल धान क्रय किया गया। जिलाधिकारी ने सभी कृषकों का 72 घंटे के अंदर भुगतान करने के निर्देश दिए।

# आरएम को रंगे हाथों घूस लेते एंटी करप्शन टीम ने दबोचा



**बांदा।** बांदा में रामराज्य स्थापित करने की दिशा में एक प्रदेश सरकार का नया प्रयास एंटी करप्शन की 7 सदस्यी टीम ने परिवहन निगम चित्रकूट मंडल के आर एम क्षेत्रीय प्रबंधक राजीव अग्रवाल को भ्रष्टाचार में लिप्त रंगे हाथों संविदा कर्मियों और रेगुलर कर्मचारियों के कार्य को करने हेतु 10000 ले रहे थे दौरान टीम ने नोटों में पाउडर लगाकर पीड़ित को भेजा पीड़ित ने 10000 बतौर रिश्वत राजीव अग्रवाल को दिया राजीव अग्रवाल ने जैसे ही पैसे को हाथ लगाया एंटी करप्शन की टीम ने उन्हें दबोच लिया और पीटते हुए कोतवाली नगर ले आई। 7 सदस्य टीम के एंटी करप्शन प्रमुख अपने बयान पर बताया बांदा रोडवेज के रमेश वर्मा वरिष्ठ लिपिक ने एक शिकायती पत्र दिया था। राजीव अग्रवाल वेतन विसंगतियों को ठीक करने के लिए 15000 की मांग की काफी आरजू मेहनत के बाद आरएम बांदा 10000 में करने को तैयार हो गए और इनका 24 तारीख को देना तय हुआ। लखनऊ से 7 सदस्य टीम का गठन किया गया और डीएम के माध्यम से हमने पूरी तैयारी के साथ इनको 10000 देने को भेजा जैसे राजीव अग्रवाल ने पैसे लिया इनको रंगे हाथों टीम ने दबोचा और इनको थाना कोतवाली बांदा के लॉकअप में बंद कर दिया। सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करके उन्हें जेल भेज दिया जाएगा।

# गैरहाजिर अधिकारी-कर्मचारियों के खिलाफ होगी कार्यवाहीः डीएम



बीएसए कार्यालय में औचक निरीक्षण करते डीएम।

**चित्रकूट।** डीएम शेषमणि पाण्डेय ने जिला स्तरीय विभिन्न कार्यालयों का अधिकारियों से औचक निरीक्षण कराकर खुद भी निरीक्षण किया। गैरहाजिर अधिकारियों से जवाब-तलब करने व अधिकारी-कर्मचारियों के खिलाफ आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिये। डीएम ने खुद जिला बेसिक शिक्षाधिकारी कार्यालय व सती अनुसुइया प्राथमिक विद्यालय नगर के औचक निरीक्षण में बीएसए कार्यालय में वरिष्ठ सहायक दयाशंकर शुक्ला, राकेश कुमार श्रीवास्तव, आकस्मिक अवकाश, लवलेश कुमार पाण्डेय, प्रशान्त द्विवेदी, दानिशराज द्विवेदी गैरहाजिर मिले। सती अनुसुइया विद्यालय के निरीक्षण में प्रधानाध्यापक श्रीमती शुभ्रा सक्सेना से शिक्षकों के बारे में पूंछा। उन्होंने बताया कि शिक्षामित्र स्मृता कुमारी अवकाश पर हैं। एक शिक्षामित्र गैरहाजिर है। प्रधानाध्यापक को निर्देश दिये कि अवकाश रजिस्टर बनाकर शिक्षकों के अवकाश में जाने पर दर्ज किया जाये।

सीडीओ अमित आसेरी ने विकास भवन स्थित जिला युवा कल्याण, डीपीआरओ कार्यालय, पिछड़ा वर्ग कल्याण, जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय आदि का निरीक्षण कर कार्यालय में राजेश मिश्रा, राशिद अली, वन्दना, सितम्बर 2020 से लगातार गैरहाजिर हैं। उपस्थित पंजिका में कोई उल्लेख नहीं है। नरेन्द्र तिवारी 21 नवम्बर से गैरहाजिर हैं। इनके बारे में भी कोई उल्लेख नहीं मिला। चतुर्थ श्रेणी कर्मी आनन्द कुमार, रामवरन यादव, राजेश कुमार, संविदा कर्मी नवाब अहमद, 18 नवम्बर से गैरहाजिर हैं। उमाशंकर सिंह, राजकुमार, प्रदीप कुमार, मो फरुक गैरहाजिर मिले। विभिन्न कार्यालयों में चेक करने गये अधिकारियों को अधिकारी-कर्मचारी गैरहाजिर मिले। आख्या डीएम को दी गई। जिलाधिकारी ने सख्त चेतावनी देते हुए गैरहाजिर अधिकारियों-कर्मचारियों से जवाब-तलब कर उनके खिलाफ कार्यवाही के निर्देश दिये। कार्यालय में समय से मौजूद न रहने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्देश दिये हैं कि जनसमस्याओं का त्वरित निस्तारण करायें।

## स्कूल में गोष्ठी कर बच्चों को बताये यातायात नियम

**चित्रकूट।** यातायात माह जागरूकता को जारी अभियान के क्रम में सेंटथामस स्कूल में यातायात पुलिस व परिवहन विभाग ने संयुक्त रुप से बच्चों को एकत्र कर गोष्ठी की। गोष्ठी में यातायात के नियमों को बच्चों को बताकर जागरूक किया गया। मंगलवार को सीओ यातायात रजनीश यादव, एआरटीओ सुरेशचन्द्र यादव, सीएमओ डॉ विनोद कुमार यादव, यातायात प्रभारी, घनश्याम पाण्डेय, टीएसआई योगेश यादव ने सेंटथामस स्कूल व ज्ञान भारती स्कूल के बच्चों को एकत्र कर यातायात नियमों के बारे में बताया। एआरटीओ सुरेशचन्द्र यादव ने बच्चों को जागरूक किया। यातायात नियम व कोरोना से बचाव के उपाय बताये। महिला सशक्तिकरण के बारे में भी स्कूल के बच्चों को जागरूक किया गया। एंटी रोमियो टीम ने बनकट, बंधोइन, शंकर बाजार, थाना मऊ के मुख्य चौराहों में छात्राओं व महिलाओं को वूमेन पावर लाइन, महिला हेल्पलाइन, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, पुलिस आपातकालीन सेवा, एम्बुलेंस सेवा, चाइल्ड हेल्पलाइन, स्वास्थ्य सेवा तथा अपने-अपने थानों के सीजूयी नम्बर के बारे में जानकारी दी।

# सांसद ने एमएलसी चुनाव में सफलता के लिए तय की रणनीति

## ● कार्यकर्ता चुनाव की अंतिम तैयारियों में जीजान से जुटेंः सुब्रत पाठक

संवाददाता। गुरसहायगंज (कन्नौज)



बैठक के दौरान बोलते सांसद सुब्रत पाठक।

**सांसद** सुब्रत पाठक ने कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों के साथ एमएलसी चुनाव के संबंध में बैठक कर रणनीति तय की। इस दौरान उन्होनें कहा कि कायकर्ता एमएलसी चुनाव की अंतिम तैयारियों में जीजान से जुट कर भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करनें के लिये स्नातक मतदाताओं को प्रेरित करें।

मंगलवार को स्थानीय निरीक्षण भवन में भाजपा सांसद सुब्रत पाठक ने कार्यकर्ताओं के साथ एमएलसी चुनाव में सफ्लता को लेकर रणनीति तय करने के उपरांत कहा कि कार्यकर्ता आपसी गिले-शिकवे भुला कर एकजुट होकर भाजपा एमएलसी प्रत्याशी को जीत दिलाने के लिए स्नातक मतदाताओं को केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों और जन कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराकर जागरुक करने का कार्य करें। कहा कि भाजपा सरकार सभी वर्गो के लोगों के हितों की रक्षा व उत्थान के लिए संकल्पित है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष जीतू तिवारी नें कहा कि कार्यकर्ता मतदाताओं से सम्पर्क कर प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करनें की अपील करें। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता राम कुमार पाठक, रामवीर कठेरिया, सहकारी समिति के अध्यक्ष मयंक गुप्ता, भाजपा पिछडा मोर्चा के क्षेत्रीय मंत्री विनय वर्मा, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष राजीव ठाकुर, भाजयुमों नगर अध्यक्ष दीपक गुप्ता, संजय तिवारी, विलियम त्रिपाठी, राज गिहार सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## हमारा स्वास्थ्य प्रकति की ओर से दी गई अमूल्य निधि हैः सुब्रत पाठक

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** हमारा स्वास्थ्य प्रकृति की ओर से दी गई अमूल्य निधि है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है। सशक्त राष्ट्र के निर्माण के लिए युवाओं का शरीर स्वस्थ होना बेहद जरूरी है। जब देश के युवाओं का शरीर स्वस्थ होगा तो बीमारियों से लड़ने की प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ेगी। युवा देश का भविष्य हैं आगे चलकर यही युवा देश की बागडोर संभालेंगे। यह बात मंगलवार को नगर के तिर्वा रोड पर सांसद सुब्रत पाठक ने एटी फ्टिनेस जिम का फीता काटकर उद्घाटन करने के उपरांत कहीं। कहा कि स्वस्थ शरीर के प्रति युवा ही नहीं किशोर व अन्य आयु वर्ग के लोगों में व्यायाम के प्रति जागरूकता बढ़ी है। कहा कि युवा शक्ति व जोश के आगे विघटनकारी शक्तियां नहीं टिक सकेंगी जिससे देश व प्रदेश में खुशहाली का वातावरण बनेगा। इससे पूर्व कार्यक्रम के आयोजकों अतुल त्रिपाठी ने सांसद को प्रतीक चिन्ह देकर फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया।

# प्रथम चरण के मतदान कार्मिकों का प्रशिक्षण

**● गोरखपुर-फैजाबाद खंड विधान परिषद शिक्षक निर्वाचन की प्रक्रिया शुरू**

संवाददाता। सुलतानपुर



**गोरखपुर**-फैजाबाद खंड विधान परिषद शिक्षक निर्वाचन को सकुशल संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने कमर कस ली है। मंगलवार को डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी रवीश गुप्ता के नेतृत्व में प्रथम चरण के मतदान कार्मिको को प्रशिक्षित किया गया। विकास भवन के प्रेरणा सभागार में आयोजित प्रशिक्षण में मतदान कार्मिकों, जोनल मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, माइक्रो आब्जर्वर ने हिस्सा लिया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी मतदान कार्मिकोंध्जोनल मजिस्ट्रेटोंध् स्टेटिक मजिस्ट्रेटोंध्माइक्रो आब्जर्वर को निर्देशित किया कि गोरखपुर-फैजाबाद खण्ड विधान परिषद शिक्षक निर्वाचन-2020 को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु आज प्रशिक्षण आप लोगों को दिया जा रहा है। उन्होंने समस्त नियुक्त मतदान कार्मिकों को निर्देशित किया कि शांतिपूर्ण मतदान करायें एवं निष्पक्षतापूर्ण मतदान प्रक्रिया को संचालित कराया जाय। मुख्य विकास ने मतदान स्थल में प्रवेश करने वाले व्यक्तियों के विषय में विस्तार से चर्चा की। मतदान में प्रयोग होने वाले बैगनी रंग पेन से ही मतदाता द्वारा प्रयोग करने और वरीयता अंकन को रोमन अंकों में करने के लिये बताया और कहा कि शब्दों में न लिखें। जिला विकास अधिकारी सहायक प्रभारी कार्मिक प्रशिक्षण ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951, निर्वाचनों का संचालन 1961 व मतदान प्रक्रिया पर चर्चा की। डीटीओ द्वारा निर्वाचन सामग्री, पार्टी रवानगी, मतदान केन्द्र पर मतदान की व्यवस्था, मतदान अभिकर्ता के नियुक्ति के विषय में विस्तार से प्रशिक्षण दिया और जिला प्रशिक्षण अधिकारी ने पॉवर प्वांइट बनाकर प्रोजेक्टर के माध्यम से मतदान प्रक्रिया को समझाया। मास्टर ट्रेनर सत्यदेव पाण्डेय ने मतदान अधिकारियों के कार्य और दायित्व के विषय में विस्तार से चर्चा की। मास्टर ट्रेनर सुनील कुमार सिंह ने मत पत्र लेखा और विभिन्न लिफाफों के विषय में विस्तार से चर्चा की। धवल प्रकाश तिवारी व राम किशोंर द्वारा मत पेटिका की शीलिंग प्रक्रिया के विषय में विस्तार से बताया। द्वितीय चरण में जोनल मजिस्ट्रेट स्टेटिक मजिस्ट्रेट माइक्रो आब्जर्वर को उनके कार्य एवं दायित्व के विषय में विस्तार से प्रशिक्षण देकर समझाया गया। प्रशिक्षण की पूरी व्यवस्था डॉ.जर्नादन राय द्वारा की गयी। सीडीओ अतुल वत्स, एडीएम हर्षदेव पांडेय, डीडीओ डॉ.डीआर विश्वकर्मा, जिला प्रशिक्षण अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# खाकी ने ढूंढ निकाला वृद्ध का एक लाख बीस हजार रुपया

संवाददाता। सुलतानपुर

**जयसिंहपुर** कोतवाली क्षेत्र के सेमरी बाजार पुलिस चौकी की मित्र पुलिस ने एक बुजुर्ग का गायब हुआ एक लाख बीस हजार रुपया ढूंढकर बुजुर्ग के सुपुर्द किया। बुजुर्ग अपना गायब हुआ रुपया पाकर मित्र पुलिस की सराहना करते हुए धन्यवाद दिया।

कोतवाली क्षेत्र के महमूदपुर संकड़िया निवासी सीताराम गुप्ता (65) काफी दिनों से अनाज की छोटी मोटी खरीददारी कर अपना जीवन यापन कर रहे थे। उससे जो पैसा बचता था वह धीरे धीरे घर पर इकट्ठा कर रहे थे। मंगलवार की सुबह सीताराम गुप्ता ने सेमरी बाजार पुकिस चौकी पर तहरीर दी कि मेरा एक लाख बीस हजार घर मे रखा पैसा गयाब हो गया है। पुलिस गायब हुए पैसे की छानबीन की तो पता चला कि बुजुर्ग सीताराम अपना पैसा अनाज के ढेर में रखते थे। सेमरी बाजार पुलिस चौकी के इंचार्ज उमाकांत शुक्ला मय पुलिस स्टाप के साथ उनके घर जाकर काफी खोजबीन की किंतु जब पैसा नहीं मिला तो वह स्टॉप के साथ अनाज के ढेर को पलटना शुरू किया तो उसमें रखा एक लाख बीस हजार रुपया मिल गया। चौकी इंचार्ज ने मिले हुए रुपये को बुजुर्ग सीताराम गुप्ता को उनके सुपर्द कर दिया। बुजुर्ग सीताराम ने अपना गायब हुए रुपया पाकर बहुत प्रसन्न हुए और उन्होंने ने मित्र पुलिस की सराहना करते हुए बहुत बहुत धन्यवाद दिया।

**पुलिस गिरफ्त में आया पच्चीस हजार का इनामिया बदमाश :** सुलतानपुर। पच्चीस हजार के इनामिया बदमाश को पुलिस ने धर दबोचा। पुलिस ने उसके पास से चोरी की मोटर साइकिल एवं देशी तमंचा भी बरामद किया है। वहीं लम्भुआ पुलिस ने भी वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है।

## क्विक न्यूज

### नौ साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म

**श्रावस्ती।** भिनगा कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत एक नौ साल की नाबालिक लड़की के साथ गांव के ही एक युवक ने रेप की घटना को अंजाम दिया है। खून से लथपथ नाबालिग को इलाज के लिए संयुक्त जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। जहां उसका इलाज चल रहा है।फिलहाल पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है।दरअसल श्रावस्ती जिले के भिनगा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासिनी एक 9 साल की एक नाबालिक लड़की सोमवार शाम अपने खेत के पास लकड़ी बीनने गई थी। जहां नाबालिक को अकेला देख गांव के ही एक युवक ने उसके साथ रेप की घिनौनी घटना को अंजाम दे डाला। और मौके से फरार हो गया। खून से लथपथ नाबालिग किसी तरह घर पहुंची। जिसे देख परिजन हैरान रह गए। आनन फानन में नाबालिक को संयुक्त जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। जिसकी हालत अभी भी नाजुक बनी हुई है। फिलहाल पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफमुकदमा दर्जकर उसे 12 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया है। वहीं घटना के बाद से इलाके में सनसनी फैल गई है।एहतियातन गांव में पुलिस भी तैनात की गई है।इस संबंध में पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए कई टीमें लगाई गई थी। 12 घण्टे के अंदर ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। जिसे जेल भेज दिया गया है।

### एसपी के ससुर का हुआ अंतिम संस्कार

**रायबरेली।** जिले के एसपी श्लोक कुमार के ससुर का अंतिम संस्कार आज डलमऊ के श्मशान घाट पर किया गया रायबरेली जिले के एसपी श्लोक कुमार के ससुर डीपी सिंह उम्र लगभग 75 वर्ष का लंबी बीमारी के बाद 23 .11. 2020 को निधन हो गया था वह कई दिनों से एसपी आवास में ही रह रहे थे। बताते चलें कि एसपी श्लोक कुमार के ससुर बिहार के मुजफ्फरपुर इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आम आई टी ) मैं मैकेनिकल विभाग के विभागा अध्यक्ष पद से रिटायर हुए थे जिन का अंतिम संस्कार आज डलमऊ के श्मशान घाट में किया गया दाह संस्कार में शामिल होने के लिए रायबरेली जिले के आला अधिकारी एवं विधान परिषद सदस्य दिनेश प्रताप सिंह एवं नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश श्रीवास्तव नगर पंचायत अध्यक्ष ब्रिजेश दत्त गौड़ कौशलेंद्र डीएफओ रायबरेली व सी ओ सिटी शहर कोतवाल अतुल सिंह समेत सभी विभागीय लोग एवंअन्य अधिकारी मौजूद रहे

### जानलेवा हमले का आरोप

**लालगंज रायबरेली।** मलपुरा ग्राम प्रधान से मारपीट के मामले में पुलिस ने दोनो पक्षो की तहरीर पर एनसीआर दर्ज कर ली है। वही प्रधान ने पुलिस पर आरोपियों को बचाने का आरोप लगाते हुए आंदोलन की चेतावनी दी है। उल्लेखनीय है कि मलपुरा गांव बन रहे आंगनबाडी केंद्र की जांच करने पहुचे जेई के सामने ही कुछ लोगो ने प्रधान पर हमला बोल दिया। जिसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गये। प्रधान का आरोप है कि उन्होने पुलिस को दिये गये शिकायती पत्र में जानलेवा हमले का आरोप लगाया था लेकिन पुलिस ने मामूली धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियो को बचाने का कार्य कर रही है। वही मामले में प्रधान संघ ने जल्द ही आरोपियो पर कार्रवाई न होने के दशा में आदोलन के लिये रणनीति तैयार कर रहा है। कोतवाल अरूण कुमार सिंह ने बताया कि प्रधान की तहरीर पर आरोपी विपिन कुमार पाण्डेय समेंत अन्य लोगो के खिलाफमुकदमा दर्ज किया गया है। वही दूसरे पक्ष की ओर से भी तहरीर के अनुसार मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

### एसडीएम को सौंपा गया ज्ञापन

**लंभुआ सुलतानपुर।** भारतीय किसान यूनियन हिंद गुट के जिलाध्यक्ष गिरीश पांडेय के नेतृत्व में किसानों का प्रतिनिधिमंडल उप जिलाधिकारी लंभुआ से मिला। डीएम को संबोधित ज्ञापन सौंपकर बताया कि जब तक धरना प्रदर्शन चल रहा था तभी तक नेशनल हाईवे लंभुआ बाजार मार्ग की मरम्मत का कार्य भी जारी था। धरना प्रदर्शन समाप्त होते ही कार्य ठप कर दिया गया है। संगठन द्वारा जिलाधिकारी के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपते हुए चेतावनी भी दी कि यदि 10 दिसंबर तक संपूर्ण मामलों पर संतोषजनक कार्यवाही नहीं होती तो संगठन को बाध्य होकर पुनः धरना प्रदर्शन एवं आंदोलन की शुरुआत करनी होगी जो नए तहसील प्रांगण में यह नेशनल हाईवे मार्ग पर किया जाएगा। इस आंदोलन को यह माना जाएगा कि शासन प्रशासन द्वारा संगठन के किसान नेताओं व क्षेत्र के किसानों को जानबूझकर आंदोलन करने हेतु प्रेरित किया गया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश प्रभात कुमार सिंह मंडल अध्यक्ष अयोध्या आनंद प्रताप सिंह, गणेश पांडेय, संदीप पांडेय, विकास सिंह, अमर सिंह, संदीप सिंह, शंभू यादव, फिरोज, विदेशी, अमित सिंह आदि मौजूद रहे।

### नवनियुक्त क्षेत्रीय पदाधिकारियों ने लिया आशीर्वाद

**सुलतानपुर।** भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ आरए. वर्मा की अगुवाई में आज नवनियुक्त क्षेत्रीय पदाधिकारियों उपाध्यक्ष संतबख्श सिंह चुन्नू, महामंत्री सुशील त्रिपाठी एवं क्षेत्रीय मंत्री बबिता तिवारी ने बिजेथुआ महावीरन जाकर बजरंगबली का आशीर्वाद लिया। कादीपुर के पटेल चौक पर भाजपा जिला अध्यक्ष सहित क्षेत्रीय पदाधिकारियों ने सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के स्वागत से अभिभूत जिला अध्यक्ष व क्षेत्रीय पदाधिकारियों ने कहा संगठन को बूथ तक मजबूत करना व कार्यकर्ताओं का सम्मान हमारी प्राथमिकताओं में होगा। भाजपा प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी ने जानकारी दी कि आज जिला अध्यक्ष डॉ आरए. वर्मा की अगुवाई में क्षेत्रीय महामंत्री सुशील त्रिपाठी, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष संतबख्श सिंह चुन्नू एवं क्षेत्रीय मंत्री बबिता तिवारी का काफिला जब सुलतानपुर से निकला तो टेढ़ुअई, बाईपास, हयातनगर सहित 1 दर्जन से अधिक स्थानों पर पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया।

### संभावित ठंड के दृष्टिगत ग्यारह रैन बसेरे सक्रिय

**गोंडा।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल के निर्देश पर संभावित ठण्ड से बचाव के दृष्टिगत 11 रैन बसेरों को स्थापित कर सक्रिय कर दिए गया हैं। डीएम डा0 बंसल ने बताया कि स्थापित रैन बसेरों में 01 रैन बसेरा जिला अस्पताल, 01 महिला अस्पताल, 02 कस्बा करनैलगंज, 01 कस्बा नवाबगंज, 01 तहसील करनैलगंज, 01 मनकापुर, 01 तरबगंज, 01 खरगूपुर, 01 रेलवे स्टेशन गोण्डा, 01 रोडवेज बस स्टाप गोण्डा तथा डूडा विभाग संचालित 01 रैन बसेरा आश्रय गृह में संचालित किया जा रहा है। सभी रैन बसेरों की जिओ टैगिंग कराई गई है तथा कोई भी व्यक्ति गूगल के सहयोग से रैन बसेरे तक आसानी से पहुंच सकता है। जिलाधिकारी ने बताया कि रैन बसेरों में कोविड-19 प्रोटोकॉल का ध्यान रखते हुए सभी प्रबन्ध कराए गए हैं। इसके साथ ही सभी उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपनी-अपनी तहसीलों के प्रमुख स्थलों को अभी चिन्हांकित कर लें ताकि सर्दी के समय रैन बसेरे के साथ ही अलाव आदि का प्रबन्ध समय से कराया जा सके। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि रैन बसेरों में रूकने वाले कमजोर लोगों को ठण्ड से बचाने के लिए गद्दे, कम्बल, स्वच्छ पेयजल, शौचालय एवं किचन आदि की व्यवस्था कराई जाय। कोविड-19 के दृष्टिगत रैन बसेरों में सोशल डिस्टेसिंग का अनुपालन कराते हुए प्रत्येक दिन सैनेटाइज कराया जाये। उन्होंने इस बावत मुख्य चिकित्साधिकारी, नगर मजिस्टेड्ट, समस्त उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, नगर निकाय एवं जिला पूर्ति अधिकारी, अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देश जारी किया है।

### बेपटरी हुई शिक्षा व्यवस्था,विद्यालों से गायब मिले शिक्षक

**शिवगढ़ ( रायबरेली )** शिवगढ़ क्षेत्र में परिषदीय विद्यालयों की शिक्षा व्यवस्था बेपटरी हो चुकी है। मंगलवार को प्राथमिक विद्यालय गोविंदपुर में प्रधानाध्यापक और शिक्षामित्र नदारद रही। मंगलवार को अपरान्ह 1 बजकर 33 मिनट पर प्राथमिक विद्यालय गोविंदपुर में सिर्फ सहायक अध्यापक बेचालाल मौजूद मिले। बेचालाल ने बताया कि प्रधानाध्यापक मनीष सिंह अवकाश पर हैं, वहीं शिक्षामित्र जयन्ती देवी दवा लेने गई हैं।

# गोविंद हॉस्पिटल मे लगा ताला, संचालक फरार

**● सीएमओ ने दिए आदेश एसीएमओ कर रहे जांच**

संवाददाता। बछरावां रायबरेली

**बीते** शनिवार को गोविंद हॉस्पिटल में एक महिला की जान लापरवाही से चले जाने के बाद बछरावां थाने में परिवार ने तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था उसी के बाद संचालक एवं गोविंद हॉस्पिटल में काम कर रहे स्टॉप मौके से अस्पताल में ताला बंद कर फरार हो गए है सीएमओ रायबरेली ने जांच के आदेश दिए हैं मंगलवार शाम एसीएमओ खालिद अंसारी जांच के लिए बछरावां पहुंचे जहां पर खबर लिखने तक जांच परिजनों से पूछताछ की जा रही थी अब देखना यह होगा कि जांच के बाद कार्रवाई कहां तक होती है या फिर जांच में यूं ही मामला रफा-दफा किया जाएगा और बछरावां पुलिस के हाथ भी अभी गोविंद हॉस्पिटल के संचालक सीएल वर्मा सहित स्टाफ में मौजूद लोगों से काफी दूर नजर आ रहे हैं कोई गिरफ्तारी बछरावां पुलिस द्वारा नहीं हो पाई है बताया जाता है कि गोविंद हॉस्पिटल के संचालक शिव बरन सिंह सहित तीन लोगों के साथ बराबर की हिस्सेदारी में संचालित हो रहा था अब मौके से सभी लोग फरार हैं गोविंद हॉस्पिटल में ताला लगा हुआ है लेकिन अभी भी सबसे बड़ा सवाल यह है कि जो मृतक महिला सरिता तिवारी के पति योगेश तिवारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां में तैनात महिला डॉक्टर उमा कैशर के आरोप ऊपर लगाए थे उनकी भी जांच होगी या नहीं उनके ऊपर क्या कार्रवाई होती है यह तो देखने वाली बात होगी क्योंकि परिजनों द्वारा जो आरोप लगाए गए उस में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात उमा कैशर मरीज के साथ प्राइवेट हॉस्पिटल गोविंद हॉस्पिटल में मरीज को लेकर गई थी और ऑपरेशन के वक्त वहीं पर मौजूद या तो जांच में पता चल ही जाएगा कि सच क्या है।

## स्वर्गीय धुन्नी सिंह की पुण्यतिथि पर मनीष सिंह ने दी श्रद्धांजलि

**रायबरेली।** स्वर्गीय धुन्नी सिंह जी की पुण्यतिथि पर आज उनको याद कर एवं उनके व्यक्तित्व को स्मरण कर कांग्रेस युवा नेता मनीष सिंह ने उनको श्रद्धांजलि अर्पित की कांग्रेसी नेता मनीष सिंह ने कहा कि हमारे बाबा के दिए हुए आशीर्वाद हमारा व हमारे परिवार का लगातार समाज के कार्यों में उन्हीं की इच्छा शक्ति एवं जीवन में दिए गए मार्गदर्शन से हम लोग समाज की सेवा कर पा रहे हैं उन्होंने हमें अच्छे संस्कार और संस्कृति का सामाजिक जीवन में कदम कदम पर उनकी दी हुई शिक्षा एवं अनुभव काम आ रहा है मनीष सिंह ने कहा कि हमारे परिवार मैं अपने अपने कार्य क्षेत्र में धर्म-कर्म के कार्य हो रहे हैं वह सब कुछ स्वर्गीय बाबा धुन्नी सिंह की कृपा है।

# नाबार्ड उप महाप्रबंधक द्वारा वितरित किये गये प्रशिक्षण प्रमाण पत्र



संवाददाता। लालगंज रायबरेली

**नाबार्ड** द्वारा प्रायोजित कौषल विकास कार्यक्रम के अंतर्गत पीपल ट्री वेंचर्स प्रा0 लि0 के तत्वाधान में आज प्रषिक्षुओं को प्रषिक्षणोपरान्त राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के उप महाप्रबंधक द्वारा प्रमाणपत्र वितरित किये गये।

राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) द्वारा चलाये जा रहे रूरल मेषन के प्रषिक्षुओं को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीजीएम हिमांषु मिश्रा व विषिष्ट अतिथि डीडीएम रजनी पाण्डेय ने प्रमाण पत्र वितरित किये। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री मिश्रा ने प्रषिक्षुओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि यदि आप ऐसे ही प्रगति के रास्ते पर चलते रहे तो एकदिन सफलता मिलनी निष्चित है। कार्यक्रम के विषिष्ट अतिथि रहे श्रीमती पाण्डेय ने पीपल ट्री परिवार की सराहना करते हुए कहा कि आप की इस टीम को धन्यवाद देते है जो इस विषम परिस्थितियों में भी गुणवत्तापरक प्रषिक्षण आपके द्वारा प्रदान किया गया। संस्था के प्रबंधक अनन्त विजय सिंह ने प्रषिक्षुओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि लगन और मेहनत के साथ किया गया परिश्रम कभी व्यर्थ नही होता और कभी भी कोई काम छोटा या बड़ा नही होता हैं। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रषिक्षण गुणवत्ताधिकारी षिवचन्द्र यादव ने किया। इस मौके पर प्रोजेक्ट हेड राजू प्रजापति, नरेन्द्र वर्मा, लवकुष कुमार, धुन्नर प्रसाद, सूरज सिंह, देव यादव, अभय सहित समस्त प्रषिक्षु मौजूद रहे।

# धान क्रय में तेजी लाने के कमिश्नर ने दिए आदेश

संवाददाता। गोंडा



**आयुक्त** देवीपाटन मंडल एस.वी.एस. रंगाराव ने मंगलवार को धान क्रय केन्द्रों पर हो रही धान खरीद तथा कार्यालयों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति व दायित्व निर्वहन को परखने के लिए जनपद गोण्डा के धान क्रय केन्द्र खाद्य विपणन शाखा हलधरमऊ, सहकारी संघ लिमिटेड गौरवाखुर्द विशुनपुर यूपी कोआपरेटिव यूनियन लिमिटेड गोगिया तथा विकासखण्ड कर्नलगंज का आकस्मिक निरीक्षण कर धान क्रय में तेजी लाने तथा कार्यालयों में कर्मचारियों की समय से उपस्थिति व भ्रमण पर जाने वाले कर्मियों के सम्बन्ध में भ्रमण रजिस्टर में पूर्ण विवरण अंकित करने का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए हैं। आयुक्त ने खाद्य विभाग विपणन शाखा हलधरमऊ धान क्रय केन्द्र निरीक्षण के दौरान केन्द्र प्रभारी को निर्देशित किया कि वे किसानों से धान खरीद कर ही मिलों को भेजें, यदि सीधे मिल को धान भेजे जाने की शिकायत प्राप्त हुई तो मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने केन्द्र पर सार्वजनिक शिकायत पंजिका रखे जाने, सभी द्वारा मास्क लगाकर कार्य किए जाने तथा केन्द्र पर धान क्रय किए जाने के सम्बन्ध में व्यापक प्रचार-प्रसार के भी निर्देश दिए हैं। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि केन्द्र पर 01 हजार मीटरिक टन धान क्रय के लक्ष्य के सापेक्ष अभी तक 14 किसानों से मात्र 66.16 मीटरिक टन धान की खरीददारी हुई है जिसमें 20 मीटरिक टन मिल को भेजा गया है और लगभग 46 मीटरिक टन भेजा जाना शेष है। इस पर आयुक्त ने धान क्रय केन्द्र में और तेजी लाने तथा किसानों का भुगतान निर्धारित समय सीमा के अन्दर कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने धान के गोदाम का भी निरीक्षण किया।

आयुक्त द्वारा सहकारी संघ लिमिटेड गौरवा खुर्द बिशुनपुर धान क्रय केन्द्र पर आकस्मिक निरीक्षण के दौरान पाया गया कि अभी तक निर्धारित लक्ष्य 5000 कुन्तल के सापेक्ष मात्र 335.60 कुन्तल धान की खरीद कुल 11 किसानों से की गई है, जिसमें 23 नवम्बर से पूर्व की खरीद का भुगतान किया जा चुका है। आयुक्त को बताया गया कि यह धान क्रय केन्द्र देर से प्रारम्भ हुआ है। आयुक्त ने क्षेत्रीय किसान शिव बहादुर सिंह पुत्र अवध नरायन सिंह जिनका धान केन्द्र पर तौला जा रहा था, उनसे इस सम्बन्ध में विस्तृत पूछताछ की। इस केन्द्र से खरीदा गया धान अभी तक मिलों को नहीं भेजा गया जबकि मिल से अनुबन्ध हो चुका है। बैंक गारन्टी इस सप्ताह में दे दिए जाने की बात संज्ञान में लाए जाने पर आयुक्त ने डिप्टी आरएमओ श्रीमती प्रज्ञा मिश्रा को निर्देशित किया कि वे पूरे क्षेत्र में बैंक गारन्टी के कार्य को पूरा करा दें। निरीक्षण के दौरान निर्धारित लक्ष्य 50 मीटरिक टन के सापेक्ष 12 किसानों से मात्र 440 कुन्तल खरीद हो पाई है।

# पुराने दस्तावेजों की वीडिंग कार्य में लाएं तेजी: डीएम

संवाददाता। गोंडा

**जिलाधिकारी** के निर्देश पर विकास भवन, जनपद की चारों तहसीलों, नगर मजिस्ट्रेट कार्यालय, जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय सहित अन्य सरकारी दफ्तरों में अधिकारियों-कर्मचारियों की समय से उपस्थिति चेक करने के लिए सुबह दस बजे औचक निरीक्षण किया गया। स्वयं जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट स्थित संयुक्त कार्यालय व प्रशासनिक भवन का औचक निरीक्षण किया। जिसमें 04 कर्मचारी अवकाश पर मिले तथा शेष सभी कर्मी अपने-अपने पटलों पर समय से उपस्थित मिले।वहीं विकास भवन में सीडीओ शशांक त्रिपाठी ने विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया तथा सदर तहसील में एसडीएम कुलदीप सिंह, तरबगंज में एसडीएम राजेश कुमार, करनैलगंज में ज्ञानचन्द्र गुप्ता, मनकापुर में एसडीएम हीरालाल यादव ने औचक निरीक्षण कर कर्मचारियों की उपस्थिति का जायजा लिया तथा जिलाधिकारी को रिपोर्ट उपलब्ध भेजी। जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि दफ्तरों में कर्मचारियों की उपस्थिति समय से न पाए जाने पर कर्मचारी के खिलाफ कार्यवाही के साथ ही सम्बन्धित विभागाध्यक्ष के खिलाफ भी शिथिल पर्यवेक्षण मानते हुए कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक दशा में यह सुनिश्चित किया जाय कि सभी कर्मचारी समय से अपने-अपने पटल पर उपस्थित रहें तथा अपने दायित्वों का सुचारू रूप से निर्वहन करें।कलेक्ट्रेट में निरीक्षण के दौरान जिलाधिकरी ने अभिलेखों की पड़ताल की तथा वीडिंग कार्य और अधिक तेजी से कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि अभियान चलाकर वीडिंग की कार्यवाही कराई जाये।

# आर्थिक तंगी के चलते भारत की तरफ पलायन करने को मजबूर नेपाली नागरिक



संवाददाता। श्रावस्ती

**जमुनहा** पड़ोसी देश नेपाल में इन दिनों आर्थिक तंगी के चलते भुखमरी के कगार पर पहुच चुके नेपाली नागरिक इन दिनों भारत के महानगरों की तरफ रुख करने को मजबूर है। आर्थिक बदहाली के चलते नेपाली नागरिको का पलायन शुरु हो चुका है तीन दिन के भीतर नरैना पुर नेपाल के रास्ते से हुलास पुरवा गाँव के बगल से ककरदरी घाट पर नाव से उतर कर जमुनहा बस स्टैंड से सैकड़ों नेपाली नागरिक मुंबई के लिए रवाना हुए है जिसमे छोटे बच्चो को लेकर युवक अपने परिवार के साथ भारतीये शहरों में रोजी रोटी के लिए जा रहे हैं। वही जानकारी लेने पर इन लोगो ने बताया कि नेपाल में रोजगार न होने के कारण हमें भारत में शरण लेना पड़ता है जिससे हमारे परिवार का गुजारा चलता है मौके पर लगभग 20 नेपाली नागरिक जमुनहा बस स्टैंड पर बस का इंतज़ार करते हुए मिले जिसमे कृष्ण प्रसाद पुत्र चेतबहादुर संदीप गुरूं पुत्र लाल बहादुर गुरुन राजन विका पुत्र राजू विका करण विका पुत्र कविराज विका सुशील राणा मगर एम बहादुर विमल विका टोप बहादुर विका सुमित पुत्र खड़क भादुर 20 वर्ष राकेश पुत्र गोम बहादुर 19 वर्ष नीरज पुत्र लाल बहादुर 22 वर्ष विष्णु पत्नी संतोष 45 वर्ष सुदीप पुत्र संतोष 11 वर्ष सागर पुत्र संतोष 14 वर्ष फिल्माया पुत्री संतोष 18 वर्ष सिब्राज गोस्ल पुत्र उदय बहादुर 25 वर्ष उजाली पत्नी चेतभादुर दौलत पुर के लोग मौजूद मिले।

# बीएसए कार्यालय का डीएम ने किया निरीक्षण, गैरहाजिर कर्मियों का रोका वेतन



संवाददाता। श्रावस्ती

**जिलाधिकारी** टी के शिबु ने बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय का अपराह्न 10:45 बजे औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यालय में उपस्थित पंजिका का अवलोकन किया। जिसमें वरिष्ठ सहायक प्रेम कुमार त्रिपाठी बिना किसी सूचना के अनुपस्थित मिले। वरिष्ठ सहायक सर्वेश कुमार श्रीवास्तव 18 नवम्बर से बिना किसी सूचना के अनुपस्थित मिले। कनिष्ठ सहायक अनिरूद्ध शुक्ला कम्प्यूटर आपरेटर सुश्री रागिनी शर्मा बिना किसी सूचना के अनुपस्थित थे। चतुर्थ श्रेणी कर्मियों में हिमांशु श्रीवास्तव अनुपस्थित मिले। जिस पर जिलाधिकारी ने नो वर्क नो पे के आधार पर अनुपस्थित कर्मियों का वेतन अदेय करने का बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशत किया साथ ही तत्काल इनका स्पष्टीकरण भी प्रस्तुत करें। जिलाधिकारी के निरीक्षण के दौरान सर्वेष कुमार श्रीवास्तव वरिष्ठ सहायक दिनांक 18 नवम्बर से लगातार अनुपस्थिति रहे हैं जबकि इनका कोई प्रार्थनापत्र अथवा सूचना पंजिका में मौजूद नहीं मिला जिस पर जिलाधिकारी ने नो वर्क नो पे के आधार पर 18 नवम्बर से अब तक का वेतन अदेय करने के निर्देश दिये ।जिलाधिकारी ने कार्यालय परिसर का निरीक्षण किया गया। विगत निरीक्षण के दौरान कार्यालय के निरीक्षण में पाई गयी कमियों की तुलना में आज स्थिति संतोषजनक पाई गयी।

# डीएम ने पांच दफ्तरों का किया औचक निरीक्षण, 44 कर्मी मिले अनुपस्थित

● जिलाधिकारी ने कड़ी एवं अंतिम चेतावनी देते हुए शासन को भेजा रिपोर्ट

संवाददाता। संतकबीरनगर



उपस्थिति पंजिका चेक करती जिलाधिकारी — पायनियर

**जिलाधिकारी** दिव्या मित्तल मंगलवार को पांच सरकारी कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। जहॉ 44 अधिकारी एवं कर्मचारी उनके जॉच में अनुपस्थित पाये गये। उनके औचक निरीक्षण से अन्य सरकारी दफ्तरो में हडकम्प मचा। जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने अनुपस्थित अधिकारियो एवं कर्मचारियो का स्पष्टीकरण मांगते हुए कड़ी एवं अन्तिम चेतावनी दी है। आज के निरीक्षण की रिपोर्ट उन्होने शासन को प्रेषित किया है। जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने जिला पूर्ति कार्यालय, खलीलाबाद ब्लाक, प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग, प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग खण्ड-2 तथा पीडब्लूडी से जुड़े एक और सेक्शन कार्यालय का औचक निरीक्षण की उनके निरीक्षण में खण्डीय कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-2 लोक निर्माण विभाग में वरिष्ठ सहायक पंकज सिंह, वरिष्ठ सहायक ईश्वर चन्द्र, वरिष्ठ सहायक मुक्तेश्वर प्रसाद, कनिष्ठ सहायक आशुतोष कुमार, कनिष्ठ सहायक नन्हे चौरसिया, कनिष्ठ सहायक जय प्रकाश, वर्क एजेण्ट मो0 नसीम, वर्क एजेण्ट कल्याण दास, मेठ अवधेश कुमार, मेठ गजेन्द्र लाल, मेठ सुरेश चन्द्र, मेठ सत्यराम, चौकीदार रवीश चन्द्र, बेलदार राम चरन, बेलदार बहरैची, बेलदार श्रीमती दुर्गावती, स्वीपर इन्द्रेश कुमार तथा बेलदार जितेन्द्र, कार्यालय विकास खण्ड खलीलाबाद में प्रधान सहायक अशोक कुमार, आईएसबी सचिच्दानन्द शुक्ल सविअ, बोरिंग टेक्निशयन विजय कुमार, बोरिंग टेक्निशयन शंखधारी दूबे, तथा बोरिंग टेक्निशयन साधना, जिला पूर्ति कार्यालय में जिला पूर्ति अधिकारी शशिकान्त, पूर्ति निरीक्षक जितेन्द्र बहादुर सिंह, पूर्ति निरीक्षक अश्वनी कुमार श्रीवास्तव, आपूर्ति लिपिक पवन श्रीवास्तव तथा आपूर्ति लिपिक संध्या, कार्यालय निर्माण खण्ड (प्र0प0) लोक निर्माण विभाग में प्रधान सहायक ओम प्रकाश, वरिष्ठ सहायक विवेक कुमार, वरिष्ठ सहायक श्रीमती किरन, वरिष्ठ सहायक बाल मुकुन्द, वरिष्ठ सहायक सदानन्द तिवारी, कनिष्ठ सहायक अमित कुमार यादव, चपरासी हरेराम तथा चपरासी राजेश कुमार, कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग में प्रशासनिक अधिकारी सतीश चन्द्र, वरिष्ठ सहायक फूलबदन सिंह, वरिष्ठ सहायक बालेन्द्र कुमार यादव, कनिष्ठ सहायक अरविन्द कुमार, कनिष्ठ सहायक सोनू प्रजापति, कनिष्ठ सहायक शिवेक कुमार, कनिष्ठ सहायक रामशंकर गुप्ता तथा कनिष्ठ सहायक राम कोमल सिंह अनुपस्थित पाये गये।

## जिलाधिकारी ने किया विकास भवन परिसर का निरीक्षण

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी एस0 राजलिगंम ने मंगलवार को पूर्वान्ह 10.10 बजे विकास भवन परिसर जा धमके। जिलाधिकारी ने तत्परता के साथ जिला विकास अधिकारी कार्यालय परियोजना निदेशक डीआरडीए कार्यालय जिला युवा कल्याण अधिकारी कार्यालय सहकारिता विभाग उपायुक्त श्रम रोजगार कौशल विकास मिशन जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कार्यालय विकलांग जन सशक्तीकरण अधिकारी कार्यालय अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सहायक निदेशक बचत कार्यालय जिला समाज अधिकारी कार्यालय जिला समाज कल्याण विकास अधिकारी कार्यालय जिला कृषि रक्षा अधिकारी कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी जिला अर्थ सख्या अधिकारी व सहायक अभियन्ता लघु सिचाई कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी के निरीक्षण के दौरान विभिन्न कार्यालयों के कार्मिक गैर हाजिर पाये गये।गैर हाजिरी के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने सम्बन्धित कार्यालयाध्क्षों से जवाब तलब किया। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान कार्यालय में बेहतर साफ सफाई बनाये रखने और समय से उपस्थित रह कर राजकीय कार्यो का निस्तारण समयबद्ध तरीके से करने की हिदायत दी।

# अधिकारी समेत 26 मिले गायब

● कलेक्ट्रेट, विकास भवन के औचक निरीक्षण में उपस्थिति की खुली पोल

● डीएम, सीडीओ ने रोका एक दिन का वेतन, स्पष्टीकरण तलब

संवाददाता। बस्ती



कार्यालय में उपस्थिति की जांच करते डीएम एवं सीडीओ — पायनियर

**डीएम** आशुतोष निरंजन एवं सीडीओ सरनीत कौर ब्रोका ने कलेक्ट्रेट कार्यालय, मरवटिया सीएचसी, विकास भवन स्थित कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्ट्रेट में दो कर्मचारी पुष्पलता पाण्डेय, ऊषा चौधरी अनुपस्थित पाई गईं। जबकि मरवटिया सीएचसी के आयुष्मान मित्र अनुपस्थिति मिले। ओपीडी की स्थिति ठीक नहीं मिली। एलडीसी कैषरजहां उपस्थित पंजिका पर हस्ताक्षर बनाकर गायब मिली। बताया गया कि वह प्रतिदिन ऐसा करती है।

अनुपस्थित सभी का एक दिन का वेतन बाधित करने एवं स्पष्टीकरण तलब करने का निर्देष दिया गया। एलडीसी के विरूद्ध कार्यवाही के लिए सीएमओ को निर्देषित किया गया। मरवटिया अस्पताल को कोविड-19 के लिए एल-1 अस्पताल घोषित किया गया है परन्तु यहॉ अभी तक यहां बेड पर चॉदर, कम्बल उपलब्ध नही पाया गया, ब्लोवर की व्यवस्था, किचन शुरू होना नही मिला। व्यवस्था बनाने के लिए एमओआईसी को निर्देशित किया गया। विकास भवन के विभिन्न कार्यालयों का सीडीओ सरनीत कौर ब्रोका ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान 10 कार्यालयों के 24 अधिकारी, कर्मचारी अनुपस्थित मिले। शासन के निर्देश पर हुए औचक निरीक्षण में कार्यालयों में अधिकारियों, कर्मचारियों के उपस्थिति की पोल खुल गई। अनुपस्थित पाए गए सभी का एक दिन का वेतन अग्रिम आदेष तक रोकते हुए उनसे स्पष्टीकरण तलब किया गया है। सीडीओ ने विकास भन स्थित कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। औचक निरीक्षण के दौरान जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी एसके सिंह, जिला अल्प संख्यक कल्याण अधिकारी पूजा पाल, सहायक वक्फ निरीक्षक अनिल कुमार, कनिष्ठ सहायक राम सुरेष, गन्ना कार्यालय के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी षिव कुमार, कनिष्ठ सहायक कृष्णानन्द शुक्ला, सहकारिता अनुभाग के पीसीयू सुधांषु श्रीवास्तव, कनिष्ठ सहायक षिव शंकर यादव, नेहा विभाग के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी रामदेव, पंचायत राज विभाग के कनिष्ठ सहायक हीरालाल, ऊषा देवी, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी, पंचायत राज विभाग कार्यालय से सम्बद्ध सहायक विकास अधिकारी गिरजेष सिंह राठौर, वृजेष त्रिपाठी, महमूद अता, चन्द्रभान, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के कनिष्ठ सहायक षिव कुमार पाण्डेय, पुजारी दूबे, वरिष्ठ सहायक सत्येन्द्र कुमार यादव, एकीकृत अनुभाग के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी कमलेष,बरिष्ठ सहायक षिवकुमारी, मत्स्य विभाग के प्रचार सहायक दिनेष सिंह, अर्थ एवं संख्या विभाग के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी मो0 सिद्दीक अनुपस्थित पाए गए।

# डीएम ने स्वास्थ्य सेवाओं की धीमी प्रगति पाये जाने पर एमओआईसी को दिया सख्त निर्देश

● जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य सेवाओं का किया गहनता से समीक्षा

संवाददाता। संतकबीरनगर



निर्देश देती जिलाधिकारी — पायनियर

**जिलाधिकारी** दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा स्वास्थ्य विभाग एवं उनके सहयोगी अन्य विभागों द्वारा चलाये जा रहे सभी कार्यक्रमों/योजनाओं की बिन्दुवार समीक्षा की गयी। मुख्य रूप से जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने जननी सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वन्दना योजना, टीकाकरण आदि में धीमी प्रगति दर्शाने वाले विकास खण्डों के एम.ओ.आई.सी. को सख्त निर्देश देते हुये इसमें तेजी लाने एवं बैठक में प्रतिभाग करने से पहले स्वयं के स्तर पर प्रगति की समीक्षा कर लेने के निर्देश दिये। बैठक में 108, 102 एम्बूलेंस की जनपद में क्रियाशीलता की समीक्षा, जे.ई., ए.ई.एस. एवं अन्य संक्रामक रोगों में जनपद में चिन्हित केस एवं उपचार की स्थिति, संस्थागत प्रसव, चाइल्ड रजिस्ट्रेशन, आंगनवाड़ी केन्द्र, स्वास्थ्य सेवाओं के क्रियान्वयनोपरान्त फालोअप की स्थिति आदि की गहन समीक्षा जिलाधिकारी द्वारा की गयी। कुछ कार्यक्रमों मे लक्ष्य के सापेक्ष स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा लापरवाही पाये जाने पर जिलाधिकारी ने उन्हें नोटिस देने तथा कार्य में रूचि न लेने पर उनके विरुद्ध कार्यवाही करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को चिकित्सालय में इमरजेंसी सेवाओं को अपडेट रखने तथा डाक्टरों की तैनाती सुनिश्चित किये जाने के भी निर्देश दिये। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल नें कहा कि जनपद में बाहर से आने वाले प्रवासियों को ट्रेस करके कोविड-19 की जांच आवश्य करायी जाये और इस बात का प्रचार प्रसार भी किया जाये कि जो लोग बाहर से आ रहे हैं, वे स्वयं कोरोना जांच केन्द्रों पर अथवा जिला चिकित्सालय पर जाकर यह सुनिश्चित कर लें कि वे कोरोना पाजिटिव नहीं हैं। हैंण्डवाश, सेनेटाइजर एवं मास्क के प्रयोग के प्रति बच्चों को जागरूक करने के लिये जनपद स्तर पर बनायी गयी टीम विद्यालयों मे जाकर उन्हें इसके प्रयोग के प्रति प्रेरित करते रहें। एक अन्य बैठक में जिलाधिकारी दिव्या मित्तल नें जनपद के सेवानिवृत्त सैनिकों, सैनिक विधवाओं तथा उनके आश्रितों के साथ बैठक कर उनके विभिन्न समस्याओं पर जानकारी प्राप्त करते हुये आवश्यकतानुसार निराकरण हेतु सम्बन्धित को निर्देश दिया। सेवा निवृत्त सैनिक बन्धुओं द्वारा शस्त्र नवीनीकरण, राशन की दुकान का आवंटन, जमीन आदि से सम्बन्धित मामले उठाये गये जिसपर जिलाधिकारी ने आवश्यकतानुसार तत्काल सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी को बुलाकर मामले के त्वरित निस्तारण हेतु उन्हें निर्देशित किया। बैठक में अपर जिलाधिकारी संजय कुमार पाण्डेय, मुख्य विकास अधिकारी अतुल मिश्र, जिला विकास अधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भाजपा कर रही है सर्वसमाज का विकासः जय चौबे

संवाददाता। सेमरियावां (संतकबीरनगर)

● सैथालिया सुटेहरा में लगायी चौपाल

**भाजपा** सरकार जतिवाद भेदभाव की राजनीति नहीं करती हैं हमारी पार्टी निरंतर गरीबों असहायों के लिए कृतसंकल्पित हैं। उक्त बातें मंगलवार को सदर विधायक दिग्विजय नारायण जय चौबे ने ब्लॉक के सैथवालिया सुटेहरा में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने के दौरान कही। सैथवालिया सुटेहरा के भावी प्रधान पद के प्रत्याशी आशिफ खान सहित ग्रामीणों ने सदर विधायक से गांव में 15 वर्षो से नाली, सड़क आदि विभिन्न विकास कार्यों के नहीं होने की बात कही जिस पर सदर विधायक जय चौबे ने ग्रामीणों को समस्याओं से निजात दिलाने का आश्वासन दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ सबका विकास के नारे के साथ काम कर रही हैं हमारा देश आत्म निर्भर बन सके सभी को स्वास्थ्य, शिक्षा की अच्छी सुविधाएं मिल सके जिसके लिए लगातार भाजपा सरकार कृतसंकल्पित हैं। उन्होंने कहा कि हम निरंतर गांवो में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं को दूर करने का प्रयास कर रहे हैं। सदर विधायक ने कहा कि आजादी के 70 वर्ष बीत जाने के बाद भी उजियार क्षेत्र के लोगो ने ऊंचहरा कला और हड़हा में विद्यालय नहीं होने की बात से मुझे अवगत करायी जल्द ही इन गांवो में विद्यालय स्वीकृत कर दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रमुख मुमताज अहमद के नेतृत्व में ब्लॉक के गांवो में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं को दूर करने का शत प्रतिशत प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान प्रमुख मुमताज अहमद, पूर्व ब्लॉक प्रमुख बघौली सलाहुद्दीन, गजेन्द्र पाण्डेय, मंडल अध्यक्ष रामसागर चौधरी, राम पुरुषोत्तम गुप्ता, संजय सिंह, रशीद अहमद, प्रधान पद के प्रत्याशी आशिफ खान, राजकुमार लोधी, राजेंद्र प्रसाद, मोनू गौर, कोमल शर्मा, अशोक शर्मा, कौसर अली, मो.अली, इकरार अहमद, लियाकत अहमद, हफीज अब्दुल वाहीद, कोमल प्रसाद, हरिहर, जुनैद अहमद, राज देव, किस्मत अली आदि लोग मौजूद रहे।

## आपरेशन मीडिएटर में सुलह समझौते से निस्तारित हुए 192 प्रकरण

**बस्ती।** एक नवम्बर से संचालित ऑपरेशन मीडिएटर अभियान के तहत 10 कार्य दिवस में 149 राजस्व ग्रामों में 232 भूमि विवाद के प्रकरणों पर कार्यवाही की गई।192 प्रकरणों को सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित किया गया जबकि 40 प्रकरण न्यायालय आदि में विचारधीन होने के कारण अनिस्तारित रहा। डीएम आशुतोष निरंजन ने यह जानकारी दी। बताया कि यह अभियान 30 नवम्बर तक संचालित किया जाएगा। डीएम आषुतोष निरंजन एवं एसपी हेमराज मीणा ने संयुक्त रूप से राजस्व एवं पुलिस टीमों को निर्देशित किया कि अभियान को और अधिक तीव्रता से चलाया जाए ताकि अधिकाधिक जनता लाभान्वित हो सके और उन्हें मुकदमो आदि से छुटकारा मिल सके।

## बंधक बना युवती के साथ दुष्कर्म, मारपीट में मुकदमा

**बस्ती।** पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के पाण्डेय बाजार मोहल्ला निवासी एक युवती को भगा ले जाने, उसके साथ अष्लील हरकत कर वीडियो बनाने, बंधक बनाकर बलात्कार करने के मामले में चार नामजद समेत अन्य के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया है। युवती की मां का आरोप है कि पाण्डेय बाजार कानीहौद निवासी सचिन उसकी पुत्री को बहका फुसला कर भगा ले गया। पहले उसका अष्लील वीडियो बनाया और उसके बाद बंधक बनाकर बलात्कार किया। इसकी जानकारी बाद जब आरोपी के परिवार वालों से षिकायत की गई तो उनके द्वारा गाली और जानमाल की धमकी देते हुए मारा पीटा गया। तहरीर के आधार पर पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी सचिन, उसके पिता कुमारे, आरोपी की पत्नी संजू, उसकी बहन व अन्य परिजनों के विरूद्ध सुसंगत धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर विवेचना कर रही है।

# धान खरीद को लेकर किसान और व्यापारी दोनों हैं परेशान : लाल जी तिवारी

संवाददाता। घोरावल/सोनभद्र

**बिना** समुचित तैयारी के धान खरीद किसानों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। किसान अधिकारियों की कार्य प्रणाली को लेकर चिंतित है। शाहूकार के कर्ज का भुगतान व आगे की फसल की बुआई भी चिंता का विषय बना हुआ है। 15 अक्टूबर को कहने के लिए तो धान खरीद का बोर्ड लगा दिया गया लेकिन दुर्व्यवस्था व बिना सुविधाओं की धान खरीद का कार्यक्रम कितना धीमा चल रहा जगजाहिर हो गया। किसान क्रय केंद्रों से धान बिक्री को लेकर फरवरी तक की कोर्ट वाली तारीख लेकर घर वापस हो गए। आखिर तीन महीने तक किसान को अपनी फसल बेचने का इंतजार करना पड़ेगा। यही नही जिनको तारीख मिल गयी उनका तो ठीक बाकी का क्या होगा। क्रय केंद्रों पर बोरे का अभाव एक तौल मशीन व धान उठान का रोना रोया जा रहा। बताया जा रहा कि मिलर धान उठान को तैयार नही जिसके पीछे मिलरों का सरकारी मानक पर तैयार न होना बताया जा रहा है। जिसको लेकर मिलर जिले पर प्रदर्शन कर चुके है। हाट शाखा पर 300 कुंतल प्रतिदिन खरीद का लक्ष्य रखा गया है यह मुख्य खरीद केंद्र का हाल है। जबकि किसानों के उत्पादन के हिसाब से यह खरीद लक्ष्य काफी कम है। बताया गया कि पूरे ब्लॉक में 22 धान क्रय केंद्र बनाए गए हैं। खरीद की बात करें तो हाट शाखा पर ही खरीद की बात आ रही है जो नाकाफी है। मुख्यमंत्री का निर्देश है कि 72 घंटे में भुगतान किया जाय यह ठीक लेकिन खरीद इतनी धीमी चलेगी तो किसानों को भारी कष्ट उठाना पड़ेगा। जिसका फायदा व्यापारी उठाते हुए कम दाम पर उनके धान की खरीद करेंगे। उधर जिलाधिकारी का फरमान है कि किसी किसान को संकट का सामना न करना पड़े। बताया गया कि ब्लॉक के बिसरेखी ओबराडीह बघौली जमगांव दोहरी इमलीपुर कर्मा तिलौली सिरसाई भरौली धुरकरी खुटहनियां तियरा कंहारी खैरपुर पाती समेत अन्य केंद्र बनाए गए हैं। किसानों की समस्या की बात करें तो अब शादी व्याह,फसल बुआई के अलावा कर्ज से किसान को उबरने के लिए धान बेचना मजबूरी है जबकि क्रय केंद्रों की स्थिति बदहाल है। किसान नेता लाल जी तिवारी बताते हैं कि आज व्यापारी और किसान दोनों परेशान है। बीमा कम्पनियां केवल इस जुगत में लगी हैं कि उनको नुकसान को भरपाई न करनी पड़ेगी। किसानों के धान खेत मे पड़े हुए है। खरीद व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त है। अधिकारियों से बात चीत पर समुचित निराकरण की बात नही की जा रही है केवल अश्वासन मिल रहे हैं।

# 23 दिन में मात्र 13 किसानों से धान खरीद



● हाल हलिया ब्लॉक के मवई क्रय केंद्र का

● सांसद ने नदिहार केंद्र का किया औचक निरीक्षण

संवाददाता। मिर्जापुर

**भरुहना** स्थित सांसद कार्यालय में जिले के हर कोने से आये किसानों ने धान खरीद में तेजी लाने तथा पूरा धान खरीदने की व्यवस्था सुनिश्चित कराने की मांग सांसद श्रीमती अनुप्रिया पटेल से की। छात्र मंच के प्रदेश सचिव दिलीप पटेल ने सांसद को अवगत कराया कि हालिया ब्लॉक के मवई क्रय केंद्र पर 23 दिनों में मात्र 13 किसानों से धान की खरीद की गई तो श्रीमतीं पटेल अचरज में पड़ गईं। सांसद ने धनसिरिया नदिहार क्रय केंद्र का औचक निरीक्षण भी किया। सांसद के आने की जानकारी किसी तरह से मिलने पर इस कार्य केंद्र पर सीनियर मार्केटिंग इंस्पेक्टर ने धान की खरीद शुरू कर दी। किसानों ने शिकायत की की यहां तीन कांटा की जरूरत है। लगा है मात्र एक। इससे तौल प्रभावित हो रही है। जबकि पिछले साल इस क्रय केंद्र पर तीन कांटे लगे थे। क्रय केंद्र पर मौजूद एसडीएम मड़िहान रोशनी यादव को भी सांसद ने निगरानी तंत्र को मजबूत रखने को कहाए ताकि धान खरीद में किसानों के साथ अन्याय न हो। किसानों ने कहा कि ज्यादा नमी बताकर भी परेशान किया जा रहा है। सांसद ने एसएमआई को हिदायत दी कि किसानों को किसी तरह की परेशानी न हो। कई किसानों ने क्रय केंद्रों पर कांटा की संख्या तथा धान खरीदने की अधिकतम सीमा को निरस्त कर सभी किसानों से उत्पादित सारा धान खरीदने की व्यवस्था कराने की मांग की। रामवृक्ष बिंद ने मंडलीय अस्पताल मर सीटी स्कैनए अल्ट्रासाउंड तथा एमआरआई का इंतजाम कराने की मांग की। कहा की गरीब मरीजों को काफी परेशानी होती है। सांसद के जनता दरबार मे मसारी के संतोष यादवए वासलीगंज की गीता चौरसियाए बिशुनपुर मड़िहान कर छविलालए बरौली कछवा के राजेश कुमार सिंहए हलिया के बेला गांव निवासी जय राम ने भी अपनी समस्याओं के निस्तारण के लिए सांसद की चौखट पर दस्तक दी।

## शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए जन समुदाय को किया गया जागरूक

**सोनभद्र।** शिशु मृत्यु दर में कमी लाने तथा नवजात शिशु स्वास्थ्य के विषय में आम जनमानस को जागरूक करने के लिए जिले में स्वास्थ्य विभाग की तरफ से नवजात शिशु देखभाल सप्ताह दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा शिशु की देखभाल करने, स्तनपान को बढ़ावा देने और बीमार शिशु की पहचान कर समय से चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध कराने हेतु लोगों को जागरूक किया गया। जिससे नवजात शिशु मृत्यु दर में कमी लाई जा सके। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आर जी यादव ने बताया कि नवजात शिशु स्वास्थ्य के प्रति आम लोगों को जागरूक करने के लिए 16 नवंबर से 23 नवंबर तक नवजात शिशु देखभाल सप्ताह का आयोजन जनपद के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहित जिला अस्पताल में आयोजित किया गया।

# आलोक पासवान की रिहाई की मांग

● कांग्रेसजन करेंगे धरना-प्रदर्शन

संवाददाता। मिर्जापुर




**जिला** कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उप्र अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमैन आलोक प्रसाद को तत्काल रिहाई करने की मांग को लेकर संविधान दिवस पर 26 नवम्बर को धरना प्रदर्शन करने के बाद संविधान की एक प्रति व आलोक प्रसाद पासवान की एक फोटो जिलाधिकारी को सौपेगे। पार्टी कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के पूर्व चेयरमैन एवं पूर्व विधायक भगवती प्रसाद चैधरी ने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार ने अलोकतांत्रिक तरीके से आलोक पासवान की गिरफ्तारी करायी। उन्होंने आलोक प्रसाद को तत्काल रिहा करने की मांग किया। उन्होंने आरोप लगाया कि दलित विरोधी मानसिकता के चलते प्रदेश सरकार दलितों को सम्मान और सुरक्षा होने में नाकाम साबित हुयी है। प्रदेश में दलित उत्पीड़न और अत्याचार के मामलों में लगातार वृद्धि हो रही है। दलित बेटियों पर बलात्कार और निर्मम हत्याओं से पूरा प्रदेश दहल गया है। हाथरस काण्ड का मामला रोंगटा खड़ा कर देने वाला है। जब तक माननीय न्यायालय ने स्वत: संज्ञान नहीं लिया तब तक प्रदेश सरकार इस मामले में पूरी तरह शान्त रही। तमाम जधन्य घटनायें विभिन्न जनपदों में घटित हुयी है। इसके अलावा बांदा जनपद में दर्जनों बच्चों के साथ कुकृत्य करने वाले नरपिशाच सामने रहे है। कहा कि आलोक पासवान ने कोरोना महामारी के समय भी दलितों के घर खाद्यान्न और जीवनोपयोगी वस्तुयें कांग्रेसजनों के साथ पहुंचाते रहे। इसी सक्रियता से परेशान सरकार ने झूठे मुकदमों और आरोपों में फंसाकर असंवैधानिक रूप से जेल में भेजने का कार्य किया है इससे सत्ता का दलित विरोधी चेहरा उजागर हो गया है। आयोजित प्रेसवार्ता में वरिष्ठ अधिवक्ता रामसिंहए विजय दुबे एडवोकेटए पालिका के पूर्व अध्यक्ष दीपचन्द जैन पार्टी प्रवक्ता छोटेखानए कमलेश दुबेए मनीष दुबे व बसन्तलाल आदि मौजूद रहे। आज डीएम से सीधे ष्हक की बातष् करेंगे महिलाएं तथा बच्चे

# आज जिलाधिकारी से सीधे हक की बात करेंगी महिलाएं

**सोनभद्र।** मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाएं और बच्चे जनपद के जिलाधिकारी से सीधे तौर पर हक़ की बात करेंगी। इसके लिए दो घंटे के पारस्परिक संवाद का आयोजन किया जाएगा जिसमें महिलायें और बच्चे स्थानीय समस्याओं के साथ ही यौन शोषण घरेलू हिंसा दहेज़ आर्थिक समस्याओं शिक्षा तक पहुंच की उपलब्धता की समस्या आदि पर जिलाधिकारी से बात करेंगी, अपने सुझाव देंगी और जिलाधिकारी द्वारा मौके पर ही निवारण हेतु संबधित विभागों या अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए जाएंगे। निदेशक महिला कल्याण व मिशन शक्ति के नोडल अधिकारी मनोज कुमार राय का कहना है कि जिलाधिकारी से सीधे हक़ की बात करने के लिए जिलों में वेबिनार डेडिकेटेड फोन लाइन वीडियो कांफ्रेंसिंग आदि माध्यमों का प्रयोग किया जाएगा। इस आयोजन से महिलाओं को अपनी समस्याओं को उचित फोरम पर उठाने का जहाँ मौका मिलेगा वही अपनी बात को उठाने में आड़े आने वाली हिचक भी दूर होगी। महिलायें तथा बच्चे या उनकी ओर से कोई भी घरेलू हिंसा दहेज़ शोषण शारीरिक और मानसिक शोषण लैंगिक असमानता बाल विवाह बाल श्रम भिक्षावृत्ति यौनिक हिंसा व छेड़छाड़ आदि मुद्दों पर बात करने के साथ ही इससे निपटने का सुझाव भी जिलाधिकारी के सामने रख सकते हैं। इसके अलावा पोषण और स्वास्थ्य सम्बन्धी मुद्दों तथा अगर किसी महिला या बच्चे की किसी प्रकरण में कहीं सुनवाई नही हो रही है तो भी अपने जिलाधिकारी से सीधे बात कर सकते हैं। प्रदेश में महिलाओं व बच्चों की सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए चलाये जा रहे मिशन शक्ति को हर माह अलग थीम पर मनाने का निर्णय लिया गया है। इस माह की थीम मानसिक स्वास्थ्य तथा मनोसामाजिक मुद्दों से सुरक्षा और सपोर्ट तय की गयी है। महिला कल्याण विभाग द्वारा मिशन शक्ति के तहत बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के साथ संयुक्त कार्ययोजना बनाकर इसे चलाया जा रहा है।

## मिशन शक्ति के तहत दो घंटे के पारस्परिक संवाद का आयोजन

**मिर्जापुर।** मिशन शक्ति अभियान के तहत बुधवार (25 नवम्बर) को महिलाएं और बच्चे अपने जनपद के जिलाधिकारी से सीधे तौर पर हक़ की बात करेंगी। इसके लिए हर जिले में दो घंटे के पारस्परिक संवाद का आयोजन किया जाएगा, जिसमें महिलायें और बच्चे स्थानीय समस्याओं के साथ ही यौन शोषण, घरेलू हिंसा, शिक्षा तक पहुंच की उपलब्धता की समस्या आदि पर जिलाधिकारी से बात करेंगीए अपने सुझाव देंगी और जिलाधिकारी द्वारा मौके पर ही निवारण हेतु संबधित विभागों या अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए जाएंगे । इसके लिए हर जिले के प्रोबेशन अधिकारी को पहले ही अपने जिले के जिलाधिकारी से तालमेल कर समय निर्धारित करने को निर्देशित किया जा चुका है । निदेशक महिला कल्याण व मिशन शक्ति के नोडल अधिकारी मनोज कुमार राय का कहना है कि जिलाधिकारी से सीधे हक़ की बात करने के लिए जिलों में डेडिकेटेड फोन लाइनए वीडियो कांफ्रेंसिंग आदि माध्यमों का प्रयोग किया जाएगा ।

# गोरखपुर-फैजाबाद शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र मतदान 1 दिसंबर को

संवाददाता। देवरिया

**जिलाधिकारी**/सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी शिक्षक निर्वाचन अमित किशोर ने बताया है कि गोरखपुर फैजाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक निर्वाचन-2020 के तहत आगामी 01 दिसम्बर को मतदान होगा।

इसके लिये जनपद में सभी ब्लाक मुख्यालयों को मतदान केन्द्र बनाया गया है। मतदान प्रात: 8 बजे से सायं 5 बजे तक होगी। मतदान पार्टियां 30 नवंबर को कलक्ट्रेट परिसर से रवाना होगी तथा मतदान पश्चात् 01 दिसम्बर को मत पेटिकायें कलक्ट्रेट में ही संग्रहित होगी। जहां से मजिस्ट्रेट के देख.रेख में भारी सुरक्षा के साथ मत पेटिकाये गोरखपुर पहुँचायी जायेगी। जहां मतगणना आगामी 3 दिसम्बर को की जायेगी। मतदान कार्य को सकुशल व निष्पक्ष सम्पन्न कराये जाने के लिये पोलिंग पार्टियों की तैनाती कर दी गयी है तथा उन्हे निर्देश दिया गया है कि वे अपने दायित्वों को पूरी निष्पक्षता के साथ सुनिश्चित करेगें। राजनैतिक दलों सहित निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े सभी अधिकारियो , कर्मचारियों को आदर्श आचार संहिता का भी पालन करते हुए इस निर्वाचन को सुचिता एवं पारदर्शिता के साथ सम्पन्न कराने में भागीदारी करने की अपेक्षा की गयी है। जिलाधिकारी श्री किशोर ने बताया कि जनपद में कुल 3358 मतदाता है तथा 16 मतदान केन्द्र जो सभी ब्लाक मुख्यालयों पर बनाये गये है। मतदान प्रक्रिया को सम्पन्न कराने हेतु आरक्षित सहित कुल 19 पोलिंग पार्टी बनायी गयी है। प्रत्येक में पीठासीन अधिकारी सहित कुल 4 कार्मिक तैनात किये गये है तथा मतदान प्रक्रिया के पर्वेक्षण हेतु 19 माईक्रो आर्ब्जवर भी लगाये गये है।

### सुरक्षा का भी रहेगा व्यापक इंतजाम

सभी मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम के तहत पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती रहेगी तथा शान्ति व्यवस्था एवं चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु जनपद को 16 सेक्टर व 7 जोन में विभक्त कर सेक्टर मजिस्ट्रेट व जोनल मजिस्ट्रेट की तैनाती की गयी है। मतदान के दिन सभी मतदान केन्द्रों की वीडियों ग्राफी भी करायी जायेगी। मतदेय स्थल के अन्दर किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति का प्रवेश वर्जित रहेगा।

### मतदाताओं के विशेष आकस्मिक अवकाश अनुमन्य

मतदान दिवस 01 दिसम्बर को मताधिकार के प्रयोग हेतु संबंधित मतदाताओं के लिये इस दिन विशेष आकस्मिक अवकाश अनुमन्यता की गयी है।

### पहचान पत्र के लिए 9 वैकल्पिक पहचान पत्र भी है अनुमन्य

मतदान के समय अपनी पहचान करने के लिये मतदाता को पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा, परन्तु वे मतदाता जो अपना पहचान पत्र प्रस्तुत नही कर पाते हैए उन्हे वैकल्पिक दस्तावेजो में से कोई एक पहचान पत्र को प्रस्तुत करना होगा। इन अनुमन्य पहचान पत्रों में आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेन्सए पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, राज्य,केन्द्र सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, स्थानीय निकाय या अन्य निजी औद्योगिक क्षेत्रों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किये गये सेवा पहचान पत्र, सांसदो, विधायको, विधान परिषद सदस्यों को जारी किये गये अधिकारिक पहचान पत्र, शैक्षिक संस्थाओं, जिनमें संबंधित शिक्षक,स्नातक निर्वाचन क्षेत्र का निर्वाचक नियोजित हो, द्वारा जारी सेवा पहचान पत्र, विश्वविद्यालय द्वारा जारी उपाधि,डिप्लोमा का प्रमाण पत्र मूल रुप में एवं सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी दिव्यांगता संबंधित पहचान पत्र मूल रुप में से कोई एक पहचान पत्र मतदाता को मतदान के समय अपनी पहचान के लिये प्रस्तुत करना होगा।

## पालिटेक्निक की 15 हजार रुपये व आईटीआई की चार हजार में देंगे शिक्षा

**गाजीपुर।** सत्यदेव ग्रुप आफ कालेजेज के चेयरमैन डा. सानंद सिंह ने बताया कि प्रबंधतंत्र के बोर्ड के बैठक में ग्रुप के संस्थापक कर्मवीर सत्यदेव सिंह के स्मृति में और कोरोना महामारी के चलते उत्पन्न हुए आर्थिक परेशानियों के कारण ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है। डा सानंद सिंह ने बताया कि इस निर्णय के क्रम में सत्यदेव पालिटेक्निक कालेज के सभी ट्रेडों में मात्र 15 हजार रुपये में प्रवेश दिया जायेगा। इतने ही धनराशि में छात्रछात्राएं एक वर्ष शिक्षण कार्य पूरा करेंगे। इस योजना में आने वाले सभी बच्चों को लगातार तीन साल तक 15,15 हजार रुपये फीस में डिप्लोमा की शिक्षा दी जायेगी।

## जीपीएफ ट्रस्टी के चुनाव में जीत हासिल करने पर निर्भय नारायण सिंह का स्वागत



**गाजीपुर।** जनपद में मंगलवार को विद्युत वितरण खंड तृतीय सैदपुर में विद्युत मजदूर पंचायत की बैठक संम्पन हुई जिसमें उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड के कुछ दिनों पूर्व चर्चा में आए जीपीएफ घोटाले के बाद सीपीएफ जीपीएफ ट्रस्टी के सदस्यों का चुनाव 10 और 11 नवंबर को पूरे प्रदेश में पहली बार संपन्न हुआ। जिसकी खुशी में अधिशासी अभियंता तृतीय आशीष चौहान ने साल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। जिस पर अधिशासी अभियंता श्री आशीष चौहान ने वक्ताओं को संबोधित करते हुवे कहा कि ऑनलाइन वोटिंग के जरिए हुए इस चुनाव में गाजीपुर के प्रत्याशी ने इतिहास रचने का काम किया हैएपावर कारपोरेशन और ट्रांसमिशन से गाजीपुर के विद्युत कर्मचारी नेता निर्भय नारायण सिंह ने पूरे प्रदेश में सर्वाधिक मत पाते हुए विजय हासिल की है। इसके अलावा उत्पादन निगम और जल विद्युत निगम से एक.एक सदस्य चुने गए हैं। साथ ही सीपीएफ से 3 सदस्यों का निर्वाचन भी हुआ है। पिछले कुछ दिनों से काफी गहमागहमी के बाद संपन्न हुए चुनाव में जीपीएफ सीपीएफ ट्रस्टी के रूप में कुल 6 सदस्य निर्वाचित हुए हैं। गाजीपुर जैसे छोटे जिले से निर्भय नारायण सिंह ने जीत हासिल करते हुए जनपद का नाम पूरे प्रदेश में रोशन करने का काम किया है।

### वाहन दुर्घटना में दो की मौत

**गाजीपुर।** जनपद में एक दुर्घटना में एक्स्यूवी कार की चपेट में आने से बाइक सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुड्डू यादव 35 वर्ष पुत्र हरिकिशुन यादव निवासी इटौरा हलदरपुर मऊ और संदीप यादव 20 वर्ष पुत्र रामउग्रह यादव निवासी भिख्खनपुर नोनहरा मंगलवार की सुबह नैसारे से अपने घर जा रहे थे तभी रेवसा गांव के हाइवे पर गाजीपुर से वाराणसी जा रही एक्स्यूवी ने उन्हे टक्कर मार दी गंभीर रुप से घायलों को अस्पताल ले जाया जा रहा था कि रास्ते में दोनों ने दम तोड़ दिया। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत

**गाजीपुर।** लाठी डंडो के हमले से घायल बिरनो थाना क्षेत्र के मिर्जापुर ;गोपालपुर सलूजाद्ध निवासी श्रीपति यादव की इलाज के दौरान मौत होने के बाद आरोपियों की तलाश में पुलिस सरगर्मी से जुट गई है। थानाध्यक्ष बिरनो ने बताया कि 2 दिन पूर्व मामूली विवाद को लेकर श्रीपति यादव को लाठी.डंडों से पीटकर जख्मी कर दिया गया थाए जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया थाए जहां बीती रात उनकी मौत हो गई। मृतक के परिजनों की तरफ से चार नामजद लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया गया है। जिसमें आगे की कार्यवाही की जा रही है।

### जेल नहीं पहुंचे 33 बंदी

**जौनपुर।** कोरोना के चलते 24 सप्ताह के लिए पैरोल पर जेल से छूटे 40 बंदियों में से 33 ने समय सीमा खत्म होने के बाद भी जेल में हाजिर नहीं हुए 6 बंदियों ने पहले ही जेल में आमद करा ली थी जबकि आखिरी दिन सोमवार को एक बंदी हाजिर हुआ नियम का उल्लंघन करने वाले 35 बंदियों को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेजेगी जेलर राजकुमार ने बताया कि पैरोल पर छूटे सभी बंधुओं को फोन पर भी सूचना दी गई थी कि उनकी पैरोल की समय सीमा सोमवार तक खत्म हो जाएगी बावजूद इसके अभी तक 33 बंदी जेल वापस नहीं आए कोरोना के बढ़ते संक्रमण और जेल में क्षमता से अधिक बंदी होने के कारण उन 40 बंदियों को 3 अप्रैल को पैरोल पर छोड़ा गया था जो 7 साल या उससे कम की सजा के मामले में जेल में बंद है।

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**जौनपुर।** पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर द्वारा अपराध के रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहतए अपर पुलिस अधीक्षक नगर जौनपुर के निर्देशन में व क्षेत्राधिकारी सदर के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक श्री दिग्विजय सिंह मय हमराह द्वारा मुखबिर की सूचना पर तरांव मोड़ के पास उपस्थित पुलिस बल के सहयोग से थाना स्थानीय पर पंजीकृत मुअसं.216,20 धारा.323,308,427द्506 भादवि में प्रकाश में आए अभियुक्त सुनील यादव पुत्र रामजी यादव निवासी जरासी थाना चन्दवक जनपद जौनपुर को गिरफ्तार किया गया। अग्रेतर कार्यवाही प्रचलित है।

### कारतूस के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

**जौनपुर।** पुलिस अधीक्षक जौनपुर के द्वारा चलाये जा रहे अपराध एवं अपराधियों के सघन अभियान के क्रम मे पराहित ग्राम के पास से एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है। जिसके पास से 01 असलहा व 01 कारतूस बरामद किया गया है। जिसके विरूद्ध थाना मछलीशहर पर मुणअण्सं‌ण् 257,20 धारा 3,25 आर्म्स एक्ट बनाम सुनील विश्वकर्मा पुत्र उमाशंकर विश्वकर्मा निण् पराहित थाना मछलीशहर, जौनपुर के पंजीकृत कर जेल भेज दिया गया है।

### संपत्ति कुर्क

**जौनपुर।** थाना मछलीशहर पर गैंगेस्टर एक्ट के तहत् पंजीकृत मुकदमे में गैंग लीडर वीरबहादुर सिंह उर्फ पिन्टू सिंह की अपराध से अर्जित धन से अपने अपने पिता के नाम जमीन के चारो तरफ कराये गये बाउण्ड्रीवाल के निर्माण, जिसकी कीमत करीब 1.5 करोड़ रुपये को जिला मजिस्ट्रेट जौनपुर के आदेश अन्तर्गत धारा 14;1 गैंगेस्टर एक्ट के तहत् कुर्क किया गया।

## पराली व फसल अवशेष जलाये जाने पर करें प्रभावी कार्यवाही : जिलाधिकारी

संवाददाता। देवरिया

**जिलाधिकारी** अमित किशोर ने पराली व फसल अवशेष को जलाये जाने की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण एवं कार्यवाही हेतु सभी मजिस्ट्रेटोंए कृषि विभाग एवं अन्य जुडे सभी विभाग के अधिकारियों को कडे निर्देश दिये है कि वे भ्रमणशील रहे और फसल अवशेष जलाने वालो के विरुद्व कडी कार्यवाही सुनिश्चित करें। साथ ही जो भी जुर्माने लगाये जाये उसकी वसूली भी सुनिश्चित कराये। उन्होने कृषको से भी अपील के साथ कहा है कि वे पराली व फसल अवशेष कदापि न जलायेए इससे पर्यावरण दूषित होता है तथा खेत की उर्वरकता शक्ति समाप्त होती है। जिलाधिकारी एनआइसी में फसल अवशेष प्रबंधन कार्य की समीक्षा के दौरान उक्त निर्देश देते हुए यह भी कहा कि इसके अनुश्रवण कार्य में पंचायती विभाग एवं आपदा प्रबंधन के अधिकारीध्कर्मचारियों का भी सहयोग लिये जाये।

### ठंड ने बढ़ाई ठिठुरन, स्वेटर बांटने का इंतजार

**जौनपुर।** ठंड लगने शुरू हो गई पारा लगातार नीचे खिसक रहा है लेकिन परिषदीय विद्यालयों के बच्चों को मुफ्त में दिया जाने वाला स्वेटर अभी तक उन्हें नहीं मिला कई ब्लॉक संसाधन केंद्रों पर स्वेटर की आपूर्ति जरूर हुई है लेकिन सत्यापन के इंतजार में वितरण का कार्य अभी शुरू नहीं हो सका है विधान के जिम्मेदारों का दावा है कि 80 फ़ीसदी स्वेटर की आपूर्ति ब्लॉक संसाधन केंद्रों को कर दी गई है सत्यापन के बाद 30 नवंबर तक स्वेटर का वितरण कर दिया जाएगा जिले में परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले 3 ण्94 लाख 896 छात्रों को स्वेटर दिया जाना है शासन के निर्देश के मुताबिक 18 नवंबर तक स्वेटर बच्चों में बांट दिया जाना था अब शासन की तरफ से स्वेटर वितरण के लिए 30 नवंबर तक का समय निर्धारित किया गया है। जिले में स्वेटर आपूर्ति के लिए कार्यदाई संस्था यूपी का हैंडलूम को जिम्मेदारी दी गई है शासन ने प्रत्येक बच्चे को एक स्वेटर देने के लिए 200 का बजट निर्धारित किया है।

# कृषि मंत्री ने की धानक्रय की समीक्षा

### कम क्रय वाले केन्द्रों का प्रभावी रुप से किया जाये अनुश्रवण : कृषि मंत्री

संवाददाता। देवरिया



कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने जनपद में धान क्रय की समीक्षा के दौरान यह स्पष्ट रुप से निर्देश दिया है कि किसानो से धान क्रय करने में किसी भी प्रकार की लापरवाही व बहानेबाजी का रवैया क्रय एजेन्सिया न अपनायेए अन्यथा उनके खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। उन्होने ऐसे क्रय केन्द्र जहां खरीद कम हैए उन केन्द्र प्रभारियों को निर्देशित किया है कि वे तत्काल खरीद बढाना सुनिश्चित करेंए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। कृषि मंत्री श्री शाही इस दौरान ब्लाकवार प्रत्येक केन्द्र के क्रय प्रगति की समीक्षा किये। उन्होने पाया कि कई ब्लाकों में क्रय केन्द्र कम हैए जिसमें बनकटा, भाटपाररानी एवं बरहज प्रमुख है। इसके लिये उन्होने सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिताए जिला प्रबंधक पीसीएफ को निर्देशित किया कि साधन सहकारी समिति के कैन्द्रो को खुलवाने हेतु प्रस्ताव प्रेषित करें तथा बंजरिया धान क्रय केन्द्र पर दूसरे सचिव की नियुक्ति तथा यूपी स्टेट एग्रो के सभी केन्द्र प्रभारियों को सक्रियता के साथ कार्य करने हेतु क्षेत्र प्रबंधक यूपी एग्रो गोरखपुर को निर्देशित किया। सभी एजेन्सियों के ब्लाकबार केन्द्रो के समीक्षा में पीसीएफसंस्था के स्वयं द्वारा संचालित क्रय केन्द्रो को खोलने हेतु उन्होने निर्देशित किया तथा कम क्रय वाले केन्द्रों का नियमित निरीक्षण,अनुश्रवण करने का निर्देश अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व जिला खरीद अधिकारी उमेश कुमार मंगला सहित डिप्टी आरएमओए एआर कापोरेटिव को दिया। प्रभावी रुप से केन्द्रो का निरीक्षण अनुश्रवण किये जाये, जहां शिथिलता, लापरवाही मिले उन केन्द्र प्रभारियों को चिन्हित करते हुए कार्यवाही किये जाये। हर हाल में धान क्रय में तीव्रता आनी चाहिये। इसे सभी संबंधित विभाग प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित करेगें। जनपद के ब्लाक देवरिया सदर में खाद विभाग की 1, पीसीएफ के 2, पीसीयू के 4, भारतीय खाद्य निगम के 1, ब्लाक रामपुर कारखाना में खाद्य विभाग के 1,पीसीएफ के 2, पीसीयू के 2, एनसीसीएफ के 2 एवं नेफेड के 3, ब्लाक तरकुलवां के खाद्य विभाग के 1, ब्लाक पथरदेवा में यूपी स्टेज एग्रो के 2, ब्लाक देसही देवरिया में खाद्य विभाग के 1, पीसीएफ के 2, पीसीयू के 1 एवं यूपी स्टेट एग्रो के 2, ब्लाक बैतालपुर में खाद्य विभाग के 1, पीसीएफके 3, पीसीयू के 3 एवं नेफेड के 2, ब्लाक गौरी बाजार में खाद्य विभाग के 1 पीसीएफ के ,2 कें द्र सक्रिय है।

### श्री सेवा संस्था ने मास्क बांट लोगों को किया जागरुक

**मुग़लसराय,चन्दौली ।** नगर श्री सेवा सामाजिक संस्था के संस्थापक व अध्यक्ष सतीश जिंदल के नेतृत्व में मंगलवार को जगह जगह मास्क बांट कर लोगों को जागरूक किया गया। संस्था के अध्यक्ष सतीश जिंदल ने कहा कि कोरोना वायरस की वृद्धि को देखते हुए संस्था द्वारा नगर में आगामी 5 दिनों तक मास्क का वितरण किया जाएगा और लोगों को मास्क का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया जाएगा हमारी संस्था पिछले 1 महीने से नेकी की दुकान पर लोगों द्वारा दिए गए अनुपयोगी चीजों को जमा करके उसे बांटने का काम तो कर ही रही थी लेकिन मंगलवार से लगातार पांच दिनों तक नगर के चकिया त्रिमुहानीए सुभाष पार्क चौराहा और दुल्हीपुर पेट्रोल पम्प के सामने जीटी रोड पर मास्क न लगाने वालो को रोककर उन्हें मास्क दिया गया और उसकी उपयोगिता से लाभ की जानकारी भी दी गई। जिंदल ने पदाधिकारियों सदस्यों के साथ कैलाशपुरी मोड़ पर निशुल्क दवा वितरण करने के लिए स्थान का भी चयन किया जो नगरपालिका के सहयोग से कुछ दिनों में निर्माण करके संस्था को दे दिया जाएगा जिस पर आधे दर्जन चिकित्सक समय.समय पर अपने सेवा देकरके गरीबों का हित करेंगे इस दौरान संस्था के आलोक सिंह ने कहा कि संस्था द्वारा किया जा रहा यह नेक कार्य लोगों के लिए प्रेरणादायक होगा उन्होंने जनता से यह भी अपील की कि लोग बढ़ते हुए कोरोना वायरस को देखते हुए समय.समय पर हाथ धोएं और मास्क का प्रयोग करें और लोगों को मास्क का प्रयोग करने के लिए भी प्रेरित करें शासन प्रशासन की गाइडलाइन का पालन करें। यह कार्यक्रम लगातार पांच दिनों तक चलेगा मंगलवार को लगभग 1000 मास वितरित किए गए जीटी रोड पर चल रहे वाहनों में यात्री के अलावा ज्यादातर चालक भी मास्क बिहीइं दिखाई दिए। इस दौरान डॉ मनोज सिंहए शिवकुमार अग्रवाल डॉक्टर ओपी सिंह एसंजय शर्माएआशाराम यादवए सुमित शर्मा आदि वितरण में शामिल रहे। वही प्रशासन की तरफ से चौकी प्रभारी चंदासी सत्येंद्र विक्रम सिंह और रेलवे चौकी इंचार्ज विपिन सिंह अपने हम राहियों के साथ वितरण कार्य में सहयोग किए।

### राष्ट्रीय कार्यशाला में नवाचार विज्ञान पर चर्चा



**जौनपुर।** राष्ट्रीय कार्यशाला के प्रथम दिन रामानुजन सोसाइटी आफ मैथमेटिक्स एंड मैथमेटिकल साइंस के तत्वाधान में आयोजित पापुलेशन इंप्रूवमेंट एंड क्वालिटी एजुकेशन इन साइंस एंड मैथमेटिक्स एंड इफेक्ट फॉर स्टूडेंट एड टीचर पार्ट प्रथम पर चार दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन डिपार्टमेंट ऑफसाइंस एंड टेक्नोलॉजी के एन सी एस टी सी के अनुभाग प्रमुख डॉक्टर प्रवीण अरोरा एवं प्रोग्राम साइंटिस्ट रिचार्ज एबीपी मिश्रा के सौजन्य से किया गया। कार्यक्रम के प्रमुख अतिथि डॉक्टर के सिंह विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान नई दिल्ली द्वारा विज्ञान एवं गणित में छात्रों एवं अध्यापकों के अभी रूपी नवाचार विज्ञान के प्रति जिज्ञासा कम्युनिकेशन किस प्रकार करें इस पर विस्तृत जानकारी दी आगरा नाइजिंग सेक्रेटरी डॉक्टर सत्य प्रकाश विभागाध्यक्ष गणित टीडीपीजी कॉलेज जौनपुर ने स्वागत भाषण दिया तथा कार्यक्रम के उद्देश्यों पर विस्तृत प्रकाश डाला डॉ शिव प्रसाद सिंह। तथा संचालन डॉ अमित कुमार सिंह द्वारा किया गया रामानुजन सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ एस एन सिंह द्वारा सभी प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया कार्यक्रम में डॉ आलोक कुमार सिंह डॉ विजय यादव डॉ देवमणि दुबे डॉ हिमांशु कुमार सिंह डॉ चंदन कुमार सिंह डॉ अजय यादव दयाशंकर आदि उपस्थित रहे

## भाजपा की नीतियों और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुचायें कार्यकर्ता



**देवरिया ।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित मण्डल प्रशिक्षण वर्ग के दूसरे दिन पथरदेवा विधानसभा के महुआडीह मण्डल के बाबू कैलाश प्रसाद महाविद्यालय में सांसद देवरिया डॉ रमापति राम त्रिपाठी ने भाजपा के इतिहास और विकास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी स्थापना काल से राष्ट्रहित में कार्य कर रही है। सोशल मीडिया का प्रभावी उपयोग विषय पर प्रकाश डालते हुए मुख्य वक्ता जिला कार्यसमिति सदस्य पवन कुमार मिश्र ने कहा कि सोशल मीडिया के प्रयोग से हम सभी भाजपा की नीतियों और उपलब्धियों को जन जन तक पहुचा सकते है। सोशल मीडिया के प्रयोग में सावधानी बरतते हुए हमें अवांछनीय पोस्ट को प्रसारित करने से बचना चाहिए। हमारा दायित्व विषय पर बोलते हुए पूर्व जिला महामंत्री कृष्णनाथ राय ने कहा कि हम सभी को भाजपा के सिद्धांत और नीतियों को आत्मसात करके समाजसेवा के लिए तैयार रहना चाहिए। पूर्व जिला मंत्री उग्रसेन राव और जिला महामंत्री रामअशीष प्रसाद मौर्य ने 2014 के बाद भारत की राजनीति में बदलाव और हमारा दायित्व और अंत्योदय विषय पर प्रकाश डाला।

## विधिक साक्षरता सहायता कार्यक्रम का आयोजन

### तहसील विधिक सेवा समिति के माध्यम से दिये गये निर्देश

संवाददाता। देवरिया

मंगलवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के तत्वावधान में राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु अधिक से अधिक मामलों के निस्तारण हेतु तहसील विधिक सेवा समिति रूद्रपुर में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के सचिव न्यायाधीश शिवेन्द्र कुमार मिश्र द्वारा विधिक साक्षरता के माध्यम से आमजनमानस को जागरूक किया गया। उन्होंने कहा समाज को आगे बढ़ाने के लिए एक सही मागदर्शक की जरूरत हैं। यह आमजनमानस की दायित्व हैं कि वे समाज को सही दिशा में ले जाने वाले रास्ते पर चलते हुये समस्त समाज का नेतृत्व कर उनको भी एक सही दिशा देने में अपना बहुमूल्य योगदान दे सकते हैं। उन्होंने विधिक साक्षरता के माध्यम से आमजनमानस को बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया निरंतर अपनी विधिक सेवा दे रहा हैं यदि आप किसी को विधिक सहायता की जरूरत हो तो एक प्रार्थना पत्र के माध्यम से नि:शुल्क विधिक सहायतायें प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि 12 दिसम्बर 2020 दिन शनिवार को एक वृहद् राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होना हैं जिसमें मोटर दुर्घटना बीमाए बैंको के ऋण संबंधित मामलेए पारिवारिकमामले व अन्य लघु सुलहनीय मामले का निस्तारण होना हैं। हजारों ऐसे मामलेको एक ही दिन में उक्त दिवस पर निस्तारित करने की योजना पर जनपदन्यायालयए देवरिया के सुलह.समझौता केन्द्र ;जिला विधिक सेवा प्राधिकरणएदेवरियाद्ध कार्य कर रही हैं। उन्होंने आमजनमानस को शपथ दिलाते हुये कहा किव्यक्ति से समाज और समाज से राष्ट्र और राष्ट्र से विश्व का निर्माण होताहैं। उन्होंने कहा कि कानून के परिधि में रहने वाले व्यक्तियों का यहकर्तब्य हैं कि वे समाज में पीड़ितए शोषितए वंचित महिलायें तथा आमजनमान केसमस्त समस्याओं के निस्तारण में अपनी महती भूमिका सुनिश्चित करें।

### शास्त्री महाविद्यालय पर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप, वेतन की मांग की

**मुग़लसराय,चन्दौली।** नगर स्थित मनोकामना रेस्तरां में मंगलवार को श्रीमती गीता देवी एवं श्रीमती रीता ने आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि लाल बहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय प्रबंध समिति की प्रबंधकए प्राचार्य एवं क्षेत्रीय उच्च शिक्षाधिकारीए वाराणसी विगत साढ़े तीन वर्षों से महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य एवं वरिष्ठतम् शिक्षक डॉ अनिल कुमार को कथित जांच के नाम पर उत्पीड़ित कर रहे हैं एवं मानसिक तथा सामाजिक तौर पर हत्या करने की साजिश रच रहे हैं। उक्त दोनों महिलाओं ने आरोप लगाया कि यह महाविद्यालय में चल रहे भ्रष्टाचार को छिपाने की कोशिश है। इसी क्रम में महाविद्यालय प्रबंध समिति ने एकतरफा कार्रवाई करते हुए डॉ अनिल कुमार को सेवा समाप्ति का प्रस्ताव कुलपति, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के पास भेज दिया। यह विश्वविद्यालय परिनियमावली के खिलाफ था डॉ कुमार का निर्वाह भत्ता भी रोक दिया गया जबकि सेवा समाप्ति का अनुमोदन विश्वविद्यालय ने नहीं दिया था। यह मानवाधिकारों के हनन का मामला है। उक्त मामले का संज्ञान लेते हुए कुलपति, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ ने विगत 21 नवंबर को डॉ अनिल कुमार के निलंबन एवं सेवा समिति की प्रक्रिया को रोक दिया।

# जिलाधिकारी ने जिला शिक्षा अनुश्रवण समिति की ली बैठक

### अधिकारियों को जारी किये दिशा निर्देश

संवाददाता। मऊ



जिलाधिकारी अमित सिंह बंसल की अध्यक्षता में जिला शिक्षा अनुश्रवण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सोमवार को आयोजित की गई। इस दौरान जिलाधिकारी ने आपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत कराए जा रहे कार्यो की समीक्षा की तथा संबंधित को निर्देशित किया कि जिन विद्यालयों में कार्य अपूर्ण हैं, उन कार्यों को तत्काल पूर्ण कराएं।

जिलाधिकारी ने कहा कि इस अभियान के तहत जनपद के किसी भी विद्यालय का औचक निरीक्षण किया जाएगा। इसमें कार्यों की गुणवत्ता एवं शिक्षकों की उपस्थिति देखी जाएगी। कमियां मिलने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में अच्छे कार्य करने वाले अध्यापकों को सम्मानित किया जाएगा। इससे शिक्षा की गुणवत्ता बेहतर हो सकेगी। उन्होंने बच्चों को स्वेटर एवं ड्रेस आदि के वितरण में लापरवाही मिलने पर संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दीं। आपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत जनपद में मात्र 26 विद्यालयों में कार्य कराए जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की। जिलाधिकारी ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने-अपने विद्यालयों में शौचालय, पेयजल, विद्युत, श्यामपट्ट,साफसफाई आदि की व्यवस्था शतप्रतिशत पूर्ण करा लें। कहा कि होने वाले कार्य गुणवत्तापूर्ण होने चाहिए। जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए कि प्रत्येक ग्राम पंचायतों में शौचालयए पंचायत भवनए नाली निर्माणए खडंजाए हैंडपंप रिबोर आदि के कार्यों में कितने धनराशि खर्च किया जा चुका है एवं शेष धनराशि का विवरण मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। जिलाधिकारी द्वारा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि अगली बैठक में संबंधित कमियों को पूर्ण कराकर बैठक से पहले अवगत कराएंगें। उक्त अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रामसिंह वर्मा, जिला पंचायत राज अधिकारी घनश्याम सागर, जिला विकास अधिकारी विजय शंकर,जिला अल्प संख्यक अधिकारी लालमन, जिला दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी रितेश विदल, जिला समाज कल्याण अधिकारी विनोद कुमार यादव, जिला युवा कल्याण अधिकारी केएम पाठक सहित समस्त खंड शिक्षा अधिकारी उपस्थित थे। राष्ट्रीय कार्यशाला के प्रथम दिन रामानुजन सोसाइटी आफ मैथमेटिक्स एंड। मैथमेटिकल साइंस के तत्वाधान में आयोजित पापुलेशन इंप्रूवमेंट एंड क्वालिटी एजुकेशन इन साइंस एंड मैथमेटिक्स एंड इफेक्ट फॉर स्टूडेंट एड टीचर पार्ट प्रथम पर चार दिवसीय कार्यशाला भी हुई।

### आक्रोशित जमाकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

**चकिया, चन्दौली ।** नगर के वार्ड 6 सिविल लाइन पूर्वी स्थित प्राइवेट फाइनेंस कंपनी कैमूना क्रेडिट को आपरेटिव सोसाइटीद्ध के आफिस के सामने जमाकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शाखा प्रबंधक से पूछताछ की। नगर में स्थित कैमूना क्रेडिट को आपरेटिव सोसाइटी वर्षों से एजेंटों के माध्यम से लोगों का पैसा जमा कराने व ब्याज सहित धन वापस करने का काम कर रही है। बैंक के घेराव का नेतृत्व कर रहे व्यापार मंडल अध्यक्ष अरविद मोदनवाल व उपाध्यक्ष शुभम मोदनवाल ने कहा कि लाकडाउन के दौरान व उसके बाद भी कंपनी जमाकर्ताओं का पैसा देने में आनाकानी कर रही है।

### दूसरे शहरों से आने वाले लोगों की होगी निगरानी

**जौनपुर।** कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को जिला टास्क फोर्स की बैठक में जिलाधिकारी दिनेश कुमार सिंह ने सभी सीएचसी,पीएचसी से कहा कि वह दूसरी जगहों से आने वाले लोगों का विवरण दर्ज करें किसी में कोरोना का संदेह हो तो उनकी तुरंत जांच कराई जाए। लोग पिछले 1 हफ्ते में बाहर से आए हैं उनमें से कम से कम 10: लोगों का रेंडम कोरोना सैंपल ले गांव में बनी निगरानी समिति की बैठक कर उसे सकरी किया जाए।

## सरकार के नियमों का क्रियान्वयन जनप्रतिनिधियों का दायित्व : सीमा

**जौनपुर।** जिस पद को पाने के लिये लोग करोड़ो अरबों खर्च करके टिकट खरीदते हैं उस राज्यसभा सांसद के प्रत्याशी के लिये जब मुझे सूचना हुई तो मैं मल्हनी में उपचुनाव के प्रचार में जुटी हुई थी।ऐसी है हमारी भारतीय जनता पार्टी जो अपने जमीनी कार्यकर्ताओ के कार्यो के आंकलन के अनुसार उन्हें सम्मान देती है।उक्त बातें नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित पत्रकार संघ भवन में जौनपुर पत्रकार संघ द्वारा आयोजित सम्मान समारोह कार्यक्रम में अपने सम्बोधन में कहीं। उन्होंने कहा कि अभी तक गड़वारा से चुनाव जीत कर केवल अपने क्षेत्र तक ही सेवा करने का अवसर मिला था अब यह पद मिलने से पूरे जनपद की सेवा करने का जो सौभाग्य मिला है उसे पूरे मनोयोग से पूरा करूँगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व गृह राज्य मंत्री कृपाशंकर सिंह ने कहा कि सीमा जी के अंदर कार्य करवाने की जो क्षमता है वह सभी मे नही होती है।मैं सीमा द्विवेदी को राज्यसभा सांसद भेजने के लिये भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नेडाए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीए गृह मंत्री अमित शाहए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत पूरी भाजपा को साधुवाद देना चाहता हूँ जो उन्होंने अपनी इस जमीनी नेता को राज्यसभा के लिये चुना।उन्होंने जौनपुर पत्रकार संघ को इस सम्मान समारोह के आयोजन के लिये धन्यवाद ज्ञापित किया। इसी क्रम में भाजपा के प्रवक्ता ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि भाजपा परिवार वाद की पार्टी नही हैएपार्टी ने सीमा द्विवेदी को राज्यसभा भेजकर पूरे जौनपुर को सम्मानित किया है।उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने पत्रकार बन्धुओं के लिये जितना कार्य किया है वह किसी पार्टी की सरकार ने नही किया है। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कार्यक्रम के अध्यक्ष जफराबाद विधायक हरेंद्र सिंह ने कहा कि पार्टी के कार्य करने का तरीकाए अपने जमीनी कार्यकर्ताओं के प्रति लगाव ही इसे दूसरी पार्टियों से अलग करता है।मैं पार्टी के समस्त पदाधिकारियों को धन्यवाद देता हूं। इसी क्रम में जौनपुर पत्रकार संघ के अध्यक्ष शशिमोहन सिंह ने कहा कि वर्तमान में जनपद में ऐसे अधिकारियों की संख्या अधिक हो गयी है जो सरकारी योजनाओं का बंटा धार करने पर लगे हैं, पत्रकार लगातार समाचार छाप रहे लेकिन कोई कार्यवाही नही हो रही है।

# डीएम के निरीक्षण में अधिकारी व कर्मचारी मिले गायब

**● जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग, नगर पालिका परिषद बेल्हा एवं धान क्रय केन्द्र रानीगंज का किया औचक निरीक्षण**

संवाददाता। प्रतापगढ़



**जिलाधिकारी** डा0 रूपेश कुमार ने लोक निर्माण विभाग, नगर पालिका परिषद बेल्हा एवं धान क्रय केन्द्र रानीगंज का औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग कार्यालय का लगभग पूर्वान्ह 10.10 बजे औचक निरीक्षण किया। औचक निरीक्षण के दौरान लोक निर्माण विभाग के कार्यालय में अधिशाषी अभियन्ता, सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्ता सहित कार्यालय स्टाफ अनुपस्थित पाये गये। कार्यालय में स्टाफ उपस्थित न होने के कारण उपस्थिति पंजिका का अवलोकन नही किया गया। जिलाधिकारी ने अधीक्षण अभियन्ता लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया कि तत्काल अनुपस्थित स्टाफ का स्पष्टीकरण प्राप्त कर अपनी अभ्युक्ति के साथ अवगत करायें। इसी प्रकार जिलाधिकारी ने नगर पालिका परिषद कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी उपस्थित नही पाये गये। उपस्थिति पंजिका के अवलोकन में पाया गया कि कार्यालय के 08 अधिकारी/कर्मचारी अनुपस्थित पाये गये। जिस पर जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)/प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय को निर्देशित किया कि अनुपस्थित समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों से स्पष्टीकरण प्राप्त कर आवश्यक कार्यवाही कर अवगत कराये। इसके अलावा जिलाधिकारी धान क्रय केन्द्र रानीगंज का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने केन्द्र प्रभारी से धान खरीद के लक्ष्य और उसके सापेक्ष अब तक की गयी खरीद के सम्बन्ध में जानकारी ली।

## यातायात के नियमों पालन कर हम सुरक्षित रहेगें और दूसरों को भी सुरक्षित रख पायेंगे




**प्रतापगढ़( सं. )।** तृतीय सड़क सुरक्षा सप्ताह का समापन आज अफीम कोठी के सभागार में जिलाधिकारी डा0 रूपेश कुमार की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि हमें यातायात के नियमों को पूर्ण रूप से अपने जीवन में लागू करके उसी के अनुसार वाहनों का संचालन करना चाहिये, जब हम नियमों का पालन करेगें तो हम सुरक्षित रहेगें और दूसरों को भी सुरक्षित रख पायेगें। जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क पर हो रही दुर्घटनाओं के लिये हम सब जिम्मेदार है, तेज गति से वाहन चलाते है तथा साथ ही साथ हम यातायात के नियमों का पालन नहीं करते है जिससे कि तमाम दुर्घटनायें देखने को मिलती है और इसको रोकने के लिये हमें बताये गये यातायात के नियमों का पूर्ण रूप से पालन करना होगा। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि हमें वाहन चलाते समय मोबाईल फोन का प्रयोग नहीं करना चाहिये, साथ ही साथ दो पहिया वाहनों पर हेलमेट और चार पहिया वाहनों पर बेल्ट जरूर बांधना चाहिये। हम सब यातायात के नियमों के बारे में पूर्ण रूप से जानकार है लेकिन उसे अपने जीवन में लागू नही करते है जिस दिन हम यातायात के सभी नियमों को अच्छी तरह से अपने जीवन में लागू करेगें तो दुर्घटनाओं से बच सकते है और दूसरों को भी बचा सकते है।

## धान क्रय केन्द्रो पर अनियमितताओं को लेकर भड़के वकील

**एसडीएम को सौंपा ज्ञापन**

संवाददाता। लालगंज, प्रतापगढ़

**धान** क्रय केन्द्रो पर किसानो को हो रही असुविधाओ तथा अनियमितताओं पर मंगलवार को वकीलो ने कडी नाराजगी जाहिर की। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल महेश की अगुवाई मे डीएम को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपते हुए अधिवक्ताओं ने क्रय केन्द्रो पर धान की खरीद की सुस्ती को लेकर आक्रोश जताया। ज्ञापन मे कहा गया है कि अब क्रय केन्द्रो पर हाइब्रिड धान के नाम पर किसानो को सरकारी खरीद से वंचित किया जा रहा है। अध्यक्ष अनिल महेश ने कहा कि तहसील मे संचालित क्रय केन्द्रो पर सप्ताह-सप्ताह भर किसान धान लिये अपनी बारी का इंतजार कर रहा है। बोरों की कमी के नाम पर किसानो को खरीद से निराश किया जा रहा है।

अफसर हाइब्रिड के नाम पर धान नहीं ले रहे है जबकि ज्यादातर किसानो ने धान की पैदावार को देखते हुए यही फसल लगा रखी थी। वहीं वकीलों का आरोप है कि क्रय केन्द्रो पर राइसमिल के संचालक दबाव बनाकर साहूकारो के हाथ किसानो को कम दाम पर खरीद के लिए दबाव बना रहे है। ज्ञापन के जरिये खरीद के सत्यापन के लिए डीएम से विशेष जांच टीम गठित किये जाने की भी मांग उठाई गई है। इस मौके पर ज्ञानप्रकाश शुक्ल, टीपी यादव, राव वीरेन्द्र सिंह, प्रदीप सिंह, अजय सिंह, संतोष पाण्डेय, जान्हवी प्रसाद सिंह, शैलेन्द्र सिंह, आशीष तिवारी, अनूप पाण्डेय, सुरेंद्र सिंह, धीरेन्द्र मिश्र, अखिलेश द्विवेदी, रजऊ दुबे, धीरेन्द्र शुक्ला, संजय सिंह, शिव नारायण शुक्ल आदि अधिवक्ता रहे।

## ललितपुर की महिलाएं करेंगी जिलाधिकारी से हक की बात

**ललितपुर( सं. )।** बुधवार 25 नवम्बर, 2020 को हक की बात. जिलाधिकारी के साथ डेडिकेटेड फोन लाईन नम्बर05178-273623 के माध्यम से समय अपरान्ह 01:00 बजे से 03:00 बजे तक जन सामान्य को सूचित किया जाता है कि अन्नादि दिनेशकुमारए जिलाधिकारी के निर्देशानुसार नवम्बर माह में मिशन शक्ति के मुख्य उददश्योंए महिलाओं तथा बालिकाओं को स्वावलम्बी बनानाए उनमें सुरक्षित परिवेश की अनुभूति करानाए जन.जागरूकता पैदा करना महिलाओं तथा बच्चों में आत्म शुरक्षा की कला विकसित करना तो उनके प्रति हिंसाध्अपराध करने वालों की पहचान उजागर करने के दृष्टिगत महिला कल्याण विभाग द्वारा निर्धारित मानसिक स्वास्थ्य एवं कार्ययोजना के अनुसार 25 नवम्बर को हक की बात.जिलाधिकारी के साथ . यौन हिंसा, लैगिक असमानता, घरेलू हिंसा तथा दहेज हिंसा आदि के संबंध में संरक्षण तंत्र, सुझावों, सहायताओं हेतु पारिस्परिक संवाद का कार्यक्रम डेडिकेटेड फोन लाईन नम्बर.05178.273523 के माध्यम से समय अपरान्ह 0100 बजे से 03़00 बजे तक 2 घण्टे किया जायेंगा। जिसके अन्तर्गत जनसामान्य (महिलाओ/बालिकाओं) द्वारा समय अपरान्ह एक बजे से तीन बजे तक 2 घण्टे डेडिकेटेड फोन लाईन नम्बर. 06178. 273523 पर कॉल कर सीधे जिलाधिकारी के साथ हक की बात की जा सकती है।

## आर्थिक तंगी के दौर से गुजर रहा है किसान: तिलक

संवाददाता। ललितपुर

**रबी** फसल में अच्छी पैदावार के लिए किसानों को इस समय पानी की आवश्यकता है। पानी आपूर्ति के लिए सिंचाई संसाधन संचालन के लिए विद्युत की आवश्यकता है। लेकिन अघोषित कटौती व लो.वोल्टेज के चलते किसानों को फसल में पानी देने के लिए भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही किसान अन्य समस्याओं से भी ग्रसित है। इन सभी समस्याओं के स्थानीय स्तर पर निस्तारण किये जाने की मांग को लेकर समाजवादी पार्टी ने जिलाध्यक्ष तिलक यादव एडण् के नेतृत्व में जिलाधिकारी अन्नावि दिनेशकुमार को एक ज्ञापन सौंपा है।

ज्ञापन में बताया कि इस समय किसानों को खरीफकी फसल खराब होने के चलते अत्यन्त ही दयनीय स्थिति व आर्थिक तंगी के दौर से गुजर रहा है। वहीं विद्युत की अघोषित कटौती से समय पर फसलों की सिंचाई न कर पाने के कारण बैंक व साहूकारों से कर्ज लेकर किसी प्रकार बोई गई फसलों के नष्ट होने के खतरे से किसान भयभीत है। इसके अलावा माताटीला बांध के डूब क्षेत्र में बेमौसम जलस्तर बढ़ाये जाने से किसानों द्वारा बोई गयी फसलों के डूबने से नष्ट होने का खतरा बढ़ रहा है। सपाईयों ने बताया कि बीमा कम्पनी की ओरियेंटल बैंक शाखा के द्वारा किसानों के बीमाधन का भुगतान न करने से किसान खादए बीजए डीजल खरीदने के लिए आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा जनपद में माताटीला जल विद्युतए बुरागांव पावर प्लांट एवं सौर ऊर्जा सहित विद्युत उत्पादन के अनेक संसाधन उपलब्ध होते हुये भी विद्युत की अघोषित कटोती की जा रहीए जिससे किसानों की बोई हुयी फसलें नष्ट होने की कगार पर हैं। उन्होंने कहा कि एक तरफ किसान आर्थिक तंगी के दौर से गुजर रहे हैंए वहीं दूसरी तरफसीजनल कनेक्शन के रेट बढ़ा दिये गये जिन्हें तत्काल वापिस लिया जाये। मांग करते हुये कहा कि समाजवादी पार्टी किसान हित में रोस्टर निर्धारित करते हुये 18 विद्युत आपूर्ति देने सहित उपरोक्त अन्य बिंदुओं पर अविलम्ब व्यवस्थायें सुनिश्चित करने की आवश्यकता है।

## कोविड 19 का सख्ती से किया जाये पालन: अभय पाण्डे

संवाददाता। बाराबंकी



**बुकिंगकर्ता** व लान प्रबंधक मिलकर कोविड.19 के नियमों का अक्षरशा: पालन करें। शादी विवाह में मात्र 100 लोगों को ही अनुमति दी जाएगी। सरकार द्वारा जारी कोविड.19 के नियमों की अनदेखी पर कठोर कार्रवाई की जाएगी ।

उक्त विचार आज तहसील सभागार में लान व लाज ऐसोसिएशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी अभय पांडे ने व्यक्त किए। श्री अभय पांडे ने कहा कि कोविड.19 के बढ़ते प्रकोप को लेकर प्रशासन गंभीर है,सभी लोग सरकार के नियमों का अनुपालन करें। बुकिंगकर्ता व लान प्रबंधकगण कोविड जैसी महामारी के गंभीर परिणामों के प्रति सचेत करते हुए सुरक्षा मानक का पूरा ध्यान रखें। मास्कए सैनिटाइजरए उचित दूरी जैसे नियमों का पालन किया जाए। लान ऐसोसिएशन अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ने इस अवसर पर कहा कि शादी विवाह का समय है सभी लोगों को सचेत रहने की आवश्यकता है। लान महासचिव मो सबाह ने इस अवसर पर लान व लाज एसोसिएशन के सामाजिक गतिविधियों के बारे में उप जिलाधिकारी को बताते हुए कहा कि लान एसोसिएशन प्रशासन द्वारा जारी गाइडलाइन का सभी लान प्रबंधकगण पालन करते हुए कार्य करेंगे । समाजसेवी प्रदीप सारंग के संचालन में इस बैठक में सूरजा गेस्ट हाउस प्रबंधक एस पी सिंह,चौहान गेस्ट हाउस प्रबंधक सुरेश चौहान,मालगुडी लान प्रबंधक अभिषेक मिश्रा,सहित अन्य लान एवं लाज ऐसोसिऐशन के पदाधिकारी मौजूद थे।

## मनरेगा में नाबालिगों से कराया जा रहा है काम

**बीडियो ने दिए जांच के आदेश**



**बाराबंकी( सं. )।** जनपद केसिद्धौर ब्लाक क्षेत्र के पंचायत भवन व सामुदायिक शौचालय के कार्यों मां अनियमितता बरती जा रही है। जिससे मनरेगा से होने वाले भुगतान में धांधली किए जाने के आरोप कई बार ग्रामीणों ने लगाए है। इस संबंध में एक प्रधान पर कार्रवाई होने के बावजूद,भी ब्लॉक के अधिकारियों की आंखें नहीं खुली है। जिससे क्षेत्र के डिघावां में मनरेगा कन्वर्जेंस से बनने वाले सामुदायिक शौचालय में नाबालिग बच्चों से काम लिया जा रहा है। शिकायत पर बीडियो ने गंभीरता से लेते हुए इसकी जांच एडीओ पंचायत को सौंपी है।

सिद्धौर क्षेत्र के 96 पंचायतों में 77 पंचायतों में सामुदायिक शौचालय तो 14 पंचायतों में पंचायत भवन का कार्य तेजी से कराया जा रहा है। लेकिन इस तेजी का ख्याल सेक्रेटरी व प्रधानों के द्वारा ना रखकर खेती किसानी के समय मजदूर ना मिलने के अभाव में नाबालिग बच्चोंए किशोरों से काम लिया जा रहा है। जबकि मनरेगा में महिलाओं पुरुष के अनुपातों का भी प्रावधान है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में मिला युवक का शव

**जगदीशपुर( अमेठी )।** सुबह घर के अंदर खून से सना शव मिलने से हडकंप मच गया सूचना पर पहुची पुलिस ने मृतक का पंचनामा करके पीएम के लिए भेजा और पुलिस छानबीन में जुटी ।जगदीशपुर कोतवाली क्षेत्र के रानीगंज बाज़ार निवासी अजय कुमार अग्रहरि पुत्र राम चन्द्र उम्र लगभग 32वर्ष का शव खून से सना कमरे में मिलने से परिजनों में कोहराम मच गया मृतक के भाई विजय ने घटना की तहरीर में बताया कि मेरा भाई रात्रि 10 बजे कमरे में सोने चला गया जो सुबह मृतक मिला वही गांव के ही दो लोगो के खिलाफ हत्या करने की बात भी बताई है । इस सम्बंध में वरिष्ठ उपनिरीक्षक संतोष कुमार त्रिपाठी ने बताया कि घटना के बावत तहरीर मिली है पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही सच्चाई का पता चल पाएगा और वही जाच पड़ताल के लिए क्षेत्रधिकारी मनोज कुमार यादव व फॉरेंसिक टीम घटना स्थल पर मौजूद रही ।

## विधायक ने किया धान क्रय केन्द्र का निरीक्षण, मिली खामियां



संवाददाता। बाराबंकी

**जैदपुर** विधायक गौरव रावत ने सिद्धौर ब्लाक के अन्तर्गत भिटौरा लखन धान क्रय केन्द्र का निरिक्षण किया,जहा पर उपस्थित किसानो ने बताया कि हम लोगों की ट्राली महीनो से खड़ी है और रात के चुपके से बड़े व्यापारियों की ट्राली केन्द्र संस्थापक की मिलीभगत से अन्दर करके दिन में तौल करा दी जाती है जिस पर विधायक ने फोन पर जिलाधिकारी व उपजिलाधिकारी से वार्ता करके नम्बर के हिसाब से किसानों की ट्राली तौलाने की बात की तथा किसानों से वार्ता कर बीच में अन्य ट्रालियों को न धूसने देने को कहा। विधायक ने किसानों को आश्वासन दिया कि अगर मानक के अनुसार क्रय केन्द्र पर तौल नहीं होगी तो इसकी शिकायत शासन स्तर पर की जाएगी।विधायक के साथ मो0 उबेद शानू, कामता प्रसाद यादव,विश्राम पाल,पवन वर्मा प्रधान, मनोज वर्मा,सुरेन्द्र यादव,आकाश यादव, रवि यादव, मनोज वर्मा आदि थे।

## मेंहदी प्रतियोगिता में छात्राओं ने दिखाया हुनर

संवाददाता। अमेठी



**जिलाधिकारी** अरुण कुमार के निर्देशन में मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत नारी शक्ति, नारी सुरक्षा, नारी स्वावलंबन को लेकर जनपद में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिला प्रोबेशन अधिकारी अमेठी अजय पाल सिंह ने बताया की महिलाओं तथा बच्चों की सुरक्षाए सशक्तिकरण व सम्मान हेतु शारदीय नवरात्र से वासंतिक नवरात्र के मध्य ष्मिशन शक्तिष् के अंतर्गत नारी सुरक्षाए नारी सम्मान एवं नारी स्वावलंबन विषयों पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैंए जिसके क्रम में आज जनपद के सभी विकास खंडों एवं ग्राम पंचायतों में आंगनवाड़ी कार्यकत्रियोंए जिला बाल संरक्षण इकाई के माध्यम से विकास खंडोंए आंगनवाड़ी केंद्रों पर जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। उन्होंने बताया कि उक्त अभियान में बालिकाओंध्महिलाओं के साथ हो रहे विभिन्न प्रकार के अपराधों को रोकने साइबर क्राइम एवं बाल बिवाह की रोकथामए घरेलू हिंसाए बाल श्रम की रोकथाम तथा बालिकाओंध्महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से अभियान चलाकर महिलाओं/ बालिकाओं/बालकों को विभिन्न प्रकार की हेल्पलाइन नम्बरों 1098 चाइल्ड लाइनए 1090 महिला हेल्पलाइन तथा 112 पुलिस सहायता का प्रचार.प्रसार कर आम जनमानस को जागरूक कर उन्हें बताया गया कि किसी भी प्रकार की कोई अप्रिय घटना घटित होने पर इस नंबर को उपयोग किया जा सकता है। इसी क्रम में शिक्षा विभाग द्वारा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सोनारी कलाए राजकीय बालिका इंटर कॉलेज अमेठीए राजकीय बालिका इंटर कॉलेज टीकरमाफीए राजकीय बालिका इंटर मुसाफिरखाना तथा पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज उड़वा अमेठी एवं राजकीय बालिका इंटर कॉलेज संग्रामपुर में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत बालिकाओं को जागरूक करने हेतु प्रचार प्रसार किया गया। इसके साथ ही किशोरध्किशोरियों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सजगता के टिप्स दिए गएए इसके अतिरिक्त शिक्षा विभाग द्वारा कॉलेजध्स्कूलों में बाल अधिकारोंए किशोरध्किशोरियों में शिक्षा का महत्वए सुरक्षाए स्वास्थ्य आदि के जागरूकता कार्यक्रम के साथ ही आम जनता को मिशन शक्ति संबंधित पंपलेट का वितरण भी किया गया।

### आज डीएम से सीधे हक की बात करेंगी महिलाएं

**अमेठी।** मिशन शक्ति अभियान के तहत बुधवार को महिलाएं और बच्चे अपने जनपद के जिलाधिकारी से सीधे तौर पर हक़ की बात करेंगी। इसके लिए हर जिले में दो घंटे के पारस्परिक संवाद का आयोजन किया जाएगाए जिसमें महिलायें और बच्चे स्थानीय समस्याओं के साथ ही यौन शोषणए घरेलू हिंसाए दहेज़ए आर्थिक समस्याओंए शिक्षा तक पहुंच की उपलब्धता की समस्या आदि पर जिलाधिकारी से बात करेंगी व अपने सुझाव देंगी।

## क्विक न्यूज

### हत्याकर फेंका गया युवक का शव बरामद,शिनाख्त नहीं

**बाराबंकी।** सतरिख हत्याकर लाश फेंकने की मुफीद जगह बनता दिख रहा है मंगलवार को भी खाली पड़े प्लाट में 35 वर्षीय युवक का पराली के ढेर के नीचे शव पड़ा चरवाहों ने देखा तो हड़कंप मच गया सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया शिनाख्त करने में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार छेदानगर गांव के निकट बाईपास पर एक खाली पड़े प्लाट में पड़े पराली के ढेर के नीचे पैंट व शर्ट पहने युवक का लगभग एक सप्ताह पुराना शव वहीं पर जानवरों को चरा रहे लोगों ने देखा और यह खबर आस.पास के इलाके मे जंगल मे आग की तरह से फैल गई इसी बीच पुलिस को किसी ने इसकी सूचना दी जिसके बाद मौके पर पहुची और शिनाख्त का प्रयास किया परन्तु सफलता नही मिली उसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजवा दिया वहीं प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार वर्मा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजवा दिया गया है शिनाख्त के प्रयास किये जा रहे हैं।

### बोलेरो की टक्कर से अधेड़ की मौत, कोहराम

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बाजार से गांव जा रहे अधेड़ को तीव्र गति से आ रही बोलेरो ने पीछे से टक्कर मार दी। इलाज के लिए एसआरएन ले जा रहे चुटहिल की रास्ते मे मौत हो गयी। पुलिस ने मृतक के बेटे की तहरीर पर बोलेरो चालक के खिलाफमंगलवार को गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। जेठवारा थाना के चमरूपुर शुक्लान का रामसेवक मौर्य 57 बीती सोमवार की शाम साहबगंज बाजार से बाइक से घर जा रहा था। लीलापुर पुलिस चौकी के सुखपतिराम इण्टर कालेज के समीप पीछे से आ रही तीव्र गति की बोलेरो ने उसे टक्कर मार दिया। बोलेरो मृतक को सत्तर मीटर घसीटते ले गयी। आसपास के लोग ने जब चीखपुकार मचाई तो बोलेरो के चालक ने वाहन रोका। सरकारी एम्बुलेंस से घायल को परिजन जिला अस्पताल ले गये। वहां हालत गंभीर होने पर उसे एसआरएन रेफर कर दिया गया। देर रात रास्ते मे ही घायल ने दम तोड दिया। इधर ग्रामीणों ने बोलेरो वाहन को पुलिस के कब्जे मे दे दिया। मंगलवार को कोतवाली मे मृतक के पुत्र विवेक कुमार मौर्य की तहरीर पर पुलिस ने बोलेरो चालक के खिलाफगैरइरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। लीलापुर चौकी पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा कर उसे पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। रामसेवक की मौत की खबर घर पहुंची तो कोहराम मच गया। परिजनों के मुताबिक गुरूवार को घर मे मृतक के भाई की बेटी की बारात आने वाली है। ऐसे मे घर परिवार मे खुशी का माहौल गम मे बदल गया है।

### गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** दुर्घटना मे शिक्षक की पत्नी की मौत को लेकर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफगैरइरादतन हत्या तथा लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने का केस दर्ज किया है। जेठवारा थाना के पदनाथपुर लक्ष्मणपुर के रमेश सिंह बीती बाइस नवंबर को रात्रि लालगंज से पत्नी के साथ बाइक से गांव जा रहे थे। लालगंज बाबूगंज मार्ग के शिवबक्श का पुरवा भदारी के पास एक चार पहिया वाहन ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। वाहन के नीचे दबने से जहां शिक्षक की पत्नी साधना सिंह की मौत हो गयी। वहीं शिक्षक रमेश सिंह गंभीर रूप से घायल हो गये। घायल शिक्षक का इलाज अभी भी एसआरएन प्रयागराज मे जारी है। इधर शिक्षक के भाई विधिराज सिंह की तहरीर पर मंगलवार को पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज किया है।

### आईटीआई छात्र की मौत को लेकर एक आरोपी गिरफ्तार

**लालगंज, प्रतापगढ़।** प्रताड़ना से खुदकुशी कर आईटीआई छात्र की मौत के एक आरोपी को कोतवाली पुलिस ने धर दबोचा। पुलिस ने आरोपी प्रदीप सिंह पुत्र हीरा सिंह को हिरासत मे लेकर मंगलवार को जेल भेज दिया। कोतवाली के बेलहा गांव मे बीते शनिवार को आईटीआई छात्र धीरेन्द्र शर्मा ने घर के अंदर खुदकुशी कर ली थी। घटना को लेकर मृतक छात्र के भाई धर्मेन्द्र शर्मा ने गांव के प्रदीप सिंह तथा भीषम सिंह व एक अन्य के खिलाफप्रताडना के चलते मौत का केस दर्ज कराया था। घटना मे आरोपितो की गिरफ्तारी न होने को लेकर रविवार को ग्रामीणों व परिजनो ने लालगंज बेलहा हाइवे पर मार्ग जाम भी कर दिया था। कोतवाली के दरोगा जयकिशुन ने मंगलवार को नामजद आरोपियो मे से एक को हिरासत मे ले लिया। पुलिस को सूचना मिली कि घटना मे वांछित आरोपी स्थानीय ब्लाक के समीप मौजूद है। इस पर पुलिस ने आरोपी को धर दबोचा। पुलिस ने आरोपी प्रदीप सिंह को दर्ज मुकदमे के तहत जेल भेज दिया गया। इस बाबत कोतवाल संजय यादव का कहना है, पुलिस की टीम अन्य आरोपियो की खोजबीन मे जुटी है, शीघ्र ही घटना के अन्य दो वांछित आरोपियो को भी हिरासत मे लेकर जेल भेजा जाएगा।

### सड़क सुरक्षा विषय चित्रकला प्रतियोगिता सम्पन्न

**अमेठी ।** सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ;प्रशासनद्ध अमेठी सर्वेश कुमार सिंह ने बताया कि तृतीय त्रैमासिक सड़क सुरक्षा सप्ताह ;18 से 24 नवम्बर तकद्ध का आज राजकीय बालिका इंटर कॉलेज गौरीगंज में छात्राओं के द्वारा सड़क सुरक्षा विषय चित्रकला प्रतियोगिता कार्यक्रम के उपरांत समापन समारोह संपन्न हुआ। इसी क्रम में उन्होंने बताया उप संभागीय परिवहन कार्यालय में श्सेव लाइफफाउंडेशनश् के सौजन्य से 1 घंटे की ऑनलाइन ष्जीवन रक्षक ट्रेनिंगष् फर्स्ट रिस्पांडर्स को दी गई। फर्स्ट रिस्पांडर्स के रूप में गांधी नगर टोल प्लाजा के मैनेजर और कर्मचारी सहित विभिन्न पेट्रोल पंप के प्रतिनिधि तथा टायर रिपेयर शामिल हुए। इसी क्रम में संभागीय परिवहन अधिकारी एवं प्रवर्तन दल द्वारा विभिन्न स्थानों पर चेकिंग के दौरान ओवरलोड वाहनों को निरूद्ध करने के साथ.साथ सड़क के किनारे खड़े वाहनों में रिफ्लेक्टिव टेप की चेकिंग की गई एवं रिफ्लेक्टिव टेप न लगे वाहनों में रिफ्लेक्टिव टेप लगवाने की कार्यवाही करते हुए चालान की कार्यवाही भी की गई चेकिंग के दौरान कुल 10 वाहनों के चालान किए गए तथा वाहनों के चालकों परिचालकों को सड़क पर सुरक्षित चलने हेतु यातायात के नियमों की जानकारी एवं नशा करके वाहन न चलाने की शपथ भी दिलाई गई तथा वैश्विक महामारी कोविड.19 से बचाव हेतु जागरूक भी किया गया उक्त कार्यक्रम में सीओ ट्रैफिक गौरीगंजए जिला विद्यालय निरीक्षकए अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारीए इंस्पेक्टर गौरीगंजए टी0एस0आई0 सहित अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

### देवोत्थान एकादशी आज

**बाराबंकी।** आज जनपदभर मे देवोत्थान एकादशी मनायी जायेगी महिलाओं ने समस्त तैयारियां कर ली है, पूर्व संध्या पर गन्ने की बिक्री जोरो पर है। पौराणिक मान्यता के अनुसार आषाढ़ शुक्ल एकादशी से कार्तिक शुक्ल एकादशी के बीच श्रीविष्णु क्षीरसागर में शयन करते हैं और फिर भादों शुक्ल एकादशी को करवट बदलते हैं। पुण्य की वृद्धि और धर्म.कर्म में प्रवृति कराने वाले श्रीविष्णु कार्तिक शुक्ल एकादशी को निद्रा से जागते हैं। इसी कारण से सभी शास्त्रों इस एकादशी का फल अमोघ पुण्यफलदाई बताया गया है। देवउठनी एकादशी दिवाली के बाद आती है। इस एकादशी पर भगवान विष्णु निद्रा के बाद उठते हैं इसलिए इसे देवोत्थान एकादशी कहा जाता है। मान्यता है कि भगवान विष्णु चार महीने के लिए क्षीर सागर में निद्रा करने के कारण चातुर्मास में विवाह और मांगलिक कार्य थम जाते हैं। फिर देवोत्थान एकादशी पर भगवान के जागने के बाद शादी. विवाह जैसे सभी मांगलिक कार्य आरम्भ हो जाते हैं। इसके अलावा इस दिन भगवान शालिग्राम और तुलसी विवाह का धार्मिक अनुष्ठान भी किया जाता है।

### सड़क के किनारे जलाए जा रहे कूड़े के ढेर

**सिद्धौरबाराबंकी।** जैदपुर मे नगर पंचायत मे सफाई एवम् प्रदूषण मुक्त व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन द्वारा दिए गए सख्त दिशानिर्देशों के बावजूद भी सरकारी नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए नगर पंचायत जैदपुर के सफाई कर्मचारियों द्वारा आए दिन सड़कों के किनारे या खुले मैदानों में खुलेआम जलाए जा रहे है कूड़े के ढेर । इस प्रकरण को लेकर जैदपुर के नागरिकों ने बताया कि सफाई कर्मियों द्वारा सुबह पांच बजे से अंधियारे में ही कस्बे में सड़क वा गलियों में सफाई का कार्य शुरू कर दिया जाता है उसके बाद इकट्ठे हुए कूड़े के ढेर में आग लगाकर रफा दफा हो जाते है तथा मना करने पर भी अपनी हरकतों से बाज नहीं आते जलते हुए कूड़े के ढेर से इतना दुर्गंध युक्त धुआं निकलता है कि लोगो को खांसी व दम घुटने जैसी दिक्कतें होने लगती है तथा वातावरण भी प्रदूषित होने लगता है ।

### पछुवा हवा ने बढ़ायी ठण्ड

**बाराबंकी।** पिछले दो दिनो से चल रही है पछुवा हवा से ठण्ड बढ़ गयी है, सुबह शाम के अतिरिक्त दिन मे भी लोग गर्म कपड़े का इस्तेमाल कर रहे है। इसी के साथ होजरी इलेक्ट्रानिक्स दुकानों पर भी भीड़ लगने लगी है जहां ठण्ड से बचाने हेतु आवश्यक खरीद कर रहे है। जिससे ठण्ड आने का दुकानदारो को आभास हो गया है जिसको लेकर कीमतें भी बढ़ गयी है। दस रुपये मे बिकने वाला सामान 15 रुपये मे बेचा जा रहा है व्यापारी कोरोना काल का हवाला देकर जनता की जेबे ढीली कर रहे है। वही बाजारों मे भीड़ भी चरम पर है जिसके चलते शहरवासियो को जाम की समस्या से भी जूझना पड़ रहा है।

### भागवत कथा सुन भावविभोर हुये श्रद्धालु

**प्रतापगढ़।** सांगीपुर क्षेत्र स्थित भगौरा गांव में सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक राम चन्द्र पाण्डेय के यहाँ चल रही श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञानयज्ञ मे भगवान श्रीकृष्ण की लीला की भावनात्मक कथा सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथाव्यास आचार्य पं0 श्रीकृष्ण पाण्डेय श्रीधाम अयोध्या ने कहा कि भगवान कृष्ण की लीलाएं मनुष्य को नीति और नैतिकता तथा धर्म पर आधारित जीवन के श्रंगार की प्रेरणा दिया करती हैं। उन्होंने कहा कि कृष्ण नाम का जप कलियुग का सबसे बड़ा पुण्यफल है। जो सच्चे मन से राधे-कृष्ण की भक्ति मे रम जाया करता है, उसका माधवबिहारी हर पल स्वयं कल्याण किया करते हैं । भगवान की आराधना करने वाले मनुष्य को कभी भी कष्ट की अनुभूति हुआ ही नहीं करती। कथा के दौरान महिला श्रद्धालुओं के भजन व संकीर्तन से भी पाण्डाल मे आध्यात्मिक आस्था का भावपूर्ण माहौल दिखा।